इस प्रशस्ति संग्रह में अपभ्रंश भाषा के ग्रन्थों की प्रशस्तियों का ही संग्रह किया गया है। ये सब प्रशस्तियाँ हस्तलिखित ग्रन्थों पर से समुद्धृत की गई हैं। यह सब संग्रह दिल्ली, जयपुर, आमेर अजमेर, व्यावर आदि स्थानों के जैन ग्रन्थ भंडारों के ग्रन्थों पर से किया गया है, जिससे अपभ्रंश भाषा के उपलब्ध साहित्य पर से उसके उत्थान और पतन का क्रमवार इतिहास लिखा जा सके। ये प्रशस्तियां अपभ्रंश भाषा के इतिहास संकलित करने में जहाँ मूल्यवान् सिद्ध होंगी वहाँ अध्येता अन्वेषकों के लिये भी उपयोगी रहेंगी।

इस प्रशस्ति संग्रह के अंत में कुछ परिशिष्ट भी दिये गये हैं, जिनमें प्रथम परिशिष्ट में कुछ मुद्रित ग्रन्थों की ऐतिहासिक प्रशस्तियों का भी संकलन दिया है। उसका एक मात्र कारण रिसर्च स्कालरों या अन्वेषकों के लिए उपयुक्त सामग्री का संचित करना है। अन्य परिशिष्टों में भौगोलिक ग्राम-नगरादि के नामों, संघों, गणों, गच्छों, अन्वय, या वंशों, जातियों, गोत्रों राजमंत्रियों, राजाओं, विद्वानों, आचार्यों भट्टारकों श्रावक-श्राविकाओं और ग्रंथों की सूची अकारादि क्रम से दी गई है। जिससे अन्वेषक विद्वानों को बिना किसी विशेष परिश्रम के उनका परिचय मिल सके और उन्हें ऐतिहासिक स्थलों आदि का भी परिचय सुलभ हो सके।

इस संग्रह में वर्तमान में उपलब्ध अपभ्रंश के दिगम्बर साहित्य-विषयक प्रशस्तियाँ ही दी गई हैं। किन्तु प्रस्तावना में अपभ्रंश साहित्य की एक ऐसी सूची दे दी गई है, जिसमें प्रायः उपलब्ध अनुपलब्ध ग्रंथों को भी संकलित किया गया है। इससे विद्वानों को अपभ्रंश के साहित्य की पर्याप्त जानकारी हो सकेगी। इस तरह यह प्रशस्ति संग्रह अपने विशाल रूप में साहित्यिक अनुसंधाताओं के लिए विशेष उपयोगी रहेगा।

प्रस्तुत प्रस्तावना को तीन भागों में विभक्त किया गया है जिनमें पहला भाग अपभ्रंश भाषा के इतिहास का है, जिसमें शताब्दी क्रम से अपभ्रंश के ऐतिहासक निर्देश दिये गये है, जिनसे अपभ्रंश के इतिहास पर अच्छा प्रकाश पड़ता है और यह स्पष्ट हो जाता है कि अपभ्रंश का वर्तमान साहित्य ९वीं से १७वीं शताब्दी तक का उपलब्ध है। ५वीं से ८वीं शताब्दी तक उसका प्रारम्भिक काल और ९वीं से १३वीं तक मध्यान्ह काल और १४ वीं से १७ वीं शताब्दी तक उसका अपरान्ह काल समझना चाहिये। मध्यान्ह काल ही उसके विकास का समय है।

दूसरे विभाग में उपलब्ध अपभ्रंश साहित्य का परिचय प्रस्तुत किया गया है। जिसमें भारतीय भाषाओं के विकास के साथ अपभ्रंश के विकास एवं साहित्य की चर्चा की गई है और वर्तमान में उपलब्ध अपभ्रंश साहित्य की एक सूची भी दी गई है।

तीसरे विभाग मे प्रशस्ति संग्रह में मुद्रित प्रशस्तियों के ग्रन्थों और ग्रन्थकारों का परिचय कराया गया है।

भारतीय साहित्यिक भाषाओं में प्राकृत संस्कृतादि की तरह अपभ्रंश भी सदियों तक साहित्यिक भाषा रही है और जनता के कण्ठ को विभूषित करती रही है। अपभ्रंश प्राकृत भाषा का ही एक रूप है। जिसे 'अवहट्ट, अवहंस, अपब्भट्ट, अपभृष्ट या अपभ्रंश के नाम से उल्लेखित किया जाता है। देश विशेष के कारण उनकी बोलियों और प्रांतीय भाषाओं के उच्चारण में अन्तर पड़ जाता है, और वही अन्तर धीरे-धीरे भाषाओं के आदान-प्रदान में व्यवहृत होने लगता है। पाली और प्राकृत भाषा में प्रचुर साहित्य रचा गया है। प्राकृत भाषा देश भेद के कारण अनेक रूपों में विभक्त है, फिर भी उसके मुख्य दो रूप दृष्टिगत

होते हैं। महाराष्ट्री और शौरसैनी। इन दोनों भाषाओं में विपुल साहित्य रचा हुआ उपलब्ध होता है। यद्यपि अपभ्रंश भाषा का कोई प्रामाणिक इतिहास अभी तक नहीं लिखा गया। अतएव उसका पूरा इतिवृत्त लिखना तो यहाँ सम्भव नहीं प्रतीत होता; किन्तु उनके सम्बन्ध में यहाँ कुछ विचार जरूर किया जायगा।

अपभ्रंश भाषा का जो भी पुरातन साहित्य वर्तमान में उपलब्ध होता है यद्यपि राज्यविप्लवादि के कारण बहुमूल्य पुरातन साहित्य विनष्ट हो चुका है, फिर भी जो किसी तरह अवशिष्ट रह गया है, वह अपनी महत्ता का स्पष्ट द्योतक है। उसका उद्गम कब और कहां पर हुआ, और कैसे वह साहित्यिक क्षेत्र में प्रगति पा सका, उसमें क्या कुछ विशेषतायें थीं, कैसे वह आम लोगों के लिए बोलचाल की भाषा में परिणत होता हुआ साहित्यिक भाषा बनने का श्रेय प्राप्त कर सका, यह सब अभी विचारणीय है।

भाषा विज्ञान की दृष्टि से भी अपभ्रंश भाषा के साहित्य का अध्ययन बड़ा महत्व रखता है। भारतीय आर्य भाषाओं के साहित्य का अध्ययन तब तक सुसम्पन्न नहीं कहा जा सकता, जब तक अपभ्रंश भाषा के साहित्य का विधिवत् पारायण न कर लिया जाय। इतना ही नहीं; किन्तु विविध प्रादेशिक भाषाओं एवं राष्ट्रभाषा हिन्दी के वर्तमान स्वरूप को समझने के लिए अपभ्रंश भाषा का मौलिक अध्ययन करने की जरूरत है। साथ ही तुलनात्मक दृष्टि से यह जानना भी अत्यन्त आवश्यक है कि प्रादेशिक भाषाओं और हिन्दी भाषा के विकास में अपभ्रंश भाषा ने क्या कुछ योगदान दिया है। अपभ्रंश भाषा ने केवल हिन्दी के विकास में ही सहयोग नहीं दिया किन्तु उसे प्रभावित और प्रतिष्ठित भी किया है। अतः भाषा विज्ञान की दृष्टि से अपभ्रंश का साहित्य प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अध्ययनीय है।

अपभ्रंश भाषा का कोई प्रामाणिक इतिहास न लिखा जाने से उसके साहित्य के पठन-पाठन का प्रचार नहीं हो सका है, उसमें साहित्य का अभी तक अप्रकाशित रहना भी एक कारण है। अपभ्रंश भाषा के साहित्य की जब हम विपुलता देखते हैं और उसकी रचनाओं का ध्यान से समीक्षण करते हैं तब हमें उसकी विशेषता और महत्ता का यथेष्ट परिज्ञान होता है। वर्तमान में अपभ्रंश भाषा का समुपलब्ध साहित्य ८वीं शताब्दी से लेकर १७वीं शताब्दी तक का रचा हुआ अवलोकन करने में आया है। यद्यपि ९वीं से १३वीं शताब्दी तक के साहित्य में जो प्रौढ़ता देखी जाती है, वह आगे के साहित्य में नहीं पाई जाती; क्योंकि उसमें देशी भाषा के तत्सम शब्दों का बहुलता से समावेश पाया जाता है, अतः उसमें उत्तरोत्तर हिन्दी भाषा के विकास का औचित्य उपलब्ध होता है।

अपभ्रंश भाषा का सबसे पुरातन उल्लेख हमें पतञ्जलि के महाभाष्य[1] में मिलता है। उसमें उन्होंने लिखा है :—"अपशब्दों का उपदेश बहुत विस्तृत या व्यापक है; क्योंकि एक-एक शब्द के अनेक अपभ्रंश हैं। जैसे एक ही गौ शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका आदि बहुत से अपभ्रंश होते हैं।"

दूसरा उल्लेख 'वाक्यपदीय' ग्रन्थ के कर्ता भर्तृहरि ने संग्रहकार 'व्याडि' नामक आचार्य के मत का उल्लेख करते हुए किया है :—

"शब्दसंस्कारहीनो यो गौरिति प्रयुयुक्षते।
तमपभ्रंशमिच्छन्ति विशिष्टार्थनिवेशिनम्॥"

वार्तिक—शब्द प्रकृतिरपभ्रंशः इति संग्रहकारो नाप्रकृतिरपभ्रंशः स्वतन्त्रः कश्चिद्विद्यते। सर्वस्यैव हि साधुरेवापभ्रंशस्य प्रकृतिः। प्रसिद्धेस्तु रूढतामापद्यमानास्वातन्त्र्यमेव केचिदपभ्रंशा लभन्ते। तत्र

---

१. *"गरीयानपशब्दोपदेशः। एकैकस्य शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः। तद्यथा गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गौणी, गोता, गोपोतलिका इत्येवमादयो ऽपभ्रंशाः॥"*

—पतंजलि महाभाष्य १, १, १।

गौरिति प्रयोक्तव्ये अशक्त्या प्रमादिभिर्वा गाव्यादयस्तत्प्रकृतोपभ्रंशाः प्रयुज्यन्ते।"
—वाक्यपदीयम् प्रथम कांड का० १४८

इन उल्लेखों से यह स्पष्ट जान पड़ता है कि तत्सम अपभ्रंश किसी भाषा विशेष का नाम नहीं था किन्तु संस्कृत के विकृत रूप ही अपभ्रंश कहलाते थे।

अपभ्रंश का तीसरा उल्लेख हमें भरत मुनि के 'नाट्यशास्त्र में मिलता है।[२] जिसमें भाषाओं की व्यवस्था का उल्लेख करते हुए बतलाया गया है कि—'हिमवत, सिन्धुसौवीर तथा अन्य देशों के आश्रित लोगों में नित्य ही उकार बहुला भाषा का प्रयोग करना चाहिए।

भरत मुनि के नाट्यशास्त्र के ३२ वें अध्याय में जो वाक्य उपलब्ध होते हैं वे अपभ्रंश के प्रारम्भ की सूचना देते हैं। 'मोरुल्लउ-नच्चन्तउ। महागमे संभत्तउ। मेहउ हर्तुं णेइ जोण्हउ। णिच्च णिप्पहे एहु चंदहु।' आदि समुद्धृत वाक्य अपभ्रंश के प्रारम्भिक रूप हो सकते हैं। इनमें कुछ विशेषतायें अपभ्रंश भाषा की देखी जाती हैं।

इससे ध्वनित होता है कि नाट्यकार के समय हिमालय से सिन्धु तक के देशों में जो बोली प्रचलित थी उसमें उकार का प्रयोग विशेष रूप से होता था। समस्त प्राकृत भाषाओं में अपभ्रंश ही एक ऐसी भाषा है जिसमें कर्ता और कर्म कारक की विभक्ति में 'उ' होने से उकार का बाहुल्य पाया जाता है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि अपभ्रंश भाषा का आदि क्षेत्र हिमालय से सिन्धु तक का भारत का वह पश्चिमोत्तर प्रदेश ही है। परन्तु भरत मुनि के समय वहां अपभ्रंश एक प्रकार की बोली ही थी, जिसे विभाषा कहा गया है, उसने तब तक साहित्यिक रूप धारण नहीं कर पाया था, और न वह अपभ्रंश विशेष से प्रसिद्धि को ही पा सकी थी, किन्तु इसमें कोई सन्देह नहीं कि इस भाषा ने परवर्ती काल में बड़ी उन्नति की है और उसने इतना अधिक विकास पाया कि विक्रम की ६वीं ७वी शताब्दी से कुछ समय पूर्व उसमें गद्य-पद्य में रचना होने लगी थी। कवि भामह ने अपने काव्यालंकार में संस्कृत प्राकृत की रचनाओं के साथ अपभ्रंश की गद्य-पद्य मय रचना का भी उल्लेख किया[३] है।

महाकवि दण्डी ने इस सम्बन्ध में कुछ मौलिक सूचनायें भी की[४] हैं। और वे इस प्रकार हैं—

(१) दण्डी के समय तक ग्रन्थकार संस्कृत के सिवाय अन्य समस्त भाषाओं को अपभ्रंश कहते थे, जिसकी परम्परा का उल्लेख पतंजलि ने अपने महाभाष्य में किया है।

---

२. हिमवत्सिन्धुसौवीरान् ये जनाः देशान् समुपाश्रिताः।
उकारबहुलां तज्ज्ञस्तेषु भाषां प्रयोजयेत्॥ —नाट्यशास्त्र १७-६२

३. "शब्दार्थौ सहितौ काव्यं गद्यं पद्यं च तद् द्विधा।
संस्कृतं प्राकृतं चान्यदपभ्रंश इति त्रिधा॥" —काव्यालंकार १-३६

४. "तदेतद्वाङ्मयं भूयः संस्कृतं प्राकृतं तथा।
अपभ्रंशश्च मिश्रं चेत्याहुरार्याश्चतुर्विधम्॥
संस्कृतं नाम दैवी वागन्वाख्याता महर्षिभिः।
तद्भवास्तत्समो देशी नित्यनेकः प्राकृतक्रमः॥
आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंश इति स्मृताः।
शास्त्रे तु संस्कृतादन्यदपभ्रंशतयोदितम्॥" —काव्यादर्श १, ३२, ३३, ३६

(२) जिन भाषाओं ने उस समय तक अपभ्रंश के नाम से काव्य-क्षेत्र में प्रवेश प्राप्त कर लिया था, वे सब भाषायें आभीरादि जातियों की बोलियां थीं। नाट्यकार भरत मुनि ने आभीरों की बोली को 'शाबरी' बतलाया है[५]।

इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आभीरों की शक्ति का लोक में जैसे-जैसे विकास होता गया वैसे-वैसे ही उनकी संस्कृति में भी चेतना का जागरण होता गया और फलतः उनकी काव्य-कला अभिव्यक्ति का माध्यम बन गई।

सौराष्ट्र देश से प्राप्त होने वाले बलभी के राजा धरसेन द्वितीय के सन् ५५९ (वि० सं० ६१६) के उत्कीर्ण ताम्रपट में राजा धरसेन के पिता गुहसेन को संस्कृत प्राकृत और अपभ्रंश रूप भाषात्रय में प्रबन्ध रचना करने में निपुण बतलाया गया है[६]। बुल्हर ने इस ताम्रपट-लेख को जाली बतलाया है और वे उसे बाद का मानते हैं। हो सकता है कि यहलेख बाद में उत्कीर्ण किया गया हो, किन्तु घटना-क्रम तो उसी काल का है। भले ही इस लेख के काल में सौ, पचास वर्ष का फर्क हो सकता है, पर उसकी बारीकी से जाँच करना अभी आवश्यक है।

भाषा शास्त्र के विद्वान अपभ्रंश साहित्य का प्रारम्भ ५०० या ६०० ईस्वी से मानते हैं किंतु अपभ्रंश भाषा के सम्बन्ध में वैयाकरणों ने जो लक्षण निर्दिष्ट किये हैं, उनके कुछ उदाहरण हमें अशोक के शिलालेखों में दृष्टिगत होते हैं। उनमें संयुक्त 'र' और उकारान्त पदों का प्रयोग भी उपलब्ध होता है। इसी तरह 'धम्मपद' में भी अनेक शब्दों के अपभ्रंश रूप दृष्टिगत होते हैं। ललितविस्तर और महायान सम्प्रदाय के अन्य बौद्ध ग्रंथों की संस्कृत में भी अपभ्रंश रूप उपलब्ध होते हैं। प्रसिद्ध ऐतिहासिक विद्वान तारानाथ ने यह स्पष्ट उल्लेखित किया है कि—'बौद्धों के सम्मितीय समुदाय के त्रिपिटक के संस्करण पाली संस्कृत और प्राकृत के अतिरिक्त अपभ्रंश में भी लिखे गये हैं[७]।' इससे यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि नाट्यकार भरत के समय और उसके बाद अपभ्रंश बीज रूप से विद्यमान थी और उसका अर्थ शब्द का विकृत या बिगड़ा हुआ रूप उस काल में देशवासियों के व्यवहार में प्रयुक्त होता था।

इस तरह अपभ्रंश का उत्तरोत्तर विकास होता गया और विक्रम की ८वीं शताब्दी में तो अपभ्रंश का काव्यरूप बहुत प्रसिद्ध और लोकरंजक हो चुका था। विक्रम की ९वीं शताब्दी के विद्वान उद्योतन सूरि ने अपनी कुवलयमाला में संस्कृत प्राकृत और अपभ्रंश की तुलना करते हुए संस्कृत की अपेक्षा अपभ्रंश की महत्ता का उल्लेख किया है। जिससे अपभ्रंश की उस समय की लोकप्रियता का सहज ही परिज्ञान हो जाता है। उन्होंने लिखा है कि—'संस्कृत अपने बड़े-बड़े समासों, निपातों, उपसर्गों, विभक्तियों और लिङ्गों की दुर्गमता के कारण दुर्जन हृदय के समान विषम है। प्राकृत समस्तकला-कलापों की मालारूप जल कल्लोलों से संकुल लोक वृत्तान्त रूपी महोदधि, महापुरुषों के मुख से निकली हुई अमृतधारा का बिन्दु संदोह तथा एक एक क्रम से वर्ण और पदों के संघटन से नाना प्रकार की रचनाओं के योग्य होते हुए भी सज्जन वचन के समान सुख-संगम[८] है और अपभ्रंश वह काव्य-शैली है जिसमें दोनों भाषाओं (संस्कृत-

५. आभीरोक्तिः शावरी स्यात्..... नाट्यशास्त्र १८-४४।

६. संस्कृतप्राकृतापभ्रंशभाषात्रय प्रतिबद्ध प्रबन्ध रचना निपुणान्तःकरणः।
—इण्डियन् एण्टीक्वेरी भा० १० पृ० २८०

७. देखो, त्रिपिटिक के सम्मितीय संस्करण।

८. देखो कुवलयमाला।

प्राकृत) के शुद्ध अशुद्ध रूप पदों का मिश्रित रूप पाया जाता है, जो नव वर्षाकालीन मेघों के प्रपात से पूर द्वारा प्लावित गिरि नदी के वेग समान सम और विषम होता हुआ भी प्रणय कोप से युक्त कामिनी के वार्तालाप की तरह मनोहर है[1]।

इसी तरह स्वयंभू ने भी अपभ्रंश काव्य-रचना की तुलना एक नदी से की है, जो संस्कृत और प्राकृत दोनों के तटों का स्पर्श करती हुई घनपद—संघटना की चट्टानों से टकराकर बहती है[2]।

उद्योतनसूरि की 'कुवलय माला' में जहां अपभ्रंश का चर्चरीरास' समाविष्ट है। वहां लोक-भाषा सूचक अपभ्रंश गद्य के नमूने भी उपलब्ध हैं। यद्यपि वे प्राकृत के प्रभाव से परिलक्षित हैं, फिर भी मायादित्य और ग्राम-महत्तरों का परस्पर कथनोपकथन अपभ्रंश भाषा में दिया हुआ है और अवशिष्ट कथन प्राकृत में अङ्कित है। इससे स्पष्ट है कि उस समय अपभ्रंश का प्रयोग लूले-लंगड़े, रोगी और दरिद्री भी करते थे, और वह साहित्यिक विकास में अग्रसर हो रही थी।

इसी ग्रंथ के एक दूसरे उद्धरण में कथानायक राजकुमार का शूरसेन देश के केन्द्रस्थल मथुरा के एक अनाथ मण्डप में पहुंचने पर वहां के दीन-हीन, कोढ़ी और लंगड़े आदि रोगी गंवार लोगों से जो बातचीत या संवाद हुआ है वह बड़ा ही सजीव है[3]। यहां यह अवश्य विचारणीय है कि उन लोगों से शौरसेनी प्राकृत का प्रयोग न कराकर अपभ्रंश का प्रयोग कराना खास विशेषता रखता है। वहाँ उसमें शौरसेनी प्राकृत का प्रभाव स्पष्ट है और उन शब्दों की ध्वनि में उदार प्रवृत्ति और देशी शब्दों का बाहुल्य आदि अपभ्रंश का स्पष्ट इंगित कराता है।

नवमी शताब्दी के विद्वान कवि रुद्रट ने अपने काव्यालंकार में काव्य का गद्य-पद्य में विभाजन के अनन्तर भाषा के आधार पर उसे छह भागों में विभक्त किया है, और देश भेद से अपभ्रंश के बहुत भेद होने की सूचना भी की है[4]। इससे स्पष्ट है कि कवि रुद्रट अन्य साहित्यिक प्राकृतों के समान ही अपभ्रंश को गौरव प्रदान करते हैं। रुद्रट के इस कथन पर विक्रम की बारहवीं शताब्दी के विद्वान नमि साधु ने (१०६९ ई०) अपनी टीका में अपभ्रंश को प्राकृत में अन्तर्भुक्त करते हुए लिखा है—कि अन्य लेखकों ने उस अपभ्रंश के तीन भेद माने हैं, उपनागर, आभीर और ग्राम्य[5]। इसी का निराकरण करने के लिए रुद्रट ने भूरिभेद बतलाते हुए उसके अनेक भेदों की सूचना की है; क्योंकि देश की विशेषता के कारण भाषा में भी विशेषता पाई जाती है। साथ ही प्राकृत को ही अपभ्रंश माना है।

---

१. ता किं अवहंसं होहइ ? हूँ तं पि णो जेण सक्कअ-पाय उभयसुद्धासुद्ध पयसमतरंगरगंतवाग्गिरं णव पाउस जलयपवाह पूर पव्वालिय गिरिणइ सरिसंसमं विसमं पणयकुवियपियपणइणी समुल्लावसरिसं मणोहरं ॥'

—कुवलयमाला

२. सक्कय-पायय-पुलिणालंकिय देसी भासा उभय तडुज्जल। कवि दुक्कर-घण सद्द-सिलायल।
स्वयम्भू-पउम चरिउ।

३. देखो, कुवलय माला कहा पृ० ५५।

४. 'भाषाभेदनिमित्तः षोढा भेदोऽस्य संभवति।
प्राकृतसंस्कृतमागधपिशाचभाषाश्च शौरसेनी च।
षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः। —काव्यालंकार २, ११-१२।

५. "प्राकृतमेवापभ्रंशः, स चान्यैरूपनागराभीरग्राम्यावभेदेन त्रिधोक्तस्तन्निरासार्थमुक्तं भूरिभेद इति। कुतो देशविशेषात्। तस्य च लक्षणं लोकादेव सम्यगवसेयम्॥" —काव्यालङ्कारटीका २-१२

कवि राजशेखर ने (८८० से ९२० ई०) अपनी काव्यमीमांसा में अनेक स्थलों पर अपभ्रंश का निर्देश किया है। साथ ही अपने से पूर्ववर्ती कवियों की तरह स्वयं भी संस्कृत प्राकृतादि भाषाओं के समान अपभ्रंश को भी पृथक् साहित्यिक भाषा स्वीकार किया है तथा काव्य-पुरुष के शरीर का कथन करते हुए संस्कृत को मुख, प्राकृत को बाहु, अपभ्रंश को जघन—मध्यभाग, पैशाची को पैर, और मिश्र को उरस्थल बतलाया है[1] और तदनुसार राजा की काव्य-सभा में संस्कृतकवि उत्तर, प्राकृतकवि पूर्व, अपभ्रंशकवि पश्चिम, और पैशाची कवि दक्षिण में बैठें[2] ऐसी व्यवस्था का उल्लेख किया है। कवि ने दूसरे स्थल पर सौराष्ट्र और त्रवण देश को अपभ्रंश भाषा भाषी प्रकट किया[3] है। संस्कृत प्राकृत और अपभ्रंश भाषाओं के क्षेत्र का निर्देश करते हुए मरु (मारवाड) टक्क (ठक्क) पंजाब का एक भाग भादानक—पंजाब के झेलम जिले के भद्रावती देशों में अपभ्रंश के प्रयोग होने का संकेत भी किया[4] है।

महाकवि पुष्पदन्त (वि० सं० १०१६) ने अपने 'महापुराण' में संस्कृत और प्राकृत भाषा के साथ अपभ्रंश का भा समुल्लेख किया है। उस काल में संस्कृत प्राकृतादि के साथ अपभ्रंश का भी ज्ञान राजकुमारियों को कराया जाता था[5]।

अमरचन्द ने तो अपभ्रंश की गणना षड्भाषाओं में की है—

संस्कृतं प्राकृतं चैव शौरसेनी च मागधी।
पैशाचिकी चापभ्रंशं षड् भाषाः परिकीर्तिताः॥ —काव्य कल्पलता वृत्ति पृ० ८

अपभ्रंश भाषा के उल्लिखित ये भिन्न भिन्न निर्देश उसके विकास में निम्न बातें फलित करते हैं और उसकी ऐतिहासिक कड़ी जोड़ने में सक्षम हैं—

प्रारम्भ में अपभ्रंश का अर्थ बिगड़ा हुआ रूप था। उस समय भारत में 'विभ्रष्ट' शब्द का प्रयोग होने लगा था और नाट्यकार के समय अपभ्रंश बीजरूप से विद्यमान थी और उसका प्रयोग आभीर एवं शबर आदि वनवासी जातियों में प्रयुक्त किया जाता था, पर उस समय तक उसका कोई साहित्यिक रूप पल्लवित नहीं हुआ था। किन्तु छठी शताब्दी में 'अपभ्रंश का प्रयोग वैयाकरणों और आलंकारिकों के ग्रन्थों में भी उल्लिखित होने लगा और वह साहित्यिक भाषा का सूचक भी माना जाने लगा इतना ही नहीं, किन्तु उसका स्वतन्त्र रूप भी विकसित होने लगा था और जो दण्डी तथा भामह जैसे आलंकारिक साहित्यकों की स्वीकृति भी पा चुका था, इस तरह वह ८ वीं शताब्दी में सर्वसाधारण के बोल-चाल की भाषा मानी जाने लगी और उसका विस्तार सौराष्ट्र से लेकर मगध तक हो गया था[6]। हां देशभेद के कारण उसमें कुछ भिन्नता अवश्य आ गई थी, किन्तु काव्यादि रचना में आभीरादि की अपभ्रंश का ही प्रयोग होता था। ११ वीं से लेकर १३ वीं शताब्दी तक के कवियों—मम्मट, वाग्भट्ट, हेमचन्द्र,

---

१. "अहो श्लाघनीयोऽसि। शब्दार्थौ ते शरीरं, संस्कृतं मुखं, प्राकृतं बाहुः, जघनमपभ्रंशः, पैशाचं पादौ उरो मिश्रम्।" काव्यमीमांसा अ० ३।

२. मध्येसभं राजासनम्। तस्य चोत्तरतः संस्कृतकवयो निविशेरन्।...पूर्वेण प्राकृताः कवयः।...पश्चिमेनापभ्रंशिनः कवयः...दक्षिणतो भूतभाषाकवयः।" —काव्यमीमांसा अ० १०

३. सापभ्रंशप्रयोगाः सकलमरुभुवष्टक्कभादानकाश्च। काव्यमीमांसा, अ० १०

४. सौराष्ट्र त्रवणाद्या ये पठन्त्यर्पित सौष्ठवम्। —काव्यमीमांसा अ० ७

५. सक्कउ पायउ पुण अवहंसउ, वित्तउ उप्पाइउ सपसंसउ। —महापुराण ५-१८-६

६. आभीरी भाषापभ्रंशस्था कथिता क्वचिन्मागध्यामपि दृश्यते। — काव्यालंकारटीका पृष्ठ १५

रामचन्द्र, गुणचन्द्र और अमरचन्द्र आदि ने अपभ्रंश को संस्कृत प्राकृतादि के समान ही साहित्यिक भाषा माना। ८वीं से ११ वीं शताब्दी में साहित्यकों ने महाकाव्यों और खण्डकाव्यों को गुंफित किया। उसे रस और अलंकारों से केवल पुष्ट ही नहीं किया; किन्तु पल्लवित, पुष्पित भी किया तथा उसके, माधुर्य की सरस सरिता में जन साधारण को निमज्जन उन्मज्जन करने की सुविधा भी प्रदान की।

इस विवेचन पर से अपभ्रंश के इतिहास पर बहुत कुछ प्रकाश पड़ता है। साथ ही आगे होने वाले साहित्यिक परिचय से उसके विकास और ह्रास का भी पता चल जाता है। प्रत्येक भाषा अपने प्रारम्भिक काल के बाद विकास पाती है। अपभ्रंश ने भी इसी तरह विकास पाया, और बाद में वह पतन को प्राप्त हुई।

भारतीय साहित्यिक भाषायें

आत्म-अनात्म भावनाओं की अभिव्यक्ति साहित्य है। साहित्य के सृष्टिकर्ता विद्वानों ने अपनी चिरसाधना और अन्तर्मानस की अनुभूति द्वारा सुख, दुःख, जीवन, मरण, आशा, निराशा, भय निर्भयता, हास्य, शोक और विलाप तथा प्राकृतिक रहस्यों से विस्मित करने वाले दृश्यों एवं सौन्दर्य की अनुपम छटा को वाणी द्वारा प्रकट किया है उसे साहित्य कहते हैं। साहित्य की महत्ता उसमें चर्चित वस्तु तत्त्व से होती है। इसी से साहित्य सार्वकालिक और सार्वदेशिकता से ओत-प्रोत रहता है, वह किसी सम्प्रदाय, देश या व्यक्ति विशेष का समर्थक नहीं होता; किन्तु उसमें सार्वभौमता होती है। वह किसी एक अङ्ग का सम्पोषक नहीं होता। उसमें देश, काल, ऋतु, क्षेत्र, पर्वत और तद्देशीय युवति-जनों के वेष-भूषा के साथ धर्म के सिद्धान्तों का भी यथा स्थान संक्षिप्त या विशद रूप में निर्देश किया गया है।

साहित्य की सृष्टि अनेक भाषाओं में की गई है। संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और गुजराती, मराठी आदि।

संस्कृत

संस्कार की गई भाषा का नाम संस्कृत है। वैदिक कालीन संस्कृत प्राचीन है और अवैदिक कालीन अर्वाचीन। पाणिनीय ने संस्कृत को व्याकरण से परिष्कृत कर उसके रूप को स्थिर किया। पश्चात् व्याकरण के विकास के साथ-साथ संस्कृत के प्रयोग और नियम भी सुस्थिर होते गये। व्याकरण के प्रयोग से शिक्षित समुदाय की भाषा शुद्ध और परिमार्जित होती गई। किन्तु व्याकरण विहीन जन साधारण की भाषा अपरिमार्जित और स्खलित ही रह गई। संस्कृतभाषा में प्रबन्ध काव्य चरित, पुराण, कथा, सिद्धान्त, व्याकरण, दर्शन, वैद्यक ज्योतिष कोष, छन्द, नाटक, चम्पू और अलंकार आदि विषयों पर विविध एवं विशाल ग्रन्थ लिखे गये। जैन जैनेतर ग्रन्थकारों ने संस्कृत के भण्डार को खूब ही समृद्ध बनाने का प्रयत्न किया है। उसमें विपुल साहित्य की सृष्टि ही उसकी महत्ता की संद्योतक है। संस्कृत का साहित्य प्रौढ़ और उच्चकोटि का है। परन्तु संस्कृत भाषा साम्प्रदायिक व्यामोह के कारण जन साधारण की भाषा नहीं कहला सकी। वह शिक्षित और शिष्ट लोगों की ही भाषा बनी रही। परन्तु प्राकृत और अपभ्रंश जन साधारण की भाषा बनी, और साहित्यिक महत्ता को भी प्राप्त हुई। संस्कृत की अपेक्षा ये दोनों भाषाएं सरल और सुकोमल हैं। जन साधारण उनके अर्थ को शीघ्र ही अवगत कर लेता है। यहां प्राकृतादि भाषाओं का संक्षिप्त दिग्दर्शन कराते हुए अपभ्रंश के विकास-सम्बन्ध में विचार किया जायगा।

प्राकृत भाषा

जो प्रकृति से सिद्ध हो अर्थात् स्वभाव से निष्पन्न हो, उसे प्राकृत कहते हैं। जो लोग प्राकृत भाषा को संस्कृत से निष्पन्न बतलाते हैं[1]। उनका वह कथन संगत नहीं जान पड़ता; क्योंकि प्राकृत जन साधारण की भाषा थी, अथवा जिस कथ्य भाषा को जनसाधारण अपने व्यवहार में लाते हों, वही प्रकृति निष्पन्न भाषा है। प्राकृत भाषा की महत्ता जनसाधारण से छिपी हुई नहीं है। उसका सरल और मधुर साहित्य आज भी लोगों के हृदयों में अपने गौरव को अंकित किये हुए है। भगवान महावीर ने अपना उपदेश अर्धमागधी भाषा में दिया था वह आधी मगध देश की भाषा थी और आधी भाषा शूरसेन देश की। पर उसमें अन्य भाषाओं के हृदयस्थ करने की क्षमता थी। बुद्ध ने भी तात्कालिक देश भाषा को अपनाया था, बाद में वही भाषा पालि के नाम से प्रसिद्ध हुई। प्राकृत की महत्ता उसके हृदयंगम करने से सहज ही ज्ञात हो जाती है। प्राकृत बड़ी सरल और सहज बोधगम्य भाषा है जबकि संस्कृत दुरूह और कठिन है। इसी कारण वह जनसाधारण की भाषा नहीं बन सकी है। यद्यपि प्राकृत को गिराने का बहुत कुछ प्रयत्न किया गया; परन्तु फिर भी उसका अस्तित्व बना ही रहा। काव्यालंकार के टीकाकार नमि साधु ने लिखा है कि "सकल जगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचनव्यापारः प्रकृति, स्तत्र भवं, सैव वा प्राकृतं। 'आरिसं वयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागही वाणी' इत्यादि वचनात् वा प्राक पूर्वं कृतं प्राक्कृतं—बाल-महिलादिसुबोधं सकल-भाषा-निबन्धनभूतं वचनमुच्यते। मेघनिर्मुक्तजलमिवैक स्वरूपं तदेव च देशविशेषात् संस्कारकरणाच्च समासादितं सत् संस्कृताद्युत्तर विभेदानाप्नोति। अतएव शास्त्रकृता प्राकृतमादौ निर्दिष्टं तदनु संस्कृतादीनि।" (काव्यालंकारटीका २,१२)

इसमें बतलाया गया है कि—लोगों के व्याकरण आदि के संस्कार से रहित स्वाभाविक बचन व्यापार को प्रकृति कहते हैं उसे ही प्राकृत कहा है। आर्ष वचन में (द्वादशांग में) ग्रन्थों की भाषा अर्धमागधी थी, इससे प्रकट हैं कि जो बालक तथा महिलाओं आदि के लिए सहजबोधगम्य है, वही भाषा सकल भाषाओं की मूल कही गई है और वह मेघ वर्षा के जल की तरह पहले एक रूप होने पर भी देश भेद से और संस्कार करने से वह अनेक भेदों में परिणत हो जाती है। अतएव शास्त्रकारों ने पहले प्राकृत को कहा है। बाद में (व्याकरणादि द्वारा संस्कारित हुई भाषा) संस्कृत आदि को कहा है।

इस प्राकृत भाषा का भी क्रमशः परिष्कार हुआ और उसने अपने को साहित्यिक वेश-भूषा से अलंकृत किया। शिलालेखों की भाषा और व्याकरण सम्बन्धी प्राकृत साहित्य का अध्ययन करने से इस बात का सहज ही आभास हो जाता है। बौद्धों के हीयमान सम्प्रदाय के मान्य त्रिपिटकों की पालि और जैनागमों की अर्धमागधी प्राकृत बोलियों के ही साहित्यिक रूप हैं। प्राकृत भाषा के साहित्य को संस्कृत की तरह समृद्ध एवं संगठित बनाने के लिए वैयाकरणों ने व्याकरण के अनेक नियम भी बनाये। परन्तु प्राकृत की बोलियां अपने भिन्न-भिन्न अनेक रूपों में प्रचलित रहीं और उसमें संस्कृत के समान एक रूपता न आ सकी। क्योंकि एक भाषा के लक्षण दूसरी भाषा के लक्षणों से जुदा थे। इसी कारण त्रिविक्रम और आचार्य हेमचन्द्र आदि व्याकरणकर्ताओं ने नियमों में 'प्रायः' 'क्वचित्' में 'बहुल' आदि शब्दों का प्रयोग किया है। जिनसे स्पष्ट जान पड़ता है कि ये नियम किसी भाषा के लिए शाश्वत रूप में लागू नहीं हो सकते। यद्यपि व्याकरणों से भाषा में थोड़ा बहुत सुधार भी हुआ है। फिर भी देशभेद और विभिन्न बोलियों के कारण प्राकृत

---

१. प्रकृतेः संस्कृतादागतम् प्राकृतम्—वाग्भट्टालंकारटीका २,५ अथवा प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं तत् आगतं वा प्राकृतम्। —हेमचन्द्र प्राकृत व्याकरण

भाषा अनेक रूपों में विभक्त हो गई। प्राकृत के अर्धमागधी, मागधी, शौरसैनी महाराष्ट्री और पैशाची भेद आज भी मिलते हैं। श्वेताम्बर जैनागमों की भाषा 'अर्धमागधी प्राकृत' और दिगम्बर जैनों के प्राचीन आगम साहित्य की भाषा 'शौरसेनी प्राकृत' कही जाती है। भरत ने अपने नाट्यशास्त्र (१७-४८) में मागधी अवन्तिजा, प्राच्या, शौरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीका और दाक्षिणात्या नाम की सात प्रकार की प्राकृत भाषाएँ बतलाई हैं। प्राकृत भाषा में विशाल साहित्य रचा गया है। वर्तमान में उपलब्ध साहित्य से उसकी समृद्धि का यथेष्ट ज्ञान हो जाता है। यहां प्राकृत भाषा के उक्त भेदों पर कुछ विचार किया जाता है।

जैन प्राकृत और साहित्यिक प्राकृतों का उल्लेख मध्य काल के वैयाकरणों और आलंकारिकों के ग्रन्थों में मिलता ही है। उनमें शौरसेनी, महाराष्ट्री, मागधी, अर्धमागधी पैशाची, और अपभ्रंश के नाम पाये जाते हैं।

शौरसेनी भाषा

शूरसेन देश में स्थित मथुरा नगर के आस-पास की भाषा शौरसेनी कहलाती है। इसका प्रयोग संस्कृत के नाटकों में स्त्री-पात्रों और मध्यकोटि के पुरुषपात्रों में पाया जाता है। दो स्वरों के मध्य में संस्कृत के त, थ, का क्रमशः द और ध हो जाना इसकी विशेषता है। इस भाषा में र का ल क्वचित् ही होता है। तीनों सकारों के स्थान में 'स' ही होता है। कर्त्ता कारक पुल्लिग के एक वचन में 'ओ' होता है। 'थ' के स्थान में क्वचित् 'ध' भी होता है और पूर्वकालिक कृदन्त के रूप में संस्कृत प्रत्यय 'त्वा' के स्थान पर 'त्ता'—इय, या 'दूण' होता है। जैसे सुत-सुदो, कथम्-कधं, कृत्वा-करित्ता, करिअ, करिदूण होता है। इस भाषा के ग्रन्थ दिगम्बर जैन साहित्य में पाये जाते हैं। आचार्यप्रवर कुन्दकुन्द का प्रवचनसार, पंचास्ति काय इसी भाषा के ग्रन्थ हैं, परन्तु पंचास्तिकाय में अर्धमागधी का प्रभाव भी परिलक्षित है। शिवकोटि की भगवती आराधना इस भाषा का मौलिक ग्रन्थ है, वट्टकेरका मूलाचार भी इसी भाषा की देन है। इस में जैन साहित्य की बहुलता होने से इसे जैन शौरसेनी भी कहा जाता है।

महाराष्ट्री

यह काव्य की पद्यात्मक भाषा है। काव्य-ग्रन्थों में इसी का प्रयोग किया जाता था। गाथा सप्त-सती, सेतुबन्ध, गउडवहो और रावणवध जैसे उच्चकोटि के काव्य-ग्रन्थ इसी में रचे गए हैं। पहले महाराष्ट्री महाराष्ट्र देश की भाषा मानी जाती थी, किन्तु अब वह शौरसेनी के विकास का उत्तर रूप है। ऐसा डाक्टर मोहन घोष का कहना है। दो स्वरों के मध्य के अल्पप्राण स्पर्श-वर्ण का लोप और महाप्राण का 'ह' रूप में परिणत हो जाना इसकी विशेषता है। महाराष्ट्री के विशेष लक्षण जो इसे शौरसेनी से विभक्त करते हैं इस प्रकार हैं—यहाँ मध्यवर्ती 'त' का लोप होकर केवल स्वर रह जाता है, किन्तु 'द' में परि-वर्तित नहीं होता। उसी तरह यहाँ 'थ' ध में परिवर्तित न होकर 'ह' में परिवर्तित हो जाता है और क्रिया का रूप पूर्वकालिक 'ऊण' लगाकर बनाया जाता है, इनके सिवाय जैन महाराष्ट्री में कहीं-कहीं 'र' का 'ल' तथा प्रथमान्त 'ए' हो जाता है। जैसे जानाति-जाणइ, कथं-कहं, और भूत्वा होऊण आदि।

इस भाषा में भी जैन साहित्य ही विशेष उपलब्ध होता है। विमलसूरिका 'पउम चरिउ' इसी भाषा का पद्य-बद्ध काव्य है। पर इसमें 'य' श्रुतिका अत्यधिक प्रयोग पाया जाता है। श्वेताम्बर जैन

(१) 'मागहद्ध विसयभासाणिबद्धं अद्धमागहं अट्ठारस देसी भासा भासणिययं वा अद्धमागहं॥'—निशीथचूर्णि

(२) मागधभाषा लक्षणं किंचित् किंचिञ्च प्राकृत भाषा लक्षणं यस्यामस्ति सा अर्धमागध्याः।

साहित्य की इसमें अधिकता है। आगम ग्रन्थों पर लिखी हुई चूर्णिकाएँ, कथा और चरित साहित्य, जैसे समराइच्चकहा, सुरसुन्दरीचरिअं, पासणाहचरिअं और आगमिक ग्रन्थ हैं। हाल की सत्तसई और जयवल्लभ का वज्जालग्ग महाराष्ट्री प्राकृत के श्रेष्ठ मुक्तक काव्य हैं। संघदास गणी की वसुदेवहिण्डी गद्य काव्य है। इनका समय विक्रम की छठवीं शताब्दी माना जाता है। इनके अध्ययन से यह अवश्य जाना जाता है कि इनसे पूर्व भी कोई साहित्य अवश्य रहा है।

मागधी

यह मगध देश की भाषा कही जाती है। नाटकों में निम्न वर्ग के पात्रों द्वारा इसका प्रयोग करना पाया जाता है। अन्य प्राकृत भाषाओं में 'य' के स्थान में जहां 'ज' का प्रयोग होता है वहां इसमें 'य' ही रहता है। हां 'र' के स्थान पर 'ल' का प्रयोग अवश्य पाया जाता है जैसे राजा-लाआ। हेमचन्द्र के प्राकृत व्याकरण के अनुसार इस भाषा में वर्ग के तीसरे, चौथे अक्षरों के स्थान में वर्ग के पहले और दूसरे अक्षर हो जाते हैं। जैसे गिरि-किरि धूली-थूली आदि। इसी तरह अन्य वर्णों में भी विशेषता है। इस भाषा का प्राकृत साहित्य उपलब्ध नहीं है किन्तु व्याकरण ग्रन्थों और नाटकों में इसका प्रयोग अवश्य हुआ मिलता है।

अर्धमागधी

शौरसेनी और मागधी भाषाओं प्रदेशों के मध्य के कुछ भाग में दोनों भाषाओं का मिश्रित रूप अवश्य पाया जाता है, इसी को अर्धमागधी कहते हैं। ७वीं शताब्दी के आचार्य जिनदास गणी, (६३५) महत्तर ने अपनी निशीथ चूर्णी में आधे मगध देश की भाषा को अर्धमागधी बतलाया है। जो अष्टादश देशी भाषाओं से युक्त थी।[1] टीकाकार अभयदेव ने इसमें कुछ लक्षण मागधी और प्राकृत के बतलाये हैं।[2] जैनियों के आगम साहित्य में और अन्य धार्मिक साहित्य में इसका प्रयोग खुलकर पाया जाता है। मागधी के समान इसमें भी अकारान्त संज्ञा के मुख्य रूप से इसका प्रयोग मिलता है। कहीं-कहीं र के स्थान पर ल का भी प्रयोग पाया जाता है; और कर्ता कारक एक वचन में ओ का ए हो जाता है किन्तु इसमें 'श' का प्रयोग न होकर 'स' का ही प्रयोग पाया जाता है। भगवान महावीर ने अपना धर्मोपदेश इसी भाषा में दिया था।[3] परन्तु महावीर के निर्वाण से ९८० वर्ष के बाद बलभी में संकलित कर लिपिबद्ध होने वाले श्वेताम्बरीय सूत्र-ग्रन्थों की भाषा में अवश्य परिवर्तन पाया जाता है। इस परिवर्तन के साथ-साथ ईस्वी सन् ३१० से पूर्व मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्त के राज्य काल में मगध देश में पड़ने वाले द्वादशवर्षीय दुर्भिक्ष का प्रभाव भी उस पर पड़े बिना नहीं रह सका। दूसरे साधु संघ का विविध देशों में भ्रमण तथा उन-उन देशी भाषाओं के आदान प्रदान से भी उसमें परिवर्तन होना संभव है, आगम साहित्य का सूक्ष्मता से अध्ययन किया जाय तो उसमें वह परिवर्तन अवश्य ज्ञात हो जायगा। इसी को लक्ष्य में रखकर आचार्य हरिभद्र ने जैनागमों की भाषा को अर्धमागधी न कहकर प्राकृत नाम से उल्लिखित किया है[3]। डा० जैकोबी ने जैन वर्तमान सूत्रों की भाषा को अर्धमागधी न बतलाकर जैन महाराष्ट्री बतलाया है[4]। इसी को आर्ष और ऋषिभाषिता भी

---

(२) 'भगवं च णं अद्धमागहीए भासाए धम्ममाइक्खइ'। —समवायांग सूत्र पत्र ६०

(३) दश वैकालिक वृत्ति पृ० २०३।

(४) Kalpa Sutra : Sacred Book of the East Vol. XII.

कहा जाता रहा है।[५] अतः अर्धमागधी आर्ष और ऋषिभाषिता ये तीनों एक ही भाषा के पर्यायवाची नाम हैं।

पैशाची

यह एक बहुत प्राचीन प्राकृत बोली है। इस भाषा का साहित्य नहीं के बराबर है, गुणाढ्य की 'बृहत्कथा' इस भाषा में रची गई थी, परन्तु दुर्भाग्य से यह ग्रन्थ अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ। पर उसके आधार से रचित ग्रन्थ अवश्य उपलब्ध है। दो स्वरों के मध्य में वर्गों का तीसरा चौथा वर्ण पहला और दूसरा वर्ण हो जाता है। जैसे वारिद—वारितो आदि। चीनी तुर्किस्तान के खरोष्ट्री शिलालेखों में पैशाची की विशेषताएँ देखी जा सकती हैं। वररुचि के प्राकृतप्रकाश में (पृ० १०) पैशाची को शौरसेनी की आधार-भूत भाषा स्वीकृत की है। मार्कण्डेय ने प्राकृतसर्वस्व में काँची देश, पाण्ड्य, पांचाल, गौड, मगध, ब्राचड, दाक्षिणात्य शौरसेन, कैकय, शाबर और द्राविड़ देशों को पिशाच देश बतलाया है।

अपभ्रंश भाषा और उसका विकास

वैदिक कालीन विभाषाओं—बोलियों—का धीरे-धीरे विकास होता गया, और वे आर्यों की भाषा के उत्तर-पश्चिम प्रदेश से धीरे-धीरे पूर्व की ओर फैलती गईं। भगवान महावीर और गौतम बुद्ध के जन्म समय तक यह भाषा विदेह (उत्तर विहार) और मगध (दक्षिणी विहार) तक फैल गई थी। इस आर्य भाषा का रूप उत्तर भारत, वज़ीरिस्तान, मध्यप्रदेश और पूर्वी भारत में उस समय पर्याप्त परिवर्तन हो गया था। इसी से उन प्रदेशों की भाषा को उदीच्या, प्राच्या और मध्यदेशीया के नाम से उल्लेखित किया गया है।

उदीच्या—पेशावर और उत्तरीय पंजाब की भाषा कहलाती थी, इसमें अधिक परिवर्तन तो नहीं हुआ; किन्तु प्राच्या का प्रयोग करने वाले वैदिक मर्यादाओं का पालन नहीं करते थे, और वे वेदों को नहीं मानते थे, और न ब्राह्मणों के सामाजिक और धार्मिक रीति-रिवाजों का आचरण ही करते थे; क्योंकि वे व्रात्य थे, अर्हन्तों के उपासक थे[१] और चैत्यों के पूजक थे। किन्तु मध्यदेशीया भाषा उदीच्या और प्राच्या के मध्य मार्ग का अनुसरण करती थी। उदीच्या और प्राच्या में व्यंजन समीकरण के अतिरिक्त 'र' और 'ल' के प्रयोग में भी भिन्नता थी। उदीच्या में जहाँ 'र' के प्रयोग की प्रचुरता थी वहाँ प्राच्या में 'र' के स्थान पर

---

(५) सक्कता पागता चेव दुहा भणितीओ आहिआ।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता॥ —स्थानांग ७ पत्र ३९४।
सक्कया पायया चेव भणिईओ होंति दोण्णि वा।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिआ॥ —अनुयोगद्वार पत्र १३१

१. देखो, इण्डो आर्यन एण्ड हिन्दी पृ. ५६

अथर्ववेद के १५ वें काण्ड में एक व्रात्य सूक्त है, व्रात्य व्रती का पर्यायवाची है। अथर्ववेद के काण्ड ४ सू० ११ मंत्र ११ में व्रत का पर्यायवाची 'व्रत्य' शब्द आया है। जिसका अर्थ व्रत धारण करने वाला होता है। उक्त वेद के ४ थे काण्ड में व्रात्य को मागध विज्ञान भी बतलाया है। जिससे स्पष्ट है कि व्रात्य लोग मगध देश के रहने वाले थे। अतएव इनकी संस्कृति 'मगध' कहलाती थी। सामवेदी ताण्ड ब्राह्मण में एक 'व्रात्य स्तोम' है, जिसमें व्रात्यों का उल्लेख है। उसमें लिखा है कि 'व्रात्य लोग वैदिक यज्ञादि से घृणा करते थे, तथा अहिंसा को अपना मुख्य धर्म मानते थे।' (ताण्ड ब्राह्मण १७-१-५)

"अर्हन्तों के अनुयायी व्रात्य कहलाते थे, जिन का उल्लेख अथर्ववेद में है। लिच्छविलोग प्राचीन भारत की एक प्रसिद्ध व्रात्य जाति के थे।" (भारतीय इतिहास की रूपरेखा पृ० ३४९)

'ल' की और मध्य देशीया में 'र' 'ल' दोनों का प्रयोग होता था। बाद में इस में भी परिवर्तन और विशेषताएं होती गईं।

पूर्वकाल में यद्यपि यात्रा करने के साधन सुलभ नहीं थे। किन्तु व्यापारीजन पूर्व-पश्चिमी-देशों में अपने व्यापार के निमित्त जिस-तिस प्रकार आया जाया करते थे। उससे उन देशों से भाषा सम्बन्धी व्यवहार का आदान-प्रदान बराबर होता रहता था। इसी से अनेक शब्दों का प्रयोग दूसरे देशों की भाषाओं में भी व्यवहृत होने लगा था।

डा० सुनीतिकुमार चटर्जी ने सन् १५०० ई० पूर्व से लेकर सन् ६०० ईस्वी पूर्व तक प्रथम प्राकृतों अथवा विभाषाओं के अनेक परिवर्तनों के परिणाम स्वरूप बुद्ध और महावीर के समय भारत में भाषा के निम्न रूपों का संकेत किया है।

उदीच्या, मध्यदेशीया और प्राच्या रूपमें तीन विभाषाएँ विकास पा गईं थीं।

वैदिक सूक्तों की प्राचीन भाषा छान्दस थी जिसका व्यवहार ब्राह्मण वर्ग में चल रहा था।

तीसरी वह जो छान्दस भाषा के नूतन संस्करण और उदीच्या के प्राचीन रूप से विकसित हुई थी, जिसमें प्राच्या और मध्यदेशीया के तत्त्वों का संमिश्रण था। इसी भाषा में संभवतः वैदिक ग्रन्थों के भाष्यादिक भी उस समय लिखे गए थे।

भगवान् महावीर और गौतम बुद्ध ने अपनी-अपनी देशना और उपदेश का माध्यम उस समय की बोलचाल की जन साधारण की भाषा को बनाया। इस कारण तत्कालीन प्रान्तीय भाषाओं के विकास में क्रान्ति आ गई और परिणामस्वरूप भिन्न-भिन्न प्रांतीय भाषाओं के साहित्यिक विकास का सूत्र-पात प्रारम्भ हो गया।

उस काल में संस्कृत का विकास शिक्षितोंमें अपनी चरम सीमा को पहुंच चुका था, परन्तु उसमें साम्प्रदायिक संकीर्ण मनोवृत्ति के कारण उसका पूर्णविकास जैसा चाहिए था वैसा न हो सका। यद्यपि वह भारत से बाहर भी गई और वह वहां भी फैली, पर उसे सार्वभौमता का पद प्राप्त नहीं हो सका।

ईसा की छठी शताब्दी से ईसा की १० वीं शताब्दी तक की प्रचलित विभाषाओं को ग्रियर्सन ने दूसरी श्रेणी की प्राकृत (Secondary Prakrits) बतलाया हैं[२]।

किन्तु डा० सुनीतिकुमार चटर्जी ने उस काल की भाषा को मध्यकालीन आर्य भाषा (Middle Indo Aryan Speech) कहा है और उसे तीन भागों में विभक्त किया है। इस काल को मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा काल कहा जा सकता है।

(१) मध्य कालीन आर्यभाषा की प्रारम्भिक अवस्था (४०० ई० पूर्व से लेकर १०० ईस्वी तक) प्रारम्भिक प्राकृत भाषाओं का काल माना जाता है।

(२) भारतीय आर्य भाषा की मध्यकालीन अवस्था (१०० ई० से ५०० ई० तक) साहित्यिक प्राकृतों का काल माना जाता है। किन्तु वर्तमान में प्राकृत भाषा का साहित्य ५०० ईस्वी के बाद का रचा हुआ भी उपलब्ध होता हैं। कौतूहल की 'लीलावती' निस्सन्देह उत्तर काल की रचना है और 'गोउडवहो' का रचना काल भी ७ वीं ८ वीं शताब्दी माना जाता है। इसके अतिरिक्त हरिभद्र, कुमारस्वामी, देवसेन, पद्मनन्दि, नेमिचन्द्र, पद्मसिंह (१०८६) और हेमचन्द्र आदि अनेक जैनाचार्यों ने प्राकृत भाषा में (९९०) अनेक ग्रन्थों की रचनाएँ की हैं। जिससे उक्त सीमा का निर्धारण विचारणीय है।

---

२. देखो, लिंग्विस्टिक सर्वे आफ़ इण्डिया पृ० १२१ (१९२७ ई० पु०)

मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा की उत्तर कालीन अवस्था का समय ५०० ई० से १००० ई० तक भाषा विज्ञानी प्रकट करते हैं और उसे अपभ्रंश का नाम दिया गया है। किन्तु यह भी चिन्तनीय है; क्योंकि वर्तमान में अपभ्रंश भाषा का साहित्य ८ वीं शताब्दी से १७वीं शताब्दी तक का रचा हुआ उपलब्ध होता है। अतएव अपभ्रंश का रचना काल ५०० ई० से १३०० ई० तक मानना ही चाहिये। कारण कि उत्तरवर्ती साहित्य में हिन्दी का विकसित रूप भी देख ने में आता है और १३ वीं शताब्दी तक की रचनाओं में उतनी प्रौढ़ता तो नहीं है। किन्तु रचना शैथिल्य भी नहीं पाया जाता आठवीं शताब्दी से १३ वीं, १४ वीं तक अपभ्रंश के साहित्य की प्रचुरता रही है।

प्रान्तीय भाषाओं का विकास

द्वितीयश्रेणी की प्राकृत भाषाओं से भिन्न-भिन्न प्रादेशिक अपभ्रंश भाषाओं की उत्पत्ति मानी जाती है और वर्तमान प्रान्तीय आर्यभाषाओं का विकास अपभ्रंश से हुआ है। शौरसेनी अपभ्रंश से व्रज भाषा, खड़ी बोली राजस्थानी, पंजाबी और गुजराती भाषाओं का सम्बन्ध है। किन्तु इनमें से शौरसेनी के 'नागर अपभ्रंश' से राजस्थानी और गुजराती का सम्बन्ध विशेषरूपसे स्वीकृत किया जाता है। 'मागध 'अपभ्रंश' से भोजपुरी, उड़िया, बंगाली, आसामी, मैथिली और मगही का विकास हुआ माना जाता है। सिन्धी भाषा का विकास व्राचड़ अपभ्रंश से हुआ कहा जाता है महाराष्ट्री से मराठी के विकास का सम्बन्ध अब विद्वान नहीं मानते। इन प्रान्तीय भाषाओं के विकास के पूर्वकाल में ये सब भाषाएं अपनी अपनी भिन्न-भिन्न अपभ्रंशों से प्रभावित हुई दिखलाई देती हैं और उत्तरकालीन अपभ्रंश का साहित्य भी प्रान्तीय भाषाओं से प्रभावित हुआ जान पड़ता है। उसमें प्रचुरता से तत्सम देशी भाषाओं के शब्दों का प्रयोग दिखाई पड़ता है। आज जिसे हम पुरानी हिन्दी कह कर पुकारते हैं वही वर्तमान हिन्दी का पूर्व रूप है। इससे यह स्पष्ट है कि वे पुरातन रचनाएं हिन्दी की जनक हैं। अथवा हिन्दी के विकास में उन का योग दान महत्वपूर्ण है।

देशी भाषा की महत्ता

अपभ्रंश देशी भाषा कहलाती थी। संस्कृत भाषा को शुद्ध मानने वाले वैयाकरण भी देशी भाषा को भ्रष्ट-अपभ्रष्ट या बिगड़ी हुई भाषा कहते थे। स्वयंभू, पुष्पदन्त, पद्मकीर्ति, लक्ष्मण, लाखू, वाग्भट्ट, पादलिप्त आदि कवियों ने भी अपभ्रंश को देशी भाषा बतलाया है।[1] और विद्यापति ने अपनी कीर्तिलता में देशी वचनों को मिष्ट प्रकट किया है—

---

१ (क) देशी भासा उभय तडुज्जल, कवि दुक्कर घण सद्द सिलायल —स्वयंभू पउम चरिउ।
(ख) देस देसि भाषा लिवि ठाणइं, कइ वायालंकार विहाणइं। —पुष्पदन्त महापुराण ५, ६-१०
(ग) वायरण देसि सद्दत्थ गाढ, छंदालंकार विलास पोढ।
स-समय-पर समय वियार सहिय, अवसद्द वाय दूरेण रहिय॥
—पद्मकीर्ति पासणाह चरिउ
(घ) ण समाणमि छंदु ण बंधभेउ, ण उ हीणाहिउ मत्ता समेउ।
ण उ सक्कअ पाउअ देसभास, णउ सद्दु वण्णु जाणमि समास॥
लक्ष्मण णेमिणाहचरिउ पीठिका

सक्कय वाणी बहुअ [न] भावइ, पाइअ रस को मम्म न पावइ।
देसिल वअना सब जन मिट्ठा, तं ते सन जंपिउ अवहट्ठा॥

अर्थात संस्कृत वाणी बहुतों को अच्छी नहीं लगती, प्राकृत रस का मर्म नहीं प्राप्त करती। देशी वचन सबसे मीठे होते हैं। इसीलिए मैं अपभ्रंश में कथा कहता हूं।

पादलिप्त ने अपनी तरंगवती कथा देशी भाषा में बनाई थी[२]। ग्रन्थ कारों ने अपभ्रंश भाषा में जो ग्रंथ बनाये, उन्होंने उन ग्रंथों की भाषा देशी बतलाई है। वही देशी भाषा अपभ्रंश है। वैयाकरण जिस भाषा को अपभ्रंश प्रकट करते हैं उसमें ग्रंथ रचना करने वाले ग्रंथकार उसे देशी भाषा कहते हैं।

वास्तव में अपभ्रंश या देशी भाषा में स्वभावतः माधुर्य तो है ही, पद लालित्य की भी कमी नहीं, पद सरल सरस तथा सुबोध हैं इसी से उस काल में देशी भाषा जनसाधारण के गौरव को प्राप्त कर सकी। पर संस्कृत में वैसी क्षमता नहीं, क्योंकि वह साम्प्रदायिकता से ऊंचे नहीं उठ सकी। यद्यपि जैन और बौद्धों का विशाल साहित्य भी संस्कृत में रचा गया; परन्तु उसकी विशेष महत्ता ब्राह्मण साहित्य में ही रही, वह साम्प्रदायिक संकीर्ण दृष्टिकोण से निकलकर जन साधारण का गौरव प्राप्त नहीं कर सकी।

पर अपभ्रंश दृष्टिकोण के चक्रव्यूह से अलग रहती हुई अपनी निंदा और बुराई को सुनती हुई भी जनसाधारण के कण्ठ को विभूषित करती रही, राज्य सभाओं में भी आदर पा सकी और विद्वानों के कण्ठ का भूषण बनी रही। इसी से उसका लोकव्यापी महत्व रहा है। जब वह अपने मध्यान्ह काल में बहुमूल्य प्रबन्धकाव्यों मे गुम्फित हो रही थी, तब उसकी तेजस्विता, वाक्य विन्यास और पद गाम्भीर्य अर्थ के प्रतिपादक थे, उनमें महानता और सरसता आदि सद्गुण स्वभावतः अङ्कित हो रहे थे। धर्म भाषा और साहित्य के विकास में राज्याश्रय का मिलना अपना खास महत्व रखता है। इनके विकास और समृद्ध होने में राज्याश्रय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बिना राज्याश्रय के उक्त भाषा अथवा धर्म पनप नहीं सके। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जिन धर्मों और भाषाओं को उचित राज्याश्रय मिला वे लोक में समुन्नत और विकास पाते गये। लोक में वे आगे बढ़ने में समर्थ हो सके। अपभ्रंश भाषा के विकास में भी राज्याश्रय की आवश्यकता हुई।

राज्याश्रय

अपभ्रंश भाषा का उपलब्ध साहित्य विभिन्न देशों और विभिन्न समयों में रचा गया है। अपभ्रंश के विकास में अनेक राजवंशों और देशों के राजाओं का सहयोग मिला है। इसी से वह अपना विकास कर सकी। मान्यखेट (बरार), गुजरात, मालवा, मारवाड़, राजस्थान, बंगाल, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में अपभ्रंश साहित्य रचा गया।

(ङ) देस भास लक्खण ण तक्कओ, मुणमि णेव आयमहिं गुरुक्कओ।
पय समित्ति किरिया विसेसया, संधि छंदु वायरण भासया॥
—लाखू जिनदत्तचरित संधि १

पालित्तएण रइया बित्थरओ तहव देसिवयणेहिं।
णामेण तरंगवई कहा विचित्ता य विउला य॥ —पादलिप्त, तरंवगती

२. देखो डा० जैकोवी कृत सणक्कुमारचरिउ की भूमिका, पृ० नं० १८।

यद्यपि स्वयंभू से पूर्ववर्ती अनेक कवि हो गये हैं किन्तु उनका साहित्य अभी उपलब्ध ही नहीं है। कविवर चउमुह (चतुर्मुख) का भी साहित्य उपलब्ध नहीं है। अतएव वर्तमान में स्वयंभू को ही आद्य कवि माना जाने लगा है।

मान्यखेट के सभी राष्ट्रकूट राजागण जैन नहीं थे, किन्तु वैष्णव धर्मानुयायी भी थे, हां, अमोघवर्ष अवश्य जैन हो गया था। उनके राज्य में जैनधर्म को कोई आंच नहीं आई थी; क्योंकि उन राजाओं के राजमन्त्री प्रायः जैनधर्मावलम्बी थे। अमोघवर्ष जिनसेनाचार्य का शिष्य था, जैनधर्म पर उसकी बड़ी आस्था थी, इतना ही नहीं, वह विवेकपूर्वक अपने राज्य का परित्याग कर तपस्वी बन गया था। उनके राज्यों में जैन मुनियों और विद्वानों को आश्रय मिला हुआ था, इसा से वे ग्रंथ रचनादि कार्य में प्रवृत्त हो सके।

राष्ट्रकूट राजा ध्रुव (वि० सं० ८३७-८५१) के अमात्य रयडा धनंजयने महाकवि स्वयंभू को आश्रय दिया था, और उनके पुत्र धवलासिय ने त्रिभुवनस्वयंभू को। पउमचरिउ और रिट्ठणेमिचरिउकी रचना उन्हीं के अनुरोध से हुई थी। इसी तरह कृष्ण तृतीय (वि० सं० ९९६-१०२५) के मंत्री भरत और उनके पुत्र नन्न ने महाकवि पुष्पदन्त को आश्रय दिया था। मंत्री भरत की प्रेरणा से ही महापुराण की रचना हुई थी। उस समय बरार जैन वैश्यों का केन्द्र था, और बरार गुजरात मालवा आदि प्रदेशों का वाणिज्य भी प्रायः उन्हीं के हाथ में था। यद्यपि जैन लोग भारत के प्रायः सभा देशो में व्यापार के निमित्त आया जाया करते थे। (व्यापार और तीर्थयात्रा का जैनियों में खूब प्रचार रहा) है। उन्होंने संस्कृत की अपेक्षा देशी भाषा को अधिक प्रश्रय दिया था और उन्हीं के सहयोग से अपभ्रंश राष्ट्रीय भाषा के रूप में पल्लवित हो सकी थी।

दशवीं शताब्दी के बाद जब राष्ट्रकूटों का पतन हो गया, तब गुजरात केन्द्र बन गया। ११ वीं शताब्दी में गुजरात के सोलंकी राजाओं ने भी अपभ्रंश साहित्य के विकास में पर्याप्त सहायता की और ग्यारहवीं शताब्दी में गुजरात के सोलंकी राजाओं ने भी अपभ्रंश साहित्य के विकास में पर्याप्त सहायता प्रदान की। वहाँ जैनधर्म का विकास भी हुआ और राजा कुमारपाल ने तो स्वयं आचार्य हेमचन्द्र के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर जैनधर्म स्वीकृत किया था। उनके राज्य में ही हेमचन्द्र ने 'अपभ्रंश व्याकरण, और देशीनाममाला की रचना की। सोलंकी राजा कर्णदेव के समय में सं० ११२३ में कवि श्रीचन्द ने रयणकरण्डसाबयायार' और कथाकोश की रचना की थी।

चालुक्य वंशी राजा वद्दिगदेव के पुत्र कृष्ण नरेन्द्र के राज्यकाल में गोध्रा में अमरकीर्ति ने नेमिणाह चरिउ (१२४४) और षट कमेपिदेश की रचना सं० (१२४७) में की थी। मालवा में राजा भोज (जयसिंह) के राज्य में नयनन्दी ने सं० ११०० में सुदंसण चरिउ और सयलविहिविहाणकव्व की रचना की। साथ ही परमारवंशी राजा देवपाल के समय में कवि दामोदर ने 'णेमिणाहचरिउ' की रचना सं० १२८७ में की।

बंगाल में पालवंश के राज्यकाल में अपभ्रंश को उचित सम्मान मिला। बंगाल दीर्घकाल तक बौद्धों का केन्द्र रहा। पालवंश के राजा स्वयं बौद्धधर्मानुयायी थे। अतएव बौद्धतांत्रिकों के अपभ्रंश साहित्य के निर्माण में उनका पूरा सहयोग रहा। पालों के बाद बंगाल में सेनवंश का राज्य रहा, उनसे अपभ्रंश को कोई सहयोग नहीं मिला; क्योंकि वे ब्राह्मण धर्मानुयायी थे।

दिल्ली के तोमरवंशीय राजा अनंगपाल तृतीय के राज्यकाल में भी अपभ्रंश ग्रंथों की रचना हुई। अनंगपाल के मंत्री नट्टलसाहुकी प्रेरणा से सं० ११८९ में कवि श्रीधरने 'पासणाहचरिउ' की रचना

की थी। मुसलमानी शासनकाल में—मुगल बादशाह बाबर के समय दिल्ली में कवि महिंदु या महाचन्द ने सं० १५८७ में 'संतिणाहचरिउ' की और मुबारिक शाह के राज्यकाल में उनके मंत्री साह हेमराज के अनुरोध से भ० यशःकीर्ति ने सं० १४९७ में पांडवपुराण की तथा सं० १५०० में हरिवंश पुराण की रचना की। ग्वालियर के तोमर वंशी राजाओं के राज्य काल में भी जैनधर्म और जैन साहित्य के निर्माण में अच्छा प्रोत्साहन मिला। राजा डूंगरसिंह और कीर्तिसिंह (पिता-पुत्र) दोनों ही जैनधर्म पर पूर्ण आस्था रखते थे। ग्वालियर के किले में जैनमूर्तियों के निर्माण में इन्होंने पर्याप्त धन खर्च किया था। इनके शासन काल (वि० सं० १४८१ से १५३६ तक) में कवि रइधू ने लगभग २५ अपभ्रंश ग्रंथों की रचना की थी। उस काल में वहाँ जैनधर्म का खूब प्रसार रहा।

चन्द्रवाड आदि के चौहानवंशी नरेशों के राज्य काल में, यद्यपि ये नरेश जैनधर्म के अनुयायी नहीं थे, किन्तु; उनका जैनधर्म के प्रति कोई अनादर भाव न था, प्रत्युत जैनधर्म के प्रति उनका सदा सद्भाव बना रहा, कारण कि उनके मन्त्रीगण और राजश्रेष्ठी जैनधर्म के अनुयायी थे। उनका जैन साहित्य की रचना और मन्दिरों के निर्माण में पूरा सहयोग रहा है। इसी समय कवि लक्ष्मण ने 'अणुवयरयणपईव' और धनपाल ने 'बाहुबलीचरिउ' की रचना की।

इटावा के समीप करहल के चौहानवंशी राजा भोजराज के समय उनके मन्त्री गोलालारीय साहू अमरसिंह की प्रेरणा से कवि असवाल ने सं० १४७९ में 'पार्श्वनाथ चरित' की रचना की थी। इस तरह राज्याश्रय को पाकर अपभ्रंश साहित्य का विकास हुआ। आगे चलकर इस भाषा की धारा देशभाषा का आश्रय लेकर हिन्दी के रूप में विकास पाती रही, और नाथ-सिद्धों की वाणियों में, कबीर आदि सन्तों के पद-साखी आदि में और जैन कवियों की रचनाओं में उज्जीवित होती रही। इस तरह इस अपभ्रंश भाषा का विकास बराबर होता रहा, पश्चात् वही हिन्दी के रूप में प्रतिष्ठित होगई। हिन्दी भाषा के कवियों ने अपभ्रंश की सरणी का अनुसरण करते हुए अपनी कृतियों को उपयोगी बनाने का प्रयत्न भी किया है। इसीलिए आज अनेक विद्वान् इस अपभ्रंश भाषा के साहित्य को पुरानी हिन्दी या हिन्दी का साहित्य मानने लगे हैं। यद्यपि अब अपभ्रंश भाषा में साहित्य रचना नहीं हो रही है, परन्तु अपभ्रंश के अध्ययन के विना हिन्दी का विकास भी पूर्णता को नहीं पा सकता। अतः आज अपभ्रंश भाषा के विशिष्ट अध्ययन की पूर्ण आवश्यकता है।

अपभ्रंश भाषा का उपलब्ध साहित्य और उसका वर्गीकरण

अपभ्रंश भाषा के उपलब्ध साहित्य पर जब हम विचार करते हैं तब हमें इसकी विशेषताओं का परिज्ञान सहज ही हो जाता है। इस साहित्य में कथन की क्रमबद्धता, छन्दविस्तार, घटना-बाहुल्य, सत्पात्रों का चुनाव, आदि गुण इसकी महत्ता के द्योतक हैं। रसात्मकता, भाषा में ओज और माधुर्य गुण इस के आकर्षणके कारण रहे हैं। इसी से यह जन साधारण द्वारा अपनायी गई जान पड़ती हैं। अपभ्रंश साहित्य का मनन करने से हिन्दी भाषा के विकास का अच्छा इतिवृत्त संकलित किया जा सकता है। यह साहित्य प्रबन्ध या महाकाव्य, खण्डकाव्य, रूपककाव्य, मुक्तककाव्य, सन्धिकाव्य, कथाकाव्य और रासाकाव्य आदि के रूप में मिलता है। वर्तमान मे न अपभ्रंश का कोई स्वतन्त्र गद्य ग्रंथ उपलब्ध है और न कोई नाटक ही। पर संस्कृत के नाटकों में अपभ्रंश भाषा के गद्य पद्य दोनों के दर्शन अवश्य होते हैं। कुवलयमाला में भी अपभ्रंश गद्य मिलता है। अपभ्रंश भाषा के दो शिलालेख भी उपलब्ध हैं।[1]

१. देखो, नागरी प्रचारिणी पत्रिका भा० ६, अङ्क ४, पृष्ठ ५ में रायबहादुर हीरालाल का इन्क्रप्सन। यह लेख विक्रम की १२वीं शताब्दी का बतलाया जाता है। दूसरा लेख बम्बई म्यूजियम में सुरक्षित है।

प्रबन्धकाव्य

विश्व साहित्य में संभवतः सबसे प्रथम भारतवर्ष में ही काव्य-ग्रन्थ लिखे गये। इस देश में प्रबन्ध काव्य लिखने की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। इससे पहले पुराणादि ग्रन्थ ही लिखे जाते थे। ये पुराण प्रबन्ध-काव्यात्मक रचना हैं। प्रबन्धकाव्यों में इतिवृत्त, वस्तु-व्यापार वर्णन, भावाभिव्यंजना और संवाद ये चार अवयव होते हैं। कथा में पूर्वापर क्रमबद्धता आवश्यक है इसके विना कोई काव्य प्रबन्धकाव्य नहीं कहला सकता। अपभ्रंश भाषा में प्रबन्ध काव्य बहुसंख्या में लिखे गए उपलब्ध हैं, उनमें पूर्वापर क्रम-बद्धता के साथ कथा के मार्मिक स्थलों की परख होना जरूरी हैं, इससे प्रबन्धकाव्य की रचना में सफलता मिलती है। जैन अपभ्रंश प्रबन्ध काव्यों में वस्तुव्यापार वर्णन तो सुन्दर है ही; किन्तु संवाद इतने प्रभावक और आकर्षक होते हैं कि उनसे इन प्रबन्ध काव्यों के निर्माताओं की सहृदयता का सहज ही आभास मिल जाता है। इन प्रबन्धकाव्यों का विषय प्रायः राम और कृष्ण की कथा ही रहा है।

संस्कृत प्रबन्धकाव्यों में नायक के चरित-चित्रण के अतिरिक्त उषाकाल, सूर्योदय, चन्द्रोदय, संध्या, रजनी, नदी, पर्वत, समुद्र, ऋतु, युद्ध और यात्रा आदि दृश्यों का वर्णन सालंकार किया गया है[1]। ऐसा करते हुए भी कवियों ने उनमें अनेक चमत्कारों को भी दिखलाया है। ये सब कथन अल्प या बहुत मात्रा में संभी भाषाओं के प्रबन्धकाव्यों में उपलब्ध होते हैं। हाँ, प्राकृत प्रबन्धकाव्यों में कुछ नई प्रवृत्तियाँ भी देखने को मिलती हैं। उनमें अनेक स्थलों पर ग्राम्य जीवन के सुन्दर चित्र अंकित मिलते हैं। अपभ्रंश प्रबन्ध काव्यों में ऐसे अनेक वर्णन मिलते हैं जो जीवन के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रखते हैं।

संस्कृत भाषा में हमें दो प्रकार के काव्य मिलते हैं। उनमें कुछ काव्य ऐसे हैं जिनमें कथा का विस्तार, घटनाबाहुल्य और उसके साथ ही साथ प्राकृतिक दृश्यों का वर्णन प्रचुरता से किया गया है और कुछ ऐसे भी हैं जिनमें कथा बहुत ही संक्षिप्त है, किन्तु प्राकृतिक वर्णनों के विस्तार में प्रचुर काव्यत्व दृष्टि गोचर होता है। प्राकृत में भी इन दोनों शैलियों के दर्शन होते हैं। यदि सेतु-बन्ध में रामकथा का विस्तार है, तो गउडवहो में गौड राजा के बंध का कथन अति संक्षिप्त (३-४ पद्यों) में ही दिया गया है और अन्य काव्योचित वर्णनों का पर्याप्त रूप में स्थल-स्थल पर समावेश है।

अपभ्रंश के महाकाव्यों में भी हमें वर्ण्य विषय का पर्याप्त विस्तार मिलता है। कथा-पात्रों के अलौकिक चमत्कारों, भवान्तरों की कथाओं और पौराणिक आख्यानों के कारण कथा का विस्तार अधिक बढ़ गया है, जिससे कथा-सूत्र के समझने में कठिनाई हो जाती है। अनेक कथाओं और अवान्तर उप कथाओं में उलझे हुए अनेक स्थलों में यद्यपि सुन्दरता के दर्शन होते हैं, फिर भी उन में कवित्व प्रचुर परिमाण में प्रकट नहीं हो सका है और कविता में विषय की अपेक्षा कवित्व का विस्तार कम ही हुआ है।

---

१. सन्ध्यासूर्येन्दुरजनीप्रदोषध्वान्तवासराः।
प्रातर्मध्याह्नमृगयाशैलर्तुवनसंगराः॥
संभोगविप्रलम्भौ च मुनि स्वर्गपुराध्वराः।
रणप्रयाणोपयममन्त्रपुत्रोदयादयः॥
वर्णनीया यथायोग्यं सांगोपांगा अमी इह।
साहित्यदर्पण ६ परि० से ३२२-३२४

महाकाव्य

साहित्यकारों ने 'सर्गबन्धो महाकाव्यं'—[1] इस लक्षणानुसार महाकाव्य का विभाजन अनेक सर्गों में किया है। कथा का सर्गबद्ध होना आवश्यक है, सर्गों की संख्या का भी वहां निर्देश किया गया है। संस्कृत महाकाव्यों में कथा अनेक आश्वासों (सर्गों) में विभक्त मिलती हैं; किन्तु प्राकृत में कुछ काव्य ऐसे भी मिलते हैं, जिनमें पद्य-कथा को आश्वासों में विभक्त नहीं किया गया। 'गउडवहो'में विभिन्न विषयों और घटनाओं को कुलकों और महाकुलकों में वांधा गया है। 'लीलावइकहा' आदि कुछ काव्य सर्गों या आश्वासों मैं विभक्त नहीं हैं। इस तरह प्राकृत महाकाव्यों में आश्वासों और सर्गोंका लोप होगया। प्राकृत काव्यों की इस स्वच्छन्द प्रवृत्ति का प्रभाव संस्कृत महाकाव्यों पर भी पड़ा है।

अपभ्रंश महाकाव्य में कथा वस्तु अनेक सन्धियों में विभक्त होती है और प्रत्येक सन्धि अनेक कडवकों के मेल से बनती है. संधियों की संख्या का वहाँ कोई नियम नहीं है। धवल कवि के 'हरिवंश' में १२२ संधियां हैं और पुष्पदन्त के महापुराण में १०२ सन्धियां दी हुई हैं। अपभ्रंशभाषा के महाकाव्यों में यद्यपि वर्णनीय विषय को संस्कृत महाकाव्यों के अनुसार ही दिया है, किन्तु वे काव्योचित मर्यादा का पूर्ण रूप से पालन करने में असमर्थ रहे हैं। इन महाकाव्यों में अपभ्रंश की कुछ परम्परागत रूढियों का भी पालन होता रहा है। अपभ्रंश के प्रायः सभी महाकाव्य सन्धियों में विभक्त हैं। किन्तु स्वयंभू के दोनों महाकाव्य काण्डों में विभक्त होकर भी संधियों में रखे गए हैं। यह पद्धति बहुत पुरानी हैं। संस्कृत भाषा के काव्यों और ग्रन्थों में इसका प्रचलन था, आचार्य अकलंकदेव ने अपने तत्त्वार्थराजवार्तिक ग्रन्थ को अध्यायों में विभक्त करके भी उन्हें आह्निकों में विभाजित किया है। महाभारत में यह क्रम अध्यायों में पर्वों या सर्गों के रूप में मिलता है, और रामायण में काव्यों को सर्गों में विभाजित कर दिया गया है। एक एक अध्याय में अनेक आह्निक मिलते हैं।

कविराज विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण में भ्रमवश यह लिख दिया कि—अपभ्रंश महाकाव्यों में सर्गों की जगह कुडवक या कडवक होते हैं[2]। पर ऐसा नहीं है। अपभ्रंश महाकाव्यों में संधि या सर्ग अनेक कडवकों के समूह से बनती है। कडवकों का प्रयोग वहाँ पद के रूप में हुआ है। १५ से ३० कडवकों या इससे अधिक की एक संधि होती है। इसी कारण सन्धियों का आकार छोटा या बड़ा देखने को मिलता है। अपभ्रंश काव्यों में प्रत्येक कडवक के प्रारम्भ में और अन्त में एक घत्ता रहता है। इस नियम का निर्वाह कुछ काव्यों में पूर्ण रूप से मिलता है और कुछ में कम। अपभ्रंश काव्यों की कडवक-योजना का प्रभाव हिन्दी भाषा के प्रबन्ध काव्यों पर पड़ा है। रामचरित मानस और पद्मावत आदि में कुछ चौपाइयाँ रखकर दोहा या कहीं कहीं हरिगीतिका छन्द रक्खा गया है। कवि लक्ष्मण का 'णेमिणाहचरिउ' रड्ढा छन्द में रचा गया है और सुदंसणचरिउ पद्धडिया छन्द के अतिरिक्त विविध छन्दों से विभूषित है। अब्दुलरहमान के सन्देशरासक में कडवकबद्धता नहीं है। पुष्पदन्त के काव्यों में नाना छन्दों का प्रयोग हुआ है। पर वे सब कडवकबद्ध ही हैं। संस्कृत के कुछ महाकाव्यों में मंगलाचरण और वस्तुनिर्देश के बिना भी काव्यारंभ देखा जाता है, यह परम्परा परवर्ती काव्यों में नही है। अपभ्रंश भाषा के प्रायः सभी काव्य मंगलाचरण और वस्तु निर्देश आदि की परम्परा को लिये हुए हैं, इसी का हिन्दी के काव्यों में अनुसरण किया गया है।

---

१. सर्गबन्धो महाकाव्यं—साहित्यदर्पण ६ परि० ३१५।

२. अपभ्रंशनिबद्धेऽस्मिन्सर्गाः कुडवकाभिधाः।
तथापभ्रँश योग्यानि छन्दांसि विविधान्यपि ॥ —साहित्यदर्पण ६-३२७

कवि भामह ने काव्यालंकार में कथा का जो लक्षण निर्दिष्ट किया है तदनुसार कथा दो व्यक्तियों की बातचीत से प्रारम्भ होती है। किन्तु आख्यायिका में नायक अपनी कथा स्वयं कहता है। जैन अपभ्रंश काव्यों में प्रायः सभी कथानक राजा श्रेणिक के प्रश्न और गौतम गणधर के उत्तररूप में प्रारम्भ होते हैं।

कथा का नायक

संस्कृत महाकाव्यों में[1] कथा का नायक धीरोदात्त गुणवाला आदर्श व्यक्ति देवता या सद्वंश क्षत्रिय माना गया है, किन्तु जैन कवियों द्वारा निर्मित अपभ्रंश-काव्यों में कुछ में क्षत्रियवंशोद्भव तीर्थंकर, चक्रवर्ती, नारायण, प्रतिनारायण और बलभद्र आदि पुराण-पुरुषों को माना गया है और कुछ में आदर्श व्यक्ति राजश्रेष्ठी, वणिक या राजपुत्र को माना गया है, क्योंकि जैन कवियों की रचना का उद्देश्य आत्म-विकास बतलाना रहा है, इसी से नायक क्षत्रिय न होते हुए भी आदर्श गुणों वाला कुलीन व्यक्ति स्वीकृत किया गया है। उसकी धर्मपरायणता और लोकोपकारिता आदि का चित्रण नैतिक चरित्र के विकास को लिए हुए है। नायक के जीवन की अच्छी-बुरी परिणति का कथन करते हुए तपश्चर्या, व्रताराधना, और सत्कर्मों द्वारा जीवन के अन्तिम लक्ष्य-पूर्ण स्वातंत्र्य की प्राप्ति का निर्देश करना ही कवि का उद्देश्य है और नायक के उदात्तचरित को यथार्थता के मापदण्ड से नापा गया है; ऐसा होने पर उसमें हीनता की कल्पना करना उचित नहीं जान पड़ता। केवल रूढ़ि वश क्षत्रिय को नायक बना कर महा-काव्यों के औचित्य का पालन नहीं हो सकता। यह तो संकीर्ण मनोवृत्ति का परिचायक है। जीवन का आदर्श चारित्र-गुण पर ही निर्भर होता है।

महाकाव्यों में वर्ण्य विषय

(१) महाकाव्य में कथा का अंकों, सर्गों या अधिकारों आदि में विभाजित होना।
(२) नायक का तीर्थंकर, चक्रवर्ती या अन्य महापुरुष होना।
(३) शृंगार, वीर और शान्तादिरस की प्रधानता रहना।
(४) कथा वस्तु का ऐतिहासिक या लोक प्रसिद्ध होना।
(५) धर्मादि पुरुषार्थचतुष्टय में से किसी एक पुरुषार्थ की प्रमुखता का होना।
(६) काव्य का नामकरण किसी प्रधान घटना, काव्यगतवृत्त, कवि का नाम, अथवा नायक के नाम के आधार पर होना।
(७) सर्ग, संधि या अधिकार के अन्त में छन्द का बदल जाना और किसी एक ही अध्याय में विविध छन्दों का पाया जाना।
(८) सर्गों या अध्यायों की संख्या का ८ से अधिक होना।
(९) काव्य के प्रारम्भ में मंगलाचरण, आशीर्वचन, सज्जन दुर्जन-वर्णन और प्रतिपाद्य कथा की पृष्ठभूमि का निर्देश।

---

१. .....तत्रैको नायकः सुरः।
सद्वंशः क्षत्रियो वापि धीरोदात्तगुणान्वितः। साहित्य दर्पण ६ परि० ३१६।

(१०) वर्णन में विविधता—ग्राम नगर, प्रभात, सन्ध्या, प्रदोष, सूर्य, चन्द्र, अन्धकार आदि प्राकृतिक दृश्यों, संयोग-वियोग, विवाह वेष-भूषा, लोक जीवन की परिस्थितियाँ, सुख-दुख, युद्ध, वर्णन और सामाजिक व्यवस्था का सुन्दर सजीव चित्रण।

(११) ग्रन्थ में यथाप्रसंग लोकोक्तियों और सुन्दर सुभाषितों का प्रयोग।

(१२) काव्य में विविध अलंकारों का सन्निवेश, जैसे शब्दालंकारों में यमक, श्लेष और अनुप्रास। अर्थालंकारों में उपमा, व्यतिरेक, विरोधाभास और अनन्वय आदि का होना।

कतिपय महाकाव्यों के नाम—पउमचरिउ, महापुराण, हरिवंशपुराण और पाण्डवपुराण आदि।

खण्डकाव्य

'खण्डकाव्यं भवेत् काव्यस्यैकदेशानुसारि' इस लक्षण के अनुसार खण्डकाव्य में जीवन के किसी एक पहलू की झाँकी रहती है। खण्डकाव्यों में वर्णनीय विषय, कथानक, कवि की बहुज्ञता, पात्र, रस, युद्धवर्णन, भावाभिव्यंजना, प्रकृति-वर्णन, सामाजिक व्यवस्था और भाषा में सौन्दर्य लाने के लिये कवि स्थल-स्थल पर उपमा और श्लेषादि अलंकारों का प्रयोग करता है।

खण्डकाव्य की विशेषता

यहाँ मैं नागकुमार चरित के आधार से खण्ड-काव्य-गत कुछ विशेषताओं का उल्लेख कर देना आवश्यक समझता हूँ। उस काल में संगीत कला का शिक्षण राजकुमार और राजकुमारियों के लिये आवश्यक माना जाता था। राजकुमारियाँ इसी के आधार पर वर का चुनाव करती थीं। काश्मीर की राजकुमारी ने नागकुमार से उसी समय प्रणय-सम्बन्ध किया था जब उसने आलापिनी (वीणा) को बजाने में अपनी निपुणता का परिचय दिया था (नागकुमार चरित ५-७-११) नागकुमार ने स्वयं वीणा बजाई और उसकी तीन रानियों ने जिन मन्दिर में नृत्य किया था (नागकुमार चरित ५-११-१२) मेघपुर की राजकुमारी ने भी मृदंग बजाने की चतुराई दिखलाने पर ही विवाह किया था (८-७-७)

जब जयन्धर का पृथ्वी देवी के साथ विवाह-सम्बन्ध हुआ तब पुरनारियों ने नृत्य किया था (१-१८-२)। उस समय मनोरंजनों के साधनों में क्रीड़ोद्यान या जलक्रीडा प्रमुख थे। राजकुमार अपने अन्तःपुर के साथ इन स्थानों पर जाकर आमोद-प्रमोद किया करते थे। कवि के समय समाज में संभवतः द्यूतक्रीड़ा की प्रथा थी, इसके लिये वहाँ अनेक द्यूत-गृह बने हुए थे। धनोपार्जन के लिये भी लोग द्यूतक्रीडा का आश्रय लेते थे जैसा कि नागकुमार ने किया था।

जैन कवियों ने पुरातन कथानकों का काव्यों में चयन कर अपने रचना कौशल से प्रबन्ध-पटुता और सहृदयता आदि गुणों का समन्वय किया है। जिससे ये काव्य-ग्रन्थ पाठकों की सुषुप्त भावनाओं को प्रेरणा देने या उद्भावन करने में सहज ही समर्थ हो जाते हैं। जैन कवियों ने अपभ्रंश भाषा में अनेक खण्डकाव्य बनाये हैं। जसहरचरिउ, नागकुमारचरिउ, जंबूस्वामिचरिउ, सुदंसणचरिउ, सुकुमालचरिउ, करकंडुचरिउ, सुलोयणाचरिउ, णेमिणाहचरिउ, बाहुबलिचरिउ, सुकोशलचरिउ, धण्णकुमारचरिउ, मेहेसरचरिउ और पासणाहचरिउ आदि।

इन काव्यों के अतिरिक्त अनेक रूपक खण्ड-काव्य भी बनाये हैं, जैसे मयणजुज्झ, मयण-पराजय आदि। इसी तरह जैन कवियों ने हिन्दी भाषा में भी रूपक खण्डकाव्य लिखे हैं, जैसे भगवतीदास का चेतन चरित, पंचइन्द्रिय-संवाद आदि।

लौकिक हैं तथा लोकगीतों से निर्मित हुई हैं।

अपभ्रंश भाषा में कथा-साहित्य कब शुरू हुआ, यह निश्चित नही हैं किन्तु विक्रम की ८ वीं-९ वीं शताब्दी में रचे हुए अपभ्रंश कथा-साहित्य के उल्लेख जरूर उपलब्ध होते हैं, यद्यपि उस समय

अपभ्रंश काव्यों में रोमांचकता

कुछ विद्वानों ने अपभ्रंश काव्यों में रोमांचकता को रूढिपरक बतलाकर उनके औचित्य को निरर्थक सिद्ध किया है। डा० शम्भूनाथसिंह ने अपने 'हिन्दी महाकाव्यों का स्वरूप विकास' नाम के ग्रन्थ में रोमांचक शैली के महाकाव्यों के कुछ नाम गिनाये हैं और उन्होंने उन पर विचार करते हुए उनकी कुछ परम्परागत रूढियों को दिखाने का प्रयत्न किया है :

(१) भविसयत्तकहा—धनपाल।
(२) सुदंसणचरिउ—नयनन्दि सं० ११००।
(३) विलासवइकहा—साधारण कवि ११२३।
(४) करकंडुचरिउ—कनकामर।
(५) पज्जुण्णकहा—सिद्ध तथा सिंह।
(६) जिणदत्तचरिउ—कविलक्ष्मण वि० सं० १२७५।
(७) णायकुमारचरिउ—माणिक्कराज सं० १५७५।
(८) सिद्धचक्कमाहप्प (श्रीपाल कथा)—रइधू।

डा० साहब की मान्यता है कि—

(१) वस्तुतः ये कथाएँ लोक-कथाओं और लोक-गाथाओं के आधार पर लिखी गई हैं। जिनमें कवियों ने कुछ धार्मिक बातें जोड़कर कथात्मक काव्य या चरित काव्य बनाने का प्रयत्न किया है।

(२) इन काव्यों में युद्ध और प्रेम का वर्णन पौराणिक शैली के काव्यों की अपेक्षा अधिक है, और विकसनशील महाकाव्यों में रोमांचक तत्त्व अधिक होते हैं। जैनों ने धार्मिक आवरण में रोमाँचक काव्य लिखे हैं।

(४) इन काव्यों में अतिशयोक्ति पूर्ण बातें अधिक हैं। इनमें साहसपूर्ण कार्य, वीहड़ यात्राएँ, उजाड़नगर, भयंकर वन में अकेले जाना, मत्त गज से युद्ध, उग्र अश्व को वश में करना, यक्ष, गन्धर्व और विद्याधरादि से युद्ध, समुद्रयात्रा और जहाज टूटने आदि का वर्णन मिलता है। इससे कथा में रोमांचकता का गुण बढ़ जाता है और पाठक की जिज्ञासा की तृप्ति होती है। यह कथा-आख्यायिका का गुण है, जिसे इन काव्यों में अपना लिया गया है। इस विषय में मेरा विचार इस प्रकार है :—

डा० साहब की उक्त मान्यतानुसार इन जैन काव्यों को रोमांचक मान भी लिया जाय, तो भी इनसे रागवृद्धि और अनैतिकता को कोई सहारा नहीं मिलता; क्योंकि जैन कवियों का लक्ष्य 'विशुद्धि' रहा है। इन अपभ्रंश काव्यों में शृंगारादि सभी रसों का वर्णन है। किन्तु ग्रन्थकारों ने शृंगार को वैराग्य में और वीर रस को शान्तरस में परिवर्तित किया है, और नायक के विशुद्ध चरित को दर्शाने का उपक्रम किया है। अन्य रोमांचक काव्यों में जैसी रागवर्द्धक कथाओं, लोक-गीतों, यात्रा और वन-गमनादि की घटनाओं को अतिरंजित रूप में उल्लिखित किया गया है, साथ ही शृंगारादि रसों का वर्णन भी रागोत्पादक हुआ है, जो मानव जीवन के नैतिक स्तर को ऊँचा उठाने में सहायक सिद्ध नहीं होता, वैसा वर्णन इन जैन अपभ्रंश काव्यों में नहीं मिलता। अतः उन्हें अन्य रोमांचक काव्यों की कोटि में नहीं रक्खा जा सकता। यहाँ सुदंसणचरिउ की मौलिकता और विशेषता पर विचार करना अप्रासंगिक न होगा।

सुदंसणचरिउ

नयनन्दि के 'सुदंसणचरिउ' में सतर्कता खूब बरती गई है। उसमें 'भविसयत्त कहा' और 'जिनदत्त चरिउ' जैसी लौकिक तथा आश्चर्यजनक घटनाओं को स्थान नहीं दिया गया। ग्रंथ में एक व्यंतर का धाड़ी वाहन राजा से युद्ध करने और राजा को सुदर्शन की शरण में पहुंचाने का उल्लेख अवश्य है, जो सुदर्शन के शील और पुण्य का परिचायक है। इतने मात्र से उस पर वैसी रोमांचकता नहीं लादी जा सकती। वह खंड काव्य होकर भी महाकाव्य की कोटिका ग्रन्थ है। ग्रन्थ में णमोकार मंत्र के फल का वर्णन किया है। उसमें सेठ का एक मात्र ध्येय आत्म-विकास करना, और अभयारानी आदि की कुत्सित वृत्तियों से अपने को संरक्षित कर तथा ब्रह्मचर्यव्रत में निष्ठ रहकर पूर्ण स्वातंत्र्य प्राप्त करना रहा है।

सुदर्शन के स्वभाव में अपनी विशेषता है, वह धीर, उदात्त और प्रशान्त नायक है, वह अपनी प्रतिज्ञा पर अडोल रहता है, उसे संसार का कोई भी प्रलोभन पथभ्रष्ट करने में समर्थ नहीं हो सका। कंचन और कामिनी के राग से विरले ही अपने को अलग रख पाते हैं, बड़े-बड़े तपस्वी भी भ्रष्ट हो जाते हैं।

कवि ने इसका मौलिक विवेचन किया है। उससे उक्त काव्य की आत्मा चमक उठी है। इस कारण उसे भविसयत्तकहा के समान रोमांचक काव्य नहीं कहा जा सकता। सुदर्शन ने अपने चरित की विशुद्धता से मानवता के कलंक को धो दिया है। अतएव मैं ही इसे विशुद्ध काव्य नहीं कहता; नयनन्दि ने स्वयं भी उसे निर्दोष काव्य माना है जैसा कि उनके निम्न पद्य से स्पष्ट है :—

रामो सीय-विओय-सोय-विहुरं संपत्तु रामायणे।
जादं पंडव-धायरट्ठ सददं गोत्तं-कलीभारहे॥
डेडा कोलियचोररज्जुणिरदा आहासिदा सुद्दये।
णो एक्कं पि सुदंसणस्स चरिदे दोसं समुब्भासिदं॥

उन्होंने काव्य का आदर्श व्यक्त करते हुए लिखा है कि रामायण में राम और सीता के वियोग और शोक जन्य व्याकुलता के दर्शन होते हैं, और महाभारत में पांडवों और धार्तराष्ट्रों (कौरवों) के परस्पर कलह और मारकाट के दृश्य अंकित मिलते हैं तथा लोक-शास्त्र में भी कौलिक, चौर-व्याध आदि की कहानियाँ सुनने में आती हैं किन्तु इस सुदर्शनचरित में ऐसा एक भी दोष नहीं कहा गया है।

इस ग्रंथ की कथन शैली, वाक्य-विन्यास, सुन्दर सुभाषित और विविध छन्दों में वस्तु वर्णन, पाठक के हृदय को आकर्षित करते ही है।

डा० हरिवंश कोछड़ ने भी अपभ्रंश साहित्य में युद्ध प्रसंगादि की घटनाओं को अनावश्यक माना है।

इस सब कथन पर से यह स्पष्ट हो जाता है कि जैन अपभ्रंश काव्यों के सम्बन्ध में विभिन्न लेखकों द्वारा अब तक जो भी लिखा गया है वह सब एकांगी है। जैन विद्वानों का कर्तव्य है कि वे निष्पक्ष दृष्टि से इस पर विचार करें और रोमांचक काव्यों की परिभाषा का विश्लेषण कर उसके औचित्यअनौचित्य पर प्रकाश डालें और अपभ्रंश साहित्य की महत्ता को लोक में प्रतिष्ठित करें।

सन्धि-काव्य

एक ही सन्धि में विभक्त होने वाले काव्यों को एक सन्धि काव्य कहा जाता है। अपभ्रंश के खण्ड सन्धि काव्यों की परम्परा केवल श्वेताम्बर सम्प्रदाय में पाई जाती है। किन्तु ये सब परवर्ती काल की रचनायें हैं। इनमें भी जीवन चरित की परम्परा उपलब्ध होती है। उपलब्ध सन्धिकाव्य सं० १२८७ से १४५० तक के रचे हुए हैं; संभव है इसके बाद भी कुछ रचे गए हों, पर वे अपभ्रंश भाषा के न होकर हिन्दी या राजस्थानी भाषा में ही लिखे गए जान पड़ते हैं। ये सन्धिकाव्य पाटन आदि के जैन शास्त्रभण्डारों से उपलब्ध हुए हैं। उदाहरणार्थ जिनप्रभसूरि ने अनाथ सन्धि सं० १२९७ में, जीवानुसंधी ३१८ पद्यों में और मयण-रेहा-सन्धि १२९७ में बनाई है। वरदत्त ने वज्रस्वामिसन्धि, रत्नप्रभ ने अन्तरंगसन्धि, तथा सं० १२९८ में जिनप्रभ सूरि के शिष्य ने नर्मदासुंदरीसंधि की रचना की है।[1]

अपभ्रंश के सन्धि-काव्यों के सम्बन्ध में विशेष जानने के लिए राजस्थानी पत्रिका में प्रकाशित श्री अगरचन्द नाहटा का 'अपभ्रंश भाषा के सन्धि-काव्य और उनकी परम्परा' नाम का लेख पढ़े।

कथा साहित्य

भारतीय वाङ्मय में कथा, पुराण और चरित ग्रन्थों का उल्लेखनीय बाहुल्य है। प्रायः सभी सम्प्रदायों के विद्वानों ने विविध भाषाओं में पुराणों, चरितों और काव्य, चम्पू आदि विविध ग्रंथों का निर्माण किया है। जहां जैनेतर विद्वानों ने अपभ्रंश को गौण कर संस्कृत आदि अन्य भाषाओं में कथा-साहित्य की सृष्टि की हैं, वहां जैन विद्वानों ने प्राकृत और संस्कृत के साथ अपभ्रंश भाषा में भी कथा, चरित और पुराण ग्रन्थ निबद्ध किये हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत की विविध प्रान्तीय भाषाओं में—मराठी, गुजराती, राजस्थानी और हिन्दी आदि में भी पुष्कल कथा-साहित्य रचा है।

कथायें कई प्रकार की होती हैं; परन्तु उनके दो भेद मुख्य हैं—लौकिक और धार्मिक (आध्यात्मिक)। इन दोनों में सभी कथाओं का समावेश हो जाता है, धार्मिक कथाओं में तो आध्यात्मिकता की पुट रहती है और लौकिक कथाओं में पशु-पक्षियों, राजनीति, लोकनीति, हाव-भाव, शृंगार आदि रागोत्पादक और लौकिक मनोरंजक आख्यानों का सम्मिश्रण रहता है। इनमें आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत धार्मिक कथाओं का घनिष्ठ सम्बन्ध आन्तरिक जीवन-घटनाओं के साथ रहता है, इनमें व्रतों का सदनुष्ठान करने वाले भव्य श्रावकों की धार्मिक मर्यादा के साथ नैतिक जीवनचर्या का भी अच्छा चित्रण पाया जाता है; साथ ही उनके भारी संकट उपस्थित होने पर धीरता से विजय प्राप्त करने, अपने पुरुषार्थ को सुदृढ़ रूप में कायम रखने तथा धार्मिक श्रद्धा में अडोल (निश्चल) रहने का स्पष्ट निर्देश पाया जाता है। कितनी ही कथाओं में जीवनोपयोगी आवश्यक तत्त्व का संकलन यथेष्ट रूप में पाया जाता है, जो प्रत्येक व्यक्ति को जीवन सफल बनाने के लिए आवश्यक होता है। असल में सत्-पुरुषों का उच्चतर जीवन दूसरों के लिए आदर्शरूप होता है, उस पर चलने से जीवन में विकास और नैतिक चरित्र में वृद्धि होती है, एवं स्वयं का जीवन आदर्श बनता है। इससे पाठक सहज ही में कथाओं की उपयोगिता और महत्ता का अनुभव कर सकते हैं।

---

१. देखो, पाटन भंडार सूची, जो गायकवाड ओरियन्टल सीरीज बड़ौदा से प्रकाशित हुई है।

प्राकृत भाषा में अनेक कथाग्रन्थ लिखे गये हैं। उनमें वसुदेवहिण्डी गद्य और कुवलयमालाकथा तो गद्य-पद्य रूप में प्रसिद्ध ही हैं। कुवलयमाला में कहीं-कहीं अपभ्रंशभाषा के गद्यके भी दर्शन होते हैं पर बहुत ही कम। हाँ अपभ्रंशभाषा का पद्यात्मक कथासाहित्य प्रचुरता से उपलब्ध होता है; परन्तु कोई गद्यात्मक स्वतन्त्र ग्रंथ उपलब्ध नहीं हुआ।

कथाग्रन्थों के निर्माण का उद्देश्य

जैनाचार्यों अथवा जैन विद्वानों द्वारा कथा ग्रंथों के बनाए जाने का उद्देश्य केवल यह प्रतीत होता है कि जनता असंयम से बचे और व्रतादि के अनुष्ठान द्वारा शरीर और आत्मा की शुद्धि की ओर अग्रसर हो। कथाओं में दुर्व्यसनों और अन्याय, अत्याचारों के बुरे परिणामों को दिखाने का अभिप्राय केवल उनसे अपनी रक्षा करना, और जीवन को उच्च बनाना है। व्रताचरण-जन्य पुण्य-फल को दिखाने का प्रयोजन यह है कि जनता अपना जीवन अधिक से अधिक संयत और पवित्र बनावे। त्रसघात, प्रमादकारक, अनिष्ट, अनुपसेव्य, तथा अल्पफल बहु-विघातरूप अभक्ष्य वस्तुओं के व्यवहार से अपने को निरन्तर दूर रखे। ऐसा करने से ही मानव अपने जीवन को सफल बना सकता है। जैन विद्वानों का यह दृष्टिकोण कितना उच्च और लोकोपयोगी है।

अपभ्रंश के जैन कथा ग्रन्थों में अनेक कवियों ने व्रतों का अनुष्ठान अथवा आचरण करने वाले भव्य श्रावकों के जीवन-परिचय के साथ व्रत का स्वरूप, विधान और फल-प्राप्ति का रोचक वर्णन किया है, साथ ही व्रत का पूरा अनुष्ठान करने के पश्चात् व्रत के उद्यापन करने की विधि, तथा उद्यापन की सामर्थ्य न होने पर दुगुना व्रत करने की आवश्यकता और उसके महत्त्व पर भी प्रकाश डाला है। उद्यापन करते समय उस भव्य-श्रावक की कर्तव्यनिष्ठा, धार्मिक श्रद्धा, साधर्मि-वत्सलता, निर्दोष व्रताचरण की क्षमता और उदारता का अच्छा चित्रण किया गया है और उससे जैनियों की उन समयों में होने वाली प्रवृत्तियों, लोकसेवाओं, आहार, औषध, ज्ञान और अभय रूप चार दानों की प्रवृत्ति, तपस्वी-संयमी जनों की वैयावृत्त्य तथा दीन दुखियों की समय समय पर की जाने वाली सहायता का उल्लेख पाया जाता है। इस तरह यह कथा-साहित्य और पौराणिक चरितग्रन्थ ऐतिहासिक व्यक्तियों के पुरातन आख्यानों, व्रताचरणों अथवा ऊँच-नीच व्यवहारों की एक कसौटी है। यद्यपि उनमें वस्तुस्थिति को आलंकारिक रूप से बहुत कुछ बढ़ा चढ़ाकर भी लिखा गया है; तो भी उनमें केवल कवि की कल्पना ही नहीं; कितनी ही ऐतिहासिक आख्यायिकायें (सच्ची घटनायें) भी मौजूद हैं जो समय समय पर वास्तविक रूप से घटित हुई हैं। अतः उनके ऐतिहासिक तथ्यों को यों ही नहीं भुलाया जा सकता। जो ऐतिहासिक विद्वान इन कथाग्रन्थों और पुराणों को कोरी गप्प या असत्य कल्पनाओं का गढ़ कहते हैं वे वस्तुस्थिति का मूल्य आँकने में असमर्थ रहते हैं। अतः उनकी यह मान्यता समुचित नहीं कही जा सकती।

प्राकृत भाषा में अनेक कथाग्रन्थ लिखे गये हैं। वसुदेव हिण्डी प्राकृत गद्य कथा-ग्रन्थ हैं। कुवलयमाला गद्य-पद्य कथा-ग्रन्थ हैं। समराइच्चकहा हरिभद्र की सुन्दर कृति है। कथारयणकोष में अनेक कथाएँ दी हुई हैं। इस तरह प्राकृत का कथा-साहित्य भी विपुल सामग्री को लिए हुए है, जिनमें अनेक कथाएँ लौकिक हैं तथा लोकगीतों से निर्मित हुई हैं।

अपभ्रंश भाषा में कथा-साहित्य कब शुरू हुआ, यह निश्चित नही हैं किन्तु विक्रम की ८ वीं-९ वीं शताब्दी में रचे हुए अपभ्रंश कथा-साहित्य के उल्लेख जरूर उपलब्ध होते हैं, यद्यपि उस समय

का रचा हुआ कथा-साहित्य अभी उपलब्ध नहीं हुआ। महाकवि चउमुह (चतुर्मुख) और स्वयंभू की रची हुई पंचमी-कथाएँ थीं अवश्य और अन्य कथाग्रन्थ भी रचे गए होंगे। परन्तु वे अप्राप्य हो रहे हैं। अपभ्रंश में दो तरह की कथाएँ उपलब्ध होती हैं—बड़ी और छोटी; पर वे सब पद्य में हैं, गद्य में कोई कथा मेरे देखने में नहीं आई। वे उसमें न रची गई हों, ऐसा तो ज्ञात नहीं होता किन्तु वे रचनाएँ विरल होने से संभवतः विनष्ट हो गई हैं।

प्रस्तुत प्रशस्तिसंग्रह में ४० के लगभग अपभ्रंश कथाग्रन्थों की प्रशस्तियां दी गई हैं। उनमें कई कथा-ग्रन्थों के कर्ता अभी अज्ञात हैं। शास्त्रभण्डारों में अन्वेषण करने पर इस तरह की अन्य कवियों द्वारा रचित कथाएँ और भी मिलेंगी, ऐसी संभावना है। क्योंकि अभीतक समस्त जैन ग्रन्थालय देखे नहीं गए हैं। उनके देखे जाने पर अपभ्रंश के कथा-साहित्य पर विशेष प्रकाश पड़ सकेगा। अपभ्रंश की अनेक कथाओं के आधार पर संस्कृत में और हिन्दी में रचा हुआ विपुल कथा-साहित्य उपलब्ध होता है।

दोहा साहित्य या मुक्तककाव्य

जैसे संस्कृत साहित्य में ही 'अनुष्टुप् छंद' प्रसिद्ध रहा है वैसे ही अपभ्रंश में दोहा छंद है। इस छंद को अपभ्रंश की देन कहा जा सकता है। दोहा छंद का लक्षण प्राकृत पिङ्गल में इस प्रकार है—

तेरह मत्ता पढम पअ पुणु एयारह देह।
पुणु तेरह एआरहइं दोहा-लक्खणु एह ॥७८॥

जिसके प्रथम चरण में तेरह मात्रा, फिर दूसरे चरण में ग्यारह मात्रा, अनन्तर ३-४ चरणों में क्रमशः तेरह मात्रा और ग्यारह मात्रा हों वह दोहा छंद कहलाता है।

जब इसी छंद को लय में गाया जाता है, तब चरणों की अंतिम मात्रा पर जोर दिया जाता है, इस अपेक्षा से हेमचन्द्राचार्य ने दोहे में चौदह और बारह मात्राओं का भी उल्लेख किया है सो ठीक है। दोहे को दोधक—दोहक भी कहते हैं। क्वचित् दोहे का नाम 'दुविहा' भी पाया जाता है। 'दुविहा' का संस्कृत रूपांतर 'द्विधा है[1]। दोहा छंद की प्रत्येक पंक्ति दो भागों में (१३-११ मात्रा रूप में) विभक्त होने से यह छंद मात्रिक अर्धसम जाति का है और इसके लिए 'दुविहा' यह रूढ़ अन्वर्थ संज्ञा है। दोहा छंद सरल होने के साथ-साथ व्याकरण के नियमों से भी कम बंधा है, यही कारण है कि दोहा-साहित्य का अपभ्रंश में बाहुल्य है। हेमचंद्र आदि लक्षण-शास्त्रियों ने जो अपने व्याकरण ग्रंथों में अपभ्रंश के उदाहरणों के लिए प्रायः दोहा उद्धृत किये हैं यह भी बाहुल्य का परिचायक है। आगे चलकर इस दोहा छंद को उत्तर भारत की प्रायः सभी भाषाओं में अपनाया गया है। दोहा छंद के माध्यम से गुजराती, व्रज, राजस्थानी भाषाओं में ढाल—रासो आदि की रचना खूब हुई और होती रहती है। राजस्थानी में लौकिक गीत, ख्यालों के बोल, नोटंकी चोबोलों के बोल, कहावतें और चारणों का साहित्य प्रायः इसी भाषा छंद में कुछ मात्राएँ जोड़कर प्रचुर मात्रा में पाया जाता और सुना जाता है इससे यह छंद सर्वाधिक लोकप्रिय और सरल रहा है। मुक्तक काव्यों के अतिरिक्त अपभ्रंश के सुलोचनाचरिउ, बाहुबलिचरिउ, संदेशरासक, कीर्तिलता आदि खंडकाव्यों में यशःकीर्ति भट्टारक के पाण्डवपुराण और अन्यान्य प्रबन्ध काव्यों में भी दोहा छंद का प्रयोग प्रचुरता से उपलब्ध है। हिन्दी भाषा

---

[1] देखो विरहांक का वृत्त जाति समुच्चय 'दो पाया भण्णइ दुविहउ'।
—H. D. वेलणकर ने 'विरहांक' का समय ईसा की ९ वीं शताब्दी बतलाया है।

के प्रसिद्ध कविगण तुलसी, कबीर, रहीम, बनारसीदास, भूधरदास, भगवतीदास, बुधजन, वृन्द, महाचन्द्र, बिहारी आदि ने दोहा छंद में अनेक भावपूर्ण रचनाएँ और सुभाषित प्रस्तुत किए हैं।

हमें कालिदास के विक्रमोर्वशीय नाटक में, जिसका काल विक्रम की ५ वीं शताब्दी कहा जाता है अपभ्रंश भाषा के अनेक दोहे उपलब्ध मिलते हैं जिनसे स्पष्ट है कि दोहा साहित्य उस समय रचा जाने लगा था[1] बौद्ध सिद्ध सरहप्पा और कण्हपा आदि के दोहाकोश में जिसका रचना काल ईसा की १० वीं शती से पूर्व है अनेक दोहे गम्भीर अर्थ के प्रतिपादक हैं। दोहाकोश के दोहों की रचना कितनी उत्तम हुई है यह देखिए—

जाव ण आप जाणिज्जइ ताव ण सिस्स करेइ।
अंधा अंधकडाव तिम विण्णि वि कूव पडेइ॥

—इसमें बतलाया है कि 'जब तक आप अपने को नहीं जानते तबतक शिष्य मत बनाइये', यदि अंधा दूसरे अंधे को निकालने का प्रयत्न करे तो दोनों ही कुंये में पड़ेंगे।

जहि मण पवण ण संचरइ रवि ससि णाहि पवेस।
तहिं वढ़, चित्त विसामकरु सरहें कहिउ उवएस॥४॥

सरह उपदेश करते हैं कि—'जहाँ पर मन और पवन भी संचार नहीं करते, रवि और शशि का भी प्रवेश नहीं है, हे मूढ़ चित्त, तू वहीं पर विश्राम कर।

दोहों में दो प्रकार की रचनाएँ उपलब्ध होती हैं—एक भावात्मक शृंगार, वीर और करुण आदि रसों से आप्लावित मुक्तक पद्य और दूसरा संतों की आध्यात्मिक वाणी रूप मुक्तक पद्य। प्रथम प्रकार के दोहा हेमचन्द्र के व्याकरण आदि में उपलब्ध हैं, शृंगार विरह आदि के दोहा जहाँ रागोत्पादक हैं वहाँ नैतिक पतन में भी निमित्त हैं। यहाँ यह जानना जरूरी है कि जैनेतर कवियों का लक्ष्य जहाँ रागोत्पादक रहा है, वहाँ जैन कवियों का उद्देश्य नैतिकता को प्रोत्साहन देने के साथ मानव जीवन को उन्नत बनाने का रहा है अतः दूसरे प्रकार के दोहा मुक्तक काव्यों के रूप में जोइन्दु के परमात्मप्रकाश और योगसार ग्रंथ, रामसिंह का दोहापाहड़, सुप्रभाचार्य का वैराग्यसार, लक्ष्मीचंद्र का दोहानुप्रेक्षा और सावयधम्मदोहा, जल्हिग, धांगा, महाचन्द्र, शालिभद्र का दूहामातृका, पद्मसिंह मुनि की ७१ दोहात्मक रचनाएँ अध्यात्मरस से परिपूर्ण हैं।

'जोइन्दु' ने परमात्म-प्रकाश ग्रंथ के दोहों में अत्यन्त सरस अध्यात्म रस की पावन सरिता के प्रवाह को प्रवाहित किया है, इसी तरह रामसिंह ने दोहापाहुड में और लक्ष्मीचन्द्र आदि आध्यात्मिक जैन सन्तों ने अध्यात्म रस की धारा को वहाया है।

रूपक-काव्य

कुमारपाल-प्रतिबोध

अपभ्रंश भाषा में भी संस्कृत भाषा के समान रूपक-काव्यों की परम्परा पाई जाती है। परन्तु अपभ्रंश भाषा में तेरहवीं शताब्दी से पूर्व की कोई रचना मेरे देखने में नहीं आई। सोमप्रभाचार्य का

---

१. मइँ जाणियइँ मिअलोअणी णिसिअरु कोइ हरेइ।
जाव णु णव तडि सामलो धाराहरु वरिसेइ॥
('जब तक नई बिजली से युक्त श्यामल मेघ बरसने लगा, तब तक मैंने यही समझा था कि मेरी मृगलोचनी प्रिया को शायद कोई निशाचर हरण किये जा रहा है।")

'कुमारपाल-प्रतिबोध' प्राकृत-प्रधान रचना है और जिसका रचनाकाल संवत् १२४१ है। परन्तु उसमें कुछ अंश अपभ्रंश भाषा के भी उपलब्ध होते हैं। उसका एक अंश 'जीव मनःकरण संलाप कथा' नाम का भी है। जो उक्त ग्रंथ में पृ० ४२२ से ४३७ तक पाया जाता है। यह एक धार्मिक कथा-बद्ध रूपक खण्ड-काव्य है। इसमें जीव, मन और इन्द्रियों के संलाप की कथा दी गई है। इतना ही नहीं इसमें एक रूपक के अन्तर्गत दूसरे रूपक को भी जोड़ दिया गया है। ऐसा होने पर भी उक्त अंश की रोचकता में कोई अन्तर नहीं पड़ा। इस रूपक-काव्य में मन और इन्द्रियों के वार्तालाप में जगह-जगह कुछ सुभाषित भी दिए हुए है, जिनसे उक्त काव्य-ग्रंथ की सरसता और भी अधिक बढ़ गई है।

जं पुणु तुहु जंपेसि जड़ तं असरिसु पडिहाइ।
मण निल्लक्खण किं सहइ, नेवरु उट्टह पाइ॥

अर्थात् हे मूर्ख ! तुम तो कहते हो कि वह तुम्हारे योग्य नहीं प्रतीत होता, हे निर्लक्षण मन। क्या ऊँट के पैर में नूपूर शोभा देते हैं।

काया नगरी में लावण्य रूप लक्ष्मी का निवास है। उस नगरी के चारों ओर आयुकर्म का भारी प्राकार है, उसमें सुख-दुःख क्षुधा-तृषा हर्ष-शोकादि रूप अनेक प्रकार की नदियाँ एवं मार्ग हैं। उस काया नगरी में जीवात्मा नामक राजा अपनी बुद्धि नाम की पत्नी के साथ राज्य करता है। उसका प्रधान मंत्री मन है और स्पर्शनादि पाँचों इंन्द्रियां प्रधान राजपुरुष हैं। एक दिन सभा में परस्पर उनमें विवाद उत्पन्न हो गया, तब मन ने जीवों के दुःखों का मूल कारण अज्ञान को बतलाया; किन्तु राजा ने उसी मन को दुःखों का मूल कारण बतलाते हुए उसकी तीव्र भर्त्सना की। विवाद बढ़ता ही चला गया। उन पांचों प्रधान राज पुरुषों की निरंकुशता और अहं मन्यता की भी आलोचना हुई। प्रधान मंत्री मन ने इन्द्रियों को दोषी बतलाते हुए कहा कि जब एक-एक इन्द्रिय की निरंकुशता से व्यक्ति का विनाश हो जाता हैं तब जिसकी पाँचों ही इन्द्रियाँ निरंकुश हों, फिर उसकी क्षेम-कुशल कैसे हो सकती है[1]। जिन्हें जन्म कुलादि का विचार किये बिना ही भृत्य वना लिया जाता है तो वे दुःख ही देते हैं। उनके कुलादि का विचार होने पर इन्द्रियों ने कहा—हे प्रभु ! चित्त-वृत्ति नामकी अटवी में महामोह नामका एक राजा है, उसकी महामूढ़ा नामक पत्नी के दो पुत्र है, उनमें एक का नाम रागकेशरी है, जो राजस-चित्त-पुर का स्वामी है और दूसरा द्वेष-गजेंद्र नामका है, जो तामस-चित्तपुर का अधिपति है, उसका मिथ्या-दर्शन नामका प्रधान मंत्री है, क्रोध लोभ, मत्सर, काम मद आदि उसके सुभट हैं। एक बार उसके प्रधान मंत्री मिथ्यादर्शन ने आकर कहा कि हे राजन् ! बड़ा आश्चर्य है कि आपके प्रजाजनों को चारित्र-धर्म नामक राजा का सन्तोष नामक चर, विवेकगिरि पर स्थित जैनपुर में ले जाता है। तब मोह राजा ने सहा-यता के लिए इन्द्रियों को नियुक्त किया। इस तरह कवि ने एक रूपक के अन्तर्गत दूसरे रूपक का कथन जोड़ते हुए उसे और भी अधिक सरस बनाने की चेष्टा की है।

इस प्रकार मन द्वारा इन्द्रियों को दोषी बतलाने पर इन्द्रियों ने भी अपने दोष का परिहार करते हुए मन को दोषी बतलाया और कहा कि जीव में जो राग द्वेष प्रकट होते हैं वह सब मोह का ही माहात्म्य

---

१. इय विषय पल्लकओ, इहु एक्केक्कुइंदिउ जगइइ जगु सयलु।
जसु पंचवि एयइं कयबहुखेयइं, खिल्लहि पहु तसु कउ कुसलु॥ २६॥

है। क्योंकि मन के निरोध करने पर हमारा (इन्द्रियों का) व्यापार रुक जाता है[1]। इस तरह ग्रंथ में क्रम से कभी इन्द्रियों को, कभी कर्मों को और कभी कामवासना को दुःख का कारण बतलाया गया है। जब वाद-विवाद बढ़ कर अपनी चरम सीमा पर पहुंच गया, तब आत्मा अपनी स्वानुभूति से उन्हें शान्त रहने का आदेश देता है अन्त में मानव जीवन की दुर्लभता का प्रतिपादन करते हुए तथा जीव दया और व्रतों के अनुष्ठान का उपदेश देते हुए कथानक समाप्त किया गया है।

मयणपराजय

'मयण-पराजय' अपभ्रंश भाषा का एक छोटा सा रूपक काव्य है, जो दो संधियों में समाप्त हुआ है। इसके कर्त्ता कवि हरदेव हैं। हरदेव ने अपने को चंगदेव का तृतीय पुत्र, और अपने दो ज्येष्ठ भाइयों के नाम किंकर और कण्ह (कृष्ण) बतलाये हैं। इसके अतिरिक्त ग्रन्थ में कवि ने अपना कोई परिचय नहीं दिया है। ग्रन्थ में पद्धडिया छन्द के अतिरिक्त रड्ढा छन्द का भी प्रयोग किया गया है, जो इस ग्रन्थ की अपनी विशेषता है। इसमें कामदेव राजा, अपने मोह मंत्री, अहंकार और अज्ञान आदि सेनापतियों के साथ भवनगर में राज्य करता है। चारित्रपुर के राजा जिनराज उसके शत्रु हैं; क्योंकि वे मुक्ति रूपी कन्या से अपना पाणिग्रहण करना चाहते हैं। कामदेव ने राग-द्वेष नामके दूतों द्वारा जिनराज के पास यह सन्देशा भेजा कि आप या तो मुक्ति कन्या से विवाह करने का अपना विचार छोड़ दें और अपने दर्शन-ज्ञान चारित्र रूप सुभटों को मुझे सोंप दें, अन्यथा युद्ध के लिए तैयार हो जाय। जिनराज ने कामदेव से युद्ध करना स्वीकार किया और अन्त में कामदेव को पराजित कर अपना मनोरथ पूर्ण किया। ग्रंथ की दूसरी सन्धि का ७ वां कडवक द्रष्टव्य है जिसमें कामदेव से युद्ध करने वाले सुभटों के वचन अंकित हैं।

वज्जघाउ को सिरिण पडिच्छइ, असिधारापहेण को गच्छइ।
को जमकरणु जंतु आसंघइ, को भुवदंडइं सायरु लंघइ।
को जममहिससिंग उप्पाडइ, विप्फुरंतु को दिणमणि तोडइ।
को पंचाणणु सुत्तउ खबलइ, कालकुट्टु को कवलहिं कवलइ।
आसीविसमुहि को करु छोहइ, धगधगंत को हुववहि सोवइ।
लोहपिंडु को तत्तु धवक्कइ, को जिणसंमुहु संगरि थक्कुइ।
णिय घरमज्झि करहि बहुधिट्ठिम, महिलहं अग्गइ तोरी वड्ढिम।

ग्रन्थ में रचनाकाल नहीं दिया, किन्तु आमेर भंडार की यह प्रति वि० सं० १५७६ की लिखी हुई है, जिससे स्पष्ट है कि यह ग्रंथ उससे पूर्व की रचना है, कितने पूर्व की यह अभी विचारणीय है। पर भाषा साहित्यादि की दृष्टि से प्रस्तुत रचना १४ वीं-१५ वीं शताब्दी की जान पड़ती हैं।

तीसरी कृति 'मनकरहा रास' है, जिसके कर्त्ता कवि पाहल हैं। रचना सुन्दर और शिक्षाप्रद है, इसमें ८ कडवक दिये हुए हैं, जिन में पांचों इन्द्रियों की निरंकुशता से होने वाले दुर्गति के दुःखों का उद्भावन करते हुए मन और इन्द्रियों को वश में करने और तपश्चरण-द्वारा कर्मों की क्षपणा करने का सुन्दर उपदेश दिया गया है। ग्रन्थ में रचनाकाल दिया हुआ नहीं है। यह रचना भी सं० १५७६ के गुटके परसे संगृ-

१. जं तसु फुरेइ रागो दोसो वा तं मणस्स माहप्पं।
विरमइ मणम्मि रुद्धे जम्हा अम्हाण वावारो ॥४७॥

हीत की गई है जिससे स्पष्ट है कि ग्रंथ इससे पूर्व रचा गया होगा[1]। इसकी भाषा देखने से प्रतीत होता है कि इसका निर्माण वि० की १४-१५ वीं शताब्दी में हुआ होगा।

चौथी कृति 'मदन-जुद्ध' है। जिसके कर्त्ता कवि बूचिराज या 'बल्ह' हैं। ग्रन्थ में इक्ष्वाकुकुल-मंडन नाभिपुत्र ऋषभदेव के गुणों का कीर्तन करते हुए, उन्होंने कामदेव को कैसे जीता, इसका विस्तार से कथन किया गया है। ग्रन्थ में उसका रचनाकाल वि० सं० १५८६ आश्विन शुक्ला एकम शनिवार दिया हुआ है[2]।

संस्कृत और अपभ्रंश के रूपक-काव्यों के समान हिन्दी भाषा में भी अनेक रूपक-काव्य लिखे गये हैं। जिनमें से एक का परिचय अनेकान्त में दिया गया है[3] और शेष का परिचय अभी अप्रकाशित है। जैसे पंचेन्द्रिय सम्वाद' सूवा बत्तीसी आदि।

रासा साहित्य

रासक स्वर-ताल नृत्य और लय के साथ गाई जाने वाली एक कला है। रास वह है जिसमें संगीत की रसानुभूति हो, अथवा जिसकी मधुर सुरीली तान और गंभीर नृत्य कला दर्शक के मन को आनन्द—विभोर कर दें। इस कला में गान और नृत्यकला को ओर विशेष ध्यान दिया जाता था। प्राचीन काल में स्त्रियां लास्यनृत्य' करती थीं, पर उसमें देश-भेद के कारण विविधता दृष्टिगोचर होती थी। उससे जनता का मनोरंजन और उसके प्रति आकर्षण भी होता था। यह संगीत कला का ही एक भेद ज्ञात होता है।

रास-परम्परा का पुरातन उल्लेख भरत के नाट्य शास्त्र में पाया जाता है। अतः इसे केवल अपभ्रंश युग की देन कहना उचित नहीं है जब अपभ्रंश में साहित्यिक रचनाएं नहीं होती थीं तब भी नृत्य और गान के रूप में रास प्रचलित थे। भरत ने नाट्यशास्त्र में रासक को एक उपरूपक माना है और उसके तालरासक, दण्डरासक और मण्डलरासक ये तीन भेद बतलाये हैं[4]।

आचार्य हेमचन्द्र ने भी काव्यानुशासन में रासक को गेय काव्य माना है[5]। हेमचन्द्र ने 'अनेकार्थ-संग्रहकोष में रास का अर्थ—'क्रीडासु गोदुहाम् भाषा शृङ्खलि के' दिया है। जिसका अर्थ 'ग्वालों की क्रीड़ा' तथा भाषा में शृङ्खलाबद्ध रचना होता है।

---

१. देखो, हिन्दी जैन साहित्य का इतिहास, अप्रकाशित रचना।

२. राइ विक्रम तणों संवत् नव्वासीय पनरहसइ सरद रुति आसु बखाणु।
तिथि पडिवा सुकल पख, सनीचरवार करणक्खत्त जाणु॥ मदनजुज्झ प्रशस्ति

३. हिन्दी जैन साहित्य का इतिहास (अप्रकाशित) और रूपक-काव्य-परम्परा अनेकान्त वर्ष १४

४. (क) 'तालरासकनाम स्यात् तत् त्रिधा रासकं स्मृतम्।
.....दंडरासकं तु तथा मंडलरासकम्॥

(ख) अभिनवगुप्त ने 'अभिनव भारती' में रासक को गेयरूपक का एक भेदमाना है। गेयरूपक में ताल और लयका विशेष स्थान होता है और इसमें अधिक से अधिक ६४ युगल भाग ले सकते हैं।

अनेकनर्तकी योज्यं चित्रतालल्यान्चितम्।
आचतुः षष्टि युगलाद्रासकं मसृणोद्धतम्॥

५. (क) गेयंडोम्बिकाभाणप्रस्थानशिङ्गभाणिकाप्रेरणरामाक्रीडहल्लीसकरासकगोष्ठीश्रीगदितरागकाव्यादि।
काव्यानुशा० ८-४- प० ३२७

हेमचन्द्र के शिष्य रामचन्द्र ने नाट्यदर्पण में रासक का लक्षण हेमचन्द्र के लक्षणसे भिन्न रूप में प्रस्तुत किया है किन्तु उसके नृत्यगीत वाले पहलू को पूर्ण से रूप माना है[1]।

वाग्भट्ट ने भी हेमचन्द्र का अनुसरण करते हुए उसे गेय रूप में स्वीकार किया है[2]। हां विश्वनाथ ने अपने साहित्यदर्पण में रासक के लक्षण पर विचार करते हुए पात्र, वृत्ति आदि की पूर्ण रूप में व्याख्या करने का प्रयत्न किया[3] है।

महाकवि स्वयंभू ने अपने छन्द ग्रन्थ में 'रास' का लक्षण बतलाते हुए उसे जन-मन अभिराम बतलाया है,। घत्ता, छड्डुणिया, पद्धडिया तथा ऐसे ही अन्य सुन्दर छन्दों से युक्त रासा-बन्ध काव्य जन-मनअभिराम होता है[4]। इसके बाद ही कवि ने २१ मात्रावाले रासा छन्द का लक्षण भी दिया है। स्वयंभू के इस छन्दलक्षण से यह स्पष्ट हो जाता है कि उस काल में रासाबन्ध छन्द प्रचलित था। उस रासक या रासा छन्द के लक्षण पर विचार करने से अब्दुलरहमान का 'सन्देश रासक, अपभ्रंश भाषा का सुन्दर काव्य-ग्रन्थ कहा जा सकता है[5]। अन्य अनेक रास यद्यपि इस कोटि के नहीं हैं परन्तु वे जीवन परिचयात्मक रास भी अपनी महत्ता कम नहीं रखते।

कवि शारङ्गधर के द्वारा संगीत में दी हुई रास-सम्बन्धी कथा भी इस के मूलरूप पर बहुत कुछ प्रकाश डालती है। इस कथा में बतलाया गया है कि शिव नेताण्डव नृत्य किया और पार्वती ने लास्यं नृत्य। पार्वती ने उसे बाणासुर की पुत्री उषा को सिखलाया, जो कृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध को विवाही गई थी। उषा ने द्वारावती की गोपियों को और गोपियों ने सौराष्ट्र देश की नव-युवतियों को सिखलाया, और वहां से वह समस्त भूमंडल में विस्तृत हुआ।

व्रज की रासलौला तो लोकप्रसिद्ध है ही। यह प्राचीन परम्परा अपभ्रंश भाषा के विकास काल में उच्च स्तर पर थी। विक्रम की १० वीं से १३ वीं शताब्दी तक इसमें अनेक रास रचे गये हैं और बाद में राजस्थानी हिन्दी और गुजराती मिश्रित अनेक रास रचनाएं देखने में आती हैं। विक्रम की १५ वी शताब्दी में भ० सकल कीर्ति के लघुभ्राता एवं शिष्य अकेले ब्रह्म जिनदास के रचे हुए ४४ रासे मिलते हैं।

---

१. षोडश द्वादशाष्टौ वा यस्मिन् त्यन्ति नायिकाः।
पिंडीबन्धादि विन्यासे रासकं तदुदाहृतम्॥
पिंडनात् तु भवेत् पिंडी गुम्फनाच्छृंखला भवेत्।
भेदनाद् भेद्यको जातो लता जालापनोदतः॥
कामिनीभिर्गुर्वो भर्तुश्चेष्टितं यन्तनृत्यते।
रामाइ वसन्तमासाद्य स शेषो नाट्यरासकः॥
नाट्य दर्पण ओरियण्टल इन्स्ट्रीट्यूट बड़ौदा १९२९ भा० पृ० २१४

२. डोम्बिकाभाणप्रस्थानभाणिकाप्रेरणशिङ्गंकरामाक्रीडहल्लीसकश्रीगदितरासक गोष्ठी प्रभृतीनि गेयानि। काव्यानुशासन २, पृ० १८

३. साहित्यदर्पण पृ० १०४-१०५।

४. घत्ता-छड्डुणिआहिं पद्धडिआहिं सुअण्णरूएहिं।
रासाबंधो कव्वे जण-मण-अहिरामओ होइ॥ ८-४९

५. एकवीसमत्ता णिहणउ उद्दामगिरु,
चउदसाइ विस्सामहो भगण वि रइउ थिरु
रासाबंधु समिद्धु एउ अहिराम अरू॥ ८-५०

रास परम्परा का उद्देश्य

किसी व्यक्ति विशेष, या देवी देवता की आराधना, और साधु या किसी सेठ की जीवन-गाथा को अंकित करने में, अथवा किसी विरहिणी नारी के सन्देश को उसके विरही पति तक पहुँचाने के लिए अथवा आत्म-सम्बोधन के लिए रासा साहित्य की सृष्टि की गई है।

अपभ्रंश का प्राचीन 'चर्चरी' रास

उपलब्ध रास-रचनाओं में उद्योतनसूरि का चर्चरी रास सबसे पुराना है[1]। यह कुवलय-मालाकहा के प्रारम्भ में निबद्ध है। इसकी रचना सम्राट् वत्सराज के समय जालौर (जाबालिपुर) के आदिनाथ के मन्दिर में बैठ कर शक संवत् ७०० (वि० सं० ८३५) में की गई थी। इसमें बतलाया गया है कि—मनुष्य सचेत होकर काम करे, अन्यथा मृत्यु के घेर लेने पर कुछ भी नहीं हो सकेगा[2]। इस रास में चार ध्रुवकों की परिपाटी है, जिनमें एक ध्रुवक—जहाँ कामोन्मादक रस का जनक है वहाँ दूसरा विषय वासना से परान्मुख करने वाला है, तीसरा ध्रुवक अशुचि मल-मूत्रादि से संयुक्त घृणित अस्थिपंजर को दिखाकर ज्ञान और विवेक की ओर ले जाता है तो चौथा ध्रुवक वैराग्य की ओर आकृष्ट करता है। इस से यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि जैन कवियों की रास-रचना का मूल उद्देश्य राग से हटाकर जनसाधारण को ज्ञान-वैराग्य की ओर आकर्षित कर हित के मार्ग में संलग्न करना रहा है।

उद्योतनसूरि की इस कृति में अनेक रसों का संमिश्रण है। इसमें भगवान् महावीर के गणधर सुधर्म स्वामी की एक जीवन घटना को अंकित किया गया है—'वे एक दिन अकेले ही एक ऐसे वन में गए जहाँ ५०० भयंकर डाकुओं का समूह रहता था। वहाँ उन्होंने 'चर्चरीरास' युक्त, एक गान गाया और ऐसा नृत्य किया कि डाकू दल ने सदा के लिए डाकेजनी छोड़कर आत्म-बोध प्राप्त किया[3]। इससे इस रास की महत्ता ज्ञात होती है।

उपमिति भव-प्रपंचा कथा के अन्तर्गत 'रिपुदारणरास' नाम का एक रास है। जिसकी रचना कवि सिद्धर्षि ने वि० सं० ९६२ में की थी। यह कृति संस्कृत भाषा के ५ ध्रुवक पदों में रची गई है। उसका नाम सार्थक है और वह गान, नृत्य, लय आदि से समन्वित है। इसमें वृहद् देश के सार्व-भौम राजा तपन द्वारा सिद्धार्थपुर के मिथ्यावादी और अहंकारी उद्दण्ड राजा रिपुदारण को तांत्रिक योगी से दण्ड दिलाने या उसे वश में कर उसके विनाश करने का उल्लेख किया गया है। रिपुदारण की

---

१ देखो, कुवलयमाला कथा पृ० ४

२ संबुज्झह किं ण बुज्झह एत्तिए वि मा किंचि मुज्झह।
कीरउ जं करियव्वयं पुण दुक्कइ तं करियव्वयं ॥
कुवलयमाला पृ० ४

३ .'जहा तेण केवलिणा अरण्णं पविसिऊण पंच-चोर-सयाइं रास-णच्चणच्छलेण महामोहग्गहगहियाइं अक्खिविऊण इमाए चच्चरीए संबोहियाइं।' × × × एवं च जहा काम-णिव्वेओ तहा कोह-लोहमाण-मायादीणं कुतित्थयाणं च। समकालं चिय सव्व-भाव-वियाणएण गुरुणा सव्वण्णुणा तहा तहा गायंतेण ताइं चोराणं पंच वि सयाइं संभरिय-पुव्व-जम्म-बुत्तंताइं पडिवण्ण-समण-लिंगाइं तहा कयं जहा संजमं पडिवण्णाइं ति।'
—कुवलयमाला पृ० ४-५।

उद्दण्डता का उल्लेख उक्त रास के—'यो हि गर्वमविवेक भरेण करिष्यते' वाक्य से ज्ञात होता है[1] इसके अतिरिक्त संस्कृत भाषा में अन्य कोई प्राचीन रास देखने में नहीं आया।

रासक-रचनाओं में कई रचनाएँ उपदेशक भावना के साथ सम्बोधक भावना से ओत-प्रोत हैं। इन रास-रचनाओं से ज्ञात होता है कि पुरातन काल में जो रास या रासक रचनाएँ रची जाती थीं, वे सारगर्भित होती थीं। किन्तु बाद में ज्यों-ज्यों उनका विस्तार होता गया त्यों-त्यों उन रचनाओं की सार-परकता भी कम होती गई।

रास या रासक रचनाएँ जैन सम्प्रदाय के अतिरिक्त हिन्दू सम्प्रदाय में भी पाई जाती हैं। परन्तु जैनियों में इसका रिवाज बहुत पुराना है। वीर कवि के विक्रम संवत् १०७६ में रचित 'जम्बूसामिचरिउ' नामक ग्रन्थ से ज्ञात होता है कि उनके पिता कविवर देवदत्त ने अपभ्रंश भाषा में 'अम्बादेवी चर्चरी रास' नामक ग्रन्थ बनाया था।[2] जिसका रचनाकाल संवत् १०५० के लगभग है। यह रास ताल, स्वर, लय और नृत्य के साथ गाया जाता था। यह रचना अभी अनुपलब्ध है।

दिगम्बर-श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायों में रासो की रचनाएँ अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी और गुजराती भाषाओं में चारसौ-पांचसौ होंगी, उनमें दिगम्बर रासा-ग्रन्थों की संख्या २०० के लगभग है। दिगम्बर सम्प्रदाय का रासा साहित्य अभी अप्रकाशित है। उसके प्रकाश में आने पर अनेक ज्ञातव्य बातों पर प्रकाश पड़ सकेगा।

जैनेतर कवियों ने भी रास ग्रन्थ बनाये हैं। उनमें 'पृथ्वीराज रासो', 'वीसलदेव रासो', 'खुमान रासो' और 'सन्देश रासो' आदि के नाम प्रसिद्ध हैं। इनमें सबसे पुराना पृथ्वीराज रासो बतलाया जाता है, परन्तु उसका वर्तमानरूप बहुत-कुछ अस्त-व्यस्त है, तो भी वह अपभ्रंश भाषा के बहुत नज़दीक है। हां, उसकी कुछ ऐतिहासिक घटनाएँ जरूर खटकने वाली हैं। उनका उपलब्ध इतिहास के साथ ठीक मेल नहीं बैठता। अतः वह आज भी चर्चा का विषय बना हुआ है। मुसलमान कवि 'अब्दुलरहमान' का सन्देश रासक उल्लेखनीय है। यह रचना सिंघी सीरीज बम्बई से प्रकाशित हो चुकी है। हिन्दी ग्रंथरत्नाकर कार्यालय बम्बई से डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी और त्रिपाठी के सम्पादन में इसका हिन्दी अनुवाद सहित एक नया संस्करण अभी प्रकाशित हुआ है। उसमें उसकी कई ज्ञातव्य बातों पर प्रकाश डाला गया है।

रासक रचनाओं के प्रकार

रास या रासो रचनाएँ तीन प्रकार की दृष्टिगोचर होती हैं। पहली राग परक अर्थात् शृङ्गार तथा विरहसूचक, दूसरी अध्यात्मरस से युक्त या उपदेशपरक और तीसरी जीवन-चरित सम्बन्धी। इनमें अब्दुलरहमान की कृति संदेश रास प्रथम प्रकार की रचना है। इसमें एक विरहिणी नायिका का विरह-सूचक-सन्देश विरही पति के पास पहुंचाने का वर्णन किया गया है। जैसा कि उस ग्रन्थ के निम्न दोहों से स्पष्ट है।

जसु पवसंत ण पवसिआ मुइअ विओह ण जासु।
लज्जिज्जइ संदेशडउ, दिंती पहिय पियासु ॥३७॥

हे पथिक ! जिसके प्रवास करते हुए प्रवास नहीं किया और न जिसके वियोग से मरी ही, उस प्रिय को सन्देश देती हुई लज्जित हो रही हूं।

---

१. देखो, उपमितिभवप्रपंच कथा प्रस्ताव ४ श्लोक ४३७ से ४४२।

२. चच्चरि बंधि विरइउ सरसु गाइज्जइ संतिउ तारजसु।
णच्चिज्जइ जिण पय सेवयहिं, किउ रासउ अंबादेवयहिं ॥ —जम्बूस्वामिचरित १—४

आगे नायिका उस पथिक से कहती है कि—'सन्देश बहुत विस्तृत है परन्तु मुझ नहींकहा से जाता। जो कनगुरिया की मुंदरी (अंगूठी) थी वह बांह में समा जाती है[1]। इससे उसके विरह-सम्बन्धी परितापका अन्दाज लगाया जा सकता है।

दूसरी रचनाएँ अध्यात्मरस संयुक्त हैं, जिनमें राग से विराग उत्पन्न करने का प्रयत्न किया जाता है। उनमें आत्म-सम्बोधजनक उपदेश की प्रधानता है। जैसा कि कुवलयमाला के उक्त 'चर्चरी रास' में अङ्कित है। देवभक्ति रूप रचनाएँ भी जहां देव में अनुरागवर्धक हैं वहा देह-भोगों से विराग की भी संसूचक हैं। इसी से उनकी गणना अलग नहीं की है। आध्यात्मिक रचनाओं में कवि विनयचन्द्र का चूनडी-रास, निर्झरपंचमीकहा रास तथा पण्डित योगदेव का 'सुव्रतानुप्रेक्षारास' और जल्हिगका अनुप्रेक्षा रास आदि रचनाएँ उल्लेखनीय हैं। कवि लक्ष्मीचन्द का दोहा अनुप्रेक्खारास भी महत्वपूर्ण कृति है, जो संवेग-निर्वेद भाव की संसूचक है। इन रचनाओं में संसार और शरीर के स्वरूप का निर्देश करते हुए वैराग्य की अनुपम छटा को जागृत किया गया है, और कर्मास्रव तथा कर्मबन्ध से छुड़ाने का यत्न किया गया है। साथ ही बारह भावनाओं द्वारा वस्तुतत्त्व का विवेक कराते हुए आत्मा को वैराग्य की ओर आकर्षित करने का प्रयत्न किया गया है।

तीसरी प्रकार की रासक रचनाओं में किसी व्यक्ति विशेष राजा, देवी, देवता या सामान्य पुरुष का जीवन-परिचय अंकित किया हुआ मिलता है। ऐसे अनेक रास लिखे गये हैं, जैसे जंबूसामिरास, बाहुबलीरास, सुकमालसामिरास, पृथ्वीराज रासो और अम्बादेवीरास आदि। ये सब रास ग्रन्थ एक प्रकार के चरित रास हैं। एक व्यक्ति विशेष के जीवन की मुख्यता से लिखे गए हैं। परन्तु उनमें से जैन चरित रासो में जीवन-घटनाओं के परिचय के साथ सांसारिक देह-भोगों से विरक्ति दिखलाते हुए आत्म-साधना की ओर ले जाने का स्पष्ट प्रयास किया गया है।

छन्द ग्रन्थ

अपभ्रंश के प्रबन्ध काव्यों, मुक्तक-काव्यों और चरितात्मक, स्तुत्यात्मक तथा रास आदि ग्रन्थों में अनेक छन्दों का प्रयोग मिलता है। संस्कृत में वर्णवृत्तों का और अपभ्रंश में मात्रिक छन्दों का प्रयोग अधिक हुआ है। पर वहाँ वर्ण-वृत्तों का सर्वथा अभाव भी नहीं है। अपभ्रंश कवियों ने संस्कृत के उन्हीं छन्दों को ग्रहण किया है, जिसमें उन्हें विशेष प्रकार की गति मिली है और इसीसे उन्होंने संस्कृत वर्ण-वृत्तों में अपनी कुछ इच्छानुसार सुधार या परिवर्तन और परिवर्धन कर उन्हें गान तथा लय के अनुकूल बना लिया है। छन्दों में अन्त्यानुप्रास की परम्परा अपभ्रंश कवियों की देन है। इससे पद्य की ज्ञेयरूपता अधिक वृद्धि को प्राप्त हुई। अपभ्रंश के कवियों ने अन्त्यानुप्रासका प्रयोग प्रत्येक चरण के अन्त में तो किया ही है; किन्तु उसका प्रयोग कहीं-कहीं मध्य में भी हुआ है। तुकान्त या तुक का प्रयोग लय को उत्पन्न करना या उसे गति प्रदान करना है। अथवा ऐसी शब्द योजना का नाम ही तुक है। प्राकृत कवियों ने प्रायः मातृक-छन्दों का ही प्रयोग किया है उनमें तुक का प्रयोग नहीं पाया जाता। हिन्दी के तुलसीदास आदि कवियों की रचनाओं में चौपाई या दोहा छन्द ही आता है किन्तु अपभ्रंश कवियों की कड़वक शैली में सभी वर्ण और मात्रिक-छन्दों को समाविष्ट करने का प्रयत्न किया गया है। इतना ही नहीं किन्तु संस्कृत के वर्ण वृत्तों से उन्होंने एक ही छन्द में नवीनता उत्पन्न कर अनेक नूतन छन्दों की सृष्टि भी की है। संस्कृत के

१. संदेसडउ सवित्थरउ, पर मइ कहणु न जाइ।
जो कालंगुलि मूंदडउ, सो बाहडी समाइ॥ संदेश रासक

मालिनी छन्द में प्रत्येक पंक्ति में ८ और ७ अक्षरों के बाद यति के क्रम से १५ अक्षर होते हैं। उसे अपभ्रंश भाषा के कवि ने प्रत्येक पंक्ति को दो भागों में विभाजित कर यति के स्थान पर तथा पंक्ति की समाप्ति पर अन्त्यानुप्रास का प्रयोग कर छन्द को नवीन रूप में ढाल दिया है यथा—

"विविह रस विसाले, णेय कोऊ हलाले। ललिय वयण माले, अत्थ-संदोह साले।
भुवण-विदिद णामे, सव्व-दोसो वसामे। इह खलु कह कोसे, सुन्दरे दिण्ण तोसे॥"
खलयण सिर सूलं सज्जणाणंद मूलं। पसरइ अविरोलं मागहाणं सुरोलं।
सिरि णविय जिणिंदो, देह वायं वणिंदो। वसु हय जुइ जुत्तो, मालिणी छंदु वुत्तो॥ सुदं० ३-४।

दो छन्दों को मिलाकर अनेक नये छन्द भी बनाये गए हैं, जैसे छप्पय कुंडलिया, चान्द्रायन और वस्तु आदि।

अपभ्रंश भाषा के काव्यों में विविध छन्दों का प्रयोग हुआ है उनके कुछ नाम इस प्रकार हैं—

पज्झटिका, पादाकुलिक, अलिल्लाह, रड्ढा, प्लवंगम, भुजंग प्रयात, कामिनी, तोटक, दोधक, सग्गिणी, घत्ता, दोहा, मन्दाक्रान्ता, मालिनी, वंसस्थ, आरणाल, तोमर, दुवई, मदनावतार, चन्द्रलेखा, कुवलयमालिनी, मोत्तियदाम, उपजाइ विलासिनी, शालिभंजिका, इन्द्रवज्रा, वसन्ततिलका, प्रियंवद, अनंत-कोकिला, रथोद्धता, मंदारदाम, आवली, नागकन्या, पृथिवी, विद्युन्माला, अशोकमालिनी और निसेणी आदि।

इससे यह सहज ही ज्ञात होता है कि अपभ्रंश कवि छन्दों की विशेषताओं से परिचित थे, इसी से वे अपने ग्रन्थों में विविध छन्दों का प्रयोग कर सके। कवि नयनन्दी ने अपने 'सकल विधि-विधान काव्य' में ६२ मात्रिक छन्दों का प्रयोग किया है। इससे प्रमाणित होता है कि नयनन्दी छन्द-शास्त्र के महान वेत्ता थे।

कवि श्रीचन्द ने 'रयणकरण्ड सावयायार' की १२वीं संधि के तीसरे कडवक में कुछ अपभ्रंश छन्दों का नामोल्लेख किया है।

णिरयाल, आवली, चच्चरीरास, रासक, ध्रुवक, खंडय, उपखंडय, घत्ता, वस्तु, अवस्तु, अडिल, पद्धडिया, दोहा, उपदोहा, हेला, गाहा, उपगाहा, आदि छन्दों के नाम दिये हैं[1]।

इसी तरह कवि लक्ष्मण ने अपने 'जिनदत्तचरिउ' की चार संधियों में वर्णवृत्त और मात्रिक दोनों प्रकार के छन्दों का प्रयोग किया है उनके नाम निम्न प्रकार हैं—

विलासिणी, मदनावतार, चित्तगया, मोत्तियदाम, पिंगल, विचित्तमणोहरा, आरणाल, वस्तु, खंडय, जंभेटिया, भुजंगप्पयाउ, सोमराजी, सग्गिणी, पमाणिया, पोमिणी, चच्चर, पंचचामर, णराच, निभंगिणिया, रमणीलता, चित्तिया, भमरपय, मोणय, अमरपुर, सुन्दरी और लहुमत्तिय आदि।

अपभ्रंश में अनेक छन्द ग्रंथ भी लिखे गये होंगे। परन्तु वे आज उपलब्ध नहीं हैं। केवल स्वयंभू का छन्द ग्रंथ प्राप्त है वह अपभ्रंश की महत्वपूर्ण देन है। परन्तु वह जनरलों में प्रकाशित होने के कारण लोगों के पठन-पाठन में बहुत कम आ सका है, अतएव बहुत से लोग उसकी महत्ता से अनभिज्ञ ही हैं। इस ग्रंथ की

---

१. छंदणिरयाल आवलियहिं, चच्चरि रासय रासहि ललियहिं।
वत्थु अवत्थू जाइ विसेसहिं, अडिल मडिल पद्धडिया अंसहिं।
दोहय उवदोहय अवभंसहिं, दुवई हेला गाहु व गाहहिं।
धुवय खंड उवखंडय घत्तहिं, सम-विसमद्ध समेहिं विचित्तहिं॥ रयणकरंडसावयायार

एक अपूर्ण प्रति रामनगर में सं० १५२७ की लिखी हुई प्रो० एच० डी० वेलंकर महोदय को प्राप्त हुई थी और उन्होंने उसे सम्पादित कर प्रकाशित कराया[1]। इस छन्द ग्रंथ के पहले तीन अध्यायों में प्राकृत के वर्ण वृत्तों का और अन्त के ५ अध्यायों में अपभ्रंश के छन्दों का कथन किया गया है। और छन्दों के अनेक उदाहरण भी पूर्ववर्ती कवियों की रचनाओं से तथास्वोपज्ञ ग्रन्थों से भी दिये गये हैं। इस ग्रंथ का प्रारम्भिक अंश नहीं है, और न परिचयात्मक अन्तिम प्रशस्ति ही है। हां, ग्रंथ के अंतिम अध्याय में गाहा, अडिल्ला, पद्धडिया आदि छन्दों के जिनदेव की स्तुतिपरक स्वोपज्ञ उद्धरण भी दिए हुए हैं[2]। छन्द ग्रंथ के सातवें अध्याय का जो २७वां पद्य घत्ता छन्द के उदाहरण में दिया गया है वह 'पउमचरिउ' की पांचवीं संधि का पहला पद्य है[3]। ६-४२ का 'वम्महतिलअ' का जो उद्धरण है वह राम कथा की ६५वीं सन्धि का प्रथमपद्य है[4]। इसी तरह ६-७४ में 'रणावली' का जो उदाहरण दिया है वह पउमचरिउ की ७७वीं संधि के १३वें कडवक का अन्तिम पद्य है[5]। और छटे अध्याय का ७१वां पद्य पउमचरिउ की ७७वीं संधि का प्रारम्भिक पद्य है[6]। इनसे स्पष्ट है कि कवि ने अपने ग्रंथ के भी उद्धरण दिए हैं[7]। और अन्य कवियों के ग्रंथों पर से उद्धरण देकर कवि ने अपने छन्द नैपुण्य को सूचित किया है।

कविवर जयकीर्ति ने छन्दोनुशासन में स्वयंभूदेव के मत का उल्लेख करते हुए नन्दिनी छन्द "तौ ज्यौ तथा पद्मनिधिर्जतौ जरौ। स्वयम्भूदेवेश मते तु नन्दिनी।" वाक्य के साथ दिया है जिससे जयकीर्ति के सामने स्वयंभू का छन्द ग्रंथ रहा है। जयकीर्ति कन्नड़ प्रान्त के निवासी दिगम्बर विद्वान् थे। इनका समय विक्रम की दशवीं शताब्दी या उससे पूर्व होना चाहिए; क्योंकि दशवीं शती के कवि असग ने इनका उल्लेख किया है। इनके छन्दोऽनुशासन की प्रति सं० ११९२ की लिखी हुई जैसलमेर के भंडार में मिली है।[8] इस से यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि स्वयंभू का उक्त छन्द ग्रंथ ७वीं शताब्दी की रचना है। स्वयंभू

---

१. देखो, रायल एशियाटिक सोसाइटी बाम्बे जनरल सन् १९३५ पृ० १८-५८।
और बोम्बे यूनिवर्सिटी जनरल जिल्द ५ नं० ३ नवम्बर १९३६।"

२. "तुम्ह पय्र कमल मूले अम्हं जिण दुःख भावत विग्राइं।
ढुरु ढुरुल्लियाइं जिणवर जं जाणसु तं करेज्जासु ॥३८
जिणणामें छिदे बि मोहजालु, उप्पज्जइ देवल समिसालु।
जिण णामें कम्मइं णिद्दलेवि, मोक्खग्गे पइसिअ सुह-लहेवि ॥"४४

३. "अक्खइ गउतमसामि, तिहुअण लद्ध पसंसहो।
सुण सेणिय उप्पत्ति, रक्खस-वाणर-वंसहो ॥"

४. "हणुवंतरणे परिवेढिज्जइं णिसियरेहिं।
णं गयणयले बाल दिवायरु जलहरेहिं ॥

५. "सुरवर डामरु रावणु दट्ठु जासु जग कंपइ।
अण्णुकहिं महु चुक्कइ एवणाइ सिहिजंपइ ॥"

६. "भाइ विग्रोएं जिह जिह करइ बिहीसणु सोउ।
तिह तिह दुक्खेण सहरि बाल वाणर लोउ ॥

७. इस ग्रंथ का विशेष परिचय जैन साहित्य और इतिहास में पृष्ठ २०५ से २०७ तक देखें।

८. संवत् ११९२ आषाढ़ सुदि १० शनौ लिखितम्।

का यह छन्द ग्रंथ हिन्दी अनुवाद के साथ सम्पादित होकर प्रकट होना चाहिए, जिससे छन्द शास्त्र के रसिक जन लाभ उठा सकें।

अपभ्रंश व्याकरण

अपभ्रंश भाषा के जो व्याकरण दृष्टिगोचर हो रहे हैं वे अधिक प्राचीन नहीं हैं। प्राचीन समय में अपभ्रंश भाषा में व्याकरण अवश्य लिखे गए होंगे, किन्तु वे वर्तमान में उपलब्ध नहीं हैं। स्वयंभूदेव के पउमचरिउ के ५ वें पद्य में यह बतलाया है कि—अपभ्रंश वाला मदोन्मत्त हाथी तब तक ही स्वच्छन्दता से विचरण करता है जब तक कि उस पर स्वयंभू-व्याकरणरूप अंकुश नहीं पड़ता[1]। त्रिभुवनस्वयंभू के इस उल्लेख से कि स्वयंभूदेव ने अपभ्रंश का व्याकरण भी बनाया था, परन्तु खेद है कि वह इस समय उपलब्ध नहीं होता। उसीके छठे पद्य में स्वयंभू को पंचानन (सिंह) की उपमा दी गई है। जिसकी सच्छन्दरूप विकट दाढ़ें, जो छन्द और अलंकाररूप नखों से दुष्प्रेक्ष्य है और व्याकरणरूप जिसकी केसर (अयाल) है[2]। इससे भी उनके व्याकरण ग्रन्थ होने की सूचना मिलती है, साथ ही यह भी प्रमाणित होता है कि स्वयंभू ने छंद और अलंकार के ग्रन्थ भी बनाये थे। जिनमें छन्द ग्रन्थ तो उपलब्ध भी है। शेष नहीं।

अपभ्रंश के प्रचलित व्याकरणों में हेमचन्द्र का व्याकरण सबसे अच्छा है। इस व्याकरण का अध्ययन करने से यह विदित है कि उसमें कई भाषाओं का मिश्रण है। प्राकृत और शौरसैनी इन दो भाषाओं का मिश्रण तो ग्रन्थकर्ता ने स्वयं ही स्वीकार किया है जैसाकि उनके निम्न वाक्यों से प्रकट है[3]—"प्रायो ग्रहणाद्यस्यापभ्रंशे विशेषो वक्षते तस्यापि क्वचित् प्राकृत शौरसैनी वच्च कार्यं भवति।" हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में अपभ्रंश के स्वपरिवर्त्तन में काफी स्वतंत्रता दी है किन्तु परमात्मप्रकाश के कर्त्ता जोइन्दु ने यह स्वतंत्रता नहीं दी है। व्यंजनों के परिवर्तन में (४-३९६ सूत्र में) असंयुक्त 'क-ख, त-थ, प-फ, के स्थान में क्रम से 'ग-घ, द-ध, ब-भ' होते हैं। किन्तु उसका निर्वाह उनके द्वारा उद्धृत उदाहरणों में नहीं हो सका है फिर भी यह व्याकरण अपनी विशेषता रखता ही है।

नाटकों में अपभ्रंश का प्रयोग

विक्रम की द्वितीय शताब्दी के विद्वान अश्वघोष के 'सारिपुत्र प्रकरण नाटक में 'मक्कट हो' रूप उल्लिखित मिलता है जो 'मर्कटस्य' का अपभ्रंश रूप माना जा सकता है। चतुर्थ शताब्दी के भास के 'पंचरात्र, नाटक में ग्वालों के संवाद में मागधी का प्रयोग होने से उसे भी मागधी अपभ्रंश कहा जा सकता है। जैसे षद्दमंडलु षुय्यो...शतमण्डलः सूर्यः।

डाक्टर सुनीतिकुमार चटर्जी ने 'ओ' विभक्ति का अपभ्रंश की विभक्ति में परिवर्तित होने का समय ईसा की तृतीय शताब्दी अनुमानित किया है[4]।

---

१. तावच्चि सच्छंदो भमइ अवब्भंस-मच्च (त्त) मायंगो।
जाव ण सयंभु-वायरण-अंकुसो तच्छिरे पडइ।५।

२. सच्छंद-वियउ-दाढो, छंदो (दा) लंकार-गहर-दुप्पिच्छो।
वायरण-केसरऽड्ढो सयंभु-पंचाणणो जयउ।६।

३. देखो, हेमचंद्र का प्राकृतव्याकरण ४।३२९ सूत्र।

४. इण्डो आर्यन एण्ड हिन्दी पृष्ठ ९९

मुद्रा राक्षस के (लगभग चतुर्थ शताब्दी) दूसरे अंक में माथुर ने जिस बोली का प्रयोग किया वह मागधी होते हुए भी उकार बहुला होने के कारण मागधी अपभ्रंश कहा जा सकता है। यद्यपि टीकाकारों ने उसे 'टक्की' बतलाया है, किन्तु उसका शुद्ध रूप 'ठक्की' जान पड़ता है[1]।

कालिदास के 'विक्रमोर्वशीय' नाटक (ई० स० चतुर्थ शताब्दी) के चतुर्थ अंक में सोलह पद्य अपभ्रंश भाषा के दिये हुए हैं जिनमें के एक दो पद्य विभिन्न छन्दों के निम्न प्रकार हैं:—

मइँ जाणियइँ मिअलोअणी णिसिअरु कोइ हरेइ।
जाव णु णव तडि सामलो धाराहरु वरिसेइ।

अर्थात् 'जब तक नई बिजली से युक्त श्यामलमेघ वरसने लगा, तब तक मैंने यही समझा था कि मेरी मृगलोचनी (प्रिया) को शायद कोई निशाचर हरण किये जा रहा है।'

'रे-रे हंसा किं गोविज्जइ, गइ अणुसारें मइं लक्खिज्जइ।
कइं पइं सिक्खउ ए गइ-लालस, सापइं दिट्ठी जहण-मरालस॥'

अपभ्रंश के इन पद्यों से यह स्पष्ट जाना जाता है कि ईसा की चतुर्थ शताब्दी के समय अपभ्रंश में विभिन्न छन्दों में पद्य रचना होने लगी थी। यह बात और भी ध्यान में रखने लायक है कि प्राकृत भाषा में प्रायः तुकान्त छन्दों का प्रयोग नहीं मिलता, जबकि अपभ्रंश भाषा में इसकी बहुलता है, ध्वनि और पद-गठन भी इसी ओर संकेत करते हैं।

देशी भाषायें ही अपने शुद्ध अशुद्ध पदों के साथ अपभ्रंश में परिणित हुई हैं। उनका शुद्ध प्रतिष्ठित रूप प्राकृत कहलाता था और अपभृष्ट रूप अपभ्रंश। देशी भाषा के शब्दों का प्रयोग भी अपभ्रंश में मिल जाता है—वह विरूप नहीं जान पड़ता, इसीसे कविजनों ने देशी भाषा को अपभ्रंश बतलाया है।

अपभ्रंश-साहित्य-सूची

अंबदेव सूरि समरारास (रचना सं० १३७१) (मुद्रित)

अब्दुल रहमान संदेश रासक (मुद्रित)

अभयगणि सुभद्राचरित (र० सं० १३६१)

अभयदेवसूरि जयतिहुअणस्तोत्र (र० च० १११६) (मुद्रित)

अमरकीर्तिगणी नेमिनाथचरिउ (र०च० १२४४) षट्कर्मोपदेश (र०च० १२४७) पुरंदरविहाण कहा, महावीरचरिउ जसहरचरिउ, झाणपईव (अनुपलब्ध)

आसवाल पासनाहचरिउ (र० च० १४७६)

उद्योतनसूरि कुवलयमाला (वि० सं० ८३५) (मुद्रित)

कण्हपा आदि चौरासी बौद्ध सिद्धों की दोहा कोष आदि रचनाएं प्रकाशित

कनककीर्ति नन्दीश्वर जयमाला

कनकामर करकंडुचरिउ (मुद्रित)

गुणभद्र भट्टारक (वि० की १५वीं १६वीं शताब्दी) अणंतवयकहा, सवणवारसिविहाणकहा, पक्खवइ कहा, णहपंचमी कहा, चंदायणकहा, चंदणछट्ठी कहा, णरय उतारी दुद्धारसकहा, णिद्दुहसत्तमी कहा, मउडसत्तमी कहा, पुप्फंजलिवय कहा,

---

१. डा० कीथकृत संस्कृत ड्रामा पृ० ८६,१४१,१६६, पंजाब का वह प्रदेश 'ठक्क' ही कहलाता है।

	रयणत्तयविहाण कहा, दहलक्खणवय कहा, लद्धविहाण कहा, सोलहकारण वयविहि, सुयंधदहमीकहा। (भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित) हो रही है
चउमुंह (चतुर्मुख)	पउमचरिउ, रिट्ठणेमिचरिउ, पंचमी कहा (अनुपलब्ध)
जयदेव	भावनासंधि (र० सं० १६०६)
जल्हिग	अनुप्रेक्षारास
जिनदत्तसूरि	उपदेस रसायन (सं० ११३२-१२१०)
जिनदत्तसूरि	चर्चरी (रास)
जिनपद्मसूरि	स्थूलभद्रफाग (सं० १२५७ के आस-पास) मुद्रित
जिनप्रभसूरि	अनाथसंधि, अंतरंगरास, अंतरंगविवाह।
जिनप्रभसूरि	आत्मसम्बोधनकुलक
जिनप्रभसूरि	मोहराजविजय
जिनप्रभसूरि	वज्रस्वामिचरिउ (सं० १३१६)
जिनभद्र	सुभाषितकुलक
जिनवरदेव	बुद्धिरसायण
तेजपाल	संभवनाथचरिउ, वरांगचरिउ (र० सं० १५०७), पार्श्वपुराण
त्रिभुवनस्वयंभू	पउमचरिउ, रिट्ठणेमिचरिउ पंचमीकहा (विक्रम ९वीं शताब्दी का अन्त)
दामोदर	णेमिणाहचरिउ (र० सं० १२८७)
दामोदर	सिरिपालचरिउ, णेमिणाहचरिउ, चंदप्पहचरिउ
देवचन्द	पासणाहचरिउ (लिपि० सं० १४९४)
देवदत्त	वरांगचरिउ, शान्तिनाथपुराण, अंबादेवीरास (अनुपलब्ध) रचनाकाल सं० १०५० के लगभग
देवनन्दि	रोहिणीवयकथा
देवसूरि	उपदेशकुलिक
देवसेन	सुलोयणाचरिउ
देल्हड	गयसुकमालरास (सं० १३००) के लगभग
धनपाल	भविसदत्तपंचमीकहा (वि० की १०वीं शताब्दी)
धनपाल	बाहुबलीचरिउ (र० सं० १४५४)
धर्मसूरि	जंबूस्वामि रास (र० सं० १२६६)
धवलकवि	हरिवंस पुराण (संभवतः विक्रमी ११वीं शताब्दी
धाहिल	पउमसिरिचरिउ (मुद्रित)
नयनन्दी	सुदंसणचरिउ, सयलविहिविहाणकव्व (र० सं० ११०० के आस-पास)
नरसेन	सिद्धचक्कविहि, जिणरत्तिविहाण कहा (लिपि० सं० १५१२ से पूर्ववर्ती)
नेमचन्द	रविवउकहा, अनन्तवयकहा
पद्मकीर्ति	पासणाहचरिउ (वि० सं० ९९९)
पुष्पदंत	महापुराण, (वि० सं० १०१६-१०२२) नागकुमारचरिउ, जसहरचरिउ मुद्रित

पूर्णभद्रमुनि	सुकमालचरिउ
प्रज्ञातिलक	कछूलीरास (सं० १३६२)
बालचन्द्रमुनि	निरय-दुह-सत्तमीकहा
बूचिराज (बल्ह)	मयणजुज्झ (वि० सं० १५८६)
भगवतीदास	मृगांककलेखाचरिउ, (१७००), मउडसत्तमीकहा, सुयंध दसमी कहा।
महणसिंह	त्रिंशत् जिनचउवीसी
महाचन्द	शान्तिनाथपुराण (र० सं० १५८७)
महेश्वरसूरि	संयममंजरी
माणिकचन्द	अमरसेनचरिउ (सं० १५७७) णागकुमारचरिउ (सं० १५७६)
यशःकीर्ति	चंदप्पहचरिउ (संभवतः १२वीं १३वीं शताब्दी)
यशःकीर्ति	पाण्डवपुराण (र० सं० १४६७) हरिवंसपुराण (र० सं० १५००) जिनरत्तिविहाण कहा रविवउकहा (आदित्यवय कहा)
योगीन्द्रदेव	परमप्पयासु, जोयसार
रइधू	पउमचरिउ (बलहद्दचरिउ) हरवंसपुराण, आदिपुराण, (अनुपलब्ध) पासपुराण, सम्मत्तगुणनिधान, मेहेसरचरिउ, जीवंधरचरिउ, जसहरचरिउ, पुण्णासवकहाकोस, धनकुमारचरिउ, सुकोसलचरिउ, सम्मइ जिनचरिउ, सिद्धचक्कवयविहि, वृत्तसार, सिद्धान्तार्थसार आत्मसम्बोहकव्व, अणथमीकहा, सम्मत्तकउमदी, (करकंडुचरिउ, सुदंसणचरिउ, अनुपलब्ध) दशलक्षण जयमाला, षोडसकारण जयमाला, सोहंथुदि, मुद्रित अनेकांत वर्ष १३ कि० ४) सम्यक्त्व भावना तेरापंथीमंदिर जयपुर गु० नं० २५७१)
राजशेखरसूरि	नेमिनाथफाग (सं० १३७१)
रामसेनमुनि	दोहापाहुड़ (वि० १० वीं शताब्दी)
रत्नप्रभसूरि	अंतरंगसंधि (सं० १३६२)
लक्ष्मण (लाखू)	जिणदत्तचरिउ, (सं० १२७५) अणुवयरयणपईव (सं० १३१३)
लक्ष्मण	नेमिनाथचरिउ (आसाइयपुरी)
लक्ष्मीचन्द	दोहाणुप्रेक्षारास (अनेकान्त वर्ष १२ किरण ६ पृ० २०२)
विजयसिंह	अजितनाथपुराण (१५०५)
विजयसेनसूरि	रेवंतगिरिरास (वि० सं० १२८८) मुद्रित
विद्यापति	कीर्तिलता मुद्रित
विनयचन्द	चूनडीरास, निर्झरपंचमीकहारास कल्याणकरास लिपि० सं० १४४५ दुद्धारसकहा
विनयचन्द्रसूरि	नेमिनाथचउपई (सं० १२५७)
विमलकीर्ति	सोखवइविहाणकहा, सुयंधदसमी कहा
वीरकवि	जंबूस्वामीचरिउ (र० सं० १०७६)
वीरकवि	णाणसारकीपाथडी

विबुधश्रीधर	पासपुराण(र०सं० ११८६), वड्ढमाणचरिउ (र०सं० ११९०), चंदप्पहचरिउ (अनुपलब्ध)
शालिभद्रसूरि	पंचपंडवचरितरास (सं० १४१०)
शालिभद्रसूरि	भरतबाहुवलीरास (सं० १२४१) मुद्रित
शुभकीर्ति	शान्तिनाथचरिउ
श्रीचन्द	कहाकोसु, रयणकरंडसावयायार (र० सं० ११२०)
श्रीधर	सुकमालचरिउ (र० सं० १२०८)
श्रीधर	भविसदत्त पंचमीकहा (र० सं० १२३०)
श्रुतकीर्ति	हरिवंस पुराण(सं०१५५२) परमेष्ठीप्रकाशसार, धर्मपरीक्षा, जोगसार (१५५२)
सहणपाल	सम्यक्त्व कौमुदी
सागरदत्तसूरि	जबूस्वामीचरित्र (सं० १०६०)
साधारण ब्रह्म	कोकिला पंचमीकहा, मुकुट सत्तमी, दुधारसी कथा, आदित्यवारकथा, तीन चउवीसीकथा पुष्पांजलिवयकहा, निर्दुहसत्तमी कथा निज्झरपंचमी कहा, अनुप्रेक्षा (सं० १५०८ से पूर्व)
सिद्धकवि	पज्जुण्णचरिउ, खंडित
सिंहकवि	" पूर्ण (उद्धारित, संभवतः १२वीं १३वीं शताब्दी)
सुप्रभाचार्य	सुप्पयदोहा (वैराग्यसार)
सोमप्रभसूरि	कुमारपाल प्रतिबोध (सं० १२४१) मुद्रित
स्वयंभू	पउमचरिउ, हरिवंसपुराण, पंचमीकहा, स्वयंभू व्याकरण (अनुपलब्ध)
हरइंद (अग्रवाल)	अणत्थमीकहा
हरइंद (हल्ल या जयमित्र)	वड्ढमाणकव्व, मल्लिनाथकव्व
हरिदेव	मदन पराजय संभवतः वि० की १५वीं शताब्दी
हरिभद्र	सनत्कुमारचरिउ (सं० १२१६)
हरिभद्र	णेमिकुमारचरिउ मुद्रित
हरिषेण	धम्मपरिक्खा (सं० १०४४)
हेमचन्द	हेमशब्दानुशासन देशीनाममाला मुद्रित

ग्रन्थ और ग्रन्थकार

पहली और दूसरी प्रशस्तियां क्रमशः 'पउमचरिउ और रिट्ठणेमिचरिउ' की हैं। उनके कर्ता कवि स्वयंभू व त्रिभुवन स्वयंभू हैं। स्वयंभू की रामकथा पउमचरिउ या रामायण बहुत ही सुन्दर कृति है। इसमें ९० सन्धियां हैं, जो पांच काण्डों में विभक्त हैं। विद्याधर काण्ड में २०, अयोध्याकाण्ड में २२, सुन्दर काण्ड में १४, और उत्तर काण्ड में १३ सन्धियां हैं। जिनमें स्वयंभूदेव रचित ८३ सन्धियां हैं, शेष उनके पुत्र त्रिभुवन स्वयंभू द्वारा रची गई हैं। ग्रन्थ में प्रारम्भिक पीठिका के अनन्तर जम्बूद्वीप की स्थिति, कुलकरों की उत्पत्ति, अयोध्या में ऋषभदेव की उत्पत्ति तथा जीवन-परिचय; लंका में देवताओं और विद्याधरों के वंश का वर्णन, अयोध्या में राजा दशरथ और राम-लक्ष्मण आदि की उत्पत्ति, बाल्यावस्था, जनक पुत्री सीता से

२. देखो पउमचरिउ ७६, ४-११, ७६-२-३

३. देखो संधि १४, ६।

४. केवि जस लुद्ध, सण्णद्ध कोह। केवि सुमित्त-पुत्त, सुकलत्त-चत्त-मोह।
केवि णीसरंतिवीर। भूधरव्व तुंग धीर।
सायरव्व अप्पमाण, कुंजरव्व दिण्णणाण।
केसरिव्व उद्धकेस, चत्त सव्व-जीवियास।
केवि सामि-भत्ति-वंत, मच्छिरागि-पज्जलंत।
केवि आहवे अभंग, कुं कुमं पसाहि अंग। —पउमचरिउ ५७-२

विवाह, राम-लक्ष्मण-सीता का वनवास, संबूकमरण, सीताहरण, रावण से राम-लक्ष्मण का युद्ध, सुग्रीव आदि से राम का मिलाप, लक्ष्मण के शक्ति का लगना, और उपचार आदि। विभीषण का राम से मिलना, रावणमरण, लंका-विजय, विभीषण को राज्य प्राप्ति, राम-सीता-मिलाप, अयोध्या को प्रस्थान, भरतदीक्षा व तपश्चरण, सीता का लोकापवाद से निर्वासन, लव-कुश उत्पत्ति, सीता की अग्नि परीक्षा, दीक्षा और तपश्चरण, लक्ष्मण मरण, राम का शोकाकुल होना, और प्रबुद्ध होने पर दीक्षा लेकर तपश्चरण करके केवल्य प्राप्ति, और निर्वाण लाभ, आदि का सविस्तार कथन दिया हुआ है।

इस ग्रन्थ में रामकथा का वही रूप दिया हुआ है, जो विमलसूरि के पउमचरिउ में और रविषेण के पद्मचरित में पाया जाता है। ग्रन्थ में रामकथा के उन सभी अंगों की चर्चा की गई है जिनका कथन एक महाकाव्य में आवश्यक होता है। इस दृष्टि से पउमचरिउ को महाकाव्य कहा जाय तो कोई अत्युक्ति न होगी ग्रन्थ में कोई दुरूहता नहीं हैं, वह सरल और काव्य-सौन्दर्य की अनुपम छटा को लिए हुए है। समूचा वर्णन काव्यात्मक-सौन्दर्य और सरसता से ओत-प्रोत है, पढ़ने के साथ ही मन रमने लगता है।

कविता की शैली जहां कथा-सूत्र को लेकर आगे बढ़ती है और वहां वह सरलता और स्वाभाविकता का निर्वाह करती है। किन्तु जहां कवि प्रकृति का चित्रण करने लगता है। वहां एक से एक अलंकृत संविधान का आश्रय कर ऊँची उड़ानें भरता है। गोदावरी की उपमा दृष्टव्य है—गोदावरी नदी वसुधारूपी नायिका की बंकित फेनावली के वलय से अलंकृत दाहिनी बांह ही हो। जिसे उसने वक्षस्थल पर मुक्ताहार धारण करने वाले पति के गले में डाल रक्खा है।[1]

कवि को कुछ पंक्तियां वसुधा की रोम-राजि सदृश जान पड़ती हैं।[2]

युद्ध में लक्ष्मण के शक्ति लगने पर अयोध्या के अन्तः पुर में स्त्रियों का विलाप कितना करुण है 'दुःखातुर होकर सभी रोने लगे, मानों सर्वत्र शोक ही भर दिया हो। भृत्यजन हाथ उठा उठाकर रोने लगे, मानों कमलवन हिम पवन से विक्षिप्त हो उठा हो। राम की माता सामान्य नारी के समान रोने लगी, सुन्दरी उर्मिला हतप्रभ रोने लगी, सुमित्रा व्याकुल हो उठी, रोती हुई सुमित्रा ने सभी जनों को रुला दिया—कवि कहता है कि कारुण्यपूर्ण काव्य-कथा से किसके आंसू नहीं आ जाते[3]। भरत और राम का

---

१. "फेणावलि बंकियवलयालंकिय, णं महि बहु अहें तणिया।
जण-णिहि भत्तार हो मोत्तिय-हार हो, बांह पसारिय दाहिणिया॥
२. "कत्थवि णाणा विह रुक्खराइ, णं महिकुल बहु अहिं रोम-राइं॥"
—पउमचरिउ
३. "दुक्खाउरु रोवइ सयलु लोउ, णं चप्पिवि चप्पिवि भरिउ सोउ।
रोवइ भिच्च-यणु समुद्दहत्थु, णं कमल-संडु हिम-पवण घत्थु।
रोवइ अवरा इव राम जणणि, केवकय दाइय तरु सूल-खणणि।
रोवइ सुप्पह विच्छाय जाय, रोवइ सुमित्त सोमित्ति-माय।
हा पुत्त पुत्त! केत्तहि गओसि, किह सत्तिएँ वच्छ थलें हओसि।
हा पुत्तु! मरंतुम जो हओसि, दइवेण केण विच्छो इओसि।
घत्ता—रोवंतिएँ लक्खण-मायरिएँ समल लोउ रोमा वियउ।
कारुण्णइ कव्व कहाएँ जिह, कोव ण अंसु मुआवियउ॥" १३
—पउमचरिउ ६९, १३

विलाप किसे अश्रु विगलित नहीं करता [1]। इसी तरह रावण की मृत्यु होने पर विभीषण और मन्दोदरी के विलाप का वर्णन केवल पाठकों के नेत्रों को ही सिक्त नहीं करता; प्रत्युत रावण-मन्दोदरी और विभीषण के उदात्त भावों का स्मरण कराता है[2]। इसी तरह अंजना सुन्दरी के वियोग में पवनंजय का विलाप-चित्रण भी संसार को विचलित किये बिना नहीं रहता।

ग्रन्थ में ऋतुओं का कथन तो नैसर्गिक है ही, किन्तु प्रकृति के सौंदर्य का विवेचन भी अपूर्व हुआ है। नारी-चित्रण में राष्ट्र कूट नारी का चित्रण बड़ा ही सुन्दर है।

कवि ने राम और सीता के रूप में पुरुष और नारी का रमणीय और स्वाभाविक चित्रण किया है। पुरुष और नारी के सम्बन्धों का जैसा उदात्त और याथातथ्य चित्रण सीता की अग्नि परीक्षा के समय हुआ है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। ग्रंथ में सीता के अमित धैर्य, साहस और उदात्त गुणों का वर्णन नारी की महत्ता का द्योतक है, उसके सतीत्व की आभा ने नारी के कलंक को धो दिया है।

ग्रन्थ का कथा भाग कितना चित्ताकर्षक है, इसे बतलाने की आवश्यकता नहीं है। सहस्रार्जुन की जल क्रीड़ा का वर्णन अद्वितीय है[3]। युद्ध के वर्णन करने में भी कवि ने अपनी कुशलता का परिचय दिया है जिसे पढ़ते ही सैनिकों के प्रयाण की पग-ध्वनि कानों में गूंजने लगती है और शब्द योजना तो उनके उत्साह की संवर्द्धक है ही[4]।

ग्रंथ में वीर, शृङ्गार, करुण और शांत रसों का मुख्य रूप से कथन है। वीर रस के साथ शृङ्गार रस की अभिव्यक्ति अपभ्रंश काव्यों में ही दृष्टिगोचर होती है। अलंकारों में उपमा और श्लेष का प्रयोग किया गया है।

दूसरी प्रशस्ति 'रिट्ठणेमिचरिउ' (हरिवंश पुराण) की है। जिसमें ११२ सन्धियां और १६३७ कड़वक हैं। इनमें ७७ संधियां स्वयंभू द्वारा रची गई हैं। शेष १३ संधियां स्वयंभू के पुत्र त्रिभुवनस्वयंभू की बनाई हुई हैं; किन्तु अंतिम कुछ संधियां खंडित हो जाने के कारण भट्टारक यशः कीर्तिने अपने गुरु गुण-कीर्ति के सहाय से गोपाचल के समीप स्थित कुमार नगर के पणियार चैत्यालय में उनका समुद्धार किया था और परिणामस्वरूप उन्होंने उक्त स्थानों में अपना नाम भी अंकित कर दिया। ग्रंथ में चार काण्ड हैं यादव, कुरु, युद्ध और उत्तर कांड।

प्रथम कांड में १३ संधियाँ है। जिनमें कृष्ण जन्म, बाल-लीला विवाह-कथा, प्रद्युम्न आदि की कथाएं और भगवान् नेमिनाथ के जन्म की कथा दी हुई है। ये समुद्र विजय के पुत्र और कृष्ण के चचेरे भाई थे। दूसरे कांड में १६ संधियां हैं, जिनमें कौरव-पांडवों के जन्म, बाल्यकाल, शिक्षा आदि का कथन,

---

१. देखो पउमचरिउ संधि ६७।३-४। संधि ६६, १०-१२।

२. देखो पउमचरिउ ७६, ४-११, ७६-२-३

३. देखो संधि १४, ६।

४. केवि जस लुद्ध, सण्णद्ध कोह। केवि सुमित्त-पुत्त, सुकलत्त-चत्त-मोह।
केवि णीसरंतिवीर। भूधरव्व तुंग धीर।
सायरव्व अप्पमाण, कुंजरव्व दिण्णणाण।
केसरिव्व उद्धकेस, चत्त सव्व-जीवियास।
केवि सामि-भत्ति-वंत, मच्छिराग्गि-पज्जलंत।
केवि आहवे अभंग, कुं कुमं पसाहि अंग। —पउमचरिउ ५७-२

परस्पर का वैमनस्य, युधिष्ठिर का जुआ खेलना और पराजित होना, द्रोपदी का चीर हरण, तथा पांडवों के बारह वर्ष के वनवास आदि का विस्तृत वर्णन है।

तृतीय कांड में ६० संधियां हैं कौरव-पांडवों के युद्ध वर्णन में पांडवों की विजय और कौरवों की पराजय आदि का सुन्दर चित्रण किया गया है और उत्तर कांड की २० संधियों में कृष्ण की रानियों के भवांतर, गजकुमारका निर्वाण, द्वीपायन मुनि द्वारा द्वारिका-दाह, कृष्ण-निधन, बलभद्र-शोक, हलधर दीक्षा, जरत्कुमार का राज्य लाभ, पांडवों का गृह-वास, मोह-परित्याग, दीक्षा, तपश्चरण और उपसर्ग सहन, तथा उनके भवांतर आदि का कथन, भगवान नेमिनाथ के निर्वाण के बाद ७७वीं संधि के पश्चात् दिया हुआ है। रिट्ठेणेमिचरिउ की संधि पुष्पिकाओं में स्वयंभू को धवलइया का आश्रित, और त्रिभुवन स्वयंभू को बन्दइया का आश्रित बतलाया है।

मत्स देश के राजा विराट का साला कीचक जिस समय सबके सामने द्रोपदी का अपमान करता हैं। कवि कल्पना द्वारा उसे मूर्तिमान बना देता है।

यम दूत की तरह कीचक ने द्रोपदी का केश-पाश पकड़कर खींचा और उसे लात मारी। यह देख कर राजा युधिष्ठिर मूर्छित हो गए। भीम रोष के मारे वृक्ष की ओर देखने लगे किस तरह मारें। किन्तु युधिष्ठिर ने पैर के अंगूठे से उन्हें मना कर दिया। उधर पुर की नारियां व्याकुल हो कहने लगीं कि इस दग्ध शरीर को धिक्कार है इसने ऐसा जघन्य कार्य क्यों किया? कुलीन नारियों का तो अब मरण ही हो गया, जहां राजा ही दुराचार करता हो वहां सामान्य जन क्या करेंगे?

सो तेण विलक्खी हूवएण, अणुलग्गें जिह जम दूयएण।
विहुरे हि धरेवि चलणेहिं हय, पेक्खंतहं रायहं मुच्छ गय।
मणि रोस पवट्टिय वल्लभ हो, किर देइ दिट्ठ तरु पल्लव हो।
मरु मारमि मच्छु स-मेहुणउं, पट्ठवमि कयंत हो पाहुणउं।
तो तव-सुएण आरुट्ठएण, विणिवारिउ चलणंगुट्ठएण।
ओसारिउ विओयरु सण्णियउ, पुर-वर णरिउ आदण्णियउ।
धि धि दट्ढ सरीरें काइं किउ, कुल-जायहं-जायहं मरणथिउ।
जहि पहु दुच्चारिउ समायरइ, नहिं जण तम्मण्णु काइं करइ।

—संधि २८-७

इसी संधि के १५वें कडवक में द्रोपदी के अपमान से क्रुद्ध भीम का और कीचक का परस्पर बाहु युद्ध (कुश्ती) का वर्णन भी सजीव हुआ है—

रण में कुशल भीम और कीचक दोनों एक दूसरे से भिड़ गए। दोनों ही हजारों युवा हाथियों के समान बल वाले थे। दोनों ही पर्वत के बड़े शिखर के समान लम्बे थे। दोनों ही मेघ के समान गर्जना वाले थे। दोनों ने ही अपने-अपने ओंठ काट रखे थे, उनके मुख क्रोध से तमतमा रहे थे। नेत्र गुंजा (चिरमटी घुंघची) के समान लाल हो गये थे। दोनों के वक्षस्थल आकाश के समान विशाल और दोनों के भुजदंड परिघि के समान प्रचंड थे[३]।

३ "तो भिडिवि परोधप रण कुसल, विण्णि वि णयणाय सहस्स-बल।
विण्णि वि गिरि तुंग-सिंग सिहर, विण्णि वि जल हरख गहिर गिर।
वि ण्णवि दट्टोट्ठ रुठ्ठ वयण, विण्णवि गुंजाहल सम-णयण।
विण्णवि णहयल णिरु-वच्छ थल, विण्णवि परिहोवम-भुज-जुयल। —रिट्ठणेमिचरिउ २८-१५

इस तरह कवि ने शरीर की असारता का दिग्दर्शन करते हुए लिखा है कि मानव का यह शरीर कितना घिनावना और शिराओं-स्नायुओं से बंधा हुआ अस्थियों का एक ढांचा या पोट्टल मात्र है। जो माया और मद रूपी कचरे से सड़ रहा है, मल पुंज है, कृमि-कीटों से भरा हुआ है, पवित्र गंध वाले पदार्थ भी इससे दुर्गन्धित हो जाते हैं, मांस और रुधिर से पूर्ण चर्मवृक्ष से घिरा हुआ है—चमड़े की चादर से ढका हुआ है, दुर्गन्धकारक है, आंतों की यह पोटली और पक्षियों का भोजन है, कलुषता से भरपूर इस शरीर का कोई भी अंग चंगा नहीं है। चमड़ी उतार देने पर यह दुष्प्रेक्ष्य हो जाता है, जल विन्दु तथा सुर धनु के समान अस्थिर और विनश्वर है। ऐसे घृणित शरीर से कौन ज्ञानी राग करेगा ? यह विचार ही ज्ञानी के लिए वैराग्यवर्द्धक है।[1]

कवि परिचय

स्वयंभू कुल से ब्राह्मण थे परन्तु जैनधर्म पर आस्था हो जाने के कारण उनकी उस पर पूरी निष्ठा एवं भक्ति थी। कवि के पिता का नाम मारुतदेव और माता का नाम पद्मिनी था।[2] स्वयं कवि ने अपने छन्द ग्रंथों में मारुतदेव का उल्लेख किया है। बहुत सम्भव है कि वे कवि के पिता ही हों। पुत्र द्वारा पिता की कृति का उल्लिखित होना आश्चर्य की बात नहीं है।

कवि की तीन पत्नियां थीं। आदित्य देवी जिसने अयोध्या कांड लिपि किया था।[3] दूसरी आमि-अव्वा, (अमृताम्बा) जिसने पउमचरिउ के विद्याधरकांड की २० संधियाँ लिखवाई थीं और तीसरी सु-अव्वा, जिसके पवित्र गर्भ से 'त्रिभुवन स्वयंभू' जैसा प्रतिभा सम्पन्न पुत्र उत्पन्न हुआ था, जो अपने पिता समान ही विद्वान् और कवि था।[4] इसके सिवाय अन्य पुत्रादिक का कोई उल्लेख नहीं मिलता। कविवर का शरीर दुबला-पतला और उन्नत था। उनकी नाक चपटी और दांत विरल थे।[5]

कवि स्वयंभू कोशल देश के निवासी थे। जिन्हें उत्तरीय भारत के आक्रमण के समय राष्ट्रकूट राजा ध्रुव का मंत्री रयडा धनंजय मान्यखेट ले गया था। राजा ध्रुव का राज्य काल वि० सं० ८३७ से ८५१ तक रहा है।[6] पउमचरिउ में स्वयंभू देव ने अपने को धनंजय के आश्रित बतलाया है और रिट्ठणे-मिचरिउ में धवलइया के आश्रित। और त्रिभुवन स्वयंभू ने अपने को वंदइया के आश्रित।

धनंजय, धवलइया और वंदइया ये तीनों ही पिता पुत्र आदि के रूप में सम्बद्ध जान पड़ते हैं। उनका कवि के ग्रंथ निर्माण में सहायक रहना श्रुत भक्ति का परिचायक है।

समय-विचार

कवि ने ग्रन्थ में अपना कोई समय नहीं दिया है। परंतु पद्मचरित के कर्ता रविषेण का स्मरण जरूर

---

१. देखो, रिट्ठणेमिचरिउ ५४-११।

२. पउमिणि जणणि गब्भ संभूएं, मारुयएव—रूप-अणुराएं। —पउमचरिउ प्रशस्ति

३. आइच्चु एवि पडिमोवमायें आइच्चम्बियाए।
बीउ अउज्झा-कंडं सयंभू घरिणीय लेहवियं ॥ संधि ४२

४. सव्वे वि सुआ पंजर सुअव्व पडिअक्खराइं सिक्खंति।
कइरा अस्स सुओ सुअव्व-सुइ-गब्भ संभूआ ॥

५. अइ तणुएण पईहर गत्तें छिव्वरणासें पविरल दंतें। —पउम० प्रशस्ति

६. *हिन्दी काव्य-धारा पृ० २३*

किया है। आचार्य रविषेण ने पद्मचरित को वीर निर्वाण सं० १२०३ वि० सं० ७३३ में बनाकर समाप्त किया है। अतः स्वयंभू वि० सं० ७३३ के बाद किसी समय हुए हैं। श्रद्धेय प्रेमी जी ने लिखा है कि—स्वयंभू ने 'रिट्ठणेमिचरिउ' में हरिवंश पुराण के कर्ता पुन्नाट संघीय जिनसेन का उलेख नहीं, किया हो सकता है कि उक्त उल्लेख किसी कारण से छूट गया हो, या उन्हें लिखना स्वयं याद न रहा हो। रिट्ठणेमिचरिउ का ध्यान से समीक्षण करने पर या अन्य सामग्री से अनुसंधान करने पर यह स्पष्ट जरूर हो जाएगा कि ग्रन्थ कर्ता ने उसकी रचना में उसका उपयोग किया या नहीं। भ० यशः कीर्तिके उद्धार काल से पूर्वकी कोई प्रति १५वीं शताब्दी की लिखी हुई कहीं मिल जाय तो उक्त समस्या का हल शीघ्र हो सकता है।

स्वयंभू के पुत्र चिभुवन स्वयंभू ने 'रिट्ठणेमिचरिउ' की १०४वीं संधि में प्राकृत संस्कृत और अपभ्रंश के जो ७० के लगभग पूर्ववर्ती कवियों के नाम गिनाये हैं। उनमें जिनसेनाचार्य और गुणभद्राचार्य का भी नामोल्लेख किया है। उनका उल्लेख निम्न प्रकार है—

देविल, पंचाल, गयन्द, ईश्वर, णील, कंठाभरण, मोहाकलस (मोहकलश) लोलुय (लोलुक) बन्धुदत्त, हरिदत्त, दोल्ल, बाण पिंगल, कलमियंक, कुलचन्द्र, मदनोदर, गौड, श्री संघात, महाकवितुंग, चारुदत्त, रुद्दड, (रुद्रट) रंज्ज, कविल अहिमान, गुणानुराग, दुग्गह, ईसान, इंद्रक, वस्त्रादन, णारायण, महट्ट, सीहप्प, कीर्तिरण, पल्लवकित्ति, गुणिद्ध, गणेश, भासड, पिशुन, गोबिन्द, वेयाल, (वेताल) विसयड, णाग, पण्डणत्त, सुग्रीव, पतंजलि, वरसेन, मल्लिषेण, मधुकर, चतुरानन (चउमुख) सँघसेन, बंकुय, वर्द्धमान, सिद्धसेन, जीव या जीवदेव, दयावरिंद, मेघाल, विलालिय पुण्डरीक, वसुदेव, भीउय कुण्डरीक, दृढ़मति, गृहत्थि, भावक्ष, यक्ष, द्रोण पणभद्र, श्रीदत्त, धर्मसेन, जिनसेन, दिनकर, णाग, धर्म, गुणभद्र, कुशल, स्वयंभूदेव, शीलभद्र, वीरवंदक, सर्वनन्दि, कलिकाभद्र, णागदेव और भवनंदि।[1]

---

१. पह दइ सन्नभाव कइ देविल पंचालं गइंधया।
ईसर णील कंठाभरण मोहाकलस इंधया॥
लोलुय बंधुयत्त हरियत्त दोल्ल वाणाय पिंगला।
दढहड कलमियंक मयणोउर गयउड विक्क दुज्जला॥
सिरि संघाय तुंग महकइ परसेय चारु दत्तया।
बाडा संगु अक्खवहि बंधण रुद्दडरज्ज इंदया॥
वत्थायण वि यह हरि कुटि गुण सुदुव्वि मड्ढया।
णारायण महट्ट सीहप्प कित्ति रणं दियट्ठया॥
कविल गुणाणुराय दुग्गह दीसाणहिमाण अंचया।
जिणयत्त(त्ता) कलंक करविस पल्लव कित्तडि गुणिद्धया।
मण मोहावरुद्ध धम्मीयणार गणेश भासडा॥
पिसुण सुयउ मणेह गोविंदकइ वेयालविसयडा।
णवि णागह पंडणत्त सुग्गीव पडंजलिय वरसेणया॥
करि कण्णय कण्णा संदीस मणोहर मल्लिसेणया।
महुयर मूलहट्ट चउराणण महकइसंघसेणया॥
वेकुय वद्धमाण संघायरियाहिय सिद्धसेणया।
जीददयावरिंद मेघाल विलालिय पुंडरीया॥

इन कवियों में जैन जैनेतर प्राकृत-संस्कृत और अपभ्रंश भाषा के कवि शामिल हैं। जैसे गोविंद, मल्लिषेण, चतुरानन, संघसेन, वर्द्धमान, सिद्धसेन, श्रीदत्त, धर्मसेन, जिनसेन, जिनदत्त, गुणभद्र, स्वयंभूदेव, सर्वनन्दि, नागदेव और भवनन्दि आदि जैन कवि प्रतीत होते हैं। संभव है, इनमें और भी चार-पाँच नाम हों। क्योंकि उनका ग्रंथ परिचादि के बिना ठीक परिज्ञान नहीं होता। इससे यह भी स्पष्ट है कि उनसे पूर्व अनेक कवि अपभ्रंश के भी हो गए थे।

इनमें उल्लिखित गुणभद्राचार्य राष्ट्रकूट राजा कृष्ण द्वितीय के शिक्षक थे। गुणभद्र का समय विक्रम की १०वीं शताब्दी का पूर्वार्ध है। हो सकता है कि स्वयंभू गुणभद्र के समय नहीं रहे हों; किन्तु त्रिभुवन स्वयंभू तो मौजूद थे। इसीसे उन्होंने उनका नामोल्लेख किया है। जिनसेन ने अपना हरिवंशपुराण शक सं० ७०५ वि० सं० ८४० में बनाकर समाप्त किया है। स्वयंभू ने अपना ग्रन्थ जब बनाया उस समय गुणभद्र नहीं होंगे। किन्तु हरिवंशपुराण के कर्ता के समय तक वे अवश्य रहे होंगे। अतः रिट्ठणेमिचरिउ के रचयिता स्वयंभूदेव के समय की पूर्वावधि वि० सं० ८०० और उत्तरावधि वि० सं० ९०० मानने में कोई बाधा नहीं जान पड़ती। इस कारण स्वयंभू विक्रम की ९वीं शताब्दी के विद्वान होने चाहियें। यदि रयडा-धनंजय वाली बात स्वीकृत की जाय, तो राष्ट्रकूट राजा ध्रुव का राज्यकाल वि० सं० ८३७ से ८५१ तक रहा है। इससे भी स्वयंभूदेव का समय विक्रम की ९वीं० शताब्दी का मध्यकाल सुनिश्चित होता है। इससे वे पुन्नाटसंघीय जिनसेन के प्रायः समकालीन जान पड़ते हैं।

कन्नड़ कवि जयकीर्ति ने 'छन्दो-नुशासन' नामक ग्रंथ बनाया है जिसकी हस्तलिखित प्रति सं० ११९२ को जैसलमेर के शास्त्र भंडार में सुरक्षित है। यह ग्रन्थ एच० डी० वेलंकर द्वारा सम्पादित हो चुका है। इस ग्रन्थ में कवि ने स्वयंभू छन्द के 'नन्दिनी' छन्द का उल्लेख किया है। कवि जयकीर्ति का समय विक्रम की दशवीं शताब्दी का पूर्वार्ध या नौवीं शताब्दी का उपान्त्य समय होना चाहिए। क्योंकि दशवीं शताब्दी के कवि असग ने जयकीर्ति का उल्लेख किया है। इस कथन से भी स्वयंभू का समय ९वीं शताब्दी होना चाहिये।

तीसरी और सत्रहवीं प्रशस्तियाँ क्रम से 'सुदंसणचरिउ' और 'सयल विहिविहाणकव्व' नामक ग्रंथों की हैं जिनके कर्ता कवि नयनन्दी हैं। सुदर्शनचरित अपभ्रंश भाषा का एक खण्ड काव्य है, जो महाकाव्यों की श्रेणी में रखने योग्य है। जहाँ उसका चरित भाग रोचक और आकर्षक है वहां वह सालंकार-काव्य-कला की दृष्टि से उच्चकोटि का है कवि ने उसे सरस और निर्दोष बनाने का पूरा प्रयत्न किया है। ग्रंथकार ने स्वयं लिखा है कि रामायण में राम और सीता का वियोग तथा शोकजन्य व्याकुलता के दर्शन होते हैं, और महाभारत में पाण्डव तथा धृतराष्ट्रादि कौरवों के परस्पर कलह एवं मारकाट के दृश्य अंकित

वसुवसुएव खेणाए सरभीउय कुंडरीरया।
दिड़मइ गहत्थि पहुडोवकरुणभावक्ख जक्खया॥
दोणय पणभद्दसि सिरिदत्त धम्म-जिणसेण दक्खया।
दिणयर णाय-धम्म गुणभद्दहि व मुणि सयल वंदया॥
कुसल सयंभूदेव जइसीलहद्द गुरु वीरवंदया।
सुंदर सव्वणंदि साहुव बहुव णिंदया॥
सिरिकलिकालहद्द सिंह इय णागदेव भवणंदिया।

—हरिवंशपुराण १०४वीं संधि, पृ०,३०१ नारयणा प्रति

मिलते हैं। तथा लोकशास्त्र में भी कौलिक, चोर, व्याधे आदि की कहानियां सुनने में आती हैं; किन्तु इस सुदर्शनचरित में ऐसा एक भी दोष नहीं है। जैसा कि उसके निम्न वाक्य से प्रकट है :—

रामो सीय-विओय-सोय-विहुरं संपत्तु रामायणे,
जादं पाण्डव-धायरट्ठ सददं गोत्तं कली-भारहे।
डेडा-कोलिय-चोर-रज्जु-णिरदा आहासिदा सुद्दये,
णो एक्कं पि सुदंसणस्स चरिदे दोसं समुब्भासिदं ॥

कवि ने काव्य के आदर्श को व्यक्त करते हुए लिखा है कि रस और अलंकार से युक्त कवि की कविता में जो रस मिलता है वह न तरुणिजनों के विद्रुम समान रक्त अधरों में, न आम्रफल में, न ईख में, न अमृत में, न हाला (मदिरा) में, न चन्दन में और न चन्द्रमा में ही मिलता है[1]।

प्रस्तुत ग्रन्थ में सुदर्शन के निष्कलंक चरित की गरिमा ने उसे और भी पावन एवं पठनीय बना दिया है। ग्रन्थ में १२ सन्धियां हैं जिनमें सुदर्शन के जीवन परिचय को अंकित किया गया है। परन्तु इस कहाकाव्य में कवि की कथन शैली, रस और अलंकारों की पुट, सरस कविता, शान्ति और वैराग्य रस तथा प्रसंगवश कला का अभिव्यंजन, नायिका के भेद, ऋतुओं का वर्णन और उनके वेष-भूषा आदि का चित्रण, विविध छन्दों की भरमार, लोकोपयोगी सुभाषित[2] और यथास्थान धर्मोपदेशादि का विवेचन इस काव्य-ग्रन्थ की अपनी विशेषता के निर्देशक हैं और कवि की आन्तरिक भद्रता के द्योतक हैं।

प्रस्तुत ग्रंथ में पंचनमस्कार मंत्र का फल प्राप्त करने वाले सेठ सुदर्शन के चरित्र का चित्रण किया गया है। चरितनायक यद्यपि वणिक श्रेष्ठी हैं, तो भी उसका चरित्र अत्यन्त निर्मल तथा मेरुवत् निश्चल है उसका रूप लावण्य इतना चित्ताकर्षक था कि उसके बाहर निकलते ही युवतिजनों का समूह उसे देखने के लिए उत्कंठित होकर मकानों की छतों, द्वारों तथा झरोखों में इकट्ठा हो जाता था; वह कामदेव का कमनीय रूप जो था। साथ ही वह गुणज्ञ और अपनी प्रतिज्ञा के सम्यक्पालन में अत्यन्त दृढ़ था। धर्माचरण करने में तत्पर था, सबसे मिष्टभाषी और मानव जीवन की महत्ता से परिचित था और था विषय-विकारों से विहीन।

ग्रंथ का कथा भाग बड़ा ही सुन्दर और आकर्षक है और वह इस प्रकार है—

अंग देश के चम्पापुर नगर में, जहां राजा धाड़ीवाहन राज्य करता था, वहां वैभव सम्पन्न ऋषभदास सेठ का एक गोपालक (ग्वाला) था जो गंगा में गायों को पार करते समय पानी के वेग से डूब कर मर गया था और मरते समय पंच नमस्कार मंत्र की आराधना के फलस्वरूप उसी सेठ के यहां पुत्र हुआ था। उसका नाम सुदर्शन रक्खा गया। सुदर्शन को उसके पिता ने सब प्रकार से सुशिक्षित एवं चतुर

---

१. णो संजादं तरुणिअहरे विद्दुमारत्तसोहे।
णो साहारे भमिय भमरे णेव पुंडिच्छु डंडे ॥
णो पीयूसे हले खिहिणे चन्दणे णेव चन्दे।
सालंकारे सुकइ भणिदे जं रसं होदि कव्वे ॥

२. करे कंकणु किं आरिसे दीसए ? हाथ कंगन को आरसी क्या ?
एकें हत्थें ताल किं वज्जइ। ताली क्या एक हाथ से बजती है ?
किं मारवि पंचमुगाइज्जइ। ताड़न से क्या पांचवां स्वर गाया जाता है। —सुदंक्षणचरिउ

बना दिया और उसका विवाह सागरदत्त सेठ की पुत्री मनोरमा से कर दिया। अपने पिता की मृत्यु के बाद वह अपने कार्य का विधिवत् संचालन करने लगा। सुदर्शन के रूप की चारों ओर चर्चा थी, उसके रूपवान शरीर को देखकर उस नगर के राजा धाड़ीवाहन की रानी अभया उस पर आसक्त हो जाती है और उसे प्राप्त करने की अभिलाषा से अपनी चतुर पंडिता दासी को सेठ सुदर्शन के यहां भेजती है पंडिता दासी रानी की प्रतिज्ञा सुनकर रानी को पातिव्रत धर्म का अच्छा उपदेश करती है और सुदर्शन की चरित्र-निष्ठा की ओर भी संकेत करती है, किन्तु अभया अपने विचारों से निश्चल रहती है और पण्डिता को उक्त कार्य की पूर्ति के लिए खासतौर से प्रेरित करती है। पंडिता सुदर्शन के पास कई बार जाती है और निराश होकर लौट आती है, पर एक बार वह दासी किसी कपट-कला द्वारा सुदर्शन को राजमहल में पहुंचा देती है। सुदर्शन के राजमहल में पहुँच जाने पर भी अभया अपने कार्य में असफल रह जाती है—उसकी मनोकामना पूरी नहीं हो पाती। इससे उसके चित्त में असह्य वेदना होती है और वह उससे अपने अपमान का बदला लेने पर उतारू हो जाती है, वह अपनी कुटिलता का माया-जाल फैलाकर अपना सुकोमल शरीर अपने ही नखों से रुधिर-प्लावित कर डालती है और चिल्लाने लगती है कि दोड़ो लोगो मुझे बचाओ, सुदर्शन ने मेरे सतीत्व का अपहरण किया है, राजकर्मचारी सुदर्शन को पकड़ लेते हैं और राजा अज्ञानता-वश क्रोधित हो रानी के कहे अनुसार सुदर्शन को सूली पर चढ़ाने का आदेश दे देता है, पर सुदर्शन अपने शीलव्रत की निष्ठा से विजयी होता है—एक देव प्रकट होकर उसकी रक्षा करता है। राजा धाड़ीवाहन का उस व्यन्तर से युद्ध होता है और राजा पराजित होकर तथा सुदर्शन की शरण में पहुँचता है। राजा घटना के रहस्य का ठीक हाल जानकर अपने कृत्य पर पश्चात्ताप करता है और सुदर्शन को राज्य देकर विरक्त होना चाहता है, परन्तु सुदर्शन संसार-भोगों से स्वयं ही विरक्त है, वह दिगम्बर दीक्षा लेकर तपश्चर्या द्वारा कर्मसमूह का विनाशकर मुक्त हो जाता है। सुदर्शन का तपस्वी जीवन बड़ा ही सुन्दर रहा है उसे कवि व्यक्त करने में सफल हुआ है। अभयारानी और पंडिता दासी भी आत्मघात कर मर जाती हैं और वे अपने कर्मानुसार कुगति में जाती हैं। इस तरह इस ग्रंथ में पंच नमस्कार मंत्र के फल की महत्ता अङ्कित की गई है।

कवि ने इस ग्रंथ की रचना अवन्ति देश स्थित धारा नगरी के जिनवर विहार में राजा भोज के राज्यकाल में सं० ११०० में की है।

ग्रंथकर्ता ने ग्रंथ की अन्तिम प्रशस्ति में अपनी गुरु परम्परा का उल्लेख करते हुए जो परम्परा दी है वह ऐतिहासिक दृष्टि से महत्व की वस्तु है। कुन्दकुन्दाचार्य के वंश में पद्मनंदी, विष्णुनन्दी, विश्व-नन्दी, वृषभनन्दी, रामनन्दी, त्रैलोक्यनन्दी, माणिक्यनन्दी का नामोल्लेख किया है, इन्हीं माणिक्यनन्दी के प्रथम विद्या शिष्य नयनन्दी हैं।

दूसरी कृति 'सयल-विही-विहाण' नाम का महाकाव्य है, जो ५८ संधियों में समाप्त हुआ है। परंतु खेद है कि वह अपूर्ण उपलब्ध हुआ है; क्योंकि उसमें १६ संधियां नहीं हैं, वे ग्रन्थ से कैसे त्रुटित हुईं इसके जानने का भी कोई साधन नहीं है। प्रारंभ की दो तीन सन्धियों में ग्रंथ के अवतरण आदि पर प्रकाश डालते हुए १२ वीं से १५ वीं संधि तक मिथ्यात्व के काल मिथ्यात्व और लोक-मिथ्यात्व आदि अनेक मिथ्यात्वों का स्वरूप निर्दिष्ट करते हुए क्रियावादि और अक्रियावादि भेदों का विवेचन किया है। परन्तु खेद है कि १५वीं सन्धि के पश्चात् ३२ वीं सन्धि तक १६ सन्धियां आमेर भण्डार प्रति में नहीं हैं। हो सकता है कि वे लिपि-कर्ता को न मिली हों।

कवि ने इस ग्रंथ में विविध छन्दों का प्रयोग किया गया है उनमें से कुछ छन्दों के नाम मय पत्र नम्बर के निम्न प्रकार हैं—

१. विलासनी, (३२) २. भुजंगप्रिया, (२६) ३. मंजरी, (३०) ४. वंशस्थल, (४४) ५. चन्द्रलेखा (५२) ६. सिंधुरगति, (५८) ७. दोधक, (७४) ८. मौक्तिकमाला, (७७) ९. सगिणी, (८३) १०. पादाकुला, (९६) ११. मदनलीला, (९८) १२. द्विपदी, (९८) १३. विद्युन्माला, (९९) १४. रासाकुलक, (१०२) १५. कुवलयमालिनी, (१०२) १६. तुरंगगति मदन, (१०३) १७. समानिका, (११८) १८. रथोद्धता, (११९) १९. प्रमाणिका, (१७५) २०. नाग कन्या, (१७६) २१, संगीतगंधर्व, (२००) २२. शृंगार, (२००) २३. बालभुजंग ललित, (२०१) २४. अजनिका, (२५०) आदि

इनके अतिरिक्त दोहा, घत्ता, गाहा, दुपदी, पद्धडिया, चौपाई, मदनावतार भुजंगप्रयात आदि अनेक छन्दों का एक से अधिक बार प्रयोग हुआ है। अतएव छन्दशास्त्र की दृष्टि से भी ग्रन्थ अध्ययन, मनन और प्रकाशन के योग्य है। ग्रन्थकी भाषा प्रौढ़ और कविके अपभ्रंश भाषाके साधिकारको सूचित करती है।

कवि ने ग्रन्थ के सन्धि-वाक्य भी पद्य में निबद्ध किये हैं। यथा—

मुणिवर णयणंदी सण्णिबद्धे पसिद्धे, सयल विहिविहाणे एत्थ कव्वे सुभव्वे।
समवसरणसंसि सेणिए संपवेसो, भणिउ जण मणुज्जो एस संधी तिइज्जो ॥३॥

ग्रंथ की ३२ वीं सन्धि में मद्य-मांस-मधु के दोष उदंबरादि पंचफलों के त्याग का विधान और फल बतलाया है। ३३ वीं सन्धि में पंच अणुव्रतों की विशेषताओं का उल्लेख है और उनमें प्रसिद्ध पुरुषों के आख्यान भी यथा स्थान दिए गए हैं शेष सन्धियों में भी इसी तरह का कथन किया गया है। ५६ वीं संधि के अन्त में सल्लेखना (समाधिमरण) का स्पष्ट उल्लेख है और विधि में आचार्य समन्त भद्र के कथन-क्रम को अपनाया गया है। इस तरह ग्रन्थ में गृहस्थोपयोगी व्रतों का सुन्दर विधान किया गया है।

ग्रन्थ की दूसरी संधि में अंबाइय और कंचीपुर का उल्लेख किया है। अनन्तर वल्लभराज का भी उल्लेख किया है, जिसने दुर्लभ जिन प्रतिमाओं का निर्माण कराया था और जहां पर रामनन्दी, जयकीर्ति और महाकीर्ति प्रधान थे[1]। आगे कवि ने रामनन्दी को आचार्य प्रकट किया है। और रामनन्दी के शिष्य बालचन्द्र ने नयनन्दी से कहा कि सकलविधिविधान काव्य अविशेषित है। कवि ने उसे कुछ दिनों के बाद बनाना प्रारम्भ किया था; क्योंकि किसी कारण विशेष से कवि का चित्त उद्विग्न था, चित्त की अस्थिरता में ऐसे महाकाव्य का निर्माण कैसे सम्भव हो सकता है ? उद्विग्नता दूर होनेपर ही प्रस्तुत ग्रन्थ का निर्माण किया गया है।

ग्रन्थ की आद्य प्रशस्ति ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यन्त मूल्यवान् है, कवि ने ग्रन्थ बनाने में प्रेरक मुनि हरिसिंह का उल्लेख करते हुए अपने से पूर्ववर्ती जैन जैनेत्तर और कुछ सम सामयिक विद्वानों का भी नामोल्लेख किया है—वररुचि, वामन, कालिदास, कौतूहल, बाण, मयूर जिनसेन वादरायण, श्रीहर्ष, राजशेखर, जसचन्द्र, जयराम, जयदेव, पादलिप्त पिंगल, वीरसेन, सिंहनन्दी, सिंहभद्र, गुणभद्र, समन्तभद्र, अकलंक,

---

१. अंबाइय कंचीपुर विरत्त, जहि भमइ भव्य भत्तिहि पसत्त।
जहिं बल्लभराएं बल्लहेण, कराविउ कित्तण दुल्लहेण।
जिणि पडिमा लंकिउ गच्छुमाणु, णं केण वियंभिउ सुरविमाणु।
जहिं रामणंदि गुणमणि-णिहाणु, जयकित्ति महाकित्ति वि पहाणु।
—सयलविहिविहाण काव्य सन्धि २

रुद्र गोविन्द, दण्डी, भामह, माघ, भरत, चउमुह, स्वयंभू, पुष्पदन्त, श्रीचन्द्र प्रभाचन्द्र, और श्रीकुमार जिन्हें सरस्वतीकुमार भी कहते थे।

इन कवियों में जिनसेन, जयराम, वीरसेन, सिंहनन्दी, सिंहभद्र, गुणभद्र, समन्तभद्र, अकलंक, गोविंद, चउमुह, स्वयंभू, पुष्पदन्त, श्रीचन्द्र, प्रभाचन्द्र और श्रीकुमार ये १५ कवि जैन हैं। वे जिनसेन से पुष्पदन्त तक सभी कवि ग्रंथ कर्ता से पूर्ववर्ती हैं और शेष सम सामयिक। इनमें जयराम वही प्रतीत होते हैं जो प्राकृत धर्मपरीक्षा के कर्ता थे और जिनका उल्लेख बुधहरिषेण ने सं० १०४४ में रचीजाने वाली धर्म परीक्षा में किया। श्रीचन्द्र प्रभाचंद्र श्रीकुमार और हरिसिंह मुनि सम समयवर्ती हैं।

इस तरह कवि ने ग्रंथ में बहुमूल्य सामग्री संकलित की है, कथनशैली चित्ताकर्षक है। संसार की असारता और मनुष्य की उन्नति अवनति का हृदयग्राही वर्णन किया है और बतलाया है कि जब एक ही दिन में सूर्य जैसे पराक्रमी को भी उदय, उपरिगमन और पतन इन तीन अवस्थाओं का अनुभव करना पड़ता है, तब अन्य का क्या कहना। यौवन, धनादि सब अस्थिर हैं।

यथा—उयय चडणं पडणं तिण्णि वि ठाणाइं इक्क दिणहंमि।
सूरस्स य एसगई अण्णस्स य केत्तियं थामं।

कवि नयनन्दी अपने समय के उच्चकोटि के कवि थे, और अपभ्रंश के छन्दों के मर्मज्ञ के। ग्रंथ की महत्ता का अन्दाज उसके अध्ययन से लगता है।

कवि ने ग्रंथ-प्रशस्ति में लिखा है कि वराड या वराट देश में प्रसिद्ध कीर्ति, लक्ष्मी और सरस्वती से मनोहर वाट ग्राम के महान महल शिखर में जिणिंद विराजमान हैं जिनकी कांति से चन्द्र-सूर्य भी लज्जित हो गए हैं। जहां पर जिनागम का उत्सव सम्पन्न होता था और वहीं पर वीरसेन जिनसेन ने धवला और जयधवला टीकाओं का निर्माण किया था, वहां ही पुंडरीक कवि धनंजय हुए थे[1]।

कवि-परिचय

प्रस्तुत कवि नयनन्दी कुन्दकुन्दान्वय की परम्परा के विद्वान थे। त्रैलोक्यनन्दि के प्रशिष्य और माणिक्यनंदि के प्रथम विद्या शिष्य थे, माणिक्यनंदि दर्शन शास्त्र के प्रकाण्ड पंडित थे। उन्हीं से नयनंदि ने अध्ययन किया था। इनके दीक्षा गुरु कौन थे और वह कहां के निवासी थे, इनका जीवन-परिचय क्या है ? इसे कवि ने ही नहीं दिया है। परंतु कवि काव्य-शास्त्र में निष्णात थे, साथ ही संस्कृत प्राकृत और अपभ्रंश भाषा के विशिष्ट विद्वान् थे। छन्द शास्त्र के भी परिज्ञानी थे। कवि ने धारा नगरी में ही अध्ययन किया था और वहीं रहते हुए परमारवंशी राजा जयसिंह के राज्य में वि० सं० ११०० में सुदर्शन चरित की

१. वर वराडदेसे पसिद्धए, कित्ति-लच्छि सरसइ-मणोहरे।
वाडगामि महि महिल सेहरे, जहिं जिणिंद-हर पह-पराजिया।
चंद-सूर णेह जंत लज्जिया, तहिं जिणागमुच्छव अलेवहिं।
वीरसेण-जिणसेण देवहि, णामधवल जयधवल सय।
महाबंध तिण्णि सिद्धंत सिव-पहा, विरइऊण भवियहं सुहाविया।
सिद्ध-रमणि-हाराव दाविया पुंडरीउ जहिं कवि धणंजउ।
—सकल विधि विधान प्रशस्ति

रचना की थी। उसके बाद किसी समय सकलविधिविधान की रचना की गई है। प्रस्तुत ग्रंथ ५८ संधियों का था किन्तु उसके मध्य की १६ सन्धियाँ अनुपलब्ध हैं। कवि ने अन्य किन ग्रन्थों की रचना की, यह कुछ ज्ञात नहीं हो सका। इन्होंने विविध देशों में भ्रमण कर जैनधर्म का भी प्रचार किया था। कवि ने अपनी गुरु परम्परा का उल्लेख सुदंसण चरिउ में किया है, जिसे उस ग्रंथ का परिचय देते समय दे दिया है।

चौथी प्रशस्ति 'पार्श्व पुराण'की है, जिसके कर्त्ता कवि पद्मकीर्ति हैं। प्रस्तुत ग्रंथ में १८ संधियांहैं। संधियों में कडवकों की संख्या निश्चित नहीं है, उदाहरणार्थ चौथी-पांचवीं संधि में बारह-बारह कडवक हैं। तो चउदहवीं संधि में ३० कडवक दिये हैं। जिनमें जैनियों के तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जीवन-परिचय अङ्कित किया गया है। वे अन्तिम तीर्थंकर वर्द्धमान (महावीर) से ढाई सौ वर्ष पूर्व हुए हैं। और ऐतिहासिक महापुरुष थे। उनकी ऐतिहासिकता को ऐतिहासिक विद्वानों ने स्वीकार कर लिया है। ग्रन्थ में अन्य सब कथन परम्परा के अनुकूल ही किया गया है।

हां, कवित्व की दृष्टि से छठी, दशवीं और ग्यारहवीं संधियां उल्लेखनीय हैं। छठी संधि में ग्रीष्म काल और उसमें होने वाली जलक्रीड़ा, वर्षा काल और हेमन्त आदि का सुन्दर वर्णन दिया हुआ है। दसवीं संधि में सूर्यास्त, रजनी और चन्द्रोदय आदि का कथन द्रष्टव्य है। ग्यारहवीं संधि में युद्धादि का वर्णन भी चित्तार्षक हुआ है। भाषा में अनुरणनात्मक शब्दों का प्रयोग भी यत्र-तत्र हुआ देखने में आता है और जो स्वाभाविक है। मात्रिक छन्दों के अतिरिक्त भुजंगप्रयात, स्रग्विणी आदि वर्णिक छन्द भी प्रयुक्त हुये हैं। ११वीं संधि के प्रत्येक कडवक के प्रारम्भ में पहले एक दुवई और फिर उसके बाद दोहय या दोहे का प्रयोग भी किया गया है[1]। एक व्यक्ति विशेष के परिचय की मुख्यता इसे खण्ड-काव्य कहा जाता है। पर उसमें महाकाव्यत्व की क्षमता भी दृष्टिगत होती है।

कवि ने इस ग्रन्थ को वि० सं० ९९९ में कार्तिक की अमावस्या के दिन बनाकर समस्त किया है[2]।

ग्रंथकर्त्ता ने अपनी गुरु परम्परा निम्न रूप से व्यक्त की है। भूमण्डल में प्रसिद्ध माथुरगच्छ के विद्वान चन्द्रसेन नाम के ऋषि हुए। उनके शिष्य, महायती कामजयी माधवसेन हुए। उनके शिष्य जिनसेन हुए, और उनके शिष्य उक्त पद्मकीर्ति या पद्मसेन हैं। जिन्होंने इस ग्रन्थ को 'भमिया पुहमी' जिनालय में बैठकर बनाया था। ग्रन्थ अभी तक अप्रकाशित है। ग्रन्थ की श्लोक संख्या २३२३ बतलाई गई है।

५वीं प्रशस्ति 'धर्म परीक्षा' की है जिसके कर्त्ता कवि हरिषेण हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में ११ संधियां और २३८ कडवक हैं। जिसे कवि ने बुध सिद्धसेन के प्रसाद से बनाया था। ग्रन्थ में मनोवेग और पवनवेग का रोचक सम्वाद दिया हुआ है। ग्रंथ का कथानक मनोरंजक है, और वह पौराणिक कथानकों के अविश्वसनीय असम्बद्ध चरित्र चित्रण से भरा हुआ है और उन आख्यानों को असंगत बतलाते हुए जैनधर्म के प्रति आस्था उत्पन्न की गई है; किन्तु उनमें स्मृत-पुराण-ग्रन्थों के मूल वाक्यों का कोई उल्लेख नहीं है। ग्रन्थ की

---

१. चडि वि महारहि भउ सहिउ, वइरिपमाण मयंदु।
अहि मुह चल्लिउ परबलहो सण्णज्झे वि णरेंदु ॥११-१

२. णवसय णउ बा णुइये कत्तियमासे अमावसी दिवसे।
लिहियं पासपुराणं कइणा इह पउम णामेण ॥

भाषा अपभ्रंश हैं। कवि ने संसार की असारता का सुन्दर वर्णन किया है[1] और बतलाया है कि—संसार असार है, कोई कभी दुख नहीं चाहता, सभी सुख चाहते हैं। संसार में धन धान्यादि कोई भी वस्तु इस जीवन के साथ नहीं जाती, कुटुम्बीजन स्मशान भूमि तक अवश्य जाते हैं, किन्तु धर्म अधर्म जीव के साथ परलोक में भी जाते हैं, दुःख सुख भी साथ जाते हैं। ऐसा विचारकर मानसिक संताप को दूर कर, जिससे शुभ गति मिले ऐसा, प्रयत्न करना चाहिए।

ग्रन्थ की आद्य प्रशस्ति में कवि ने अपने से पूर्वती ३ कवियों—चतुर्मुख, स्वयंभू और पुष्पदन्त का नामोल्लेख किया है। प्रस्तुत ग्रन्थ काष्ठासंघ के आचार्य अमितगति की धर्मपरीक्षा से, जो वि० सं० १०७० में संस्कृत में रची गई है, उससे यह ग्रन्थ २६ वर्ष पूर्व बना है। डा० एन० उपाध्याय ने इस सम्बन्ध में विशेष प्रकाश डाला है[2]।

कवि परिचय

कविवर हरिषेण मेवाड़ देश में स्थित चित्रकूट (चित्तौड़) के निवासी थे। इनका वंश धक्कड़ या या धर्कट था, जो उस समय प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित था। इस वंश में अनेक कवि हुए हैं। इनके पिता का नाम गोवर्द्धन और माता का नाम गुणवती था, यह किसी कारणवश चित्रकूट को छोड़कर (अचलपुर) में रहने लगे थे। और वहां उन्होंने अपने से पूर्व बनी हुई जयराम की प्राकृत गाथा बद्ध धर्म परीक्षा को देख कर वि० सं० १०४४ में पद्धडिया छन्द में धर्मपरीक्षा नाम का ग्रन्थ बनाया था[3]।

छठवीं प्रशस्ति 'जंबू स्वामी चरित' की है। जिसके कर्ता कवि वीर हैं। इस ग्रन्थ का दूसरा नाम 'शृङ्गार वीर महाकाव्य' है[4]। कवि ने इस नाम को ग्रन्थ की प्रत्येक संधि-पुष्पिकाओं में व्यक्त किया है और ग्रंथ को महाकाव्य भी सूचित किया है। ग्रन्थ में ११ संधियां अथवा अध्याय हैं। जिनमें 'जंबूस्वामी के चरित का चित्रण किया है। चरित्र चित्रण करते हुए कवि ने महाकाव्यों में विहित रस और अलंकारों का सरस वर्णन करके ग्रन्थ को अत्यन्त आकर्षक और पठनीय बना दिया है। कथा पात्र भी उत्तम हैं, जिनके जीवन-परिचय से ग्रन्थ की उपयोगिता की अभिवृद्धि हुई है। शृंगार रस, वीर रस और शान्त रस का यत्र-तत्र विवेचन दिया हुआ है। कहीं कहीं शृंगारमूलक वीर रस है। ग्रंथ में अलंकारों का चयन दो प्रकार का पाया जाता है एक चमत्कारिक, दूतरा स्वाभाविक। प्रथम का उदाहरण निम्न प्रकार है।

---

१. भणिउ ताम संसार असारए, कोवि ण कासु वि दुह—गरु पारए।
मुय मणुएँ सहु अत्थु ण गच्छइ, समणु मसाणु जार मणु मच्छइ।
धम्माहम्मु णवरु अणुलग्गउ, गच्छइ जीवहु सुह-दुह-संगउ।
इय जाणे वि ताय दाणुल्लउ, चिंतिउ नइ सुपत्ते अइ भल्लउ।
इट्ठकेउ णिय-मणि झाइज्जइ। सुह-गइ-गमणु जेण पाविज्जइ।

२. देखो हरिषेण की धम्मपरिक्खा, एनल्स आफ भंडारकर ओरियंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट पूना भा० २३ पृ० ५७२-६०८

३. विक्कम णिय परिवत्तिय कालए, गणए वरिस सहस चउतालए।
इउ उप्पण्णु भवियजण सुहयरु डंभरहिय धम्मासय सायरु॥
—धर्मपरीक्षा पूना वाली प्रति।

४. इय जंबूसामिचरिए सिंगारवीरे महाकव्वे महाकइ देवयत्त सुय 'वीर' विरइये सामि उप्पत्ती कुमार-विजय नाम चउत्थी संधी समत्तो।

'भारह-रण-भूमिव स-रहभीस[1], हरिअज्जुण[2] णाउलसिहंडिदीस ।
गुरु[3] आसत्थाम कलिंगचार, गयगज्जिर[4] ससर महीससार ॥
लंकाणयरी व स-रावणीय[5], चंदणपहिं[6] चार कलहावणीय ।'
सपलास[7] सकंचण अक्खघट्ट, स विहीसण[8] कइकुल फल रसट्ट ॥

इन पद्यों में विंध्याटवी का वर्णन करते हुए श्लेष प्रयोग से दो अर्थ ध्वनित होते हैं—स रह—रथ सहित और एक भयानक-जीव हरि—कृष्ण और सिंह, अर्जुन और वृक्ष, नहुल और नकुल जीव, शिखंडि और मयूर आदि ।

स्वाभाविक विवेचन के लिए पांचवीं संधि से शृंगार मूलक वीर रस का उदाहरण निम्न प्रकार है—केरलनरेश मृगांक की पुत्री विलासवती को रत्नशेखर विद्याधर से संरक्षित करने के लिए जंबू कुमार अकेले ही युद्ध करने जाते हैं । युद्ध वर्णन में कवि ने वीर के स्थायीभाव 'उत्साह' का अच्छा चित्रण किया है । पीछे मगध के शासक श्रेणिक या बिम्बसार की सेना भी सजधज के साथ युद्धस्थल में पहुँच जाती है, किन्तु जम्बू कुमार अपनी निर्भय प्रकृति और असाधारण धैर्य के साथ युद्ध करने को प्रोत्तेजन देने वाली वीरोक्तियां भी कहते हैं तथा अनेक उदात्त भावनाओं के साथ सैनिकों की पत्नियां भी युद्ध में जाने के लिए उन्हें प्रेरित करती हैं । युद्ध का वर्णन कवि के शब्दों में यों पढ़िए ।

'अक्क मियंक सक्क कंपावणु, हा मुय सीयहे कारणे रावणु ।
दलियदप्प दप्पिय मइमोहणु, कवणु अणत्थु पत्तु दोज्जोहणु ।
तुज्झु ण दोसु वइव किउ धावइ, अणउ करंतु महावइ पावइ ।
जिह जिह दंड करंविउ जंपइ, तिह तिह खेयरु रोसहिं कंपइ ।
घट्ट कंठ सिरजालु पलित्तउ, चंडगंड पासेय पसित्तउ ।
दट्ठाहरु गुंजज्जलुलोयणु, पुरुदुरंतणासउड भयावणु ।
पेक्खेवि पहु सरोसु सण्णामहि, वुत्तु वओहरू मंतिहिं तामहिं ।
अहो अहा हूयहूय सासस गिर, जंपइ चावि उद्दण्ड गब्भिउ किर ।
अण्णाहो जीहएह कहो वग्गए, खयर वि सरिस णरेस हो अग्गए ।

---

१. रथसमन्विता भीसा भयानका, विंध्याटवीपक्षे सरभैरष्टापदैर्भयानका ।
२. वासुदेवादयः दृश्याः, विंध्याट्व्यां हरिः सिंहः, अर्जुनो वृक्षविशेषः वकुलः प्रसिद्धः शिखंडी मयूरः ।
३. भारतरण-भूमौ गुरुः द्रोणाचार्यः तत्पुत्रः अश्वत्थामा, कलिंगा कलिंग देशाधिपतिः राजा एतेषां चारा श्रेष्टाः विंध्याटव्यां गुरुः महान्, अस्वत्थः पिप्पलः आमः आद्रः कलिंगवल्यचारः वृक्ष विशेषाः ।
४. भारतरणभूमौ गजगर्जित ससरबाण समन्विताः महीसाः राजानः तैः सारः भवंति, विंध्याटव्यां तु गजगर्जितः ससरा सरोवरसमन्विताः महीससारा महिषा सारा यस्यां ।
५. रावण सहिता पक्षे रयणवृक्ष सहिता ।
६. लंकानगरी चन्द्रनखा चारेण चेष्टा विशेषेण कलहकारिणी पक्षे चन्दनवृक्षविशेषैः मनोज्ञलघुहस्तिभिर्युक्ता ।
७. पलासैः राक्षसैः युक्ता सकांचन अक्षयकुमारो रावणपुत्र तेन युक्ता, पक्षे पलासवृक्ष सकांचन मदनवृक्ष अक्ष विभीतिक वृक्षा ते तक्का यत्र ।
८. लंकानगरी विभीषणेन कपीनां वानराणां कुलैः समन्विता, फलानि रसाढ्यानि यत्र-नानाभयानकानां वानराणां संघातैः फलरसढ्या च ।

भणइ कुमारू एहु रइ लुद्धउ, वसणा महण्णवि तुम्महि छुद्धउ।
रोसन्ते रिउहि यच्छु वि ण सुणइ, कज्जाकज्ज बलाबलु ण मुणइ।'

प्रस्तुत ग्रन्थ की भाषा बहुत प्रांजल, सुबोध,सरस और गम्भीर अर्थ की प्रतिपादक है और इसमें पुष्पदन्तादि महाकवियों के काव्य-ग्रन्थों की भाषा के समान ही प्रौढ़ता और अर्थगौरव की छटा यत्र-तत्र दृष्टिगोचर होती है।

जम्बूस्वामी अन्तिम केवली हैं। इसे दिगम्बर-श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदाय निर्विवाद रूप से मानते हैं और भगवान महावीर के निर्वाण से जम्बूस्वामी के निर्वाण तक की परम्परा भी उभय सम्प्रदायों में प्रायः एक-सी है, किन्तु उसके बाद दोनों में मतभेद पाया जाता है[1]। जम्बूस्वामी अपने समय के ऐतिहासिक महापुरुष हुए हैं। वे काम के असाधारण विजेता थे। उनके लोकोत्तर जीवन की पावन झांकी ही चरित्र-निष्ठा का एक महान आदर्श रूप जगत को प्रदान करती है। इनके पवित्रतम उपदेश को पाकर ही विद्युच्चर जैसा महान् चोर भी अपने चोरकर्मादि दुष्कर्मों का परित्याग कर अपने पाँच सौ योद्धाओं के साथ महान् तपस्वियों में अग्रणीय तपस्वी हो जाता है और व्यंतरादि कृत महान् उपसर्गों को ससंघ साम्यभाव से सहकर सहिष्णुता का एक महान् आदर्श उपस्थित करता है।

उस समय मगध देश का शासक राजा श्रेणिक था, जिसे बिम्बसार भी कहते हैं। उसकी राजधानी 'रायगिह' (राजगृह) कहलाती थी, जिसे वर्तमान में लोग राजगिर के नामसे पुकारते हैं। ग्रन्थकर्ता ने मगधदेश और राजगृह का वर्णन करते हुए, और वहां के राजा श्रेणिक का परिचय देते हुए, उसके प्रतापादि का जो संक्षिप्त वर्णन किया है, उसके तीन पद्य यहां दिये जाते हैं—

'चंड भुजदंड खंडिय पयंडमंडलियमंडली वि सड्ढें।
धारा खंडण भीयव्व जयसिरी वसइ जस्स खग्गंके ॥१॥
रे रे पलाह कायर मुहइं पेक्खइ न संगरे सामी।
इय जस्स पयावद्घोसणाए विहडंति वइरिणो दूरे ॥२॥
जस्स रक्खिय गोमडलस्स पुरुसुत्तमस्स पद्धाए।
के केसवा न जाया समरे गय पहरणा रिउणो ॥३॥

अर्थात् जिनके प्रचंड भुजदंड के द्वारा प्रचंड मांडलिक राजाओं का समूह खंडित हो गया है, (जिसने अपनी भुजाओं के बल से मांडलिक राजाओं को जीत लिया है) और धारा-खंडन के भय से ही मानो जयश्री जिसके खड्गाङ्क में बसती है।

राजा श्रेणिक संग्राम में युद्ध से संत्रस्त कायर पुरुषों का मुख नहीं देखते, रे, रे कायर पुरुषो ! भाग जाओ'—इस प्रकार जिसके प्रताप वर्णन से ही शत्रु दूर भाग जाते हैं। गोमन्डल (गायों का समूह) जिस तरह पुरुषोत्तम विष्णु के द्वारा रक्षित रहता है। उसी तरह यह पृथ्वीमंडल भी पुरुषों में उत्तम राजा श्रेणिक के द्वारा रक्षित रहता है, राजा श्रेणिक के समक्ष युद्ध में ऐसे कौन शत्रु-सुभट हैं, जो मृत्यु को प्राप्त नहीं हुए, अथवा जिन्होंने केशव (विष्णु) के आगे आयुध रहित होकर आत्म समर्पण नहीं किया।'

१. दिगम्बर जैन परम्परा में जम्बूस्वामी के पश्चात् विष्णु, नन्दीमित्र, अपराजित, गोवर्द्धन और भद्रबाहु ये पांच श्रुत केवली माने जाते हैं, किन्तु श्वेताम्बरी परम्परा में प्रभव, शय्यंभव, यशोभद्र, आर्यसंभूतिविजय, और भद्रबाहु इन पांच श्रुतकेवलियों का नामोल्लेख पाया जाता है। इनमें भद्रबाहु को छोड़कर चार नाम एक दूसरे से बिल्कुल भिन्न हैं।

ग्रन्थ का कथा भाग बहुत ही सुन्दर, सरस और मनोरंजक है और कवि ने उसे काव्योचित सभी गुणों का ध्यान रखते हुए उसे पठनीय बनाने का यत्न किया है उसका संक्षिप्त सार इस प्रकार है—

कथासार

जम्बूद्वीप के भरत-क्षेत्र में मगध नामका देश है उसमें श्रेणिक नाम का राजा राज्य करता था। एक दिन राजा श्रेणिक अपनी सभा में बैठे हुए थे कि वनमाली ने चलकर विपुलाचल पर्वत पर महावीर स्वामी के समवसरण आने की सूचना दी। श्रेणिक सुनकर हर्षित हुआ और उसने सेना आदि वैभव के साथ भगवान का दर्शन करने के लिए प्रयाण किया। श्रेणिक ने समवसरण में पहुंचने से पूर्व ही अपने समस्त वैभव को छोड़ कर पैदल समवसरण में प्रवेश किया और वर्द्धमान भगवान को प्रणाम कर धर्मोपदेश सुना। इसी समय एक तेजस्वी देव आकाश मार्ग से आता हुआ दिखाई दिया। राजा श्रेणिक द्वारा इस देव के विषय में पूछे जाने पर गौतम स्वामी ने बतलाया कि इसका नाम विद्युन्माली है और यह अपनी चार देवांगनाओं के साथ यहाँ वन्दना करने के लिए आया है। यह आज से ७वें दिन स्वर्ग से चयकर मध्यलोक में उत्पन्न होकर उसी मनुष्य भव से मोक्ष प्राप्त करेगा। राजा श्रेणिक ने इस देव के विषय में विशेष जानने की अभिलाषा व्यक्त की, तब गौतम स्वामी ने कहा कि—'इस देश में वर्द्धमान नाम का एक नगर है। उसमें वेदघोष करने वाले, यज्ञ में पशुबलि देनेवाले, सोमपान करने वाले, परस्पर कटु वचनों का व्यवहार करने वाले, अनेक ब्राह्मण रहते थे। उनमें अत्यन्त गुणज्ञ एक ब्राह्मण-दम्पत्ति श्रुतकण्ठ आर्यवसु रहता था। उसकी पत्नी का नाम सोमशर्मा था। उनसे दो पुत्र हुए थे। भवदत्त और भवदेव। जब दोनों की आयु क्रमशः १८ और १२ वर्ष हुई, तब आर्यवसु पूर्वोपार्जित पापकर्म के फल-स्वरूप कुष्ट रोग से पीड़ित हो गया और जीवन से निराश होकर चिता बनाकर अग्नि में जल मरा। सोम-शर्मा भी अपने प्रिय विरह से दुःखित होकर चिता में प्रवेश कर परलोकवासिनी हो गई। कुछ दिन बीतने के पश्चात् उस नगर में 'सुधर्म' मुनिका आगमन हुआ। मुनि ने धर्म का उपदेश दिया, भवदत्त ने धर्म का स्वरूप शान्त भाव से सुना, भवदत्त का मन संसार में अनुरक्त नहीं होता था, अतः उसने आरम्भ परिग्रह से रहित दिगम्बर मुनि बनने की अपनी अभिलाषा व्यक्त की। और वह दिगम्बर मुनि हो गया। और द्वादश-वर्ष पर्यन्त तपश्चरण करने के पश्चात् भवदत्त एक बार संघ के साथ अपने ग्राम के समीप पहुंचा। और अपने कनिष्ठ भ्राता भवदेव को संघ में दीक्षित करने के लिए उक्त वर्धमानग्राम में आया। उस समय भव-देव का दुर्मर्षण और नागदेवी की पुत्री नागवसु से विवाह हो रहा था। भाई के आगमन का समाचार पाकर भवदेव उससे मिलने आया, और स्नेहपूर्ण मिलन के पश्चात् उसे भोजन के लिये घर में ले जाना चाहता था परन्तु भवदत्त भवदेव को अपने संघ में ले गया और वहां मुनिवर से साधु दीक्षा देने को कहा। भवदेव असमंजस में पड़ गया, क्योंकि उसे विवाह कार्य सम्पन्न करके विषय-सुखों का आकर्षण जो था, किन्तु भाई की उस सदिच्छा का अपमान करने का उसे साहस न हुआ। और उपायान्तर न देख प्रवज्या (दीक्षा) लेकर भाई के मनोरथ को पूर्ण किया, और मुनि होने के पश्चात् १२ वर्ष तक संघ के साथ देश-विदेशों में भ्रमण करता रहा। एक दिन अपने ग्राम के पास से निकला। उसे विषय-चाह ने आकर्षित किया और वह अपनी स्त्री का स्मरण करता हुआ एक जिनालय में पहुंचा, वहां उसने एक अर्जिका को देखा, उससे उन्होंने अपनी स्त्री के विषय में कुशल वार्ता पूंछी। अर्जिका ने मुनि के चित्त को चलायमान देखकर उन्हें धर्म में स्थिर किया और कहा कि वह आपकी पत्नी मैं ही हूँ। आपके दीक्षा समाचार मिलने पर मैं

भी दीक्षित हो गई थी। भवदेव पुनः छेदोपस्थापना पूर्वक संयम का अनुष्ठान करने लगा। अन्त में दोनों भाई मरकर सनत्कुमार नामक स्वर्ग में देव हुए और सात सागर की आयु तक वहाँ वास किया।

भवदत्त स्वर्ग से चयकर पुण्डरीकिनी नगरी में वज्रदन्त राजा के घर सागरचन्द नाम का और भवदेव वीतशोका नगरी के राजा महापद्म चक्रवर्ती की वनमाला रानी के शिवकुमार नाम का पुत्र हुआ। शिवकुमार का १०५ कन्याओं से विवाह हुआ, करोड़ों उनके अंगरक्षक थे, जो उन्हें बाहर नहीं जाने देते थे। पुण्डरीकिनी नगरी में चारण मुनियों से अपने पूर्व जन्म का वृत्तान्त सुनकर सागरचन्द्र ने देह-भोगों से विरक्त हो मुनिदीक्षा ले ली। त्रयोदश प्रकार के चारित्र का अनुष्ठान करते हुए वे भाई को सम्बोधित करने वीतशोका नगरी में पधारे। शिवकुमार ने अपने महलों के ऊपर से मुनियों को देखा, उसे पूर्वजन्म का स्मरण हो आया, उसके मन में देह-भोगों से विरक्तता का भाव उत्पन्न हुआ, उससे राजप्रासाद में कोलाहल मच गया। और उसने अपने माता-पिता से दीक्षा लेने की अनुमति मांगी। पिता ने बहुत समझाया और कहा कि घर में ही तप और व्रतों का अनुष्ठान हो सकता है, दीक्षा लेने की आवश्यकता नहीं, पिता के अनुरोध-वश कुमार ने तरुणीजनों के मध्य में रहते हुए भी विरक्त भाव से नव प्रकार से ब्रह्मचर्यव्रत का अनुष्ठान किया। और दूसरों से भिक्षा लेकर तप का आचरण किया। और आयु के अन्त में वह विन्द्युन्माली नाम का देव हुआ। वहां दस सागर की आयु तक चार देवांगनाओं के साथ सुख भोगता रहा। अब वही विद्यु-न्माली यहां आया था जो सातवें दिन मनुष्य रूप से अवतरित होगा। राजा श्रेणिक ने विद्युन्माली की उन चार देवागनाओं के विषय में पूछा। तब गौतम स्वामी ने बताया कि चंपा नगरी में सूरसेन नामक सेठ की चार स्त्रियाँ थीं जिनके नाम थे जयभद्रा, सुभद्रा और यशोमती। वह सेठ पूर्वसंचित पाप के उदय से कुष्ट रोग से पीड़ित होकर मर गया, उसकी चारों स्त्रियाँ अर्जिकाएँ हो गईं और तप के प्रभाव से वे स्वर्ग में विद्युन्माली की चार देवियां हुईं।

पश्चात् राजा श्रेणिक ने विद्युच्चर के विषय में जानने की इच्छा व्यक्त की। तब गौतम स्वामी ने कहा कि मगध देश में हस्तिनापुर नामक नगर के राजा विसन्धर और श्रीसेना रानी का पुत्र विद्युच्चर नाम का था। वह सब विद्याओं और कलाओं में पारंगत था एक चोर विद्या ही ऐसी रह गई थी जिसे उसने न सीखा था। राजा ने विद्युच्चर को बहुत समझाया, पर उसने चोरी करना नहीं छोड़ा। वह अपने पिता के घर में ही पहुंच कर चोरी कर लेता था और राजा को सुषुप्त करके उसके कटिहार आदि आभूषण उतार लेता था। और विद्याबल से चोरी किया करता था। अब वह अपने राज्य को छोड़कर राजगृह नगर में आ गया, और वहां कामलता नामक वेश्या के साथ रमण करता हुआ समय व्यतीत करने लगा। गौतम गणधर ने बतलाया कि उक्त विद्युन्माली देव राजगृह नगर में अर्हद्दास नाम श्रेष्ठिका पुत्र होगा जो उसी भव से मोक्ष प्राप्त करेगा।

यह कथन हो ही रहा था कि इतने में एक यक्ष वहां आकर नृत्य करने लगा। राजा श्रेणिक ने उस यक्ष के नृत्य करने का कारण पूछा। तब गौतम स्वामी ने बतलाया कि यह यक्ष अर्हद्दास सेठ का लघु भ्राता था। यह सप्तव्यसन में रत था। एक दिन जुए में सब द्रव्य हार गया और उस द्रव्य को न दे सकने के कारण दूसरे जुआरियों ने उसे मार-मारकर अधमरा कर दिया। सेठ अर्हद्दास ने उसे अन्त समय नम-स्कार मन्त्र सुनाया, जिसके प्रभाव से वह मर कर यक्ष हुआ। यक्ष सुनकर हर्ष से नृत्य कर रहा है कि उसके भाई सेठ अर्हद्दास के अन्तिम केवली का जन्म होगा।

ग्रन्थ-निर्माण में प्रेरक

इस ग्रन्थ की रचना में किनकी प्रेरणा को पाकर कवि प्रवृत्त हुआ है, उसका परिचय ग्रन्थकार ने निम्न रूप से दिया है :—

मालव देश में धक्कड़ या धर्कट[1] वंश के तिलक महासूदन के पुत्र तक्खडु श्रेष्ठी रहते थे। यह ग्रन्थकार के पिता महाकवि देवदत्त के परम मित्र थे। इन्होंने ही वीर कवि से जंबू स्वामीचरित के निर्माण करने की प्रेरणा की थी और तक्खडु श्रेठी के कनिष्ठ भ्राता भरत ने उसे अधिक संक्षिप्त और अधिक रूप से न कहकर सामान्य कथा वस्तु को ही कहने का आग्रह अथवा अनुरोध किया था और तक्खडु श्रेठी ने भरत के कथन का सर्थन किया था और इस तरह ग्रन्थकर्ता ने ग्रन्थ बनाने का उद्यम किया।

ग्रन्थकार

इस ग्रन्थ के कर्ता महाकवि वीर हैं, जो विनयशील विद्वान और कवि थे। इनकी चार स्त्रियाँ थीं। जिनवती, पोमावती, लीलावती और जयादेवी तथा नेमचन्द्र नाम का एक पुत्र भी था[2]। महाकवि वीर विद्वान और कवि होने के साथ-साथ गुणग्राही न्याय-प्रिय और समुदार व्यक्ति थे। उनकी गुणग्राह-कता का स्पष्ट उल्लेख ग्रन्थ की चतुर्थ सन्धि के प्रारम्भ में पाये जाने वाले निम्न पद्य से मिलता है :—

अगुणा ण मुणंति गुणं गुणिणो न सहंति परगुणे दट्ठुं।
वल्लहगुणा वि गुणिणो विरला कइ वीर-सारिच्छा॥

अर्थात्—"अगुण अथवा निर्गुण पुरुष गुणों को नहीं जानता और गुणीजन दूसरे के गुणों को भी नहीं देखते—उन्हें सहन भी नहीं कर सकते, परन्तु वीर-कवि के सदृश कवि विरले हैं, जो दूसरे गुणों को समादर की दृष्टि से देखते हैं।"

कवि ने अपनी लघुता व्यक्त करते हुए लिखा है कि—"सुकवित्त करणमणवावडेण" १-३। इसमें कवि ने अपने को काव्य बनाने के अयोग्य बतलाया है। फिर भी कवि ने अपनी सामर्थ्यानुसार काव्य को सरस और सालंकार बनाने का यत्न किया है और कवि उसमें सफल हुआ है।

कवि का वंश और माता-पिता

कविवर वीर के पिता गुडखेड देश के निवासी थे और इनका वंश अथवा गोत्र 'लालबागड' था।

---

१. यह वंश १०वीं, ११वीं और १२वीं शताब्दियों में खूब प्रसिद्ध रहा। इस वंश में दिगम्बर-श्वेताम्बर दोनों ही संप्रदायों की मान्यता वाले लोग थे। दिगम्बर सम्प्रदाय के कई दिगम्बर विद्वान् ग्रन्थकार इस वंश में हुए हैं जैसे भविष्यदत्त पंचमीकथा के कर्ता कवि धनपाल, और धर्मपरीक्षा के कर्ता हरिषेण ने अपनी धर्मपरीक्षा वि० सं० १०४४ में बनाकर समाप्त की थी। अतः यह धर्कट या धक्कड़ वंश इससे भी प्राचीन जान पड़ता है। देलवाडा के वि० सं० १२८७ के तेजपाल वाले शिलालेख में भी धर्कट या धक्कड़ जाति का उल्लेख है।

२. जाया जस्स मणिट्ठा जिणवइ पुणो बीया।
लीलावइत्ति तइया पच्छिम भज्जा जयादेवी॥८॥
पढमकलत्तं गरुहो संताण कयत्त विडवि पा रोहो।
विणयगुणमणिणिहाणो तणओ तह णेमिचन्दोत्ति॥९॥

—जंबूस्वामीचरित प्रशस्ति

यह वंश काष्ठासंघ की एक शाखा है[1]। इस वंश में अनेक दिगम्बराचार्य और भट्टारक हुए हैं, जैसे जयसेन, गुणाकारसेन, और महासेन[2] तथा सं० ११४५ के दूबकुण्ड वाले शिलालेख में उल्लिखित देवसेन आदि। इससे इस वंश की प्रतिष्ठा का अनुमान किया जा सकता है। इनके पिता का नाम देवदत्त था। यह 'महा-कवि' विशेषण से भूषित थे और सम्यक्त्वादि गुणों से अलंकृत थे। और उन्हें सरस्वति देवी का वर प्राप्त था। उन्होंने पद्धड़िया छन्द में 'वरांग-चरित' का उद्धार किया था। और कविगुणों को अनुरंजित करने वाली वीर कथा, तथा 'अम्बादेवीचर्चरीरास' नाम की रचना बनाई थी, जो ताल और लय के साथ गाई जाती थी, और जिन चरणों के समीप नृत्य किया जाता था। जैसा कि कवि के निम्न वाक्यों से प्रकट है :—

"सिरिलाडवग्गुतहिविमलजसु, कइदेवयत्तुनिव्वुढ्यकसु
बहुभावहिं जे वरंगचरिउ, पद्धडिया बंधे उद्धरिउ।
कविगुण-रस-रंजिय विउससह, वित्थारिउ सुद्दयवीरकहा
तच्चरिय बंधि विरइउ सरसु, गाइज्जइ संतिउ तारूजसु
नच्चिज्जइ जिणपयसेवयहिं किउ रासउ अम्बादेवयहिं।
सम्मत्त महाभरधुरधरहो, तहो सरसइदेवि लद्धवरहो॥"

कविवर देवदत्त की ये सब कृतियां इस समय अनुपलब्ध हैं, यदि किसी शास्त्र भण्डार में इनके अस्तित्व का पता चल जाय, तो उससे कई ऐतिहासिक गुत्थियों के सुलझने की आशा है कविवर देवदत्त की ये सब कृतियाँ सम्भवतः १०५० या इसके आस-पास रची गई होंगीं, क्योंकि उनके पुत्र वीर कवि सं० १०७६ के ग्रन्थ में उनका उल्लेख कर रहे हैं। अतः इनकी खोज का प्रयत्न होना चाहिए, सम्भव है प्रयत्न करने पर किसी शास्त्र भण्डार में उपलब्ध हो जायं। वीर कवि की माता का नाम 'सन्तु' अथवा 'सन्तुव' था, जो शीलगुण से अलंकृत थी। इनके तीन लघु सहोदर और थे जो बड़े ही बुद्धिमान् थे और जिनके नाम 'सीहल्ल' लक्खणंक, और जसई थे, जैसा कि प्रशस्ति के निम्न पद्यों से प्रकट है :—

जस्स कइ-देवयत्तो जणयो सच्चरियलद्धमाहप्पो।
सुहसीलसुद्धवंसो जणणी सिरि संतुआ भणिया॥ ६॥
जस्स य पसण्णवयणा लहुणो सुमइ-ससहोयरा तिण्णि।
सीहल्ल लक्खणंका जसइ णामेत्ति विक्खाया॥ ७॥

चूंकि कविवर वीर का बहुतसा समय राज्यकार्य, धर्म, अर्थ और काम की गोष्ठी में व्यतीत होता था, इसलिए इन्हें इस जम्बूस्वामी चरित नामक ग्रन्थ के निर्माण करने में पूरा एक वर्ष[3] का समय लग गया

१. काष्ठासंघो भुवि ख्यातो जानन्ति नृसुरासुराः।
तत्र गच्छाश्चत्वारो राजन्ते विश्रुता क्षितौ॥
श्रीनन्दितटसंज्ञश्च माथुराबागडाभिधः।
लाड बागड इत्येते विख्याता क्षितिमण्डले॥
—पट्टावली भ० सुरेन्द्रकीर्ति

२. देखो, महासेन प्रद्युम्नचरित प्रशस्ति जैन ग्रंथ प्रशस्ति संग्रह प्रथम भाग वीरसेवा मन्दिर से प्रकाशित।

३. बहुरायकज्जधम्मत्थकाम गोट्ठी विहत्तसमयस्य।
वीरस्स चरियकरणे इक्को संवच्छरो लग्गो॥ —जंबू० च० प्र०

था। कवि 'वीर' केवल कवि ही नहीं थे, बल्कि भक्तिरस के भी प्रेमी थे इन्होंने मेघवन[1] में पत्थर का एक विशाल जिनमन्दिर बनवाया था और उसी मेघवन पट्ट में वर्द्धमान जिनकी विशाल प्रतिमा की प्रतिष्ठा भी की थी[2]। कवि ने प्रशस्ति में मन्दिर-निर्माण और प्रतिमा-प्रतिष्ठा के संवतादि का कोई उल्लेख नहीं किया। फिर भी इतना तो निश्चित ही है कि जम्बू-स्वामि-चरित ग्रंथ की रचना से पूर्व ही उक्त दोनों कार्य सम्पन्न हो चुके थे।

पूर्ववर्ती विद्वानों का उल्लेख

ग्रन्थ में कवि ने अपने से पूर्ववर्ती निम्न विद्वान कवियों का उल्लेख किया है, शान्ति कवि[3] होते हुए भी वादीन्द्र थे और जयकवि[4] जिनका पूरा नाम जयदेव मालूम होता है, जिनकी वाणी अदृष्ट अपूर्व अर्थ में स्फुरित होती है।

यह जयकवि वही मालूम होते हैं, जिनका उल्लेख जयकीर्ति ने अपने छन्दोनुशासन में किया है[5]। इनके सिवाय, स्वयंभूदेव, पुष्पदन्त और देवदत्त का भी उल्लेख किया है[6]।

ग्रन्थ का रचनाकाल

भगवान महावीर के निर्वाण के ४७० वर्ष पश्चात् विक्रम काल की उत्पत्ति होती है और विक्रम-काल के १०७६ वर्ष व्यतीत होने पर माघ शुक्ला दशमी के दिन इस जम्बूस्वामी चरित्र का आचार्य परम्परा से सुने हुए बहुलार्थक प्रशस्त पदों में संकलित कर उद्धार किया गया है जैसा कि ग्रन्थप्रशस्ति के निम्न पद्य से प्रकट है:—

---

१ प्रयत्न करने पर भी 'मेघवन' का कोई विशेष परिचय उपलब्ध नहीं हो सका।

२ सो जयउ कई वीरो वीरजिणंदस्स कारियं जेण।
पाहाणमयं भवणं विइरूद्देसेण मेहवणे ॥१०॥
इत्थेवदिणे मेहवणपट्टणे वड्ढमाण जिणपडिमा।
तेणा वि महाकइणा वीरेण पयट्टिया पवरा ॥४॥
जम्बूस्वामी-चरित प्र०

३ संति कई वाई विहु वण्णुक्करिसेसु फुरियविण्णाणो।
रस-सिद्धि संचयत्थो विरलो वाई कई एक्को ॥४॥

४ विजयन्तु जए कइणो जाणंवाणं अइट्ठ पुव्वत्थे।
उज्जोइय धरणियलो साहइ वट्टिव्व णिव्ववडई ॥४॥
जम्बूस्वामी-चरित प्रशस्ति

५ माण्डव्य-पिंगल-जनाश्रय-सेतवाख्य,
श्रीपूज्यपाद-जयदेव बुधादिकानाम्।
छन्दांसि वीक्ष्य विविधानपि सत्प्रयोगान्
छन्दोनुशासनमिदं जयकीर्तिनोक्तम् ॥
—जैसलमेर-भण्डार ग्रन्थसूची

६ संते सयंभू एए वे एक्को कइत्ति विम्हि पुणु भणिया।
जायम्मि पुप्फयंते तिण्णि तहा देवयत्तम्मि ॥
—देखो, जंबूस्वामिचरित, संधि ५ का आदिभाग।

वरिसाण सयचउक्के सत्तरिजुते जिणेंदवीरस्स।
णिव्वाणा उववण्णा विक्कमकालस्स उप्पत्ती ॥१॥
विक्कमणिवकालाओ छाहत्तर दससएसु वरिसाणं।
माहम्मि सुद्धपक्खे दसमी दिवसम्मि संतम्मि ॥२॥
सुणियं आयरिय परंपराए वीरेण वीरणिद्दिट्ठं।
बहुलत्थ पसत्थपयं पवरमिणं चरियमुद्धरियं ॥३॥

इस प्रकार यह ग्रन्थ जीवन-परिचय के साथ-साथ अनेक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व्यक्तियों के उल्लेखों और उनके सामान्य परिचयों से परिपूर्ण है। इसमें भगवान महावीर और उनके समकालीन व्यक्तियों का परिचय उपलब्ध होता है, जो इतिहासज्ञों और अन्वेषण-कर्त्ताओं के लिए बड़ा ही उपयोगी होगा।

ग्रन्थ का लिपि समय

यह ग्रन्थ-प्रति भट्टारक महेन्द्र कीर्ति अम्बेर या आमेर (जयपुर) के शास्त्रभंडार की है, जो पहले किसी समय जयपुर राज्य की राजधानी थी। इस प्रति की लेखक-प्रशस्ति के तीन ही पद्य उपलब्ध हैं; क्योंकि ७६वें पत्र से आगे का ७७ वां पत्र उपलब्ध नहीं है; उन पद्यों में से प्रथम व द्वितीय पद्य में प्रतिलिपि स्थान का नाम-निर्देश करते हुए 'झुंझुना' के उत्तुंग जिन-मंदिरों का भी उल्लेख किया है और तृतीय पद्य में उसका लिपि समय विक्रम संवत् १५१६ मगसिर शुक्ला त्रयोदशी बतलाया है, जिससे यह प्रति पांच सौ वर्ष के लगभग पुरानी जान पड़ती है। इस ग्रन्थ प्रति पर एक छोटा सा टिप्पण भी उपलब्ध है जिसमें उसका मध्यभाग कुछ छूटा हुआ है[1]।

सातवीं और आठवीं प्रशस्तियां 'कथाकोष और रयणकरण्डसावयायार (रत्नकरण्डश्रावकाचार) की हैं, जिनके रचयिता कवि श्रीचन्द्र हैं। इन्होंने अपने को 'मुनि' 'पंडित' और 'कवि' विशेषणों के साथ उल्लेखित किया है। इनकी दोनों कृतियों के नाम ऊपर दिये गये हैं। उनमें प्रथम कृति कथा कोष है, जिसमें विविध व्रतों के अनुष्ठान द्वारा फल प्राप्त करने वालों की कथाओं का रोचक ढंग से संकलन किया गया है। ग्रंथ के प्रारम्भ में मंगल और प्रतिज्ञा वाक्य के अनंतर ग्रंथकार कहते हैं कि मैंने इस ग्रंथ में वही कहा है जिसे गणधरने राजा श्रेणिक या बिम्बसार से कहा था, अथवा शिवकोटि मुनीन्द्र ने भगवती आराधना में जिस तरह उदाहरणस्वरूप अनेक कथाओं के संक्षिप्त रूप प्रस्तुत किए हैं। उसी तरह गुरुक्रम से और सरस्वती के प्रसाद से मैं भी अपनी बुद्धि के अनुसार कहता हूँ। मूलाराधना में स्वर्ग और अपवर्ग के सुख साधन का—अथवा धर्म, अर्थ, काम और मोक्षरूप पुरुषार्थ चतुष्टयका—गाथाओं में जो अर्थ प्ररूपित किया गया है, उसी अर्थ को मैं कथाओं द्वारा व्यक्त करूँगा; क्योंकि सम्बन्ध विहीन कथन गुणवानों को रस प्रदान नहीं

---

१ मन्ये वयं पुण्यपुरी बभाति, सा झुंझणेति प्रकटी बभूव।
प्रोत्तुंगतन्मंडन-चैत्यगेहाः सोपानवद्दृश्यति नाकलोके ॥१॥
पुरस्सराराम जलप्रकूपा हर्म्याणि तत्रास्ति रतीव रम्याः।
दृश्यन्ति लोका घनपुण्यभाजो ददातिदानस्य विशालशाला ॥२॥
श्री विक्रमार्केन गते शताब्दे षडेक पंचैक सुमार्गशीर्षे।
त्रयोदशीया तिथिसर्वशुद्धाः श्री जंबूस्वामीति च पुस्तकोऽयं ॥३॥

करता, अतएव गाथाओं का प्रकट अर्थ कहता हूं तुम सुनो[1]। ग्रन्थकार ने देह-भोगों की असारता को व्यक्त करते हुए ऐन्द्रिक सुखों को सुखाभास बतलाया है। साथ ही धन, यौवन और शारीरिक सौंदर्य वगैरह को अनित्य बतलाकर मन को विषय-वासना के आकर्षण से हटने का सुन्दर एवं शिक्षाप्रद उपदेश दिया है और जिन्होंने उनको जीतकर आत्म-साधना की है उनकी कथा वस्तु ही प्रस्तुत ग्रन्थ का विषय है।

अणहिलपुर में प्रसिद्ध प्राग्वाट कुल में समुत्पन्न सज्जनोत्तम सज्जन नाम का एक श्रावक था, जो धर्मात्मा था और मूलराजनृपेन्द्रकी गोष्ठी में बैठता था। अपने समय में वह धर्म का एक आधार था, उसका कृष्ण नाम का एक पुत्र था, जो धर्म कर्म में निरत, जन शिरोमणी और दानादिद्वारा चतुर्विध संघ का संपोषक था। उसकी 'राणू' नामक साध्वी पत्नी से तीन पुत्र और चार पुत्रियां उत्पन्न हुई थीं। इसी कृष्ण श्रावक की प्रेरणा से कवि ने उक्त कथाकोष बनाया था। प्रस्तुत ग्रंथ विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी में बनाया गया था।

कवि श्रीचन्द्र ने अपना यह कथा ग्रन्थ मूलराज नरेश के राज्य काल में समाप्त किताथा। इतिहास से ज्ञात होता है कि मूलराज सोलंकी ने सं० ९९८ में चावडा वंशीय अपने मामा सामंतसिंह (भूयड़) को मार कर राज्य छीन लिया[2] और स्वयं गुजरात की राजधानी पाटन (अणहिलवाड़े) की गद्दी पर बैठ गया, इसने वि० संवत् १०१७ से १०५२ तक राज्य किया है[3]। मध्य में इसने धरणीवराह पर भी चढाई की थी, तब उसने राष्ट्रकूट राजा धवल की शरण ली, ऐसा धवल के वि० सं० १०५३ के शिलालेख से स्पष्ट है[4]। मूलराज सोलंकी राजा भीमदेव का पुत्र था, उसके तीन पुत्र थे, मूलराज क्षेमराज और कर्ण। इनमें मूल-राज का देहान्त अपने पिता भीमदेव के जीवन काल में ही हो गया था और अन्तिम समय में क्षेमराज को राज्य देना चाहा; परन्तु उसने स्वीकार नहीं किया, तब उसने लघु पुत्र कर्ण को राज्य देकर सरस्वती नदी

---

१. गणहरहो पयासिउ जिणवइणा,
सेणियहो आसि जिह गणवइणा ॥
सिवकोडि मुणिंदि जेमजए, कह कोसु कहिउ पंचम समए।
तिह गुरु कमेण अहमविकहमि, नियबुद्धि विसेसु नेव रहमि।
महु देवि सरासइ सम्मुहिया, संभवउ समत्थु लोय महिया।
आमण्णहो मूलाराहणहें, सग्गापवग्गासुसाहणहें।
गाहं सरियाउ सुसोहणउ, बहु कहउ अत्थि रंजिय जणउ।
धम्मत्थकाम मोक्खासयउ, गाहासु जासु संठियउ तउ।
ताणत्थं भणिऊणपुरउ, पुणु कहमि कहाउ कयायरउ।
घत्ता—संबंध विहूणु सव्वुवि जाणरसु न देइ गुणवन्त हँ।
तेणिय गाहाउ पयडिवि ताउ कहम कहाउ सुणंत हँ।

२. यं मूलादुद मूल यद गुरु बलः श्रीमूलराजोनृपो,
दर्पान्धो धरणी बराहन्टपतिं यद्व द्वि (द् द्वि) पः पादपम्।
आयातं भुवि कांदि शीकमभिको यस्तं शरण्यो दधौ,
दंष्ट्रायामिवरूढ़ महिमा को लो मही मण्डलम् ॥ —एपि ग्राफ़िया इंडिका जि० १ पृ० २१

३. देखो, राजपूताने का इतिहास दूसरा संस्करण भा० १, पृ० २४१

४. देखो, राजपूताने का इतिहास प्रथम जिल्द दूसरा सं० पृ० १९२

के तट पर स्थित मंडूकेश्वर में तपश्चरण करने लगा। अतः श्रीचन्द्र ने अपना यह कथाकोष वि० सं० १०५२ में या उसके एक दो वर्ष पूर्व ही बनाया होगा। जिससे ग्रंथ का विषय स्पष्ट हो गया है।

आठवीं प्रशस्ति 'रत्नकरण्ड श्रावकाचार की है' जो स्वामी समन्तभद्र के रत्नकरण्डक नामक उपासकाध्ययन रूप गंभीर कृति का व्याख्यान मात्र है। कवि ने इस आधार ग्रंथ को २१ संधियों में विभाजित किया है। जिसकी आनुमानिक श्लोक संख्या चार हजार चार सौ अट्ठाईस बतलाई गई है। कथन को पुष्ट करने के लिए अनेक उदाहरण और कथाओं को प्रस्तुत किया गया है।

प्रशस्ति में हरिनन्दि मुनीन्द्र, समन्तभद्र, अकलंक, कुलभूषण पाद पूज्य (पूज्यपाद) विद्यानन्दि, अनन्तवीर्य, वरषेण, महामति वीरसेन, जिनसेन, विहंगसेन, गुणभद्र, सोमराज, चतुर्मुख, स्वयंभू, पुष्पदंत श्रीहर्ष, और कालिदास नाम के पूर्ववर्ती विद्वानों का उल्लेख किया गया है।

इस श्रावकाचार को कवि ने संवत् ११२३ में कर्ण नरेन्द्र के राज्यकाल में श्रीबालपुर में पूर्ण केया था[५]। यह कर्ण देव वही कर्णदेव ज्ञात होते हैं जो राजा भीमदेव के लघु पुत्र थे और जिनका राज्य काल 'प्रबन्ध चिन्तामणि' के कर्त्ता मेरूतुंग के अनुसार सं० ११२० से ११५० तक उन्नीसवर्ष आठ महीना और इक्कीस दिन माना जाता है। इन दोनों ग्रन्थों के अतिरिक्त कवि की अन्य रचनाएँ अन्वेषणीय हैं।

कवि परिचय

कवि श्रीचन्द्र कुंदकुंदान्वय देशीगण के आचाय सहस्रकीर्ति के प्रशिष्य थे और सहस्रकीर्ति के(देव-द, वासवमुनि, उदयकीर्ति, शुभचंद्र और वीरचंद्र इन) पांच शिष्यों में से यह वीरचंद्र अंतिम शिष्य थे। न पांचों का समय भी प्रायः सहस्रकीर्ति के सम सामयिक होना चाहिए। सहस्रकीर्ति के गुरु का नाम श्रुति-र्ति और श्रुतिकीर्ति के शिष्य श्रीकीर्ति थे। इनका समय विक्रम की ११वीं शताब्दी के मध्य भाग से लेकर रहवीं शताब्दी का पूर्वार्ध है।

८वीं प्रशस्ति 'रयणकरण्डसावयायार' (रत्नकरण्डश्रावकाचार) की है जिसका परिचय सातवीं ग्रस्ति के साथ दिया गया है।

९वीं प्रशस्ति 'सुकमाल चरिउ' की है, जिसके कर्त्ता कवि विबुध श्रीधर हैं। प्रस्तुत ग्रंथ में छह धेयाँ और २२४ कड़वक हैं, जिनमें सुकमाल स्वामी का जीवन-परिचय दिया हुआ है। कवि ने सुकमाल पूर्वजन्म का वृत्तान्त देते हुए लिखा है कि वे पहले जन्म में कौशाम्बी के राजा के राजमंत्री पुत्र थे और का नाम वायुभूति था, उन्होंने रोष में आकर अपनी भाभी के मुख में लात मारी थी, जिससे कुपित हो ने निदान किया था कि मैं तेरी इस टांग को खाऊंगी। अनन्तर अनेक पर्यायें धारण कर जैनधर्म के ाव से उज्जैनी में सेठ-पुत्र हुए थे, वे बाल्यावस्था से ही अत्यन्त सुकुमार थे, अतएव उनका नाम सुकमाल ख़ा गया। पिता पुत्र का मुख देखते ही दीक्षित हो गया और आत्म-साधना में लग गया। माता ने बड़े ा से पुत्र का लालन-पालन किया और उसे सुन्दर महलों में रख कर सांसारिक भोगोपभोगों में अनुरक्त ा। उसकी ३२ सुन्दर स्त्रियां थीं, जब उसकी आयु अल्प रह गई, तब उसके मामा ने, जो साधु थे, ा के पीछे जिन मंदिर में चातुर्मास किया और अन्त में स्तोत्र पाठ को सुनते ही सुकमाल का मन देह-ादि से विरक्त हो गया और वह एक रस्सी के सहारे महल से नीचे उतरा और जिन मंदिर में जाकर राज को नमस्कार कर प्रार्थना की कि भगवन् आत्म-कल्याण का मार्ग बताइये। उन्होंने कहा कि तेरी तीन दिन की शेष रह गई है। अतः शीघ्र ही आत्म-साधना में तत्पर हो। सुकमाल ने जिनदीक्षा और प्रायोपगमन संन्यास लेकर कठोर तपश्चरण किया। वे शरीर से जितने सुकोमल थे, उपसर्ग-

× × ×

रहवउ रहहु गयहु गउ धाविउ, धाणुक्कहु धाणुक्कु परायउ।
तुरउ तुरंग कुखग्ग विहत्थउ, असिवक्खरहु लग्गुभय चत्तउ।
वज्जहिं गहिर तूर हयहिंमहि, गुलुगुलंत गयवर बहु दीसहिं॥

—संधि ८६—१०

२. देखो, हरिवंश पुराण प्रशस्ति।

परीषहों के जीतने में वे उतने ही कठोर थे। वन में समाधिस्थ थे, एक श्यालनी ने अपने बच्चे सहित आकर उसके दाहिने पैर को खाना शुरू किया और बच्चेने बायें पैर को, उन्होंने उस अमित कष्ट को शांतिसे बारह भावनाओं का चिन्तन करते हुए सहन किया और सर्वार्थसिद्धि में देव हुए। ग्रंथ का चरित भाग बड़ा ही सुन्दर है।

कवि ने यह ग्रंथ बलडइ (अहमदाबाद) गुजरात नगर के राजा गोविन्दचन्द्र के काल में साहूजी के सुपुत्र पुरवाड कुलभूषण कुमार की प्रेरणा से बनाया है। राजा गोबिन्दचन्द्र कौन थे और उन्होंने कितने वर्ष राज्य किया है, यह अभी अज्ञात है। हां, कवि ने ग्रन्थ की प्रत्येक सन्धि के शुरू में संस्कृत पद्यों में कुमार की मंगल कामना की है और बतलाया है कि वे जिनेन्द्रभक्त थे, संसार के देह-भोगों से विरक्त थे, उन्हें दान देने का ही एक व्यसन था और विद्वानों में प्रीति थी, इस तरह वह जितेन्द्रियकुमार जयवन्त रहें[1] और प्रस्तुत ग्रन्थ कवि ने उक्त कुमार के ही नामांकित किया है। कवि ने ग्रन्थमें नारी के स्वरूप-चित्रण में परम्परागत उपमानों का ही प्रयोग किया है। कथन-शैली रोचक और प्रवाह युक्त है।

कवि श्रीधर ने ग्रन्थ प्रशस्ति में अपना कोई परिचय प्रस्तुत नहीं किया, जिससे उनकी गुरु परम्पर का उल्लेख किया जा सके। किन्तु कवि ने लिखा है कि बलडइ ग्राम के जिनमंदिर में पोमसेण (पद्मसेन नाम के मुनि अनेक शास्त्रों का व्याख्यान करते थे। श्रीधर ने इस ग्रन्थ को वि० सं० १२०८ (सन् ११५१ में मगशिर कृष्णा तृतीया के दिन समाप्त किया है।

१० वीं प्रशस्ति 'हरिवंस पुराण' की है, जिसके कर्ता कवि धवल हैं। इस ग्रन्थ में जैनियों के २ वें तीर्थंकर यदुवंशी भगवान नेमिनाथ की जीवन-गाथा अंकित की गई है, साथ ही महाभारत के पात्र कौर और पाण्डव एवं श्रीकृष्ण आदि महापुरुषों का भी जीवन चरित्र १२२ संधियों में दिया हुआ है। जिस महाभारत काल का ऐतिहासिक परिचय सहज ही मिल जाता है। ग्रंथ की रचना प्रधानतः अपभ्रंश भा के 'पज्झटिका' और अलिल्लह' छन्द में हुई है। तथापि उसमें पद्धड़िया, सोरठा, घत्ता, जाति, नाशिन विलासिनी और सोमराजी आदि छन्दों का भी स्पष्ट प्रयोग हुआ है। काव्य की दृष्टि से ग्रन्थ के कितने वर्णन सजीव हैं। रसों में शृंगार, वीर, करुण और शान्त रसों के अभिव्यंजक अनेक स्थल दिए हुए हैं श्रीकृष्ण और कंस के युद्ध का वर्णन भी सजीव हुआ है।

'महा चंड चित्ता भडा छिण्ण गत्ता, धनुबाणहत्था सकुंता समत्था।
पहारंति सूराण भज्जंति धीरा, सरोसा सतोसा सहासा सआसा ॥—संधि ९०, ४

प्रचण्ड चित्तवाले योद्धाओं के गात्र टूक-टूक हो रहे हैं, और धनुषबाण हाथ में लिए हुए भा चलाने में समर्थ सूर प्रहार कर रहे हैं, परन्तु क्रोध, सन्तोष, हास्य और आशा से युक्त धीर वीर ये विचलित नहीं हो रहे हैं। युद्ध की भीषणता से युद्ध स्थल विषम हो रहा है, सैनिकों की मारो मारो ध्वनि से आकाश गूंज रहा है—रथ वाला रथवाले की ओर, अश्व वाला अश्व वाले की ओर, और ग गज की ओर दौड़ रहा, धानुष्क वाला धानुष्क वाले की ओर झपट रहा है, वाद्य जोर से शब्द कर रहे

१. *भक्तिर्यस्य जिनेन्द्रपाद युगले धर्मे मतिः सर्वदा।*
वैराग्यं भव-भोगबन्धविषये वांछाजिनेशागमे ॥
सद्दाने व्यसने गुरौ विनयिता प्रीतिर्बुधाः विद्यते,
स श्रीमान्जयताज्जितेन्द्रियरिपुः श्रीमत्कुमाराभिधः ॥ —सुकमालचरिउ ३—१

घोड़े हिनहिना रहे हैं और हाथी चिंघाड़ रहे हैं[1] । इस तरह युद्ध का सारा वर्णन ही सजीव है।

संसार की नश्वरता का वर्णन भी द्रष्टव्य है।

'सबल राज्य तत्क्षण नष्ट हो जाता है, अत्यधिक धन से क्या किया जाय। राज्य भी धनादि से हीन, और बचे खुचे जनसमूह अत्यधिक दीनतापूर्ण वर्तन करते हुए देखे जाते हैं। सुखी बान्धव पुत्र कलत्र, मित्र सदा किसके बने रहते हैं, जैसे उत्पन्न होते हैं वैसे ही मेघ वर्षा से जल के बुलबुलों के समान विनष्ट हो जाते हैं और फिर चारों दिशाओं में अपने अपने निवास स्थान को चले जाते हैं। जिस तरह पक्षी रात्रि में एक जगह इकट्ठे हो जाते हैं और फिर चारों दिशाओं में अपने-अपने निवास स्थान को चले जाते हैं, अथवा जिस प्रकार बहुत से पथिक (नदी पार करते हुए) नौका पर मिल जाते हैं, फिर अपने अभीष्ट स्थान को चले जाते हैं। इसी तरह इष्ट प्रियजनों का समागम थोड़े समय के लिए होता है। कभी धन आता और कभी दारिद्र्य, स्वप्न समान भोग आते और नष्ट हो जाते हैं, फिर भी अज्ञानी जन इनका गर्व करते हैं, जिस यौवन के साथ जरा (बुढ़ापे) का सम्बन्ध है उससे किसको सन्तोष हो सकता है ? ७ (—संधि ६१—७)

ग्रन्थकार का जहां लौकिक वर्णन सजीव है, वहां वीर रस का शान्त रस में परिणत हो जाना भी चित्ताकर्षक है ग्रंथ पठनीय और प्रकाशन के योग्य है। इसकी प्रतियां कारंजा जयपुर और दिल्ली के पंचायती मंदिर में है, परन्तु दिल्ली की प्रति अपूर्ण है।

ग्रंथ की आद्य प्रशस्ति में कवि ने अपने से पूर्ववर्ती कवियों का उल्लेख निम्न प्रकार किया है[2]।

कवि चक्रवर्ती वीरसेन सम्यक्त्व युक्त प्रमाण ग्रन्थ विशेष के कर्ता, देवनंदी (जैनेन्द्र व्याकरण कर्ता) वज्रसूरि प्रमाण ग्रन्थ के कर्ता, महासेन का सुलोचना ग्रन्थ, रविषेण का पद्मचरित, जिनसेन का हरिवंश पुराण, जटिल मुनि का वरांगचरित, दिनकरसेन का अनंगचरित, पद्मसेन का पार्श्वनाथ चरित अंबसेन की अमृताराधना, धनदत्त का चन्द्रप्रभचरित, अनेक चरित ग्रन्थों के रचयिता विष्णुसेन, सिंहनन्दि की अनुप्रेक्षा, नरदेव का णवकार मंत्र, सिद्धसेन का भविक विनोद, रामनंदि के अनेक कथानक, जिनरक्षित (जिनपालित)—धवलादि ग्रन्थ प्रख्यापक, असग का वीरचरित, गोविन्दकवि(श्वे०) का सनत्कुमारचरित, शालिभद्र का जीवउद्योत, चतुर्मुख, द्रोण, सेंद्धु महाकवि का पउमचरिउ, आदि विद्वानों और उनकी कृतियों का उल्लेख किया है। इनमें पद्मसेन (पद्मकीर्ति) और असग कवि दोनों का उल्लेख ग्रन्थ कर्ता के समय को बताने में किञ्चित् सहकारी होते हैं असग कवि का समय सं० ६१० है और पद्मसेन का समय वि० सं० ६६६ है जिससे स्पष्ट है कि धवल कवि का समय सं० ६६६ से पश्चात् वर्ती है। पद्मकीर्ति की एकमात्र कृति पार्श्वनाथ पुराण उपलब्ध है। इन दोनों की रचनाओं का उल्लेख होने से प्रस्तुत धवल कवि का समय विक्रम की ११ वीं शताब्दी का पूर्वकाल या मध्यकाल हो सकता है। यद्यपि असग कवि का महावीर

---

१. .....हणु हणु मारु मारु पभणंतिहि।
दलिय धरत्ति रेणुणहि धायउ, लहु पिस लुद्धउलूढउ आयउ ॥
× × ×
रहवउ रहहु गयहु गउ धाविउ, धाणुक्कहु धाणुक्कु परायउ।
तुरउ तुरंग कुखग्ग विहत्थउ, असिवक्खरहु लग्गुभय चत्तउ।
वज्जहिं गहिर तूर हयहिंमहिं, गुलुगुलंत गयवर बहु दीसहिं ॥
—संधि ८६—१०

२. देखो, हरिवंश पुराण प्रशस्ति।

चरित मूलरूप में प्रकाशित नहीं हुआ, और न पद्मसेन का पार्श्वपुराण ही प्रकाशित हो सका है। अतः ये दोनों रचनाएं अपने मूलरूप में प्रकाशित होनी चाहिए।

११वीं, १२वीं और १३वीं प्रशस्तियां क्रमशः 'छक्कम्मोवएस', 'पुरंदर विहाणकहा' और 'णेमिणाहचरिउ' की हैं। जिनके कर्ता कवि अमरकीर्ति हैं। प्रस्तुत षट्कर्मोपदेश में १४ संधियां और २१५ कडवक हैं, जो २०५० श्लोक प्रमाण संख्या को लिए हुए हैं। कवि ने इस ग्रंथ में गृहस्थों के षट्कर्मों का—देव पूजा गुरु-सेवा, स्वाध्याय (शास्त्राभ्यास) संयम (इन्द्रियदमन) और षट्-काय (जीव रक्षा) इच्छा निरोध रूप तप, तथा दानरूप षट्-कर्मों का—कथन दिया हुआ है। और उसे विविध कथाओं के सरस विवेचन द्वारा वस्तु तत्व को स्पष्ट किया गया है। दूसरी से नौवीं संधि तक देव-पूजा का सुन्दर विवेचन दिया गया है, और उसे नूतन कथा रूप दृष्टांतों के द्वारा सुगम तथा सुगम बना दिया गया है। दशवीं संधि में जिन पूजा पुरंदर विधि कथा दी गई है और उसकी विधि बतलाकर उद्यापन विधि को भी अङ्कित किया है। शेष ११ वीं से से लेकर १४वीं संधि तक शेष कर्मों का विवेचन दिया हुआ है।

ग्रंथ में कवि ने इससे पूर्ववर्ती अपनी निम्न रचनाओं का उल्लेख किया है। णेमिणाहचरिउ, महावीरचरिउ, जसहरचरिउ, धर्मचरित टिप्पण, सुभाषितरत्ननिधि, धर्मोपदेश चूड़ामणि, और झाणपईव (ध्यान प्रदीप)।

कवि ने इस ग्रंथ की रचना गोध्रा[1] में चालुक्य वंशी राजा वंदिग्गदेव के पुत्र कण्ह या कृष्ण नरेन्द्र के राज्य में संवत् १२४७ के भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के दिन समाप्त की थी।

दूसरी प्रशस्ति 'पुरंदरविधान कथा' की है, जो षट्कर्मोपदेश का ही एक अंश है। इस कथा को भी कवि ने अम्बाप्रसाद के निमित्त से बनाया है। प्रस्तुत कथा में पुरंदरव्रत का विधान बतलाया गया है। यह व्रत किसी भी महीने के शुक्ल पक्ष में किया जा सकता है। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से अष्टमी तक प्रोषधोपवास करना चाहिए। इस व्रत का फल मनोरथ प्राप्ति, दारिद्र्य विनाश, धन प्राप्ति और व्यसनादि का परित्याग है।

तीसरी कृति 'नेमिनाथ चरित' है ग्रन्थ में २५ सन्धियां हैं जिनकी श्लोक संख्या छह हजार आठ सौ पच्चाणवे है। इसमें जैनियों के २२वें तीर्थंकर नेमिनाथ का, जो श्रीकृष्ण के चचेरे भाई थे, जीवन परिचय दिया गया है। इस ग्रंथ को कवि ने संवत् १२४४ में भाद्रपद शुक्लाचतुर्दशी को समाप्त किया था। यह प्रति सं० १५१२ की लिखी हुई है और सोनागिर भट्टारकीय शास्त्र भंडार में सुरक्षित है।

भट्टारक अमरकीर्ति काष्ठासंघान्तर्गत उत्तर माथुर संघ के विद्वान मुनि चन्द्रकीर्ति के शिष्य एवं अनुज थे। इनकी माता का नाम 'चर्चिणी' और पिता का नाम 'गुणपाल' था। इनकी गुरु परम्परा में अमितगति द्वितीय हुए, जिनका रचना काल सं० १०५० से १०७० है, उनके शिष्य शान्तिषेण हुये, शांतिषेण के अमरसेन, अमरसेन के श्रीषेण और श्रीषेण के चन्द्रकीर्ति, जिनका समय सं० १२१९ के लगभग है और अमरकीर्ति का संवत् १२४४ से १२४७।

ग्रंथकर्ता ने अपने ग्रन्थों की प्रशस्तियों में 'महीयडु' देश के गोध्रा नगर में चालुक्य वंशीय कण्ह या कृष्ण का राज्य बतलाया है। उस समय गुजरात में चालुक्य अथवा सोलंकी वंश का राज्य था, जिसकी राजधानी अनहिलवाड़ा थी; परन्तु इतिहास में वंदिगदेव और उनके पुत्र कृष्ण नरेन्द्र का कोई उल्लेख मेरे

१. गोध्रा गुजरात का एक छोटा-सा नगर है, जो बड़ौदा से गिरनार जी जाते समय रास्ते में मिलता है। यहाँ पहले दिगम्बर मन्दिर था अब नहीं है।

देखने में नहीं आया। उस समय अनहिलवाड़ा के सिंहासन पर भीम द्वितीय का राज्य शासन था इनके बाद बघेल वंश की शाखा ने अपना राज्य प्रतिष्ठित किया है। इनका राज्य सं० १२३६ से १२३९ तक बतलाया जाता है। संवत् १२२० से १२३६ तक कुमारपाल, अजयपाल और मूलराज द्वितीय वहां के शासक रहे हैं। भीम द्वितीय के शासन समय से पूर्व ही चालुक्य वंश की एक शाखा महीकांठा प्रदेश में प्रतिष्ठित होगी, जिसकी राजधानी गोध्रा थी। इस सम्बन्ध में और भी अन्वेषण करने की आवश्यकता है जिससे यह पता चल सके कि इस वंश की प्रतिष्ठा गोध्रा में कब हुई[1]। ये तीनों ही ग्रन्थ अप्रकाशित हैं, उन्हें प्रकाश में लाने का प्रयत्न होना चाहिए। और कवि के अन्य ग्रन्थों की खोज करना जरूरी है।

१२वीं प्रशस्ति 'पुरंदरविहाण कहा' की है, जिसका परिचय ११ वीं प्रशस्ति के साथ दिया गया है।

१३वीं और १८वीं प्रशस्तियां 'जिनदत्तचरित' और 'अणुवयरयणपईव' की हैं। जिनके कर्त्ता कवि लाखू या लक्ष्मण हैं। प्रस्तुत जिनदत्तचरित्र में छह संधियां हैं और जो चार हजार श्लोकों में निबद्ध हैं। जिसमें जीवदेव और जीवंयशा श्रेष्ठी के सुपुत्र जिनदत्त का चरित अङ्कित है। कवि की यह रचना एक सुन्दर काव्य है। इसमें आदर्श प्रेम को व्यक्त किया गया है। कवि काव्य-शास्त्र में निष्णात विद्वान् था। ग्रंथ का यमकालंकार युक्त आदि मंगल पद्य कवि के पाण्डित्य का सूचक है।

सप्पय-सर-कलहंस हो, हियकलहंस हो, कलहंस हो सेयंसवहा।
भणमि भुवण कलहंस हो, णविवि जिण हो जिणयत्त कहा॥

अर्थात्—'मोक्ष रूपी सरोवर के मनोज्ञ हंस, कलह के अंश को हरने वाले, करिशावक (हाथी के बच्चे) के समान उन्नत स्कंध और भुवन में मनोज्ञ हंस, आदित्य के समान जिनदेव की वंदना कर जिनदत्त की कथा कहता हूँ।'

ग्रंथ कर्त्ता ने इस ग्रंथ में विविध छन्दों का उपयोग किया है। ग्रंथ की पहली चार संधियों में कवि ने मात्रिक और वर्णवृत्त दोनों प्रकार के निम्न छन्दों का प्रयोग किया है—विलासिणी, मदनावतार, चित्तंगया, मोत्तियदाम, पिंगल, विचित्तमणोहरा, आरणाल, वस्तु, खंडय, जंभेट्टिया, भुजंगप्पयाउ, सोमराजी, सग्गिणी, पमाणिया, पोमणी, चच्चर, पंचचामर, णराच, तिभंगिणिया, रमणीलता, समाणिया, चित्तया भमरपय, मोणय, और ललिता आदि। इन छन्दों के अवलोकन से यह स्पष्ट पता चलता है कि अपभ्रंश कवि छन्द विशेषज्ञ होते थे।

प्रस्तुत चरित्र में मगध राज्यान्तर्गत वसन्तपुर नगर के राजा शशिशेखर और उसकी रानी मयना सुन्दरीके कथनके अनन्तर उस नगरके श्रेष्ठी जीवदेव और जीवंयशाके पुत्र जिनदत्त का चरित्र अङ्कित किया गया है। वह क्रमशः बाल्यावस्था से युवावस्था को प्राप्त कर अपने रूप-सौंदर्य से युवति-जनों के मन को मुग्ध करता है—और अङ्ग देश में स्थित चम्पानगर के सेठ की सुन्दर कन्या विमलमती से उसका विवाह हो जाता है। विवाह के पश्चात् दोनों वसन्तपुर आकर सुख से रहते हैं।

जिनदत्त जुआरियों के चंगुल में फंसकर ग्यारह करोड़ रुपया हार गया। इससे उसे बड़ा पश्चाताप हुआ। उसने अपनी धर्मपत्नी की हीरा-माणिक आदि जवाहरातों से अङ्कित कंचुली को नौ करोड़ रुपये में जुआरियों को बेच दिया। जिनदत्त ने धन कमाने का बहाना बनाकर माता-पिता से चम्पापुर जाने की आज्ञा ले ली। और कुछ दिन बाद धर्मपत्नी को अकेली छोड़ जिनदत्त दशपुर (मन्दसौर) आ गया।

---

१. History of Gujrat in Bombay Gageteer Vol I

वहां उसकी सागरदत्त से भेंट हुई। सागरदत्त उसी समय व्यापार के लिये विदेश जाने वाला था, अवसर देख जिनदत्त भी उसके साथ हो गया और वह सिंहल द्वीप पहुंच गया। वहां के राजा की पुत्री श्रीमती का विवाह भी उसके साथ हो गया। जिनदत्त ने उसे जैनधर्म का उपदेश दिया। जिनदत्त प्रचुर धनादि सम्पत्ति को साथ लेकर स्वदेश लौटता है, परन्तु सागरदत्त ईर्षा के कारण उसे धोखे से समुद्र में गिरा देता है और स्वयं उसकी पत्नी से राग करना चाहता है। परन्तु वह अपने शील में सुदृढ़ रहती है। वे चम्पा-नगरी पहुंचते हैं और श्रीमती चम्पा के 'जिन चैत्य' में पहुंचती है। इधर जिनदत्त भी भाग्यवश बच जाता है और मणिद्वीप में पहुंचकर वहां के राजा अशोक की राजकुमारी शृङ्गारमती से विवाह करता है। कुछ दिन बाद सपरिवार चम्पा आ जाता है। वहां उसे श्रीमती और विमलमती दोनों मिल जाती हैं। वहां से वह सपरिवार वसंतपुर पहुंचकर माता-पिता से मिलता है। वे उसे देखकर बहुत हर्षित होते हैं। इस तरह जिनदत्त अपना काल सुखपूर्वक बिताता है। अंत में मुनि होकर तपश्चरण द्वारा कर्म, बंधन का विनाशकर पूर्ण स्वाधीन हो जाता है।

कवि ने इसमें काव्योचित अनुप्रास, अलंकार और प्राकृतिक सौंदर्य का समावेश किया है। किन्तु भौगोलिक वर्णन की विशेषता और शब्द योजना सुंदर तथा श्रुति-सुखद है[1]।

कवि ने अपने से पूर्वर्ती अनेक जैन-जैनेतर कवियों का आदरपूर्वक उल्लेख किया है—अकलंक, चतुर्मुख, कालिदास, श्रीहर्ष, व्यास, द्रोण, बाण, ईशान, पुष्पदंत, स्वयंभू और वाल्मीकि।[1]

एक दिन अवसर पाकर श्रीधर ने लक्ष्मण से कहा कि हे कविवर तुम जिनदत्तचरित्र की रचना करो, तब कवि ने श्रीधर श्रेष्ठी की प्रेरणा एवं अनुरोध से जिनदत्तचरित्र की रचना की है। और उसे वि० सं० १२७५ के पूसवदी षष्ठी रविवार के दिन बनाकर समाप्त किया था।

दूसरी कृति 'अणुवयरयणपईव' है, जिसमें ८ संधियां और २०६ पद्धडिया छन्द हैं, जिनकी श्लोक संख्या ३४०० के लगभग है। ग्रंथ में सम्यग्दर्शन के विस्तृत विवेचन के साथ श्रावक के द्वादश व्रतों का कथन किया गया है। श्रावकधर्म की सरल विधि और उसके परिपालन का परिणाम भी बतलाया गया है। ग्रंथ की रचना सरस है। कवि ने इस ग्रंथ को ९ महीने में बनाकर समाप्त किया है।

कवि ने प्रस्तुत ग्रंथ की रचना रायवद्दिय नगर में निवास करते हुए की थी, वहां उस समय चौहान वंश के राजा आहवमल्ल राज्य करते थे[2]। उनकी पट्टरानी का नाम ईसरदे था, आहवमल्ल ने तात्कालिक मुसलमान शासकों से लोहा लिया था और उसमें विजय प्राप्त की थी। किसी हम्मीर वीर ने उनकी सहायता भी की थी।

कवि के आश्रयदाता कण्ह का वंश 'लम्बकंचुक या लमेचू' था। इस वंश में 'हल्लण' नामक श्रावक नगर श्रेष्ठी हुए, जो लोकप्रिय और राजप्रिय थे। उनके पुत्र अमृत या अमयपाल थे जो राजा अभय पाल के प्रधान मंत्री थे। उन्होंने एक विशाल जिनमन्दिर बनवाया था और उसकी शिखर पर सुवर्ण कलश

---

१. णिक्कलंकु अकलंकु चउम्मुहो, कालिदासु सिरिहरिसु कयसुहो।
वय्र विलासु कइवासु असरिसो, दोणु वाणु ईसाणु सहरिसो।
पुप्फयंत सुसयंभु भल्लउ, वालमीउ समइं सुरमिल्लउ। —जिणदत्तचरित, १·६

२. राजा आहवमल्ल की वंश पम्परा चन्द्रवाड नगर से बतलाई गई है। चौहान वंशी राजा भरतपाल उनके पुत्र अभयपाल। उनके जाहड, उनके श्री बल्लाल के आहवमल्ल हुए। इनके समय में राजधानी 'राय-वद्दिय' या रायभा हो गई थी। चन्द्रवाड और रायवद्दिय दोनों ही नगर यमुनातट पर बसे हुये थे।

चढ़ाया था। उनके पुत्र साहू सोढु थे, जो जाहड नरेन्द्र और उनके पश्चात् श्रीवल्लाल के मंत्री बने। इनके दो पुत्र थे। रत्नपाल और कण्हड। इनकी माता का नाम ,मल्हादे' था। रत्नपाल स्वतन्त्र और निरर्गल प्रकृति के थे। किन्तु उनका पुत्र शिवदेव कला और विद्या में कुशल था। जो अपने पिता की मृत्यु के बाद नगर सेठ के पद पर आरूढ़ हुआ था। और राजा आहवमल्ल ने अपने हाथ से उसका तिलक किया था। कण्हड (कृष्णादित्य) उक्त राजा आहवमल्ल के प्रधान मंत्री थे। उनकी धर्मपत्नी का नाम 'सुलक्षणा' था, वह बड़ी उदार धर्मात्मा पतिभक्ता और रूपवती थी'। इनके दो पुत्र हुए। हरिदेव और द्विजराज। इन्हीं प्रस्तुत कण्ह की प्रार्थना से कवि ने इस ग्रंथ को वि० सं० संवत् १३१३ कार्तिक कृष्णा ७ सप्तमी गुरुवार के दिन पुष्यनक्षत्र और साहिज्ज योग में समाप्त किया था। कवि ने प्रशस्ति में कृष्णादित्य के परिवार का अच्छा परिचय दिया है।

कवि-परिचय

कवि लक्ष्मण जायव जादव या जायस कुल में उत्पन्न हुआ था[1]। इनके प्रपिता का नाम कोसवाल था, जिनके यश से दिकचक्र व्याप्त था। उनके सात पुत्र थे, अल्हण, गाहल, साहुल, सोहण, मइल्ल, रतन और मदन। ये सातों ही पुत्र कामदेव के समान सुन्दर रूप वाले और महामति थे। इनमें से कवि के पिता साहुल श्रेष्ठी थे। ये सातों भाई और कवि लक्ष्मण अपने परिवार के साथ पहले त्रिभुवनगिरि या तहनगढ़ के निवासी थे। उस समय त्रिभुवनगिरि जन-धन से समृद्ध तथा वैभव से युक्त था; परन्तु कुछ समय बाद त्रिभुवनगिरि की समृद्धि विनष्ट हो गई थी—उसे म्लेच्छाधिप मुहम्मदगोरी ने बल पूर्वक घेरा डालकर नष्ट-भ्रष्ट कर आत्मसात् कर लिया था[2]। अतः कविवर लक्ष्मण त्रिभुवनगिरि से भागकर यत्र-तत्र भ्रमण करते हुए 'बिलरामपुर' में आये। यह नगर आज भी अपने इसी नाम से एटा जिले में बसा हुआ है। उस

१. यादव, जायव या जायस अथवा यदुकुल एक क्षत्रिय कुल है। यदुकुल ही यादव कहलाता था, बिगड़ कर वही जायव या जायस बन गया है। यह प्रसिद्ध क्षत्रिय वंश है, इसी कुल में श्रीकृष्ण और नेमिनाथ तीर्थंकर का जन्म भी हुआ था। इस कुल में जैनधर्म के धारक अनेक श्रेष्ठी और विद्वान, राजा, मंत्री आदि हुए हैं। वर्तमान में यह क्षत्रिय वंश वैश्य कुल में परिवर्तित हो गया है।

२. यह स्थान बयाना से १४ मील और करोली से उत्तर-पूर्व २४ मील की दूरी पर अवस्थित है। इसे तहनगढ़ या त्रिभुवनगिरि के नाम से उल्लेखित किया जाता था; क्योंकि इसे त्रिभुवनपाल नाम के राजा ने बसाया था। जो सूरसेन वंश का था, यह त्रिभुवनगढ़ ही अपभ्रष्ट होकर बाद में 'तहनगढ़' कहा जाने लगा। त्रिभुवनपाल के पिता का नाम 'तहनपाल' था, जिसका समय १०४३ ईस्वी था और उसके पुत्र त्रिभुवनपाल या तहनपाल का समय सन् १०७५ हो सकता है। जिस तरह पिता ने विजयगढ़ (बयाना) या श्रीपथ बसाया था उसी प्रकार पुत्र ने तहनगढ़ या त्रिभुवनगिरि बसाया था। मुहम्मद गौरी ने इस पर सन् ११९६ (वि० सं० १२५३) में अधिकार किया था। मुसलमानी तवारीख 'जुलमासीर में हसन निजामी ने लिखा है—कि हिजरी सन् ५७२ (वि०सं० १२५२) में मुहम्मदगौरी ने तहनगढ़ पर आक्रमण कर अधिकार कर लिया था। उस समय वहां कुमारपाल नाम का राजा राज्य करता था। कुमारपाल सं० १२१० या १२११ के आस-पास गद्दी पर बैठा था। जब गौरी ने इसे अधिकृत किया तब वहाँ के निवासी हिन्दु सभ्य परिवार नगर छोड़कर यत्र-तत्र भाग गए। उनके साथ जैनी लोग भी भाग गए। उस समय यह नगर अत्यधिक सम्पन्न था, और वहाँ पर मूर्तिपूजा का बड़ा जोर था। अतः यहाँ बड़ा अन्याय एवं अत्याचार किया गया। गौरी ने यहां का शासक बहरुद्दीन तुमरीन या

समय बिलरामपुर में सेठ विल्हण के पौत्र और जिनधर के पुत्र श्रीधर निवास करते थे। इन्होंने कविवर को मकान आदि की सुविधा प्रदान की। यह कविवर के परम मित्र बन गए। साहू विल्हण का वंश प्राग्-वाट या पुरवाड था, और श्रीधर उस वंशरूपी कमलों को विकसित करनेवालें सूर्य थे। और इस तरह कविवर उनके प्रेम और सहयोग से वहां सुखपूर्वक रहने लगे। वहां कुछ समय विताने के पश्चात् वे चौहानवंशी राजा अभयपाल की राजधानी 'रायवद्दिय' रपरी या रायभा में आकर रहे और वहां अभयपाल के प्रधान मंत्री कृष्णादित्य की प्रेरणा से सं० १३१३ में 'अणुवय रयणपईव' की रचना की। कवि ने अपने इतने लम्बे जीवन में अन्य कितनी रचनाएं रचीं, यह कुछ ज्ञात नहीं होता। अन्वेषण करने पर कवि की अन्य रचनाओं का भी पता चल सकेगा।

तुग़रिक को नियुक्त किया था। नगर व्यापारियों से रिक्त हो गया था। अतएव जगह-जगह से बड़े-बड़े व्यापारियों को बुलाया गया था। खुरासान से भी लोग वसने को आये थे। प्रस्तुत ग्रंथकर्ता और उनका परिवार भागकर बिलरामपुर जिला एटा में आये। वहां के निवासी सेठ विल्हण के पौत्र और जिनधर के पुत्र श्रीधर सेठ ने इन्हें ठहरने के लिए मकान दिया। कवि ने जिनदत्तचरित्र में त्रिभुवनगिरि के विनष्ट होने का उल्लेख सं० १२७५ में किया है किन्तु त्रिभुवनगिरि के विनाश का समय 1196 A. D. (वि० सं० १२५३ है। इससे स्पष्ट है कि कवि सं० १२५३ में वहां से भागे थे।

—देखो, आर्किलाजिकलसर्वे रिपोर्ट भा० २०

श्वेताम्बरीय खरतरगच्छ की प्रधान गुर्वावली में भी त्रिभुवनगिरि का उल्लेख है और जिनदत्तसूरि द्वारा कुमारपाल राजा को सम्बोधित करने तथा वहां के शान्तिनाथ मन्दिर की प्रतिष्ठा का उल्लेख किया है। घटना को सं० १२०३ से पूर्व की बतलाया है। साथ ही सं० १२०३ में अजमेर में फाल्गुन सुदी ९ के दिन दीक्षित जिनचन्दसूरि सं०१२१४ में त्रिभुवनगिरि पधारे और वहां उनके द्वारा शान्तिनाथ मन्दिर में सुवर्णदण्ड, कलश और ध्वजारोपणादि कार्यों का उल्लेख किया है, गणिनी हेमदेवी को प्रवर्त्तिनी पद प्रदान करने का भी निर्देश है। (ततस्त्रिभुवनगिरौ, प्रतिबोधितस्तत्र कुमारपालो नाम राजा। कुतस्तत्र प्रचुरतर यतिजन विहारः। प्रतिष्ठितो भगवान् शान्तिनाथ देवः। ततः सः (जिनदत्तसूरि सं० १२०३ अजयमेरौ फाल्गुन सुदी ९ जिनचन्द्रसूरि दीक्षा)। —(खतरगच्छ युग प्रधान गुर्वावली पृ० १९-२०) सं० १२१४ श्री जिनचन्द्रसूरिभिस्त्रिभुवनगिरौ श्री शान्तिनाथ शिखरे सज्जनमनोमन्दिर प्रमोदारोपणामिव सौवर्ण्णदण्ड कलश ध्वजारोपणं महता विस्तरेण कृत्वा हेमदेवी गणिन्या प्रवर्तिनी पदं दत्वा.....।

—खरतर गच्छयुगप्रधान गुर्वावली पृ० २०

ये सब उल्लेख ऐतिहासिक दृष्टि से चिन्त्यनीय हैं। क्योंकि गुर्वावली के अनुसार कुमारपाल का वहां राजा होना सं० १२०३ से पूर्ववर्ती है। अतः उसके सम्बोधन की घटना सं० १२०३ से पहले की है।

इसके पश्चात् भी त्रिभुवनगिरि सम्पन्न हो गया जान पड़ता है। संम्भव है वहां पुनः उस वंश का शासन हो गया हो। विक्रम की १३ वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में या १४ वीं के पूर्वार्ध में उसकी समृद्धि पुनः हो गई थी और वहां अनेक जैनमुनि और विद्वान निवास करने लगे थे। माथुरसंघ के विद्वान उदयमुनि के प्रशिष्य और भ० बालचन्द्र मुनि के शिष्य विनयचन्द्र ने कुमारपाल के भतीजे अजयपाल नरेश के विहार में बैठकर चूनड़ी रास बनाया था और उसकी स्वोपज्ञ टीका भी रची थी। उन्होंने उसी नगर की तलहटी में बैठकर 'निर्झर पंचमी कथारास' का भी निर्माण किया था। इससे स्पष्ट है कि मुसलमान शासकों के समय में भी जैन विद्वान अपने साहित्य की श्री वृद्धि करते रहे हैं।

१४ वीं प्रशस्ति 'सुलोयणाचरिउ' की है, जिसके कर्ता गणिदेवसेन हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ की २८ सन्धियों में भरत चक्रवर्ती के सेनापति जयकुमार की धर्मपत्नी सुलोचना का, जो हस्तिनापुर के राजा अकम्पन और सुप्रभा देवी की सुपुत्री थी, चरित अंकित किया गया है। सुलोचना अनुपम सुन्दरी थी, इसके स्वयंवर में अनेक देशों के बड़े-बड़े राजागण आए थे। सुलोचना को देखकर वे मुग्ध हो गए। उनका हृदय विक्षुब्ध हो उठा और उसकी प्राप्ति की प्रबल इच्छा करने लगे। स्वयंवर में सुलोचना ने जयकुमार को चुना। परिणाम स्वरूप चक्रवर्ती भरत का पुत्र अर्ककीर्ति क्रुद्ध हो उठा, और उसने इसमें अपना अपमान समझा। अपने अपमान का बदला लेने के लिए अर्ककीर्ति और जय में युद्ध होता है और अन्त में जय की विजय होती है।

उस युद्ध का वर्णन कवि के शब्दों में निम्न प्रकार है—

भडो को वि खग्गेण खग्गं खलंतो, रणे सम्मुहे सम्मुहो आहणंतो।
भडो को वि वाणेण वाणो दलंतो, समुद्धाइ उद्धरो णं कयंतो॥
भडो को वि कोंतेण कोंतं सरंतो, करे गाढ चक्को अरी सं पहुंतो।
भडो को वि खंडेहिं खंडी कयंगो, लड़त्तं ण मुक्को सगा जो अहंगो॥
भडो को वि संगाम भूमि घुलंतो, विवण्णोह गिद्धवली णीयअंतो।
भडो को वि धाएण णिव्वट्टि सीसो, असिवावरेई अरीसाण भीसो॥
भडो को वि रत्तप्पवाहे तरंतो, फुरंतप्पएणं तडि सिग्घ पत्तो।
भडो को वि मुक्का उहे वन्न इत्ता, रहे दिण्णयाउ विवण्णोह इत्ता॥
भडो को वि इत्थी विसाणेहिं भिण्णो, भडो कोवि कंठोट्ठ छिण्णो णिसण्णो॥
घत्ता—तहिं अवसरि णिय सेण्णु पेच्छिवि सर जज्जरियउ।
धावइ भुयतोलंतु जउ बकु मच्छर भरियउ॥ ६—१२

युद्ध के समय सुलोचना ने जो कुछ विचार किया था, उसे ग्रंथकार ने गूंथने का प्रयत्न किया है। सुलोचना को जिन मन्दिर में बैठे हुए जब यह मालूम हुआ कि महंतादिक पुत्र, बल और तेज सम्पन्न पांच सौ सैनिक शत्रु पक्ष ने मार डाले हैं, जो तेरी रक्षा के लिए नियुक्त किये गये थे। तब वह अपनी आत्म-निंदा करती हुई विचार करती है कि यह संग्राम मेरे कारण ही हुआ है जो बहुत से सैनिकों का विनाशक है। अतः मुझे ऐसे जीवन से कोई प्रयोजन नहीं। यदि युद्ध में मेघेश्वर (जयकुमार) की जय हो और मैं उन्हें जीवित देख लूंगी तभी शरीर के निमित्त आहार करूंगी। इससे स्पष्ट है कि उस समय सुलोचना ने अपने पति की जीवन-कामना के लिए आहार का भी परित्याग कर दिया था। इससे उसके पातिव्रत्य का उच्चादर्श सामने आता है। यथा—

इमं जंपिऊणं पउत्तं जयेणं, तुमं एह कण्णा मनोहार वण्णा।
सुरक्खेह णूणं पुरेणेह ऊणं, तउ जोइ लक्खा अणेया असंखा।
सुसत्था वरिण्णा महं दिक्ख दिण्णा, रहा चारु चिंधा गया जो मयंधा।
महंताय पुत्ता बला-तेय जुत्ता, सया पंच संखा हया वैरि-पक्खा।
पुरीए णिहाणं वरं तुंग गेहं, फुरंतीह णीलं मणीलं करालं।
पिया तत्थ रम्मो वरे चित्त कम्मे, अरंभीय चिंता सुउ हुल्लवत्ता।
णियं सोययंती इणं चिंतवंती, अहं पाव-यम्मा अलज्जा अधम्मा।

महं कज्ज एयं रणं अज्ज जायं,.....।
बहूणं णराणं विणासं करेणं, महं जीविएणं ण कज्जं अणेणं।
जया हंसताउ स-मेहेसराई, सहे मंगवाई इमो सोमराई।
घत्ता—ए सयलवि संगामि, जीवियमाण कुमार हो। पेच्छमि होइ पवित्ति, तो सरीर आहार हो॥

इस तरह ग्रंथ का विषय और भाषा सुन्दर है।

प्रस्तुत ग्रंथ एक प्रामाणिक कृति है; क्योंकि इसे कवि ने आचार्य कुन्दकुन्द के सूलोचनाचरित (प्राकृत गाथा बद्ध) का पद्धड़िया आदि छन्दों में अनुवाद मात्र किया है। ग्रंथ गत चरित भाग बड़ा ही सुन्दर है; क्योंकि जयकुमार और सुलोचना का चरित स्वयं ही पावन रहा है। कवि ने इस काव्य-ग्रन्थ का निर्माण राक्षस संवत्सर में श्रावण शुक्ला चतुर्दशी बुधवार के दिन किया है। ग्रन्थ की आद्य प्रशस्ति में में कवि ने अपने से पूर्ववर्ती बाल्मीकि व्यास, श्रीहर्ष, कालिदास, बाण, मयूर, हलिय, गोविन्द, चतुर्मुख, स्वयंभू, पुष्पदंत और भूपाल नामक कवियों का उल्लेख किया है।

ग्रन्थ कर्ता ने ग्रन्थ की आद्य प्रशस्ति में अपनी गुरु परम्परा निम्न प्रकार दी है। वे निंबडिदेव के प्रशिष्य और विमलसेन गणधर के शिष्य थे। इस ग्रन्थ की रचना मम्मलपुरी में हुई है। राक्षस सम्वतसर साठ सम्बतों में ४६ वां है। ज्योतिष की गणनानुसार एक राक्षस सम्वतसर १०७५ A. D. वि० सं० ११३२ २६ जुलाई को श्रावण शुक्ला चतुर्दशी बुधवार के दिन पड़ता है। दूसरा सन् १६३५ (वि० सं० १३७२) में १६ जुलाई को उक्त चतुर्दशी और बुधवार पड़ता है। इन दोनो समयों में २४० वर्ष का अन्तर है। इनमें पहला समय (वि० सं० ११३२) ही इस ग्रन्थ की रचना का सूचक ज्ञात होता है, ग्रंथ अभी तक अप्रकाशित है।

१५वीं प्रशस्ति 'पजुण्णचरिउ' की है, जिसके कर्ता कवि सिद्ध और सिंह हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ एक अप्रकाशित खण्ड काव्य है। जिसमें १५ सन्धियां हैं और जिनकी श्लोक संख्या साढ़े तीन हजार से कम नहीं है। इसमें यदुवंशी श्रीकृष्ण के सुपुत्र प्रद्युम्नकुमार का जीवन-परिचय गुंफित किया गया है, जो जैनियों में प्रसिद्ध २४ कामदेवों में से २१वें थे और जिन्हें उत्पन्न होते ही पूर्व जन्म का बैरी एक राक्षस उठाकर ले जाता है और उसे एक शिला के नीचे रख देता है। पश्चात् कालसंवर नाम का एक विद्याधर उसे ले जाता है और उसे अपनी पत्नी को सौंप देता है। वहां उसका लालन-पालन होता है तथा वहां वह अनेक प्रकार की कलाओं की शिक्षा पाता है। उसके अनेक भाई भी कलाविज्ञ बनते हैं, परन्तु उन्हें इसकी चतुरता रुचकर नहीं होती, उनका मन भी इससे नहीं मिलता, वे उसे अपने से दूर करने अथवा मारने या वियुक्त करने का प्रयत्न करते हैं। पर पुण्यात्मा जीव सदा सुखी और सम्पन्न रहते हैं। अतएव वह कुमार भी उनसे सदा विजयी रहा। बारह वर्ष के बाद कुमार अनेक विद्याओं और कलाओं से संयुक्त होकर वैभव सहित अपने माता-पिता से मिलता है। उस समय पुत्र-मिलन का दृश्य बड़ा ही करुणजनक और दृष्टव्य है। वह वैवाहिक बन्धन में बद्ध होकर सांसारिक सुख भी भोगता है और भगवान नेमिनाथ द्वारा यह जानकर कि १२ वर्ष में द्वारावती का विनाश होगा, तब भोगों से विरक्त हो दिगम्बर साधु हो जाता है और तपश्चरण कर पूर्ण स्वातन्त्र्य प्राप्त करता है। इसी से कवि ने ग्रन्थ की प्रत्येक सन्धि पुष्पिका में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष रूप पुरुषार्थ चतुष्टय से भूषित बतलाया है। ग्रन्थ की भाषा में स्वाभाविक माधुर्य और पद लालित्य है ही। रस अलंकार और अनेक छन्द भी उसकी सरसता में सहायक हैं।

ग्रंथ-प्रशस्ति का अध्ययन करने से यह स्पष्ट प्रतिभाषित होता है कि इस ग्रंथ के दो रचयिता विद्वान् जान पड़ते हैं। उनमें ग्रंथ की प्रथम रचना करने वाले विद्वान् का नाम सिद्ध कवि है। जो पंपाइय

और देवण का पुत्र था[1]। उसका यह ग्रन्थ किसी तरह खंडित हो गया था और उसी अवस्था में कवि सिंह को प्राप्त हुआ और सिंह कवि ने उसका समुद्धार किया था[2]। कवि सिद्ध ने यह ग्रंथ कब रचा, यह प्रशस्ति पर से कुछ ज्ञात नहीं होता। समुद्धारक सिंह कवि ने भी उसका समय नहीं दिया, परन्तु वह अन्य प्रमाणों से निश्चित हो जाता है।

कवि सिंह ने ग्रन्थ को विविध छन्दों में गूंथ कर उसे और भी सरस तथा मनोहर बना दिया है। कवि स्वयं प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश और देशी इन चार भाषाओं में निपुण था और उसका कुल गूजर था। यह एक प्रतिष्ठित कुल है जिसमें अनेक धर्मनिष्ठ व्यक्ति हो चुके हैं। कवि के पिता का नाम 'बुध रल्हण' था[3]।

और वह प्राकृत संस्कृत रूप भाषाद्वय में निपुण थे—कवि के पिता विद्वान् थे, और संभवतः उन्होंने भी कोई ग्रन्थ बनाये हों, पर वे अभी उपलब्ध नहीं हैं। माता का नाम जिनमती था, जो शीलादि सद्गुणों से विभूषित थी। कवि के तीन भाई और भी थे, जिनका नाम शुभंकर, गुणप्रवर और साधारण था। ये तीनों भाई धर्मात्मा और सुन्दर शरीर वाले थे।

कवि सिंह ने इस ग्रन्थ को अन्य किसी की सहायता के बिना ही बनाया था, उसने अपने को भव-भेदन में समर्थ, शमी तथा कवित्व के गर्व सहित प्रकट किया है। कविता करने में जिसकी कोई समानता न कर सके ऐसा असाधारण काव्य-प्रतिभावाला विद्वान् व्यक्त किया है। साथ ही वस्तु के सार-असार के विचार करने में सुन्दर बुद्धिवाला, समीचीन, विद्वानों में अग्रणी, सर्व विद्वानों की विद्वता का सम्पादक, सत्कवि था, उसी ने आनन्दप्रद इस काव्य-ग्रन्थ का निर्माण किया है[4]।

---

१. "पुण पंपाइय देवण णंदणु, भवियण जणयणणयणाणंदणु।
बुहयण जणपय पंकय छप्पउ, भणइ 'सिद्धु' पणमिय परमप्पउ॥"

× × ×

२. 'कइ सिद्ध हो विरयंत हो विणासु, संपत्तउ कम्मवसेण तासु।'
'पर कज्जं परकव्वं विहडंतं जेहिं उद्धरियं'।
—पज्जुण्णचरिउ प्रशस्ति

३. जातः श्री निजधर्मकर्मनिरतः शास्त्रार्थ सर्वप्रियो,
भाषाभिः प्रवणश्चतुर्भिरभवच्छ्री सिंहनामा कविः।
पुत्रो रल्हण पंडितस्य मतिमान् श्री गूर्जरागोमिह
दृष्टि-ज्ञान-चरित्रभूषिततनुर्वंशे विशालेऽवनौ॥
पज्जुण्णचरिउ की १३वीं संधि के प्रारंभ का पद्य।

४. 'साहाय्यं समवाप्य नात्र सुकवेः प्रद्युम्नकाव्यस्य यः'
कर्ताऽभूद् भवभेदनैकचतुरः श्री सिंहनामा शमी
साम्यं तस्य कवित्व गर्व्वसहितः को नामजातोऽवनौ
श्रीमज्जैनमतप्रणीतसुपथे सार्थः प्रवृत्तेः क्षमः॥" —चौदहवीं संधि के अन्त में
'सारासारविचारचारुधिषणः सद्धीमतामग्रणी
जातः सत्कविरत्नसर्वविदुषां वैदुष्य संपादकः।
येनेदं चरितं प्रगल्भमनसा शांतः प्रमोदास्पदं,
प्रद्यूम्नस्य कृतं कृतीवतां जीयात् स सिंहः क्षितौ॥' —९वीं संधि के अन्त में

साथ ही कवि ने अपनी लघुता व्यक्त करते हुए अपने को छंद अलङ्कार और व्याकरण शास्त्र से अनभिज्ञ, तर्कशास्त्र को नहीं सुनने वाला और साहित्य का नाम भी जिसके कर्णगोचर नहीं हुआ, इतना तक व्यक्त किया है और लिखा है कि ऐसा कवि सिंह सरस्वती देवी के प्रसाद को प्राप्त कर सत्कवियों में अग्रणी मान्य तथा मनस्वी प्रिय हुआ है[५]।

गुरु परम्परा

कविवर सिंह के गुरु मुनि पुङ्गव भट्टारक अमृतचन्द्र थे, जो तप, तेजरूपी दिवाकर, और व्रत नियम तथा शील के रत्नाकर (समुद्र) थे। तर्क रूपी लहरों से जिन्होंने परमत को झंकोलित कर दिया था—डगमगा दिया था—जो उत्तम व्याकरण रूप पदों के प्रसारक थे, जिनके ब्रह्मचर्य के तेज के आगे काम देव दूर से ही वंकित (खंडित) होने की आशंका से मानो छिप गया था—वह उनके समीप नहीं आ सकता था—इससे उनके पूर्ण ब्रह्मचर्य निष्ठ होने का स्पष्ट उल्लेख मिलता है[६]।

प्रस्तुत भट्टारक अमृतचंद्र उन आचार्य अमृतचंद्र से भिन्न हैं, जो आचार्य कुंदकुन्द के समयसारादि प्राभृतत्रय के टीकाकार और पुरुषार्थ सिद्ध्युपाय आदि ग्रंथों के रचयिता थे। वे लोक में 'ठक्कुर' उपनाम से प्रसिद्ध थे। इनकी समस्त रचनाओं का जैन समाज में बड़ा समादर है। यह विक्रम की दशवीं शताब्दी के विद्वान थे। उनकी गुरु परम्परा यद्यपि अज्ञात है। परन्तु पट्टावली में उनका समय सं० ९६२ दिया हुआ है, वह प्रायः ठीक जान पड़ता है[७]।

किन्तु उक्त भट्टारक अमृतचंद्र के गुरु माधवचंद्र थे, जो प्रत्यक्ष धर्म, उपशम, दम, क्षमा के धारक और इन्द्रिय तथा कषायों के विजेता थे और जो उस समय 'मलधारी देव' के नाम से प्रसिद्ध थे, और यम तथा नियम से सम्बद्ध थे। 'मलधारी' एक उपाधि थी जो उस समय के किसी-किसी साधु सम्प्रदाय में प्रचलित थी। इस उपाधि के धारक अनेक विद्वान् आचार्य हो गए हैं। वस्तुतः यह उपाधि उन मुनि पुंगवों को प्राप्त होती थी, जो दुर्धर परिषहों, विविध घोर उपसर्गों और शीत-उष्ण तथा वर्षा की बाधा सहते हुए भी कभी कष्ट का अनुभव नहीं करते थे। और पसीने से तर-बतर शरीर होने पर धूलि के कणों के संसर्ग से मलिन शरीर को साफ न करने तथा पानी से धोने या नहाने जैसी घोर बाधा को भी हंसते हुए सह लेते थे। ऐसे ऋषि पुंगव ही उक्त उपाधि से अलंकृत किए जाते थे।

---

५. 'छन्दोऽलंकृति-लक्षणं न पठितं नाऽश्रावि तर्कागमो,
जातं हंत न कर्ण गोचरचरं साहित्यनामाऽपि च।
सिंहः सत्कविरग्रणीः समभवत् प्राप्य प्रसादं परं,
वाग्देव्याः सुकवित्वजातयशसा मान्यो मनस्विप्रियः॥'

६. तासु सीसु तव-तेय-दिवायरु, वय-तव-णियम-सील-रयणायरु।
तक्क-लहरि-झंकोलिय-परमउ, वर वायरण पवर पसरिय पउ।
जासु भुवण दूरंतरु वंकिवि, दिढ़ पच्छण्णु मयणु आसंकिवि।
अभयचंद नामेण भडारउ, सो विहरंतु पत्तु बुह सारउ॥ —पज्जुण्णचरिउ प्रशस्ति

७. देखो, 'अमृतचंद्र का समय' शीर्षक मेरा लेख, अनेकान्त वर्ष ८ किरण ४-५।

रचना समय

यद्यपि ग्रन्थ में रचनाकाल दिया हुआ नहीं है, फिर भी अन्य प्रमाणों के आधार पर ग्रन्थ का रचना समय बतलाने का प्रयत्न किया जाता है। ग्रंथ प्रशस्ति में 'बम्हणवाड' नगर का वर्णन करते हुए लिखा है कि उस समय वहां रणधोरी या रणधीर का पुत्र बल्लाल था जो अर्णोराजका क्षय करने के लिए कालस्वरूप था और जिसका मांडलिक भृत्य अथवा सामन्त गुहिलवंशीय क्षत्रीय भुल्लण उस समय बम्हणवाडका शासक था[1]। परन्तु इस उल्लेख पर से उक्त राजाओं का राज्यकाल ज्ञात नहीं होता। अतः उसे अन्य साधनों से जानने का प्रयत्न किया जाता है।

मंत्री तेजपाल के आबू के लूणवसति गत सं० १२८७ के लेख में मालवा के राजा बल्लाल को यशोधवल के द्वारा मारे जाने का उल्लेख है[2]। यह यशोधवल विक्रमसिंह का भतीजा था और उसके कैद हो जाने के बाद गद्दी पर बैठा था। यह कुमारपाल का मांडलिक सामन्त अथवा भृत्य था, मेरे इस कथन की पुष्टि अचलेश्वर मंदिर के शिलालेख गत निम्न पद्य से भी होती है—

"तस्मान्मही·····विदितान्यकलत्रपात्र, स्पर्शो यशोधवल इत्यवलम्बते स्म।
यो गुर्जरक्षितिपतिप्रतिपक्षमाजौ, बल्लालमालभत मालवमेदिनींद्रम् ॥"

यशोधवल का वि० सं० १२०२ (११४५ A.D.) का एक शिलालेख अजरी गाँव से मिला है जिसमें 'प्रमारवंशोद्भवमहामण्डलेश्वरश्रीयशोधवलराज्ये' वाक्य द्वारा यशोधवल को परमारवंश का मण्डलेश्वर सूचित किया है। यशोधवल रामदेव का पुत्र था, इसकी रानी का नाम सौभाग्यदेवी था। इसके दो पुत्र थे, जिनमें एक का नाम धारावर्ष और दूसरे का नाम प्रह्लाददेव था। इनमें यशोधवल के बाद राज्य का उत्तराधिकारी धारावर्ष था। वह बहुत ही वीर और प्रतापी था, इसकी प्रशंसा वस्तुपाल-तेजपाल प्रशस्ति के ३६वें पद्य में पाई जाती है[3] ? धारावर्ष का सं० १२२० का एक लेख 'कायद्रा' गांव के बाहर, काशी, विश्वेश्वर के मंदिर से प्राप्त हुआ है[4]। यद्यपि इसकी मृत्यु का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं मिला, फिर भी उसकी मृत्यु उक्त सं० १२२० के समय तक या उसके अन्तर्गत जानना चाहिये।

जब कुमारपाल गुजरात की गद्दी पर बैठा, तब मालवा का राजा बल्लाल, चन्द्रावती का परमाल विक्रमसिंह और सपादलक्ष (सांभर) का चौहान अर्णोराज ये तीनों राजा परस्पर में मिल गये और इन्होंने कुमारपाल के विरुद्ध जबरदस्त प्रतिक्रिया की; परन्तु उनका यह सब प्रयत्न निष्फल हुआ। कुमारपाल ने

---

१. सरि-सर-णंदण-वण-संछण्णउ, मठ-विहार-जिण-भवणरवण्णउ।
बम्हणवाडउ णामें पट्टणु, अरिणरणाह-सेणदलवट्टणु।
जो भुंजइ अरिणखयकालहो, रणधोरियहो सुअहो बल्लालहो।
जामु भिच्चु दुज्जण-मणसल्लणु, खत्तिउ गुहिल उत्तु जहिं भुल्लणु॥ —प्रद्युम्नचरित प्रशस्ति।

२. यश्चौलुक्यकुमारपालनृपतिः प्रत्यर्थितामागतं।
मत्वा सत्वरमेव मालवपति बल्लालमालब्धवान्॥

३. शत्रु श्रेणीगलबिदलनोन्निद्रनिस्त्रिंशधारो, धारावर्षः समजनि सुतस्तस्य विश्वप्रशस्यः।
क्रौधाकान्तप्रधनवसुधा निश्चले यत्र जाता, श्चोतन्नेत्रोत्पलजलकणः कोंकणाधीशपत्न्यः॥३६॥

४. देखो, भारत के प्राचीन राजवंश भा० १ पृ० ७६-७७।

विक्रमसिंह का राज्य उसके भतीजे यशोधवल को दे दिया, जिसने बल्लाल को मारा था, और इस तरह मालवा को गुजरात में मिलाने का प्रयत्न किया गया[1]।

बल्लाल की मृत्यु का उल्लेख अनेक प्रशस्तियों में मिलता है। बड़नगर से प्राप्त कुमारपाल प्रशस्ति के १५ श्लोकों में बल्लाल की हार और कुमारपाल की विजय का उल्लेख किया गया है और लिखा है कि कुमारपाल ने बल्लाल का मस्तक महल के द्वार पर लटका दिया था। चूंकि कुमारपाल का राज्यकाल वि० सं० ११९९ से वि० सं० १२२९ तक पाया जाता है और इस बड़नगर प्रशस्ति का काल सन् ११५१(वि०सं० १२०८) है। अतः बल्लाल की मृत्यु ११५१ A. D. (वि० सं० १२०७) से पूर्व हुई है[2]।

ऊपर के इस कथन से यह स्पष्ट मालूम होता है कि कुमारपाल, यशोधवल, बल्लाल और अर्णोराज ये सब राजा समकालीन हैं। अतः ग्रंथ-प्रशस्ति गत कथन को दृष्टि में रखते हुए यह प्रतीत होता है कि प्रस्तुत प्रद्युम्नचरित की रचना वि० सं० १२०८ से पूर्व हो चुकी थी। अतः इस ग्रन्थ का रचनाकाल विक्रम की १३वीं शताब्दी का पूर्वार्ध होना चाहिये।

प्रद्युम्नचरित की अधिकांश प्रतियों में अन्तिम प्रशस्ति ही दी हुई नहीं है और जिन प्रतियों में प्राप्त थी उनमें वह त्रुटित एवं खण्डित अवस्था में प्राप्त हुई थी; किंतु यह लिखते हुए प्रसन्नता होती है कि भ० महेन्द्रकीर्ति आमेर के शास्त्रभण्डार की कई प्रतियों में यह प्रशस्ति पूर्णरूप से उपलब्ध है। उक्त भण्डार में इस ग्रंथ की छह प्रतियाँ पाई जाती हैं। जो विविध समयों में लिखी गई हैं। उनमें से सं० १५७७ की प्रति पर से उक्त ग्रंथ की अन्तिम प्रशस्ति इस संग्रह में दी गई है।

१६ वीं प्रशस्ति 'पासनाह चरिउ' की है। जिसके कर्ता कवि देवचन्द्र हैं। इस ग्रन्थ की अभी तक एक ही खंडित प्रति प्राप्त है, जिसमें ७, ७९ और ८१ वां ये तीन पत्र नहीं हैं। ग्रन्थ में ११ संधियाँ हैं जिनमें २०२ कडवकों में कवि ने पार्श्वनाथ के चरित को बड़ी खूबी के साथ चित्रित किया है। साथ में पूर्व भवांतरों का कथन भी अंकित किया है। कवि ने दोधक छन्द में भगवान पार्श्वनाथ की ध्यान-मुद्रा को निम्न वाक्यों में चित्रित किया है. उससे पाठक ग्रन्थ की भाषा शेली से भी परिचित हो सकेंगे।

"तत्थ सिलायले थककु जिणिंदो, संतु महंतु तिलोय हो वंदो।
पंच-महव्वय-उद्दय कंधो, निम्ममु चत्त चउव्विह बंधो।
जीव दयावरु संग विमुक्को, णं दहलक्खणु धम्मु गुरुक्को।
जम्म-जरा मरणुज्झिय दप्पो, बारस भेय तवस्स महप्पो।
मोह-तमंध-पयाव-पयंगो, खंति लया रुहणे गिरि तुंगो।
संजम-सील-विहूसिय देहो, कम्म-कसाय हुआसण मेहो।
पुप्फंधणु वर तोमर धंसो, मोक्ख-महासरि-कीलण हंसौ।
इन्दिय - सप्पहं विसहर मंतो, अप्पसरूव-समाहि-सरंतो।
केवलनाण - पयासण-कंखू, घाण पुरम्मि निवेसिय चक्खू।
णिज्जिय सासु पलंबिय वाहो, णिच्चल देह विसज्जिय-वाहो।
कंचणसेलु जहां थिर चित्तो, दोधक छंद इमो बुह वुत्तो।"

---

१. Epigraphica Indica V. L VIII P. 200.

२. देखो, सन् ११५१ की लिखित बड़नगर प्रशस्ति।

इसमें बतलाया गया है कि भगवान पार्श्वनाथ एक शिला पर ध्यानस्थ बैठे हुए हैं। वे सन्त महन्त त्रिलोकवर्ती जीवों के द्वारा वन्दनीय हैं, पंच महाव्रतों के धारक हैं, निर्ममत्व हैं, और प्रकृति प्रदेश स्थिति अनुभाग रूप चार प्रकार के बन्ध से रहित हैं, दयालु और संग (परिग्रह) से मुक्त हैं। दशलक्षणधर्म के धारक हैं। जन्म, जरा और मरण के दर्प से रहित हैं। तप के द्वादश भेदों के अनुष्ठाता हैं। मोहरूपी अंधकार को दूर करने के लिए सूर्य समान हैं। क्षमा रूपी लता के आरोहणार्थ वे गिरि के समान उन्नत हैं। जिनका शरीर संयम और शील से विभूषित है, जो कर्म रूप कषाय हुताशन के लिए मेघ हैं। कामदेव के उत्कृष्ट बाण को नष्ट करने वाले तथा मोक्ष रूप महासरोवर में क्रीड़ा करने वाले हंस हैं। इन्द्रिय रूपी विषधर सर्पों को रोकने के लिए मंत्र हैं। आत्म-समाधि में चलने वाले हैं। केवलज्ञान को प्रकाशित करने वाले सूर्य हैं, नासाग्र दृष्टि हैं, श्वास को जीतने वाले हैं, जिनके बाहु लम्बायमान हैं और व्याधियों से रहित जिनका निश्चल शरीर है। जो सुमेरु पर्वत के समान स्थिर चित्त है।" यह पार्श्वनाथ की उस ध्यान-समाधि का परिचायक है जो कर्मावरण की नाशक है।

कवि ने अपना यह खण्ड काव्य गुंदिज्ज नगर के पार्श्वनाथ मंदिर में बनाकर समाप्त किया है। गुंदिज्ज नगर दक्षिण में ही कहीं अवस्थित होगा। कवि देवचन्द मूलसंघ देशी गच्छ के विद्वान वासवचन्द के शिष्य थे। ग्रन्थ की अन्तिम प्रशस्ति में गुरुपरम्परा का निम्न प्रकार उल्लेख है—श्रीकीर्ति, देवकीर्ति, मौनीदेव, माधवचन्द्र, अभयनन्दी, वासवचन्द्र और देवचन्द्र।

ग्रन्थ में रचनाकाल दिया हुआ नहीं है, जिससे यह बतलाना कठिन है कि ग्रंथ कब बना है। क्योंकि तद्विषयक सामग्री सामने नहीं है। ग्रंथ की यह प्रति सं० १४९८ के दुर्मति नाम संवत्सर के पूस महीने के कृष्ण पक्ष में अलाउद्दीन के राज्य काल में भट्टारक नरेन्द्रकीर्ति के पदाधिकारी भट्टारक प्रतापकीर्ति के समय में देवगिरि महादुर्ग में अग्रवाल श्रावक पण्डित गांगदेव के पुत्र पासराज के द्वारा लिखाई गई है।

अब तक मुझे वासवचन्द्र नाम के दो विद्वानों का पता चला है, जिनमें एक का उल्लेख खजुराहा के सं० १०११ वैशाखसुदी ७ सोमवार के दिन उत्कीर्ण किये गये जिननाथ मंदिर के शिलालेख में दिया हुआ है जो वहां के राजा धंग के राज्यकाल में खोदा गया था[1]।

दूसरे वासवचन्द्र का उल्लेख श्रवण बेल्गोल के शिल्लेख नं० ५५ में पाया जाता है जो शक सं० १०२२ (वि० सं० ११५७) का है। उस लेख के २५ वें पद्य में वासवचन्द्र मुनीन्द्र स्याद्वादविद्या के विद्वान थे, कर्कश तर्क करने में उनकी बुद्धि चलती थी। उन्होंने चालुक्य राजा की राजधानी में बालसरस्वति की उपाधि प्राप्त की थी[2]। इनमें द्वितीय वासवचन्द्र देवचन्द्र के गुरु हो सकते हैं। यदि यही वासवचन्द्र देवचन्द्र के गुरु हों तो इनका समय विक्रम की १२ वीं शताब्दी हो सकता है।

१७वीं प्रशस्ति 'सयलविहिविहाणकव्व' की है, जिसके कर्त्ता कविनयनन्दी है, जिनका परिचय तीसरी प्रशस्ति के साथ दिया गया है।

१८वीं प्रशस्ति 'अणुवय-रयण-पईब' की है जिसका परिचय १३ वीं प्रशस्ति के साथ दिया गया है।

---

1. See Epigraphica Indica VOLT Page 136.

२. वासवचन्द्र मुनीन्द्रो रुन्द्र स्याद्वादतर्क्क-कर्कश-धिषणः।
चालुक्य कटकमध्ये बालसरस्वति रिति प्रसिद्धिः प्राप्तः॥ —श्रवण बेल्लोल शिलालेख २५

१९वीं प्रशस्ति 'बाहुबलीचरित' की है, जिसके कर्ता कवि धनपाल हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में अठारह संधियां हैं। कवि कथा सम्बन्ध के बाद सज्जन दुर्जन का स्मरण करता हुआ कहता है कि 'नीम को यदि दूध से सिंचन किया जाय तो भी वह अपनी कटुकता का परित्याग नहीं करती। ईख को यदि शस्त्र से काटा जाय तो भी वह अपनी मधुरता नहीं छोड़ती। उसी तरह सज्जन-दुर्जन भी अपने स्वभाव को नहीं छोड़ते। सूर्य तपता है और चन्द्रमा शीतलता प्रदान करता है[1]।' ग्रन्थ में आदि ब्रह्मा ऋषभदेव के पुत्र बाहुबली का, जो सम्राट् भरत के कनिष्ठ भ्राता और प्रथम कामदेव थे, चरित्र दिया हुआ है। बाहुबली का शरीर जहां उन्नत और सुन्दर था वहां वह बल पौरुष से भी सम्पन्न था। वे इन्द्रिय विजयी और उग्र तपस्वी थे। वे स्वाभिमानपूर्वक जीना जानते थे, परंतु पराधीन जीवन को मृत्यु से कम नहीं मानते थे। उन्होंने भरत सम्राट् से जल-मल्ल और दृष्टि युद्ध में विजय प्राप्त की थी, परिणाम स्वरूप भाई का मन अपमान से विक्षुब्ध हो गया और बदला लेने की भावना से उन्होंने अपने भाई पर चक्र चलाया; किन्तु देवोपुनीत अस्त्र 'वंश-घात' नहीं करते। इससे चक्र बाहुबली की प्रदक्षिणा देकर वापिस लौट गया—वह उन्हें कोई नुकसान न पहुंचा सका। बाहुबली ने रणभूमि में भाई को कंधे पर से नीचे उतारा और विजयी होने पर भी उन्हें संसार-दशा का बड़ा विचित्र अनुभव हुआ।

वे सोचने लगे कि भाई को परिग्रह की चाहने अंधा कर दिया है और अहंकार ने उनके विवेक को भी दूर भगा दिया है। पर देखो, दुनिया में किसका अभिमान स्थिर रहा है? अहंकार की चेष्टा का दण्ड ही तो अपमान है। तुम्हें राज्य की इच्छा है तो लो इसे सम्हालो और जो उस गद्दी पर बैठे उसे अपने कदमों में झुकालो, उस राज्य सत्ता को धिक्कार है, जो न्याय अन्याय का विवेक भुला देती है। भाई-भाई के प्रेम को नष्ट कर देती है और इन्सान को हैवान बना देती है। अब मैं इस राज्य का त्याग कर आत्म-साधना का अनुष्ठान करना चाहता हूँ और सबके देखते-देखते ही वे तपोवन को चले गये, जहां दिगम्बर मुद्रा द्वारा एक वर्ष तक कायोत्सर्ग में स्थित रहकर उस कठोर तपश्चर्या द्वारा आत्म-साधना की, पूर्ण ज्ञानी बन स्वात्मोपलब्धि को प्राप्त हुए।

ग्रंथ में अनेक स्थल काव्यमय और अलंकृत मिलते हैं। कवि ने अपने से पूर्ववर्ती अनेक कवियों और उनकी रचनाओं का भी उल्लेख किया है।

कवि ने इस ग्रन्थ का नाम 'कामचरिउ' कामदेवचरित भी प्रकट किया है और उसे गुणों का सागर बतलाया है। ग्रन्थ में यद्यपि छंदों की बहुलता नहीं है। फिर भी ११वीं संधि में दोहों का उल्लेख अवश्य हुआ है। ग्रन्थ रचना उस समय की है जब हिंदी भाषा का विकास हो रहा था। कवि ने इसे वि० सं० १४५४ में वैशाख शुक्ला त्रयोदशी को स्वाति नक्षत्र में स्थित सिद्धि योग में सोमवार के दिन, जबकि चंद्रमा तुलारासी पर स्थित था, पूर्ण किया है।

ग्रन्थ निर्माण में प्रेरक

प्रस्तुत ग्रंथ चंद्रवाड नगर के प्रसिद्ध राज श्रेष्ठी और राजमंत्री, जो जायस या जैसवाल वंश के भूषण थे, साहूवासाधर की प्रेरणा से की है और उक्त ग्रंथ उन्हीं के नामांकित किया है। वासाधर के पिता

---

१. णिंबु को वि जइ खीरहिं सिंचइ, तो वि ण सो कुडुवत्तणु मुंचइ।
उच्छु को वि जह सत्थे खंडइ, तो वि ण सो महुरत्तणु छंडइ।
दुज्जण सुअण सहावें तप्परु, सूरुतवइ ससहरु सीयरकरु॥
—बाहुवलिचरिउ

का नाम सोमदेव था, जो संभरी नरेंद्र कर्णदेव के मंत्री थे। कवि ने साहु वासाधर को सम्यक्त्वी, जिन चरणों के भक्त जिनधर्म के पालन में तत्पर, दयालु, बहु-लोकमित्र, मिथ्यात्व रहित और विशुद्ध चित्त वाला बतलाया है। साथ ही आवश्यक दैनिक षट्कर्मों में प्रवीण, राजनीति में चतुर और अष्टमूल गुणों के पालन में तत्पर प्रकट किया है। इनकी पत्नी का नाम उभयश्री था, जो पतिव्रता और शीलव्रत का पालन करने वाली तथा चतुर्विध संघ के लिए कल्पनिधि थी। इनके आठ पुत्र थे, जसपाल, जयपाल, रतपाल, चंद्रपाल, विहराज, पुण्यपाल, वाहड़ और रूपदेव। ये सभी पुत्र अपने पिता के समान ही सुयोग्य चतुर और धर्मात्मा थे। इन आठ पुत्रों के साथ साहु वासाधर अपने धर्म का साधन करते थे।

इस ग्रंथ में कवि ने अपने से पूर्व होने वाले कुछ खास विद्वानों का और उनकी कुछ प्रसिद्ध कृतियों के नामोल्लेख के साथ उल्लेख किया है। जैसे कवि चक्रवर्ती धीरसेन, जैनेन्द्र व्याकरणकर्ता देवनंदी (पूज्यपाद) श्री वज्रसूरि और उनके द्वारा रचित षट्दर्शन प्रमाण ग्रंथ, महासेन सुलोचनाचरित, रविषेण-पद्मचरित, जिनसेन हरिवंशपुराण, मुनिजटिल वरांगचरित, दिनकरसेन कंदर्पचरित, पद्मसेन-पार्श्वनाथचरित, अमृताराधना गणि अम्बसेन, चंद्रप्रभचरित, धनदत्तचरित, कवि विष्णुसेन, मुनिसिंहनंदि-अनुप्रेक्षा, णवकार मंत्र-नरदेव, कवि असग-वीरचरित, सिद्धसेन, कवि गोविंद, जयधवल, शालिभद्र, चतुर्मुख, द्रोण, स्वयंभू, पुष्पदंत, और सेद्धु कवि का उल्लेख किया गया है।

कवि परिचय

कवि धनपाल गुजरात देश के मध्य में 'पल्हणपुर'[1] या पालनपुर के निवासी थे। वहाँ वीसलदेव राज्य करते थे, जो पृथ्वी के मण्डन और सकल उपमाओं से युक्त थे। उसी नगर में निर्दोष पुरवाड वंश में, जिसमें अगणित पूर्व पुरुष हो चुके हैं, 'भोंवइ' नाम के एक राजश्रेष्ठी थे, जो जिन भक्त और दया गुण

१. पालनपुर (पल्हणपुर) Palanpur आबू राज्य के परमारवंशी धारावर्ष सं० १२२० (११६३ ई०) से १२७६ ई० सन् १२१९ तक आबू का राजा धारावर्ष था, जिसके कई लेख मिल चुके हैं। उसके कनिष्ठ भ्राता यशोधवल के पुत्र प्रल्हादन देव (पालनसी) ने अपने नाम पर बसाया था। यह बड़ा वीर योद्धा था और विद्वान भी था। इसी से इसे कवियों ने पालणपुर या पल्हणपुर लिखा है। यह गुजरात देश की राजधानी थी। यहां अनेक राजाओं ने शासन किया है। आबू के शिलालेखों में परमार वंश की उत्पत्ति और माहात्म्य का वर्णन है और प्रह्लादनदेव की प्रशंसा का भी उल्लेख है। जिस समय कुमारपाल शत्रुंजयादि तीर्थों की यात्रा को गया, तब प्रह्लादन देव भी साथ में था। पुरातन-प्रबंध संग्रह पृ० ४३)

प्रह्लादन देव की प्रशंसा प्रसिद्ध कवि सोमेश्वर ने कीर्तिकौमुदी में और तेजपाल मंत्री द्वारा बनवाए हुए लूणवसही की प्रशस्ति में की है। यह प्रशस्ति वि० सं० १२८७ में आबू पर देलवाड़ा गांव के नेमिनाथ मंदिर में लगाई गई थी। मेवाड़ के गुहिल वंशी राजा सामंतसिंह और गुजरात के सोलंकी राजा अजयपाल की लड़ाई में, जिसमें वह घायल हो गया था प्रह्लादन ने बड़ी वीरता से लड़कर गुजरात की रक्षा की थी।

प्रस्तुत पालनपुर में दिगम्बर-श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदाय के लोग रहते थे। धनपाल के पितामह तो वहां के राज्य श्रेष्ठी थे। श्वेताम्बर समाज का तो यह प्रमुख केन्द्र ही था। यहां उनके अनेक ग्रंथ लिपि किये गए। जिनदत्त सूरि भी वहां रहे हैं।

से युक्त थे। यह कवि धनपाल के पितामह थे, इनके पुत्र 'सुहडप्रभ' श्रेष्ठी थे, जो धनपाल के पिता थे। कवि की माता का नाम 'सुहडा देवी' था इनके दो भाई और भी थे, जिनका नाम संतोष और हरिराज था। इनके गुरु प्रभाचंद्र थे, जो अपने बहुत से शिष्यों के साथ देशाटन करते हुए उसी पल्हणपुर में आये थे, धनपाल ने उन्हें प्रणाम किया, और मुनि ने आशीर्वाद दिया कि तुम मेरे प्रसाद से विचक्षण होगे। मस्तक पर हाथ रखकर बोले कि मैं तुम्हें मंत्र देता हूँ। तुम मेरे मुख से निकले हुए अक्षरों को याद करो। आचार्य प्रभाचंद्र के वचन सुनकर धनपाल का मन आनन्दित हुआ, और उसने विनय से उनके चरणों की वन्दना की, और आलस्य रहित होकर गुरु के आगे शास्त्राभ्यास किया, और सुकवित्व भी पा लिया। पश्चात् प्रभाचंद्र गणी खंभात धारनगर और देवगिरि (दौलताबाद) होते हुए योगिनी पुर आये। देहली निवासियों ने उस समय एक महोत्सव किया और भट्टारक रत्नकीर्ति के पट्ट पर उन्हें प्रतिष्ठित किया। भट्टारक प्रभाचंद्र ने मुहम्मदशाह तुगलक के मन को अनुरंजित किया था और विद्या द्वारा वादियों का मनोरथ भग्न किया था[1]। मुहम्मदशाह ने वि० सं० १३८१ से १४०८ तक राज्य किया है।

भट्टारक प्रभाचंद्र का भट्टारक रत्नकीर्ति के पट्ट पर प्रतिष्ठित होने का समर्थन भगवती आराधना की पंजिका टीका की उस लेखक प्रशस्ति से भी होता है जिसे संवत् १४१६ में इन्हीं प्रभाचंद्र के शिष्य ब्रह्म-नाथूराम ने अपने पढ़ने के लिए दिल्ली के बादशाह फीरोजशाह तुगलग के शासनकाल में लिखवाया था, उसमें भ० रत्नकीर्ति के पट्ट पर प्रतिष्ठित होने का स्पष्ट उल्लेख है[2]। फीरोजशाह तुगलक ने सं० १४०८ से १४४५ तक राज्य किया है। इससे स्पष्ट है कि भ०प्रभाचंद्र सं० १४१६ से कुछ समय पूर्व भट्टारक पदपर प्रतिष्ठित हुये थे और सकल उपमाओं से युक्त थे।

कविवर धनपाल गुरु आज्ञा से सौरिपुर तीर्थ के प्रसिद्ध भगवान नेमिनाथ जिनकी वन्दना करने के लिये गए थे। मार्ग में इन्होंने चन्द्रवाड[3] नाम का नगर देखा, जो जन धन से परिपूर्ण और उतुंग जिनालयों से विभूषित था, वहां साहु वासाधर का बनवाया हुआ जिनालय भी देखा और वहां के श्री अरहनाथ जिनकी वन्दना कर अपनी गर्हा तथा निंदा की और अपने जन्म-जरा और मरण का नाश होने की कामना व्यक्त की। इस नगर में कितने ही ऐतिहासिक पुरुष हुए हैं जिन्होंने जैनधर्म का अनुष्ठान करते हुए वहां के राज्य मंत्री रह कर प्रजा का पालन किया है। कवि का समय पन्द्रहवीं शताब्दी है।

२०वीं प्रशस्ति (चंदप्पहचरिउ) नाम के ग्रन्थ की है, जिनके कर्ता कवि यशःकीर्ति हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में ग्यारह संधियाँ हैं जिनमें जैनियों के आठवें तीर्थंकर चन्द्रप्रभ का जीवन परिचय अंकित किया गया है। ग्रन्थ का चरित भाग उड़ा ही सुन्दर और प्रांजल है। इसका अध्ययन करने से जैन तीर्थंकर की आत्म-साधना की रूपरेखा का जहां परिज्ञान होता है वहां आत्म-साधना के सुन्दर उपाय की भी जानकारी हो जाती है।

---

१. तहिं भव्वहिं सुमहोच्छव विहियउ, सिरि रयणकित्ति पट्टें णिहिउ।
महमंदसाहि मणुरंजियउ, विज्जहिं वाइय मणु भंजियउ। —बाहुबलि चरिउ प्रशस्ति

२. संवत् १४१६ वर्षे चैत्र सुदि पञ्चम्यां सोमवासरे सकलराज शिरोमुकुटमाणिक्यमरीचिपिंजरीकृत चरण कमल पादपीठस्य श्रीपेरोजसाहेः सकलसाम्राज्यधुरीविभ्राणस्य समये श्री दिल्यां श्री कुन्दकुन्दाचार्यान्वये सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे भट्टारक श्री रत्नकीर्ति देव पट्टोदयाद्रितरुणतरणित्वमुर्वीकुर्वाणंरणः (णः) भट्टारक श्री प्रभाचन्द्रदेव शिष्याणां ब्रह्मनाथूराम। इत्याराधना पंजिकायां ग्रंथ आत्म पठनार्थं लिखापितम्। —आरा० पंजि० प्रश० व्यावर भवन प्र०

३. देखो, चन्द्रवाड का इतिहास नाम का मेरा लेख, अनेकान्त वर्ष ८।

कवि ने अपना सभी कथन काव्य-शैली से किया है, किन्तु साध्य-चरित भाग को सरल शब्दों में रखने का प्रयत्न किया गया है। इसमें विविध छन्दों की भरमार नहीं है। कवि ने इस ग्रन्थ को 'हुंबड' कुलभूषण कुमरसिंह के सुपुत्र सिद्धपाल के अनुरोध से बनाया था, वे उन्मत्त ग्राम के निवासी थे। अतएव ग्रन्थ सिद्धपाल के ही नामांकित किया गया है।

समय विचार

ग्रन्थकर्ता ने ग्रन्थ में रचनाकाल नहीं दिया; किन्तु आद्य प्रशस्ति में निम्न विद्वानों का उल्लेखमात्र किया है। साथ ही, आचार्य समन्तभद्र के मुनि जीवन के समय घटने वाली और आठवें तीर्थंकर के स्तोत्र की सामर्थ्य से चन्द्रप्रभ की मूर्ति के प्रकट होने की घटना का उल्लेख करते हुए अकलंक, पूज्यपाद, जिनसेन और सिद्धसेन नाम के अपने से पूर्ववर्ती विद्वानों का उल्लेख किया है। जिससे यह स्पष्ट जाना जाता है कि प्रस्तुत ग्रंथ भट्टारक गुणकीर्ति के शिष्य यश कीर्ति की कृति नहीं है। ग्रन्थका भाषा साहित्य भी पाण्डवपुराण के कर्ता यश:कीर्ति से गम्भीर प्रौढ़ और प्रभावक है। कुछ विद्वान इसे उक्त यश:कीर्ति को और पाण्डवपुराण के कर्ता यश:कीर्ति, दोनों को एक बतलाते हैं, परन्तु वे इसका कोई प्रमाण नहीं देते हैं।

साथ ही, दोनों ग्रन्थों की सन्धि-पुष्पिकाओं में भी भारी अन्तर है। भट्टारक यश:कीर्ति अपने प्रत्येक ग्रन्थ की सन्धि पुष्पिका में 'सिरि गुणकीर्ति सिस्स मुणि जसकित्ति विरइए' वाक्य के साथ उल्लेखित करते हैं, जिससे स्पष्ट है कि उक्त कृति भ० गुणकीर्ति के शिष्य यश:कीर्ति की रची हुई है। किंतु चन्द्रप्रभ चरित्र के कर्ता ने अपने ग्रन्थ की किसी भी संधि में गुणकीर्ति के शिष्य यश:कीर्ति का कोई उल्लेख नहीं किया है। जिससे प्रस्तुत यश:कीर्ति पाण्डवपुराणादि के कर्ता भ० यश:कीर्ति से भिन्न हो जाते हैं। जैसा कि ग्रन्थ के निम्न संधि वाक्य से प्रकट है :—"इय सिरि चंदप्पहचरिए महाकव्वे महाकइ जसकित्ति विरइए महाभव्व सिद्धपाल सवणभूसणे चंदप्पहसामिणिव्वाण गमण वण्णणोणाम एयारहमो-संधी परिच्छेउ समत्तो।"

गुणकीर्ति के शिष्य यश:कीर्ति ने कहीं भी अपने को महाकवि सूचित नहीं किया है; किन्तु चन्द्रप्रभ चरित के कर्त्ता ने अपने को 'कहाकवि' भी प्रकट किया है।

अतः ऊपर के इस विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रस्तुत ग्रन्थ के कर्ता इनसे भिन्न और पूर्ववर्ती हैं। इनका समय सम्भवतः ११वीं-१२वीं शताब्दी ज्ञात होता है। ग्रंथ अभी अप्रकाशित है और उसे प्रकाश में लाने की आवश्यकता है।

२१वीं, २२वीं, २३वीं और २४वीं प्रशस्तियाँ क्रम से 'पाण्डवपुराण' हरिवंश पुराण, जिनरात्रि-कहा, और रविवउकथा की हैं। जिनके कर्त्ता भ० यश: कीर्ति हैं।

पाण्डवपुराण में ३४ संधियां हैं जिनमें भगवान् नेमिनाथ की जीवन-गाथा के साथ युधिष्टिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव, और कौरवों के परिचय से युक्त कौरवों से होने वाले युद्ध में विजय, नेमिनाथ, युधिष्ठिर, भीम और अर्जुन की तपश्चर्या तथा निर्वाण प्राप्ति, नकुल, सहदेव का सर्वार्थसिद्धि प्राप्त करना और बलदेव का ५वें स्वर्ग में जाने का उल्लेख किया है। कवि यश: कीर्ति विहार करते हुए नवगांव नाम के नगर में आए, जो दिल्ली के निकट था, वहां उन्होंने इसकी रचना वि० सं० १४९७ में समाप्त की है। ग्रंथ में नारी का वर्णन परम्परागत उपमानों से अलंकृत है, किन्तु शारीरिक सौंदर्य का अच्छा वर्णन किया गया है—'जाहे णियंतिहे रइवि उक्खिज्जइ'—जिसे देखकर रति भी खीज उठती है। इतना ही नहीं किन्तु उसके सौंदर्य से इन्द्राणी भी खिन्न हो जाती है—'लायण्णें वासवपिय जूरइ' कवि ने जहां शरीर के

बाह्य सौंदर्य का कथन किया है वहां उसके अन्तर प्रभाव की भी सूचना की है। छन्दों में पद्धडिया के अतिरिक्त आरणाल, दुवई, खंडय, हेला, जंभोट्टिया, रचिता, मलयविलासिया, आवली, चतुष्पदी, सुन्दरी, वंशस्थ, गाहा, दोहा और वस्तु छन्द का प्रयोग किया है। कहीं-कहीं भाषा में अनुरणनात्मक शब्दों का प्रयोग भी मिलता है[1]। कवि ने यह ग्रन्थ शाह हेमराज के अनुरोध से बनाया है जो दिल्ली के बादशाह मुबारिक शाह के मंत्री थे। इन्होंने दिल्ली में एक चैत्यालय भी बनवाया था[2], जिसकी प्रतिष्ठा सं० १४९७ से पूर्व हो चुकी थी; क्योंकि सं० १४९७ में निर्मित ग्रंथ में उसका उल्लेख किया है। ग्रंथ की संधियों के संस्कृत पद्यों में ग्रन्थ निर्माण में प्रेरक हेमराज की मंगल कामना की गई है और यह ग्रन्थ उन्हीं के नामांकित किया गया है। ग्रंथ की अन्तिम प्रशस्ति में हेमराज के परिवार का विस्तृत परिचय दिया हुआ है।

२२वीं प्रशस्ति 'हरिवंशपुराण' की है जिसमें १३ संधियां और २६७ कडवक हैं जो चार हजार श्लोकों के प्रमाण को लिए हुए हैं। इनमें कवि ने भगवान् नेमिनाथ और उनके समय में होने वाले कौरव पाण्डव युद्ध और विजय का संक्षिप्त परिचय दिया गया है अर्थात् महाभारत कालीन जैन मान्यता सम्मत पौराणिक आख्यान दिया हुआ है। ग्रन्थ में काव्यमय अनेक स्थल अलंकृत शैली से वर्णित हैं। उसमें नारी के बाह्य रूप का ही चित्रण नहीं किया गया, किन्तु उसके हृदय-स्पर्शी प्रभाव को भी अङ्कित किया है। कवि ने ग्रंथ को यद्यपि पद्धडिया छन्द में रचने की घोषणा की है, किन्तु आरणाल, दुवई, खंडय, जंभोट्टिया, वस्तुबंध और हेला आदि छन्दों का भी प्रयोग यत्र-तत्र किया गया है। ऐतिहासिक कथनों की प्रधानता है, परंतु सभी वर्णन सामान्य कोटि के हैं उनमें तीव्रता की अभिव्यक्ति नहीं है। यह ग्रन्थ हिसार निवासी अग्रवाल वंशी गर्गगोत्री साहु दिवड्ढा के अनुरोध से बनाया गया था, साहु दिवड्ढा परमेष्ठी आराधक, इन्द्रिय-विषय-विरक्त, सप्तव्यसनरहित, अष्टमूलगुणधारक तत्त्वार्थश्रद्धानी, अष्ट अंग परिपालक, ग्यारह प्रतिमा आराधक, और बारहव्रतों का अनुष्ठापक था, उसके दान-मान की कवि यशःकीर्ति ने खूब प्रशंसा की[3] है। उसी के अनुरोधवश यह ग्रन्थ वि० सं० १५०० में भाद्रपद शुक्ला एकादशी के दिन 'इंदउरि' इन्द्रपुर या इन्द्रपुरी (दिल्ली) में जलालखाँ के राज्य में समाप्त हुआ है।

२३वीं प्रशस्ति 'जिनरात्रिकथा' की है, जिसमें शिवरात्रि कथा की तरह भगवान महावीर ने जिस रात्रि में अवशिष्ट अघाति कर्म का विनाश कर पावापुर से मुक्ति पद प्राप्त किया था उसी का वर्णन प्रस्तुत कथा में किया गया है। उस दिन और रात्रि में व्रत करना, तथा तदनुसार आचार का पालन करते हुए आत्म-साधना द्वारा आत्म-शोधन करना कवि की रचना का प्रमुख उद्देश्य है।

२४वीं प्रशस्ति रविव्रत कथा की है, जिसमें रविवार के व्रत से लाभ और हानि का वर्णन करते हुए, रविव्रत के अनुष्ठापक और उसकी निन्दा करने वाले दोनों व्यक्तियों की अच्छी बुरी परिणतियों से निष्पन्न फल का निर्देश करते हुए व्रत की सार्थकता, और उसकी विधि आदि का सुन्दर विवेचन किया गया है।

---

१. झं झणण झणण झल्लरि वि सद्द, टं टं करंत करि वीर घंट !
कंसाल ताल सद्दइ करंति, मिहुणइं इव विहडिवि पुणु मिलंति।
डम डम डम डमरू सद्दियाइं, बहु ढोल निसाणइं वज्जियाइं।

२. जेण करावउ जिण-चेयालउ, पुण्णहेउ चिर-रय-पक्खालिउ।
धय-तोरण-कलसेहिं अलंकिउ, जसु गुरुत्ति हरिजणु वि संकिउ।

३. *दाणेण जासु कित्ती पर उवयारसु संपया जत्स।*
णिय पुत्त कलत्त सहिउ णंदउ दिवढाख्य इह भुवणे॥ —हरिवंश पुराण प्रथम संधि

कवि परिचय

भट्टारक यशः कीर्ति काष्ठासङ्घ माथुरगच्छ और पुष्करगण के भट्टारक गुणकीर्ति (तपश्चरण से जिनका शरीर क्षीण हो गया था) के लघु भ्राता और पट्टधर थे[1]। यह उस समय के सुयोग्य विद्वान् और कवि थे, तथा संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश भाषा के अच्छे विद्वान् थे। इन्होंने सं० १४८६ में बिबुध श्रीधर के संस्कृत भविष्यदत्त चरित्र और अपभ्रंश भाषा का 'सुकमालचरित' ये दोनों ग्रन्थ लिखवाये थे[2]। इन्होंने अनेक मूर्तियों की प्रतिष्ठा भी कराई थी। ग्वालिर के भ० मंदिर में इनके द्वारा प्रतिष्ठित मूर्तियां विराजमान हैं। यह ग्वालियर के शासक तोमर वंशीय राजा डूंगरसिंह के समय में हुए हैं जिसने सं० १४८१ से सं० १५१० तक राज्य किया है। यह जैनधर्म का श्रद्धालु था। इसने उस समय सैकड़ों मूर्तियां ग्वालियर के किले में उत्कीर्ण कराई थी, जिनकी खुदाई का कार्य ३३ वर्ष पर्यन्त चला था। इनके महाकवि रइधू जैसे शिष्य थे। रइधू ने अपने 'सम्मइ जिनचरिउ' नामक ग्रन्थ-प्रशस्ति में यशःकीर्ति का निम्न शब्दों में गुण-गान किया है—

"ताहि कमागयतव तवियंगो, णिन्चुब्भासिय-पवयण-संगो।
भव्व-कमल-संबोह-पयंगो, वंदिवि सिरि जसकित्ति असंगो।
तस्स पसाएँ कव्वु पयासमि, चिरभवि विहिउ असुर णिण्णासमि॥"

भट्टारक यशः कीर्ति को महाकवि स्वयंभू देव का 'हरिवंश पुराण' (रिट्ठेणेमिचरिउ) जीर्ण-शीर्ण दशा में प्राप्त हुआ था और जो खंडित भी हो गया था, जिसका उन्होंने ग्वालियर के कुमार नगर के जैन मंदिर में व्याख्यान करने लिए उद्धार किया था[3] और इसमें अपना नाम भी अङ्कित कर दिया था यह कवि रइधू के तो गुरु थे ही, इनकी और इनके शिष्यों की प्रेरणा से कवि रइधू ने अनेक ग्रंथों की रचना की है। इनका समय विक्रम की १५वीं शताब्दी है।

---

१. तहो सीसु सिद्धु गुण कित्तिणासु, तव तावें जासु सरीस खामु।
तहो बंधबु जस मुणि सीसु जाउ, आयरिउ पणासिय दोसु-राउ। —हरिवंशपुराण प्रश०

२. "सं० १४८६ वर्षे अश्वणिवदि १३ सोमदिने गोपाचलदुर्गे राजा डूंगरेन्द्रसिंह देव विजयराज्य प्रवर्तमाने श्रीकाष्ठासंघे माथुरान्वये पुष्करगणे आचार्य श्रीभावसेनदेवास्तत्पट्टे श्रीसहस्रकीर्तिदेवास्तत्पट्टे श्री गुणकीर्तिदेवास्तच्छिष्येण श्रीयशः कीर्तिदेवेन निजज्ञानावरणी कर्म क्षयार्थं इदं सुकमालचरितं लिखापितं कायस्थ याजन पुत्र थलू लेखनीयं।"
"सं० १४८६ वर्षे आषाढ़ वदि ७ गुरुदिने गोपाचलदुर्गे राजा डूंगरसी (सिं) ह राज्य प्रवर्तमाने श्री काष्ठासंघे माथुरान्वये पुष्करगणे आचार्य श्री सहस्रकीर्तिदेवास्तत्पट्टे आचार्य गुणकीर्ति देवास्तिच्छिष्य श्रीयशः कीर्तिदेवास्तेन निज ज्ञानावरणी कर्मक्षयार्थं इदंभविष्यदत्त पंचमीकथालिखापितम्।"

३. तं जसकित्ति-मुणिहि उद्धरयिउ, णिए वि सत्तु हरिवंसच्छरिउ।
णिय-गुरु-सिरि-गुण-कित्ति-पसाएँ, किउ परिपुण्णु मणहो अणुराएँ।
सरह सणेदं (?) सेठि आएसें, कुमरि-णयरि आविउ सविसेसें।
गोवग्गिरिहे समीवे विसालए, पणियारहे जिणवर-चेयालए।
सावयजणहो पुरउ वक्खाणिउ, दिट्ठमिच्छत्तु मोहु अवमाणिउ।

—हरिवंश पुराण प्रशस्ति नरायणा प्रति

२५वीं प्रशस्ति 'पासणाहचरिउ' की है, जिसके कर्ता कवि श्रीधर हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ एक खण्ड काव्य है। ग्रन्थ में १२ सन्धियाँ हैं जिनकी श्लोक संख्या ढाई हजार से ऊपर है। ग्रन्थ में जैनियों के तेवीसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जीवन-परिचय अंकित किया गया है। कथानक वही है जो अन्य प्राकृत-संस्कृत के ग्रंथों में उपलब्ध होता है। ग्रन्थ के प्रारम्भ में कवि ने दिल्ली नगर का अच्छा परिचय दिया है। उस समय दिल्ली जोयणिपुर, योगिनीपुर के नाम से विख्यात थी, जन-धन से सम्पन्न, उत्तुंग साल (कोट) गोपुर, विशालपरिखा, रणमंडपों, सुन्दर मन्दिरों, समद गज-घटाओं, गतिशील तुरंगों, ध्वजाओं से अलंकृत थी, तथा स्त्रियों की नूपुर ध्वनि को सुन्दर नाचते हुए मयूरों और विशालहट्ट मार्गों से विभूषित थी। और वह हरियाना देश में थी।

कवि ने ग्रंथ की समाप्ति-सूचक सन्धि-पुष्पिका गद्य में न देकर स्वयंभू और नयनन्दी कवि के समान पद्य में दी है[1]।

श्रीधर ने इस ग्रन्थ की रचना दिल्ली में उस समय की, जब वहां तोमरवंशी क्षत्रिय अनंगपाल तृतीय का राज्य शासन चल रहा था। यह अनंगपाल अपने दो पूर्वजों से भिन्न था। बड़ा प्रतापी एवं वीर था। इसने हम्मीर वीर की सहायता की थी। ये हम्मीर वीर अन्य कोई नहीं, ग्वालियर के परिहार वंश की द्वितीय शाखा के हम्मीरदेव जान पड़ते हैं, जिन्होंने सं० १२१२ से १२२४ तक ग्वालियर में राज्य किया है। पर अनंगपाल से इनका क्या सम्बन्ध था, यह कुछ ज्ञात नहीं हो सका। उस समय दिल्ली वैभव सम्पन्न थी, उसमें विविध जाति और धर्म वाले लोग बसते थे।

ग्रंथ रचना में प्रेरक

साहु नट्टल के पिता का नाम 'आल्हण' था। इनका वंश अग्रवाल था, और वह सदा धर्म-कर्म में सावधान रहते थे। इनकी माता का नाम 'मेमडिय' था, जो शीलरूपी सत् आभूषणों से अलंकृत थी, और बांधवजनों को सुख प्रदान करती थी। साहू नट्टल के दो ज्येष्ठ भाई और भी थे, राघव और सोढल। इनमें राघव बड़ा ही सुन्दर एवं रूपवान् था। उसे देखकर कामिनियों का चित्त द्रवित हो जाता था। और सोढल विद्वानों को आनन्ददायक, गुरु भक्त तथा अरहंतदेव की स्तुति करने वाला था, जिसका शरीर विनय रूपी आभूषणों से अलंकृत था, तथा बड़ा बुद्धिमान और धीर-वीर था। नट्टलसाहु इन सबमें लघु पुण्यात्मा सुन्दर और जनवल्लभ था। कुलरूपी कमलों का आकार और पापरूपी पांशु (रज) का नाशक, तीर्थंकर का प्रतिष्ठापक, बन्दीजनों को दान देने वाला, परदोषों के प्रकाशन से विरक्त, रत्नत्रय से विभूषित, और चतुर्विध संघ को दान देने में सदा तत्पर रहता था। उस समय दिल्ली के जैनियों में वह प्रमुख था, व्यसनादि-रहित हो श्रावक के व्रतों का अनुष्ठान करता था। साहु नट्टल केवल धर्मात्मा ही नहीं थे, किन्तु उच्च-कोटि के कुशल व्यापारी भी थे। उस समय उनका व्यापार अंग-बंग, कलिङ्ग, कर्नाटक, नेपाल, भोट, पांचाल, चेदि, गौड़, ठक्क, (पंजाब), केरल, मरहट्ट, भादानक, मगध, गुर्जर, सोरठ और हरियाना आदि देशों और नगरों में चल रहा था। यह व्यापारी ही नहीं थे; किन्तु राजनीति के चतुर पंडित भी थे। कुटुम्बीजन तो नगर सेठ थे, और आप स्वयं तोमरवंशी अनंगपाल (तृतीय) के आमात्य थे। आपने

१. इस सिरि पासचरित्तं, रइये बुहसिरिहरेण गुण भरियं।
अणुमण्णियं मणोज्जं, णट्टल नामेण भव्वेण ॥१॥
विजयंत विमाणाओ वामादेवीइ णंदणो जाओ।
कणयप्पहु चविऊणं पढमो संधी परिसमत्तो ॥२॥

कवि श्रीधर से, जो हरियाना देश से यमुना नदी को पार कर उस समय दिल्ली में आये थे, ग्रन्थ बनाने की प्रेरणा की थी, तब कवि ने इस सरस खण्ड-काव्य की रचना वि० सं० ११८९ अगहन वदी अष्टमी रविवार के दिन समाप्त की थी।

नट्टलसाहु ने उस समय दिल्ली में आदिनाथ का[1] एक प्रसिद्ध जिन मन्दिर भी बनवाया था, जो अत्यन्त सुन्दर था। जैसा कि ग्रंथ के निम्न वाक्यों से प्रकट है :—

"कारावेवि णाहेयहो णिकेउ, पविइण्णु पंचवण्णं सुकेउ।
पइं पुणु पइट्ठ पविरइयजेम, पासहो चरित्तु जइ पुणवि तेम॥"

आदिनाथ के इस मन्दिर की उन्होंने प्रतिष्ठा विधि भी की थी, उस प्रतिष्ठोत्सव का उल्लेख उक्त ग्रंथ की पांचवीं सन्धि के बाद दिये हुए निम्न पद्य से प्रकट है :—

येनाराध्य विशुध्य धीरमतिना देवाधिदेवं जिनं,
सत्पुण्यं समुपार्जितं निजगुणैः संतोषिता बांधवाः।
जैनं चैत्यमकारि सुन्दर तरं जैनीं प्रतिष्ठां तथा,
स श्रीमान्विदितः सदैव जयतात्पृथ्वीतले नट्टलः॥

इस तरह कवि ने साहु नट्टल की मंगल कामना की है।

कवि परिचय

प्रस्तुत कवि श्रीधर हरियाना देश के निवासी थे, और अग्रवाल कुल में उत्पन्न हुए थे। आपके पिता का नाम 'गोल्ह' था और माता का नाम 'बील्हादेवी' था। कवि ने अपनी गुरु परम्परा और जीवनादि घटना का कोई उल्लेख नहीं किया। ग्रंथ की आद्य प्रशस्ति में अपनी एक अन्य रचना 'चंदप्पहचरिउ' (चन्द्रप्रभचरित) का उल्लेख किया है, परन्तु वह अभी तक अनुपलब्ध है। कवि की अन्य क्या-क्या कृतियाँ हैं, यह कुछ ज्ञात नहीं हो सका। परंतु कवि की तीसरी रचना 'वर्धमानचरित' है। जो संवत् ११९० में रचा गया था, जिसकी अपूर्ण प्रशस्ति परिशिष्ट नं० ३ में दी गई है। देखिये परिचय परिशिष्ट नं० ३। कवि का समय विक्रम की १२वीं शताब्दी का उत्तरार्ध है। कवि की उक्त कृति अभी तक अप्रकाशित है, उसे प्रकाश में लाने का प्रयत्न होना चाहिये।

२६वीं और १०४वीं प्रशस्ति 'सेणियचरिउ 'या 'वड्ढमाणकव्व' और 'मल्लिणाह कव्व' नामक ग्रन्थों की है, जिनके कर्ता कविहल्ल या हरिइंद अथवा हरिचन्द हैं।

प्रथम ग्रन्थ में ११ संधियां हैं, जिनमें जैनियों के अन्तिम तीर्थंकर वर्धमान भगवान का जीवन-परिचय अङ्कित किया गया है। साथ ही, उनके समय में होने वाले मगध के शिशुनाग वंशी सम्राट् बिम्बसार या श्रेणिक की जीवन गाथा भी दी हुई है। यह राजा बड़ा प्रतापी था और राजनीति में कुशल था। इसके सेनापति श्रेष्ठि पुत्र जंबूकुमार ने केरल के राजा मृगांक पर विजय कर उसकी पुत्री विलासवती से श्रेणिक का विवाह सम्बन्ध कराया था। इसकी पट्टमहिषी चेलना वैशाली गणतंत्र के अध्यक्ष राजा चेटक की सुपुत्री थी। जो जिनधर्म पालिका और पतिव्रता थी। उक्त राजा श्रेणिक पहले बुद्ध धर्म का अनुयायी था किन्तु वह चेलना के सहयोग से दिगम्बर जैनधर्म का भक्त और महावीर का प्रमुख श्रोता हो गया था। ग्रन्थ की भाषा

१. पहले मेरे लेख में इसे पार्श्वनाथ का मन्दिर लिखा गया था, पर वह पार्श्वनाथ का मन्दिर नहीं था किन्तु आदिनाथ का मन्दिर था, जिसे ऋषदेव का मन्दिर भी कहते थे। उस समय वहां जैनियों के और मन्दिर भी बने हुए थे।

विक्रम की १५वीं शताब्दी की ज्ञात होती है। और उसका रचना स्थल राजस्थान है। यह ग्रन्थ देवराय के पुत्र संघाधिप होलिवम्म के अनुरोध से रचा गया है। ग्रन्थ में रचनाकाल नहीं दिया।

१०४ वीं प्रशस्ति 'मल्लिणाह काव्य'की है। इसमें जैनियों के १९वें तीर्थंकर मल्लिनाथका जीवन-चरित दिया हुआ है। आमेर शास्त्र भण्डार की यह प्रति अपूर्ण है। आदि के तीन पत्र उपलब्ध नहीं है। इस ग्रन्थ की रचना कवि ने पुहमि (पृथ्वी नामक) राजा के राज्य में स्थित साहू आल्हा के अनुरोध से की है। आल्हा साहू के ४ पुत्र थे, जिनके नाम बाह्यसाहू, तुम्बर रतणऊ और गल्हग थे। इन्होंने ही उस मल्लिनाथ चरित को लिखवाकर प्रसिद्ध किया था।

गुरु परम्परा और समय

कवि ने इस ग्रंथ में भी रचनाकाल नहीं दिया, परंतु कवि ने अपनी जो गुरु परम्परा दी है उससे ग्रन्थ के रचनाकाल पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। ग्रंथकर्ता के गुरु पद्मनन्दि भट्टारक थे, जो मूलसंघ बलात्कार गण और सरस्वतीगच्छ के विद्वान् और भट्टारक प्रभाचन्द्र के पट्टधर थे। यह उस समय के अत्यंत प्रभावक और प्रतिभा सम्पन्न विद्वान् थे। आपकी अनेक कृतियां उपलब्ध हैं। पद्मनन्दि श्रावकाचार, भावना पद्धति, वर्धमान चरित और अनेक स्तवन। आपके अनेक शिष्य थे, उनमें कितने ही शिष्यों ने ग्रन्थ रचना की है। इनका समय विक्रम की १४वीं शताब्दी का उत्तरार्ध और १५वीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध है।

पार्श्वनाथ चरित के कर्ता कवि अग्रवाल (सं० १४७९) ने अपने ग्रंथ की अन्तिम प्रशस्ति में सं० १४७१ की एक घटना का उल्लेख करते हुए लिखा है कि—करहल[1] के चौहानवंशी राजा भोजराज (भोयराय) थे। उनकी पत्नी का नाम णाइक्कदेवी था। उससे संसारचंद या पृथ्वीराज नाम का एक पुत्र था। उसके राज्य में सं० १४७१ की माघ कृष्णा चतुर्दशी शनिवार के दिन रत्नमयी जिनबिम्ब की स्थापना की गई थी। उस समय यदुवंशी अमरसिंह भोजराज के मंत्री थे। उनके पिता का नाम ब्रह्मदेव और माता का नाम पद्मलक्षणा था, जो इनकी तृतीय पत्नी थीं। इनके चार भाई और भी थे जिनके नाम करमसिंह, समरसिंह, नक्षत्रसिंह और लक्ष्मणसिंह थे। अमरसिंह की पत्नी का नाम कमलश्री था, जो पातिवृत्य और शीलादि सद्गुणों से विभूषित थी। उससे तीन पुत्र हुए थे। णंदन, सोणिग (सोना साहु) और लोणिव (लोणासाहु)। इनमें लोणिव या लोणासाहू जिन यात्रादि प्रशस्त कार्यों में द्रव्य का विनिमय करते थे, अनेक विधान और उद्यापनादि कार्य कराते थे। उन्होंने कवि 'हल्ल' की प्रशंसा की थी, जिन्होंने 'मल्लि-नाथ' का चरित्र बनाया था। उस समय भ० पद्मनंदि के शिष्य भ० प्रभाचन्द्र पट्टधर थे[2]।

ऊपर के इस कथन पर से यह स्पष्ट हो जाता है कि कवि हल्ल (जयमित्रहल) ने अपना मल्लिनाथ काव्य सं० १४७१ से कुछ समय पूर्व बनाया है। संभवतः वह सं० १४६० के आस-पास की रचना है। इससे कवि १५वीं शताब्दी के मध्य के विद्वान् जान पड़ते हैं।

२७वीं प्रशस्ति 'भविसयत्त कहा' की है जिसके कर्ता कवि श्रीधर हैं। प्रस्तुत ग्रंथ में छह संधियाँ और १४३ कडवक दिये हुए हैं, जिनमें ज्येष्ठ शुक्ला पंचमी (श्रुत पंचमी) व्रत का फल और महात्म्य वर्णन करते हुए व्रत संपालक भविष्यदत्त के जीवन-परिचय को अङ्कित किया है और वह पूर्व परंपरा के अनुसार

१. करहल इटावा से १३ मील की दूरी पर बसा हुआ है। यहां पर चौहान वंशी राजाओं का राज्य रहा है, जो चन्द्रवाड के चौहानों के वंशज थे। यहां चार शिखरबन्द मन्दिर हैं, जैनी लोग रहते हैं। यहां शास्त्र भंडार भी अच्छा है।

२. देखो, कवि असवाल के 'पासणहचरिउ' की प्रशस्ति।

ही दिया गया है। यह ग्रन्थ कवि ने चन्द्रवाड नगर के निवासी माथुरवंशी साहु नारायण की धर्मपत्नी रुप्पिणी (रूपणी) देवी के अनुरोध से बनाया था, अतएव कवि ने उसे उसी के नामांकित किया है और ग्रन्थ की प्रत्येक सन्धि के प्रारंभ में कवि ने संस्कृत पद्यों में रूप्पिणी की मंगल कामना की है। जो इन्द्र-वज्रा और शार्दूल विक्रीडित आदि छंदों में निबद्ध हैं जैसा कि उसके निम्न पद्य से स्पष्ट है—

'या देव-धर्म्म-गुरुपाद पयोज-भक्ता, सर्वज्ञदेव सुखदायि-मतानु-रक्ता।
संसारकारि कुकथा कथने विरक्ता, सा रूप्पिणी बुधजनै र्न कथं प्रशस्या॥ संधि २-१

कवि ने इस ग्रन्थ की रचना वि० संवत् १२३० (सन् ११७३ ई०) में फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की दशवीं रविवार के दिन समाप्त की है। ग्रन्थ कर्ता कवि श्रीधर ने अपना कोई परिचय देने की कृपा नहीं की। श्रीधर नाम के अनेक कवि हो गये हैं[1], उनमें प्रस्तुत श्रीधर कौन हैं यह विचारणीय हैं। यदि वे अपने कुलादि का परिचय प्रस्तुत कर देते तो इस समस्या का सहज ही समाधान हो जाता। पर कवि ने ऐसा कुछ भी नहीं किया। अतएव कवि का निवास स्थान, जीवन-परिचय और गुरु परम्परा अभी अज्ञात ही हैं। कवि ने चूंकि अपना यह ग्रन्थ वि० सं० १२३० में बनाकर समाप्त किया है, अतः वे विक्रम की १३वीं शताब्दी के विद्वान् थे।

२८वीं, २९वीं और १००वीं ग्रन्थ-प्रशस्तियाँ क्रमशः 'संभवणाह-चरिउ' वरांग-चरिउ, और पासणाह-चरिउ की हैं। जिनके कर्ता कवि तेजपाल हैं। संभवणाह चरिउ में छह सन्धियाँ और १७० कडवक हैं। जिनमें जैनियों के तीसरे तीर्थंकर संभवनाथ की जीवन-गाथा दी हुई है। रचना संक्षिप्त और बाह्या-डम्बर से रहित है। यह भी एक खण्ड काव्य है।

ग्रन्थ-निर्माण में प्रेरक

उक्त ग्रंथ की रचना भादानक देश के श्री प्रभ नगर में दाऊदशाह के राज्यकाल में हुई है। श्री प्रभ नगर के अग्रवाल वंशीय मित्तल गोत्रीय साहु लखमदेव के चतुर्थ पुत्र थील्हा जिनकी माता का नाम महादेवी था, प्रथम धर्मपत्नी का नाम कोल्हाही, और दूसरी पत्नी का नाम आसाही था, जिससे त्रिभुवन पाल और रणमल नामके पुत्र उत्पन्न हुए थे। साहु थील्हा के पांच भाई और भी थे, जिनके नाम खिउसी, होलू, दिवसी, मल्लिदास और कुन्थदास हैं। ये सभी भाई धर्मनिष्ठ, नीतिमान तथा जैनधर्म के उपासक थे।

लखमदेव के पितामह साहु होलू ने जिनबिम्ब प्रतिष्टा कराई थी, उन्हीं के वंशज थील्हा के अनु-रोध से कवि तेजपाल ने उक्त संभवनाथ चरित्रकी रचना की थी। इस ग्रन्थ की रचना संभवतः संवत् १५०० के आस-पास कभी हुई है।

२९वीं प्रशस्ति 'वरंगचरिउ' की है जिसमें कुलचार सन्धियाँ हैं। उनमें राजा वरांग का जीवन-परिचय दिया गया है। राजा वरांग बाईसवें तीर्थंकर यदुवंशी नेमिनाथ के शासन काल में हुआ है। वरांग राजा का चरित बड़ा ही सुन्दर रहा है। रचना साधारण और संक्षिप्त है, और हिन्दी भाषा के विकास को लिए हुए है। कवि तेजपाल ने इस ग्रंथ की रचना विक्रम सं० १५०७ वैसाख शुक्ला सप्तमी के दिन समाप्त की थी। और उसे उन्होंने विपुलकीर्ति मुनि के प्रसाद से पूर्ण किया था।

१००वीं प्रशस्ति 'पासपुराण'की है। यह भी एक खण्ड काव्य है, जो पद्धड़िया छन्दमें रचा गया है। जिसे कवि ने यदुवंशी साहु शिवदास के पुत्र घूघलि साहु की अनुमति से रचा था। ये मुनि पद्मनंदि के शिष्य

---

१. देखो, अनेकान्त वर्ष ८, किरण १२।

शिवनंदि भट्टारक की आम्नायके थे। जिनधर्मरत, श्रावकधर्म प्रतिपालक, दयावंत और चतुर्विधि संघके संपोषक थे। मुनि पद्मनंदि ने शिवनंदी को दीक्षा दी थी। दीक्षा से पूर्व इनका नाम सुरजन साहु था, जो संसार से विरक्त और निरंतर बारह भावनाओं का चिन्तन करते थे। उन्होंने दीक्षित होने के बाद कठोर तपश्चरण किया, मासोपवास किये, और निरन्तर धर्मध्यान में लीन रहते थे। प्रशस्ति में साहु सुरजन के परिवार का भी परिचय दिया हुआ है। कवि तेजपाल ने इस ग्रन्थ को वि० सं० १५१५ में कार्तिक कृष्णापंचमी के दिन समाप्त किया था।

कवि-परिचय

कवि मूलसंघ के भट्टारक रत्नकीर्ति, भुवनकीर्ति, धर्मकीर्ति और विशालकोर्ति की आम्नाय का था। वासवपुर नामक गांव में वरसाबडह वंश में जाल्हउ नाम के एक साहु थे। उनके पुत्र का नाम सूजउ साहू था, वे दयावंत और जिनधर्म में अनुरक्त रहते थे। उनके चार पुत्र थे, रणमल, बल्लाल, ईसरू और पोल्हणु ये चारों ही भाई खंडेलवाल कुल के भूषण थे। प्रस्तुत रणमल साहु के पुत्र ताल्हुय साहु हुए। उनका पुत्र कवि तेजपाल था, जिसने उक्त तीनों खण्ड काव्य-ग्रन्थों की रचनाएं की हैं। ये तीन ही ग्रंथ अप्रकाशित हैं, उन्हें प्रकाश में लाना चाहिए।

३०वीं प्रशस्ति 'सुकमाल चरिउ' की है। जिसके कर्ता मुनि पूर्णभद्र हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में छह परिच्छेद या सन्धियाँ हैं जिनमें अवन्ती नगरी के सुकमाल श्रेष्ठी का जीवन-परिचय अंकित है। जिससे मालूम होता है कि उनका शरीर कितना सुकोमल था; परन्तु वे परिषहों और निस्पृह थे। उनकी उपसर्ग जन्य पीड़ा का ध्यान आते ही हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। परन्तु परीषह जयी उस साधु की सहिष्णुता पर आश्चर्य हुए बिना नहीं रहता, जब गीदड़ी और उसके बच्चों द्वारा शरीर के खाये जाने पर भी उन्होंने पीड़ा का अनुभव नहीं किया, प्रत्युत सम परिणामों द्वारा नश्वर काया का परित्याग किया। ऐसे परीषह जयी योगी के चरणों में मस्तक अनायास झुक ही जाता है। कवि ने इस ग्रंथ की रचना कब की यह ग्रंथ-प्रशस्ति पर से कुछ ज्ञात नहीं होता।

कवि-परिचय

कवि ने अपनी गुरुपरम्परा निम्न प्रकार बतलाई है। वे गुजरात देश के नागर मण्डल नामक नगर के निवासी थे। वहाँ वीरसूरि नाम के एक महामुनि थे। उनके शिष्य मुनिभद्र, मुनिभद्र के शिष्य कुसुमभद्र कुसुमभद्र के शिष्य गुणभद्र, और गुणभद्र के शिष्य पूर्णभद्र। परन्तु प्रशस्ति में कर्ता ने अपने संघ गण गच्छादिक का कहीं कोई उल्लेख ही नहीं किया, जिससे उनकी गुरु परम्परा और समय पर प्रकाश डाला जाता। आमेर शास्त्र भंडार की प्रति में लिपि प्रशस्ति नहीं है। किन्तु दिल्ली के पंचायती मंदिर की यह प्रति सं० १६३२ की लिखी हुई है। जिसकी पत्र संख्या ४३ है। इससे ग्रंथ रचना बहुत पहले हुई है। कितने पूर्व हुई यह अभी विचारणीय है।

नेमिणाह चरिउ के कर्ता कवि दामोदर ने अपने गुरु का नाम पूर्णभद्र लिखा है, वह ग्रन्थ सं० १२८७ में रचा गया है। यदि ये पूर्णभद्र गुणभद्र के ही शिष्य हों; तो ऐसी स्थिति में प्रस्तुत ग्रंथ का रचना काल विक्रम की १३वीं शताब्दी का मध्यभाग हो सकता है। और यदि वे पूर्णभद्र, गुणभद्र के शिष्य नहीं हैं तब, *उनका समय अन्वेषणीय है।*

३१वीं प्रशस्ति 'णेमिणाह चरिउ' की है, जिसका परिचय ग्यारहवीं प्रशस्ति के साथ दिया गया है।

३२ वीं प्रशस्ति 'णेमिणाह चरिउ' की है, जिसके कर्ता कवि लक्ष्मण है। ग्रन्थ में ४ संधियां या परिच्छेद और ८३ कडवक हैं जिनकी आनुमानिक श्लोक संख्या १३५० के लगभग है। ग्रन्थ में चरित और धार्मिक उपदेश की प्रधानता होते हुए वह अनेक सुन्दर स्थलों से अलंकृत हैं। ग्रन्थ की प्रथम सन्धि में जिन और सरस्वती के स्तवन के साथ मानव जन्म की दुर्लभता का निर्देश करते हुए सज्जन-दुर्जन का स्मरण किया है और फिर कवि ने अपनी अल्पज्ञता को प्रदर्शित किया है। मगध देश और राजगृह नगर के कथन के पश्चात् राजा श्रेणिक अपनी ज्ञान पिपासा को शान्त करने के लिए गणधर से नेमिनाथ का चरित वर्णन करने के लिए कहता है। वराडक देश में स्थित वारावती या द्वारावती नगरी में जनार्दन नाम का राजा राज्य करता था, वहीं शौरीपुर नरेश समुदविजय अपनी शिवदेवी के साथ रहते थे। जरासन्ध के भय से यादव गण शौरीपुर छोड़कर द्वारिका में रहने लगे। वहीं उनके तीर्थंकर नेमिनाथ का जन्म हुआ था। यह कृष्ण के चचेरे भाई थे। बालक का जन्मादि संस्कार इन्द्रादि देवों ने किया था। दूसरी संधि में नेमिनाथ की युवावस्था, वसंत वर्णन और जलक्रीड़ा आदि के प्रसंगों का कथन दिया हुआ है। कृष्ण को नेमिनाथ के पराक्रम से ईर्षा होने लगती है और वह उन्हें विरक्त करना चाहते हैं। भूनागढ़ के राजा की पुत्री राजमती से नेमिनाथ का विवाह निश्चित होता है। बारात सज-धज कर भूनागढ़ के सन्निकट पहुंचती है, नेमिनाथ बहुत से राजपुत्रों के साथ रथ में बैठे हुए आस-पास की प्राकृतिक सुषमा का निरीक्षण करते हुए जा रहे थे। उस समय उनकी दृष्टि एक ओर गई तो उन्होंने देखा बहुत से पशु एक बाड़े में बन्द हैं वे वहां से निकलना चाहते हैं किन्तु वहां से निकलने का कोई मार्ग नहीं है। नेमिनाथ ने सारथी से रथ रोकने को कहा और पूछा कि ये पशु यहां क्यों रोके गए हैं। नेमिनाथ को सारथि से यह जानकर बड़ा खेद हुआ कि बरात में आने वाले राजाओं के आतिथ्य के लिए इन पशुओं का वध किया जायगा, इससे उनके दयालु हृदय को बड़ी ठेस लगी, वे बोले—यदि मेरे विवाह के निमित्त इतने पशुओं का जीवन संकट में है, तो धिक्कार है मेरे उस विवाह को, अब मैं विवाह नहीं करूंगा। पशुओं को छुड़वाकर तुरन्त ही रथ से उतर कर मुकट और कंकण को फेंक वन की ओर चल दिए। इस समाचार से बरात में कोहराम मच गया। उधर भूनागढ़ के अन्तःपुर में जब राजकुमारी को यह ज्ञात हुआ, तो वह मूर्छा खाकर गिर पड़ी। बहुत से लोगों ने नेमिनाथ को लौटाने का प्रयत्न किया, किन्तु सब व्यर्थ। वे पास में स्थित ऊर्जयन्त गिरि पर चढ़ गए और सहसाम्रवन में वस्त्रालंकार आदि परिधान का परित्याग कर दिगम्बर मुद्राधर आत्मध्यान में लीन हो गए। तीसरी संधिमें वियोग का वर्णन है। राजमती ने भी तपश्चरण द्वारा आत्म-साधना की। अन्तिम संधि में नेमिनाथ का पूर्ण ज्ञानी हो धर्मोपदेश और निर्वाण प्राप्ति का कथन दिया हुआ है। इस तरह ग्रंथ का चरित विभाग बड़ा ही सुन्दर तथा संक्षिप्त है और कवि ने उक्त घटना को सजीव रूप में चित्रित करने का उपक्रम किया है।

कवि ने संसार की विवशता का सुन्दर अंकन करते हुए कहा है—जिस मनुष्य के घर में अन्न भरा हुआ है उसे भोजन के प्रति अरुचि है। जिसमें भोजन करने की शक्ति है, उसके पास शस्य (धान्य) नहीं। जिसमें दान का उत्साह है उसके पास धन नहीं, जिसके पास धन है, उसे अति लोभ है। जिसमें काम का प्रभुत्व है उसके भार्या नहीं, जिसके पास स्त्री है उसका काम शान्त है। जैसा कि ग्रन्थ की निम्न पंक्तियों से प्रकट है—

जसु गेहि अण्णु तसु अरुइ होइ, जसु भोजसत्ति तसु ससु ण होइ।
जसु दाण छाहु तसु दविणु णत्थि, जसु दविणु तासु उइ लोहु अत्थि।
जसु मयणु राउ तसि णत्थि भाम, जसु भाम तासु उच्छवण काम। —णेमिमिणाह चरिउ ३-२

के भग्न मन्दिर के शिलालेख से ज्ञात होता है कि विक्रम संवत् ११४५ में कच्छप वंशी महाराज विक्रमसिंह के राज्यकाल में मुनि विजयकीर्ति के उपदेश से जैसवाल वंशी पाहड़, कूकेक, सूपंट, देवधर और महीचन्द्र आदि चतुर श्रावकों ने ७५० फीट लम्बे और ४०० वर्गफीट चौड़े अंडाकार क्षेत्र में इस विशाल

ग्रंथकर्ता ने स्थान-स्थान पर अनेक सुन्दर सुभाषितों और सूक्तियों को उद्धृत किया है वे निम्न प्रकार हैं—

किं जीयइं धम्म विवज्जिएण—'धर्म रहित जीने से क्या प्रयोजन है।
किं सुडइं संगरि कायरेण—युद्ध में कायर सुभटों से क्या ?
किं वयण असच्चा भासणेण, झूठ बचन बोलने से क्या प्रयोजन है ?
किं पुत्तइं गोत्त विणासणेण, कुल का नाश करने वाले पुत्र से क्या ?
किं फुल्लइं गंध विवज्जिएण, गन्ध रहित फूल से क्या ?

ग्रन्थ में कड़वकों के प्रारम्भ में हेला, दुवई, वस्तु वंध आदि छंदों का प्रयोग किया है। किन्तु ग्रंथ में छन्दों की बहुलता नहीं हैं।

कवि ने इस ग्रंथ को १० महीने में समाप्त किया है। ग्रंथ की सबसे पुरानी प्रति सं० १५१० की लिखी हुई प्राप्त हुई है। इससे इसका रचना काल सं० १५१० के बाद का नहीं हो सकता, किन्तु पूर्ववर्ती है यह अन्वेषणीय है। सम्भवतः यह कृति १२ वीं या १३ वीं शताब्दी की होनी चाहिए।

कवि परिचय

लक्ष्मणदेव का वंश पुरवाड़ था और पिता का नाम था रयणदेव या रत्नदेव। इनकी जन्मभूमि मालव देशान्तर्गत गोनन्द नामक नगर में थी। यह नगर उस समय जैनधर्म और विद्या का केन्द्र था वहां अनेक उत्तुंग जिन मन्दिर तथा मेरु जिनालय भी था। कवि अत्यन्त धार्मिक, धन सम्पन्न और रूपवान था वहां पहले कवि ने किसी व्याकरण ग्रंथ की रचना की थी, जो विद्वानों के कण्ठ का आभरण रूप था। परन्तु कौन सा व्याकरण ग्रन्थ था, और उसका क्या नाम था, यह प्रयत्न करने पर भी ज्ञात नहीं हो सका। हो सकता है कि वह अपभ्रंश का व्याकरण हो या संस्कृतका हो। गोनन्द नगरके अस्तित्वका भी मुझे पता नहीं चला। पर इतना जरूर मालूम होता है कि यह नगरी मालव देश में थी, और उज्जैन तथा भेलसा के मध्यवर्ती किसी स्थान पर होनी चाहिए। संभव है वर्तमान में उसके नाम पर कोई अन्य नगर बस गया हो। कवि वहां रहकर जिन-वाणी के रस का पान किया करते थे। इनके भाई का नाम 'अम्बदेव' था, जो कवि थे, उन्होंने भी किसी ग्रन्थ की रचना की थी, पर वह भी अनुपलब्ध है। मालव प्रांत के किसी शास्त्र-भंडार में इसकी तलाश होनी चाहिए।

३३ वीं ३४ वीं प्रशस्तियां क्रमशः अमरसेनचरित और नागकुमार चरित की हैं, जिनके कर्ता कवि माणिक्यराज हैं।

प्रथम ग्रन्थ अमरसेनचरित में ७ परिच्छेद या सन्धियां हैं जिनमें अमरसेन की जीवन गाथा दी हुई है राजा अमरसेन ने प्रजा का पुत्रवत् पालन किया था। वह धर्मनिष्ठ और संयमी था, वह देह भोगों से उदास हो आत्म-साधना के लिए उद्यत हुआ, उसने वस्त्राभूषण का परित्याग कर दिगम्बर दीक्षा ले ली, और शरीर से भी निष्पृह हो अत्यन्त भीषण तपश्चरण किया। आत्म-शोधन की दृष्टि से अनेक यातनाओं को साम्यभाव से सहा। उनकी कठोर साधना का स्मरण आते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। यह १६वी शताब्दी का अच्छा खण्ड-काव्य है। आमेर शास्त्र भंडार की इस प्रति का प्रथम पत्र त्रुटित है। इसकी अपभ्रंश भाषा होते हुए भी हिन्दी भाषा के विकास के अत्यधिक नजदीक है।

३२ वीं प्रशस्ति 'णेमिणाह चरिउ' की है, जिसके कर्ता कवि लक्ष्मण है। ग्रन्थ में ४ संधियां या परिच्छेद और ८३ कडवक हैं जिनकी आनुमानिक श्लोक संख्या १३५० के लगभग है। ग्रन्थ में चरित और धार्मिक उपदेश की प्रधानता होते हुए वह अनेक सुन्दर स्थलों से अलंकृत हैं। ग्रन्थ की प्रथम सन्धि में जिन और सरस्वती के स्तवन के साथ मानव जन्म की दुर्लभता का निर्देश करते हुए सज्जन-दुर्जन का स्मरण किया है और फिर कवि ने अपनी अल्पज्ञता को प्रदर्शित किया है। मगध देश और राजगृह नगर के कथन के पश्चात् राजा श्रेणिक अपनी ज्ञान पिपासा को शान्त करने के लिए गणधर से नेमिनाथ का चरित वर्णन करने के लिए कहता है। वराडक देश में स्थित वारावती या द्वारावती नगरी में जनार्दन नाम का राजा राज्य करता था, वहीं शौरीपुर नरेश समुदविजय अपनी शिवदेवी के साथ रहते थे। जरासन्ध के भय से यादव गण शौरीपुर छोड़कर द्वारिका में रहने लगे। वहीं उनके तीर्थंकर नेमिनाथ का जन्म हुआ था। यह कृष्ण के चचेरे भाई थे। बालक का जन्मादि संस्कार इन्द्रादि देवों ने किया था। दूसरी संधि में नेमिनाथ की युवावस्था, वसंत वर्णन और जलक्रीड़ा आदि के प्रसंगों का कथन दिया हुआ है। कृष्ण को नेमिनाथ के पराक्रम से ईर्षा होने लगती है और वह उन्हें विरक्त करना चाहते हैं। भूनागढ़ के राजा की पुत्री राजमती से नेमिनाथ का विवाह निश्चित होता है। बारात सज-धज कर भूनागढ़ के सन्निकट पहुंचती है, नेमिनाथ बहुत से राजपुत्रों के साथ रथ में बैठे हुए आस-पास की प्राकृतिक सुषमा का निरीक्षण करते हुए जा रहे थे। उस समय उनकी दृष्टि एक ओर गई तो उन्होंने देखा बहुत से पशु एक बाड़े में बन्द हैं वे वहां से निकलना चाहते हैं किन्तु वहां से निकलने का कोई मार्ग नहीं है। नेमिनाथ ने सारथी से रथ रोकने को कहा और पूछा कि ये पशु यहां क्यों रोके गए हैं। नेमिनाथ को सारथि से यह जानकर बड़ा खेद हुआ कि बरात में आने वाले राजाओं के आतिथ्य के लिए इन पशुओं का वध किया जायगा, इससे उनके दयालु हृदय को बड़ी ठेस लगी, वे बोले—यदि मेरे विवाह के निमित्त इतने पशुओं का जीवन संकट में है, तो धिक्कार है मेरे उस विवाह को, अब मैं विवाह नहीं करूंगा। पशुओं को छुड़वाकर तुरन्त ही रथ से उतर कर मुकट और कंकण को फेंक वन की ओर चल दिए। इस समाचार से बरात में कोहराम मच गया। उधर भूनागढ़ के अन्तःपुर में जब राजकुमारी को यह ज्ञात हुआ, तो वह मूर्छा खाकर गिर पड़ी। बहुत से लोगों ने नेमिनाथ को लौटाने का प्रयत्न किया, किन्तु सब व्यर्थ। वे पास में स्थित ऊर्जयन्त गिरि पर चढ़ गए और सहसाम्रवन में वस्त्रालंकार आदि परिधान का परित्याग कर दिगम्बर मुद्राधर आत्मध्यान में लीन हो गए। तीसरी संधिमें वियोग का वर्णन है। राजमती ने भी तपश्चरण द्वारा आत्म-साधना की। अन्तिम संधि में नेमिनाथ का पूर्ण ज्ञानी हो धर्मोपदेश और निर्वाण प्राप्ति का कथन दिया हुआ है। इस तरह ग्रंथ का चरित विभाग बड़ा ही सुन्दर तथा संक्षिप्त है और कवि ने उक्त घटना को सजीव रूप में चित्रित करने का उपक्रम किया है।

कवि ने संसार की विवशता का सुन्दर अंकन करते हुए कहा है—जिस मनुष्य के घर में अन्न भरा हुआ है उसे भोजन के प्रति अरुचि है। जिसमें भोजन करने की शक्ति है, उसके पास शस्य (धान्य) नहीं। जिसमें दान का उत्साह है उसके पास धन नहीं, जिसके पास धन है, उसे अति लोभ है। जिसमें काम का प्रभुत्व है उसके भार्या नहीं, जिसके पास स्त्री है उसका काम शान्त है। जैसा कि ग्रन्थ की निम्न पंक्तियों से प्रकट है—

जसु गेहि अण्णु तसु अरुइ होइ, जसु भोजसत्ति तसु ससु ण होइ।
जसु दाण छाहु तसु दविणु णत्थि, जसु दविणु तासु उइ लोहु अत्थि।
जसु मयणु राउ तसि णत्थि भाम, जसु भाम तासु उच्छवण काम। —णेमिमिणाह चरिउ ३-२

के भग्न मन्दिर के शिलालेख से ज्ञात होता है कि विक्रम संवत् ११४५ में कच्छप वंशी महाराज विक्रमसिंह के राज्यकाल में मुनि विजयकीर्ति के उपदेश से जैसवाल वंशी पाहड़, कूकेक, सूपंट, देवधर और महीचन्द्र आदि चतुर श्रावकों ने ७५० फीट लम्बे और ४०० वर्गफीट चौड़े अंडाकार क्षेत्र में इस विशाल

उन्हीं के नामांकित किया गया है। ग्रंथ की कुछ संधियों में कतिपय संस्कृत पद्य भी पाये जाते हैं, जिनमें साहू टोडर का खुला यशोगान किया गया हैं। उसे कर्ण के समान दानी, विद्वज्जनों का संपोषक, रूपलावण्य से युक्त और विवेकी बतलाया है।

कवि ने इस ग्रंथ की चौथी संधि के आदि में साहू टोडरमल का जयघोष करते हुए लिखा है कि वह राज्य सभा में मान्य था, अखण्य प्रतापी स्वजनों का विकासी और भ्रात-पुत्रों से अलंकृत था, जैसा कि निम्न पद्य से प्रकट है—

"नृपति सदसिमान्यो योह्यखण्डप्रतापः, स्वजनजनविकासी सप्ततत्त्वावभासी।
विमलगुण-निकेतो भ्रातृ पुत्रो समेतः, स जयति शिवकामः साधुटोडरुत्ति नामा॥"

कवि ने इस ग्रन्थ को पूरा कर जब साहू टोडरमल के हाथ में दिया, तब उसने उसे अपने शीश पर रखकर कवि माणिक्यराज का खूब आदर सत्कार किया, उसने कवि को सुन्दर वस्त्रों के अतिरिक्त कंकण, कुंडल और मुद्रिका आदि आभूषणों से भी अलंकृत किया था। उस समय गुणी जनों का आदर होता था। किन्तु आज गुणीजनों का निरादर करने वाले तो बहुत हैं किंतु गुण-ग्राहक बहुत ही कम हैं। क्योंकि स्वार्थतत्परता और अहंकार ने उसका स्थान ले लिया है। अपने स्वार्थ अथवा कार्य की पूर्ति न होने पर उनके प्रति अनादर की भावना जागृत हो जाती है। 'गुण न हिरानो किन्तु गुण-गाहक हिरानो की नीति के अनुसार खेद है कि आज टोडरमल जैसे गुण ग्राहक धर्मात्मा श्रावकों की संख्या विरल है—वे थोड़े हैं। कवि ने इस ग्रन्थ की रचना विक्रम संवत् १५७९ फाल्गुन शुक्ला ९वीं के दिन पूर्ण की है।

कवि-परिचय

कवि माणिक्य राज जैसवाल कुलरूपी कमलों को प्रफुल्लित करने के लिए 'तरणि' (सूर्य) थे। इनके पिता का नाम बुधसूरा था और माता का नाम 'दीवा' था। कवि ने अमरसेन चरित में अपनी गुरु परम्परा निम्न प्रकार दी है—क्षेमकीर्ति, हेमकीर्ति, कुमारसेन, हेमचन्द्र और पद्मनन्दी। ये सब भट्टारक मूल-संघ के अनुयायी थे। कवि के गुरु पद्मनंदी थे। वे बड़े तपस्वी शील की खानि, निर्ग्रन्थ, दयालु और अमृत-वाणी थे। इस ग्रंथ की अन्तिम प्रशस्ति में पद्मनन्दि के एक शिष्य का और उल्लेख किया गया है। जिनका नाम देवनन्दी था, और जो श्रावक की एकादश प्रतिमाओं के संपालक, राग-द्वेश के विनाशक, शुभध्यान में अनुरक्त और उपशम भावी था। कवि ने अपने गुरु का अभिवंदन किया है।

३५वीं प्रशस्ति से लेकर ४९वीं प्रशस्ति तक १५ प्रशस्तियाँ, और ९९वीं और १०६वीं प्रशस्तियां क्रमशः निम्न ग्रन्थों की हैं, जिनके कर्ता कवि रइधू हैं। सम्मइजिनचरिउ, सुकोशलचरिउ पासणाहचरिउ,

---

मन्दिर का निर्माण कराया था। और उसके पूजन, संरक्षण एवं जीर्णोद्धार आदि के लिए उक्त कच्छप वंशी विक्रमसिंह ने भूमिदान दिया था। (See Epigraphica India Vol 11 p. 237-240) किन्तु बाद में मराठा सरदादर अमरसिंह ने धर्मान्ध होकर इस जैन संस्कृति के स्तम्भरूप मन्दिर को भग्न कर दिया था। वि० सं० ११९० में जैसवाल वंशी साहू नेमचन्द्र ने कवि श्रीधर अग्रवाल से 'वर्धमान चरित' नाम का ग्रन्थ बनवाया था। कवि लक्ष्मण जैसवाल ने जिनदत्त चरित्र की रचना सं० १२७५ में और अणुवइ रयण पईव की रचना सं० १३१३ में की थी। आज भी इस जाति में सम्पन्न और विद्वान् व्यक्ति पाये जाते हैं। इहीं सब कार्यों से इस जाति की महत्ता का भान होता है।

२. "जइसवाल कुल सम्पन्नः दान-पूय-परायणः।
जगसी नन्दनः श्रीमान् टोउरमल्ल चिरं जियः॥"

पउमचरिउ,मेहेसरचरिउ, सम्मत्तगुणनिहाण, रिट्ठणेमिचरिउ, धणकुमारचरिउ, जसहरचरिउ, अणथमी कहा, अप्पसम्बोहकव्व, सिद्धंतत्थसार, वित्तसार, पुण्णासवकहा, जीवंधरचरिउ, सिरिपालचरिउ औ र सम्यत्तकउमदी ।

इनमें पहला ग्रन्थ 'सम्मइ जिनचरिउ' है । जिसमें जैनियों के अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जीवन-परिचय दिया हुआ है । यद्यपि उसमें कवि असग के महावीर चरित से कोई वैशिष्ट्य नहीं दिखाई देता; किन्तु फिर भी अपभ्रंश भाषा का यह चरित ग्रन्थ पद्धडिया आदि छन्दों में रचा गया है । ग्रन्थ १० संधियों और २४६ कडवकों में पूरा हुआ है । प्रस्तुत ग्रन्थ हिसार निवासी अग्रवाल कुलावतंश[1] गोयल गोत्रीय साहु सहजपाल के पुत्र और संघाधिप साहु सहदेव के लघु भ्राता साहु तोसउ की प्रेरणा से बनाया

१. 'अग्रवाल' यह शब्द एक क्षत्रिय जाति का सूचक है । जिसका विकास अग्रोहा या अग्रोदक जनपद से हुआ है । यह स्थान हिसार जिले में है । अग्रोहा एक प्राचीन ऐतिहासिक नगर था । यहां एक टीला ६० फुट ऊँचा था, जिसकी खुदाई सन् १९३९ या ४० में हुई थी । उससे प्राचीन नगर के अवशेष, और प्राचीन सिक्कों आदि का ढेर प्राप्त हुआ था । २६ फुट से नीचे प्राचीन आहत मुद्रा का नमूना, चार यूनानी सिक्के और ५१ चौखूंटे तांबे के सिक्के भी मिले हैं । तांबे के सिक्कों में सामने की ओर वृषभ' और पीछे की ओर सिंह या चैत्य वृक्ष की मूर्ति है । सिक्कों के पीछे ब्राह्मी अक्षरों में—'अगोद के अगच जनपदस' शिलालेख भी अंकित है, जिसका अर्थ 'अग्रोदक में अगच जनपद का सिक्का' होता है । अग्रोहे का नाम अग्रोदक भी रहा है । उक्त सिक्कों पर अंकित वृषभ, सिंह या चैत्य वृक्ष की मूर्ति जैन मान्यता की ओर संकेत करती हैं । (देखो, एपिग्राफिका इंडिका जि० २ पृ० २४४ । इंडियन एण्टीक्वेरी भाग १५ के पृ० ३४३ पर अग्रोतक वैश्यों का वर्णन दिया है ।

कहा जाता है कि अग्रोहा में अग्रसेन नाम के एक क्षत्रिय राजा थे । उन्हीं की सन्तान परम्परा अग्रवाल कहलाते हैं । अग्रवाल शब्द के अनेक अर्थ हैं । किन्तु यहां उन अर्थों की विवक्षा नहीं है, यहाँ अग्रदेश के रहने वाले अर्थ ही विवृक्षित है । अग्रवालों के १८ गोत्र बतलाये जाते हैं । जिनमें गर्ग, गोयल, मित्तल जिन्दल, सिंहल आदि नाम हैं । अग्रवालों में दों धर्मों के मनाने वाले पाये जाते हैं । जैन अग्रवाल और वैष्णव अग्रवाल । श्री लोहाचार्य के उपदेश से उस समय जो जैनधर्म में दीक्षित हो गए थे, वे जैन अग्रवाल कहलाये और शेष वैष्णव; परन्तु दोनों में रोटी-बेटी व्यवहार होता है, रीति-रिवाजों में कुछ समानता होते हुये भी उनमें अपने-अपने धर्मपरक प्रवृत्ति पाई जाती है, हाँ सभी अहिंसा धर्म के मानने वाले हैं । उपजातियों का इतिवृत्त १०वीं शताब्दी से पूर्व का नहीं मिलता, हो सकता है कि कुछ उप-जातियां पूर्ववर्ती रही हों । अग्रवालों की जैन परम्परा के उल्लेख १२वीं शताब्दी तक के मेरे देखने में आए हैं । यह जाति खूब सम्पन्न रही है । ये लोग धर्मज्ञ, आचारनिष्ठ, दयालु और जन-धन से सम्पन्न तथा राज्यमान्य रहे हैं । तोमर वंशी राजा अनंगपाल तृतीय के राजश्रेष्ठी और आमात्य अग्रवाल कुला-वतंश साहू नट्टल ने दिल्ली में आदिनाथ का एक विशाल सुन्दरतम मंदिर बनवाया था, जिसका उल्लेख कवि श्रीधर अग्रवाल द्वारा रचे गये 'पार्श्वपुराण में, जो संवत् ११८९ में दिल्ली में उक्त नट्टल साहू के द्वारा बनवाया गया था और जिसकी सं० १५७७ की लिखित प्रति आमेर भंडार में सुरक्षित है । और अनेक मन्दिरों का निर्माण, तथा ग्रन्थों का निर्माण, और उनकी प्रतिलिपि करवाकर साधुओं, भट्टारकों आदि को प्रदान करने के अनेक उल्लेख मिलते हैं । इससे इस जाति की सम्पन्नता, धर्मनिष्ठा और परोपकारवृत्ति का परिचय मिलता है । हाँ, इनमें शासक वृत्ति अधिक पाई जाती है ।

गया था। ग्रन्थ की आद्यन्त प्रशस्ति में साहू तोसउके वंश का विस्तृत परिचय दिया हुआ है। जिसमें उनके परिवार द्वारा सम्पन्न होने वाले धार्मिक-कार्यों का परिचय दिया गया है। प्रशस्ति में तात्कालिक-ऐतिहासिक उल्लेख भी अंकित किए गए हैं।

कवि ने साहु तोसउ का उल्लेख करते हुए, उन्हें जिनेन्द्र-चरणों का भक्त पंचेन्द्रियों के भोगों से विरक्त, दान देने में तत्पर, पाप से शंकित—भयभीत और सदा तत्त्वचिंतन में निरत बतलाया है। और लिखा है कि उसकी लक्ष्मी दुखी जनों के भरण-पोषण में काम आती थी। वाणी श्रुत का अवधारण करती थी। मस्तक जिनेन्द्र को नमस्कार करने में प्रवृत्त होता था। वह शुभमती था, तथा सम्भाषण में उसके कोई दोष न होता था। चित्त तत्त्वों के विचार में रहता था और दोनों हाथ जिन-पूजा-विधि से संतुष्ठ रहते थे। ऐसा वह तोसउ साहु लोक में आनंद को प्राप्त हो, जैसा कि दूसरी और तीसरी संधि के प्रारम्भ के निम्न पद्यों से स्पष्ट है—

जो णिच्चं जिण-पाय-कंज भसलो जो णिच्च दाणे रदो।
जो पंचेंदिय-भोय-भाव-विरदो जो चिंतए संहिदो।
जो संसार-महोहि-पातन-भिदो जो पावदो संकिदो।
एसो णंदउ तोसडो गुणजुदो सतत्थ वेई चिरं ॥२॥
लच्छी जस्स दुही जणाण भरणे वाणी सुयं धारणे।
सीसं सन्नई कारणे सुभमई दोसं ण संभासणे।
चित्तं तत्त्व-वियारणे करजुयं पूया-विहि सं ददं।
सोऽयं तोसउ साहु एत्थ धवलो सं णंदओ भूयले ॥३॥

प्रशस्ति में हिसार निवासी अग्रवाल कुलावतंश खेल्हा नामक ब्रह्मचारी द्वारा निर्मित चन्द्रप्रभ भगवान की विशाल मूर्ति का उल्लेख किया गया है, जिसे उन्होंने उक्त दुर्ग में निर्माण कराया था। ब्रह्मचारी खेल्हा श्री सम्पन्न थे, वस्तुस्वरूप को समझते थे और देह-भोगों से विरक्त थे।

सम्मइ जिन चरिउ के निर्माण में ब्रह्मचारी खेल्हा का खास सहयोग रहा है, यह साहू तोसउ के पुत्र थे। इन्होंने कवि से उक्त ग्रन्थ रचने की स्वयं प्रेरणा नहीं की, किन्तु भट्टारक यशःकीर्ति से अनुरोध करवाया था, सम्भवतः उन्हें यह सन्देह था कि कवि मेरे निवेदन पर ग्रन्थ न बनावें, इसी से उन्होंने कवि को यशःकीर्ति से प्रेरित करवाया था। कवि भट्टारक यशःकीर्ति के आदेश को कभी नहीं टाल सकते थे। अस्तु ब्रह्मचारी खेल्हा की भावना सफल हुई और कवि ने ग्रंथ निर्माण करना स्वीकृत कर लिया। इससे ब्रह्मचारी खेल्हा को हर्ष होना स्वाभाविक है। खेल्हा ने उस समय अपनी त्यागवृत्ति का क्षेत्र बढ़ा लिया था और ग्यारह प्रतिमा धारी उत्कृष्ट श्रावक के रूप में आत्म-साधना करने लगे थे।

हिसार के अग्रवाल वंशी साहु नरपति के पुत्र साहु वील्हा, जो जैनधर्मी और पाप रहित तथा दिल्ली के बादशाह फीरोजशाह तुगलक द्वारा सम्मानित थे।

संघाधिप सहजपाल ने, जो सहदेव का पुत्र था, जिनेन्द्र मूर्ति की प्रतिष्ठा करवाई थी। साहू सहज पाल के पुत्र ने गिरनार की यात्रा का संघ भी चलाया था, और उसका सब व्यय भार स्वयं वहन किया था। *ये सब ऐतिहासिक उल्लेख महत्वपूर्ण हैं। और अग्रवालों के लिए गौरवपूर्ण हैं।*

कवि ने ग्रन्थ में काष्ठासंघ की भट्टारक परम्परा का उल्लेख किया है देवसेन, विमलसेन, धर्मसेन,

भावसेन, सहस्रकीर्ति, गुणकीर्ति (सं० १४६८ से १४८६), यश:कीर्ति १४८६—१५१०, मलयकीर्ति (१५१० से १५२५,) भ० गुणभद्र (१५२५ से १५४०)।

कवि ने अपने से पूर्ववर्ती निम्न साहित्यकारों का भी उल्लेख किया है, चउमुह, स्वयंभू, पुष्पदन्त और वीर कवि। इनमें समय की दृष्टि वीर कवि सब से बाद के (सं० १०७६ के) हैं।

साथ ही, इस ग्रन्थ में इससे पूर्व रची जाने वाली अपनी निम्न रचनाओं का उल्लेख किया है। पासणाहचरिउ, मेहेसरचरिउ, सिद्धचक्कमाहप्प, बलहद्दचरिउ, सुदंसणचरिउ, धण्णकुमारचरिउ। परन्तु प्रशस्ति में ग्रंथ का रचना काल नहीं दिया है।

३६वीं प्रशस्ति 'सुकौशल चरिउ' की है। जिसमें ४ संधियां और ७४ कडवक हैं। पहली दो संधियों में कथन क्रमादि की व्यवस्था व्यक्त करते हुए तीसरी संधि में चरित्र का चित्रण किया है, और चौथी संधि में चरित्र का वर्णन करते हुए काव्यमय वर्णन उच्चकोटि का किया है। किन्तु शैली विषय वर्णनात्मक ही है। कवि ने इस खण्ड-काव्य में सुकौशल की जीवन-गाथा को अङ्कित किया है। कथानक इस प्रकार है—

इक्ष्वाकुवंश में कीर्तिधर नाम के एक प्रसिद्ध राजा थे। उन्हें उल्कापात के देखने से वैराग्य हो गया था, अतएव वे साधु जीवन व्यतीत करना चाहते थे; परन्तु मन्त्रियों के अनुरोध से पुत्रोत्पत्ति के समय तक गृही जीवन व्यतीत करने का निश्चय किया। कई वर्षों तक उनके कोई सन्तान न हुई। उनकी रानी सहदेवी एक दिन जिन मन्दिर गई, वहां जिन दर्शनादि क्रिया सम्पन्न कर उसने एक मुनि से पूछा कि मेरे पुत्र कब होगा ? तब साधु ने कहा कि तुम्हारे एक पुत्र अवश्य होगा, परन्तु उसे देखकर राजा दीक्षा ले लेगा और पुत्र भी दिगम्बर साधु को देखकर साधु बन जायगा। कुछ समय पश्चात् रानी के पुत्र हुआ। रानी ने पुत्रोत्पत्ति को गुप्त रखने का बहुत प्रयत्न किया; किन्तु राजा को उसका पता चल गया और राजाने तत्काल ही राज्य का भार पुत्र को सौंप कर जिन दीक्षा ले ली। राजा ने पुत्र के शुभ लक्षणों को देखकर उसका नाम सुकौशल रक्खा। रानी को पति-वियोग का दुःख असह्य था, साथही पुत्रके भी साधु हो जाने का भय उसे आतंकित किए हुए था। युवावस्था में कुमार का विवाह ३२ राज कन्याओं से कर दिया गया और वह भोग-विलासमय जीवन बिताने लगा, उसे महल से बाहर जाने का कोई अधिकार न था। माता इस बात का सदा ध्यान रखती थी कि पुत्र कहीं किसी मुनि को न देख ले। अतएव उसने नगर में मुनियों का आना निषिद्ध कर दिया था।

एक दिन कुमार के पिता मुनि कीर्तिधवल नगर में आये, किन्तु उनके साथ अच्छा व्यवहार न किया गया। जब राजकुमार को यह बात ज्ञात हुई, तो उसने राज्य का परित्याग कर उनके समीप ही साधु दीक्षा लेकर तप का अनुष्ठान करने लगा। माता सहदेवी पुत्र वियोग से अत्यंत दुखी हुई और आर्त परिणामों से मरकर व्याघ्री हुई।

एक दिन उसने अत्यंत भूखी होने के कारण पर्वत पर ध्यानस्थ मुनि सुकौशल को ही खा लिया। सुकौशल ने समताभाव से कर्म-कालिमा नष्ट कर स्वात्म लाभ किया। इधर मुनि कीर्तिधवल ने उस व्याघ्री को उपदेश दिया, जिसे सुनकर उसे जातिस्मरण हो गया, और अन्त में उसने संन्यास पूर्वक शरीर छोड़ा और स्वर्ग प्राप्त किया, कीर्ति धवल भी अक्षयपद को प्राप्त हुए।

कवि ने इस ग्रन्थ को वि० सं० १४९६ में माघ कृष्णा १०मीं के दिन ग्वालियर में राजा डूंगरसिंह के राज्य में समाप्त किया है।

३७वीं प्रशस्ति 'पासणाहपुराण या पासणाहचरिउ' की है, जिसकी रचना उक्त कवि रइधू ने की है। प्रस्तुत ग्रन्थ में ७ सन्धियाँ और १३६ के लगभग कडवक हैं, जिनमें जैनियों के तेवीसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जीवन-परिचय दिया हुआ है। पार्श्वनाथ के जीवन-परिचय को व्यक्त करने वाले अनेक ग्रंथ प्राकृत, संस्कृत और अपभ्रंश भाषा में तथा हिन्दी में लिखे गये हैं। परन्तु उनसे इसमें कोई खास विशेषता ज्ञात नहीं होती। इस ग्रन्थ की रचना मणिपुर (दिल्ली) के निवासी साहू खेऊं या खेमचन्द की प्रेरणा से की गई है, इनका वंश अग्रवाल और गोत्र एँडिल था। खेमचंद के पिता का नाम पजण साहु, और माता का नाम बील्हादेवी था। और धर्मपत्नी का नाम धनदेवी था, उससे चार पुत्र उत्पन्न हुए थे। सहसराज, पहराज, रघुपति कौर होलिवम्म। इनमें सहसराज ने गिरनार की यात्रा का संघ चलाया था, साहू खेमचंद सप्त व्यसन रहित और देव-शास्त्र गुरु के भक्त थे। प्रशस्ति में इनके परिवार का विस्तृत परिचय दिया हुआ है। अतएव उक्त ग्रंथ उन्हीं के नामांकित किया गया है। ग्रंथ की आद्यन्त प्रशस्ति बड़ी ही महत्वपूर्ण है, उससे तात्कालिक ग्वालियर की सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक परिस्थितियों का यथेष्ट परिचय मिल जाता है। और उससे यह स्पष्ट जान पड़ता है कि उस समय ग्वालियर में जैन समाज का नैतिक स्तर बहुत ऊंचा था, और वे अपने कर्तव्य पालन के साथ-साथ अहिंसा, परोपकार और दयालुता का जीवन में आचरण करना श्रेष्ठ मानते थे।

ग्रंथ बन जाने पर साहू खेमचन्द ने कवि रइधू को द्वीपांतरों से आये हुए विविध वस्त्रों और आभरणादिक से सम्मानित किया था, और इच्छित दान देकर संतुष्ट किया था।

३८वीं प्रशस्ति 'बलहद्दचरिउ' (पउमचरिउ) की है, जिसके कर्ता उक्त कवि रइधू हैं। ग्रंथ में ११ संधियाँ और २४० कडवक हैं। जिनमें बलभद्र, (रामचन्द्र), लक्ष्मण और सीता आदि की जीवन-गाथा अंकित की गई है, जिसकी श्लोक संख्या साड़े तीन हजार के लगभग है। ग्रंथ का कथानक बड़ा ही रोचक और हृदयस्पर्शी है। यह १५वीं शताब्दी की जैन रामायण है। ग्रंथ की शैली सीधी और सरल है, उसमें शब्दाडम्बर को कोई स्थान नहीं दिया गया, परन्तु प्रसंगवश काव्योचित वर्णनों का सर्वथा अभाव भी नहीं है। राम की कथा बड़ी लोकप्रिय रही है। इससे इस पर प्राकृत संस्कृत, अपभ्रंश और हिन्दी में अनेक ग्रंथ विविध कवियों द्वारा लिखे गए हैं।

यह ग्रंथ भी अग्रवालवंशी साहु बादू के सुपुत्र हरसी साहु की प्रेरणा एवं अनुग्रह से बनाया गया है। साहु हरसी जिन शासन के भक्त और कषायों को क्षीण करने वाले थे। आगम और पुराण-ग्रंथों के पठन-पाठन में समर्थ, जिन पूजा और सुपात्रदान में तत्पर, तथा रात्रि और दिन में कायोत्सर्ग में स्थित होकर आत्म-ध्यान द्वारा स्व-पर के भेद-विज्ञान का अनुभव करने वाले, तथा तपश्चरण द्वारा शरीर को क्षीण करने वाले धर्मनिष्ठ व्यक्ति थे। आत्म-विकास करना उनका लक्ष्य था। ग्रंथ की आद्य प्रशस्ति में हरसी साहू के कुटुम्ब का पूरा परिचय दिया हुआ है। ग्रंथ में रचनाकाल दिया हुआ नहीं है।

३९ वीं प्रशस्ति 'मेहेसरचरिउ' की है, प्रस्तुत ग्रंथ में १३ संधियां और ३०४ कडवक हैं। जिनमें भरत चक्रवर्ती के सेनापति जयकुमार और उनकी धर्मपत्नी सुलोचना के चरित्र का सुन्दर चित्रण किया गया है। जयकुमार और सुलोचना का चरित बड़ा ही पावन रहा है। ग्रंथ की द्वितीय-तृतीय संधियों में आदि ब्रह्मा-ऋषभदेवका गृह त्याग, तपश्चरण और केवलज्ञान की प्राप्ति, भरत की दिग्विजय, भरत बाहुबलि युद्ध, बाहुबलि का तपश्चरण और कैवल्य प्राप्ति आदि का कथन दिया हुआ है। छठवीं सन्धि के २३ कडवकों में सुलोचनाका स्वयम्बर, सेनापति मेघेश्वर(जयकुमार) का भरत चक्रवर्तीके पुत्र अर्ककीर्तिके साथ युद्ध करना

वर्णन दिया है। और ७वीं सन्धि में सुलोचना और मेघेश्वर के विवाह का कथन दिया हुआ है। और ८वीं से १३वीं संधि तक कुबेर मित्र, हिरण्यगर्भ का पूर्वभव वर्णन तथा भीम भट्टारक का निर्वाण गमन, श्रीपाल चक्रवर्ती का हरण और मोक्ष गमन, एवं मेघेश्वर का तपश्चरण, निर्वाण गमन आदि का सुन्दर कथन दिया हुआ है। ग्रंथ काव्य-कला की दृष्टि से उच्चकोटि का है। ग्रंथ में कवि ने दुवई, गाहा, चामर, घत्ता, पद्धडिया, समानिका और मत्तगयंद आदि छन्दों का प्रयोग किया है। रसों में शृंगार, वीर, बीभत्स और शान्त रस का, तथा रूपक उपमा और उत्प्रेक्षा आदि अलंकारों की भी योजना की गई है। इस कारण ग्रंथ सरस और पठनीय बन गया है।

कवि ने ग्रंथ में अपने से पूर्ववर्ती निम्न कवियों और उनकी कृतियों का उल्लेख किया हैं। कवि चक्रवर्ती धीरसेन, देवनन्दी अपर नाम पूज्यपाद (ईस्वी सन् ४७५ से ५२५ ई०) जैनेन्द्र व्याकरण, वज्रसेन और उनका षड्दर्शन प्रमाण नाम का जैन न्याय का ग्रंथ। रविषेण (वि० सं० ७३४) तथा उनका पद्म-चरित, पुन्नाटसंघी जिनसेन (वि० सं० ८४०) और उनका हरिवंश, महाकवि स्वयंभू, चतुर्मुख तथा पुष्प-दन्त, देवसेन का मेहेसरचरिउ (जयकुमार-सुलोचना चरित) दिनकरसेन का अनंगचरित।

ग्रंथ की आद्यन्त प्रशस्तियों में ग्रन्थ रचना में प्रेरक ग्वालियर नगर के सेठ अग्रवाल कुलावतंश साहू खेऊ या खेमसिंह के परिवार का विस्तृत परिचय दिया हुआ है। और ग्रन्थ की प्रत्येक सन्धि के प्रारम्भ में कवि ने संस्कृत श्लोकों में आश्रयदाता उक्त साहू की मंगल कामना की है। द्वितीय संधि के प्रारम्भ का निम्न पद्य द्रष्टव्य है।

तीर्थेशो वृषभेश्वरो गणनुतो गौरीश्वरो शंकरो,
आदीशो हरिणांचितो गणपतिः श्रीमान्युगादिप्रभुः।
नाभेयो शिववार्द्धिवर्धन शशिः कैवल्यभाभासुरः,
क्षेमाख्यस्य गुणान्वितस्य सुमतेः कुर्याच्छिवं सो जिनः॥

इस पद्य में ऋषभदेव के विशेषण प्रयुक्त हुए हैं वे जहाँ उनकी प्राचीनता के द्योतक हैं, वहाँ वे ऋषभदेव और शिव की सादृश्यता की झांकी भी प्रस्तुत करते हैं। ग्रन्थ सुन्दर है और इसे प्रकाश में लाना चाहिये।

४० वीं प्रशस्ति 'सम्मत्तगुणनिधान' की हैं। ग्रंथ में ४ संधियां और १०८ कडवक दिये हुए हैं। जिनकी आनुमानिक श्लोक संख्या तेरहसौ पचहत्तर के करीब है। जिनमें सम्यक्त्व का स्वरूप, उनका माहात्म्य तथा सम्यक्त्व के आठ अंगों में प्रसिद्ध होने वाले प्रमुख पुरुषों की रोचक कथाएँ बहुत ही सुन्दरता से दी गई हैं। जो पाठकों को अत्यन्त सुचिकर और सरस मालूम होती हैं।

प्रस्तुत ग्रंथ गोपाचल (ग्वालियर) निवासी साहु खेमसिंह के सुपुत्र साहु कमलसिंह के अनुरोध से बनाया गया है, और उन्हीं के नामांकित भी किया गया है। इस ग्रंथ की प्रथम संधि के १७वें कडवक से स्पष्ट है कि साहु खेमसिंह के पुत्र कमलसिंह ने भगवान आदिनाथ की एक विशालमूर्ति का निर्माण कराया था, जो ग्यारह हाथ ऊँची थी, और जो दुर्गति के दुःखों की विनाशक, मिथ्यात्वरूपी गिरीन्द्र के लिये वज्र समान, भव्यों के लिए शुभ गति प्रदान करने वाली, तथा दुःख, रोग, शोक की नाशक थी। अर्थात् जिसके दर्शन, चिन्तन से भव्यों की भव-बाधा सहज ही दूर हो जाती थी। इस महत्वपूर्ण मूर्ति की प्रतिष्ठा कर उसने महान् पुण्य का संचय किया था और चतुर्विध संघ की विनय भी की थी। ग्रन्थ की आद्यन्त प्रशस्ति में साहु कमलसिंह के कुटुम्ब का विस्तृत परिचय दिया हुआ है। ग्रन्थ-गत कथाओं का आधार आचार्य

सोमदेव के यशस्तिलकचम्पू का छठा आश्वास रहा जान पड़ता है। ग्रंथ का रचनाकाल वि० संवत् १४९२ है।

४१ वीं प्रशस्ति 'रिट्ठणेमिचरिउ' या 'हरिवंश पुराण' की है। प्रस्तुत ग्रन्थ में १४ सन्धियाँ और ३०२ कडवक हैं तथा १९०० के लगभग पद्य होंगे, जिनमें ऋषभ चरित, हरिवंशोत्पत्ति, वसुदेव और उनका पूर्वभव कथानक, बन्धु-बान्धवों से मिलाप, कंस बलभद्र और नारायण के भवों का वर्णन, नारायण जन्म, कंसवध, पाण्डवों का जुए में हारना द्रोपदी का चीर हरन, पाण्डवों का अज्ञातवास, प्रद्युम्न को विद्या प्राप्ति और श्रीकृष्ण से मिलाप, जरासंध वध, कृष्ण का राज्यादि सुखभोग, नेमिनाथ का जन्म, बाल्यक्रीड़ा यौवन, विवाहमैं वैराग्य, दीक्षा तथा तपश्चरण केवलज्ञान और निर्वाण प्राप्ति आदिका कथन दिया है। ग्रंथ में जैनियों के बाईसवें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ की जीवन-घटनाओं का परिचय दिया हुआ है। नेमिनाथ यदुवंशी क्षत्री थे। और थे कृष्ण के चचेरे भाई। उन्होंने पशुओं के बंधन खुलवाए। और संसार की असारता को देख, वैरागी हो तपश्चरण द्वारा आत्म-शोधन किया, सर्वज्ञ और सर्वदर्शी बने, और जगत को आत्महित करने का सुन्दरतम मार्ग बतलाया। उनका निर्वाण स्थान ऊर्जयन्त गिरि या रैवतगिरि है जो आज भी नेमिनाथ के अतीत जीवन की झाँकी को प्रस्तुत करता है। तीर्थंकर नेमिकुमार की तपश्चर्या और चरण रज से वह केवल पावन ही नहीं हुआ, किन्तु उसकी महत्ता लोक में आज भी मौजूद है।

इस ग्रंथ की रचना योगिनीपुर (दिल्ली) से उत्तर की ओर वसे हुए किसी निकटवर्ती नगर का नाम था, जो पाठ की अशुद्धि के कारण ज्ञात नहीं हो सका। ग्रंथ की रचना उस नगर के निवासी गोयल गोत्रीय अग्रवाल वंशी महाभव्य साहु लाहा के पुत्र संघाधिप साहु लोणा की प्रेरणा से हुई है। ग्रंथ की आद्यन्त प्रशस्तियों में साहु लोणा के परिवार का संक्षिप्त परिचय कराया गया है।

कवि ने ग्रन्थ में अपने से पूर्ववर्ती विद्वानों और उनके कुछ ग्रंथों का उल्लेख किया है, देवनन्दि (पूज्यपाद) जैनेन्द्र व्याकरण, जिनसेन (महापुराण) रविषेण (जैन रामायण-पद्मचरित) कमलकीर्ति और उनके पट्टधर शुभचन्द्र का नामोल्लेख है। जिनका पट्टाभिषेक कनकगिरि वर्तमान सोनागिरि में हुआ था। साथ ही कवि ने अपने रिट्ठणेमिचरिउ से पहले बनाई हुई अपनी निम्न रचनाओं के भी नाम दिए हुए हैं। महापुराण, भरत-सेनापति चरित (मेघेश्वर चरित) जसहरचरिउ (यशोधरचरित) वित्तसार, जीवंधर चरिउ और पासचरिउ का नामोल्लेख किया है। ग्रंथ में रचनाकाल नहीं दिया, इसलिए यह निश्चित बतलाना तो कठिन है कि यह ग्रंथ कब बना ? फिर भी अन्य सूत्रों से यह अनुमान किया जा सकता है कि प्रस्तुत ग्रंथ विक्रम की १५ वीं शताब्दी के अन्तिम चरण या १६ वीं के प्रथम चरण में रचा गया है।

४२ वीं प्रशस्ति 'धणकुमार चरिउ' की है जिसमें चार सन्धियां और ७४ कडवक हैं। जिनकी श्लोक संख्या ८०० श्लोकों के लगभग है। जिनमें धनकुमार की जीवन-गाथा अंकित की गई है। प्रस्तुत ग्रंथ की रचना आरौन जिला ग्वालियर निवासी जैसवाल वंशी साहु पुण्यपाल के पुत्र साहु भुल्लण की प्रेरणा एवं अनुरोध से हुई है। अतएव उक्त ग्रंथ उन्हीं के नामांकित किया गया है। ग्रंथ की आद्य प्रशस्ति में साहु भुल्लण के परिवार का विस्तृत परिचय कराया गया है।

इस ग्रंथ की रचना कब हुई ? यह ग्रंथप्रशस्ति पर से कुछ ज्ञात नहीं होता; क्योंकि उसमें रचना काल दिया हुआ नहीं है। किन्तु प्रशस्ति में इस ग्रंथ के पूर्ववर्ती रचे हुए ग्रंथों के नामों में 'णेमिजिणिंद चरिउ' (हरिवंश पुराण) का भी उल्लेख है, जिससे स्पष्ट है कि यह ग्रंथ उसके बाद बनाया गया है।

४३ वीं प्रशस्ति 'जसहर चरिउ' की है जिसके कर्ता भी उक्त कवि रइधू हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में ४ सन्धियाँ और १०४ कड़वक हैं। जिनकी श्लोक संख्या९०० के लगभग है। ग्रंथ में योधेय देशके राजा यशोधर और चन्द्रमती का जीवन परिचय दिया हुआ है। ग्रंथ का कथानक सुन्दर और हृदय-ग्राही है और वह जीव दया की पोषक वार्ताओं से ओत-प्रोत है। यद्यपि राजा यशोधर के सम्बंध में संस्कृतभाषा में अनेक चरित ग्रन्थ लिखे गए हैं जिनमें आचार्य सोमदेव का 'यशस्तिलक चम्पू' सबसे उच्चकोटि का काव्य-ग्रन्थ है। परंतु अपभ्रंश भाषा की यह दूसरी रचना है। प्रथम ग्रन्थ महाकवि पुष्पदन्त का है। यद्यपि भ० अमरकीर्ति ने भी 'जसहर चरिउ' नाम का ग्रंथ लिखा था; परंतु वह अभी तक अनुपलब्ध है।

इस ग्रन्थ की रचना भट्टारक कमलकीर्ति के अनुरोध से तथा योगिनीपुर (दिल्ली) निवासी अग्रवाल वंशी साहु कमलसिंह के पुत्र साहु हेमराज की प्रेरणा से हुई है। अतएव ग्रंथ उन्हीं के नाम किया गया है। उक्त साहु परिवार ने गिरनार जी की तीर्थयात्रा का संघ चलाया था। ग्रंथ की आद्यन्त प्रशस्ति में साहु कमलसिंह के परिवार का विस्तृत परिचय कराया गया है। कवि ने यह ग्रंथ लाहड़पुर के जोधा साहु के विहार में बैठकर बनाया है, और उसे स्वयं 'दयारसभर गुणपवित्तं'—पवित्र दयारूपी रस से भरा हुआ बतलाया है।

४४ वीं प्रशस्ति 'अणथमी कहा' की है। इस कथा में रात्रिभोजन के दोषों और उससे होने वाली व्याधियों का उल्लेख करते हुए लिखा है कि दो घड़ी दिन के रहने पर श्रावक लोग भोजन करें; क्योंकि सूर्य के तेज का मंद उदय रहनेपर हृदय-कमल संकुचित हो जाता है, अतः रात्रि भोजनके त्याग का विधान धार्मिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से किया गया है जैसा कि उसके निम्न दो पद्यों से प्रकट है:—

"जि रोय-दलद्दिय दीण अणाह, जि कुट्ठ-गलिय कर करण सवाह।
दुहग्गु जि परियणु वग्गु अणेहु, सु-रयणिहि भोयणु फलु जि मुणहु।
घड़ी दुइ वासरु थक्कइ जाम, सुभोयण सावय भुंजहिं ताम।
दिवायरु तेज जि मंदउ होइ, सकुच्चइ चित्तहु कमलु जिव सोइ।"

कथा रचने का उद्देश्य भोजन सम्बन्धी असंयम से रक्षा करना है, जिससे आत्मा धार्मिक मर्यादाओं का पालन करते हुए शरीर को स्वस्थ बनाये रखे।

४५ वीं प्रशस्ति 'अप्प-संबोह-कव्व' की है। यह एक छोटा सा काव्य-ग्रंथ है जिसे कवि ने आत्म-सम्बोधनार्थ बनाया है। आत्म-हित को दृष्टि में लक्ष्य रखते हुए हिंसादि पंच पापों और सप्त व्यसनादि से आत्म-रक्षा करने का उपाय बतलाया गया है—हिंसादि पापों का त्याग कर आत्म-कर्तव्य की ओर दृष्टि रखने का प्रयत्न किया गया है, जिससे मानव इस लोक तथा परलोक में सुख-शान्ति प्राप्त कर सके। ग्रंथ बहुत सुन्दर है, पर अभी तक अप्रकाशित है।

४६ वीं प्रशस्ति 'सिद्धांतार्थसार' की है, इस ग्रंथ का विषय भी सैद्धांतिक है और अपभ्रंश के गाथा छंद में रचा गया है। इसमें सम्यग्दर्शन, जीव स्वरूप, गुणस्थान, व्रत, समिति, इंद्रिय-निरोध आदि आवश्यक क्रियाओं का स्वरूप, अट्ठाईस मूलगुण, अष्टकर्म, द्वादशांगश्रुत, लब्धिस्वरूप, द्वादशानुप्रेक्षा दशलक्षणधर्म, और ध्यानों के स्वरूप का कथन दिया गया है। इस ग्रंथ की रचना वणिकवर श्रेष्ठी खेमसी साहु या साहु खेमचंद्र के निमित्त की गई है। परंतु खेद है कि उपलब्ध ग्रंथ का अंतिम भाग खंडित है। लेखक ने कुछ जगह छोड़कर लिपि पुष्पिका की प्रतिलिपि कर दी है। ग्रंथ के शुरू में कवि ने लिखा है

कि यदि मैं उक्त सभी विषयों के कथन में स्खलित हो जाऊँ तो छल ग्रहण नहीं करना चाहिए। यह ग्रंथ भी तोमर वंशी राजा कीर्तिसिंह के राज्य में रचा गया है।

४७ वीं प्रशस्ति 'वृत्तसार' नामक ग्रंथ की है। जिसके कर्ता कवि रइधू हैं। प्रस्तुत ग्रंथ में छह सर्ग या अंक (अध्याय) हैं। ग्रंथ का अन्तिम पत्र त्रुटित है जिसमें ग्रंथकार की प्रशस्ति उल्लिखित होगी। यह ग्रंथ अपभ्रंश के गाथा छंद में रचा गया है, जिनकी संख्या ७५० है। बीच बीच में संस्कृत के गद्य-पद्यमय वाक्य भी ग्रन्थांतरों से प्रमाण स्वरूपमें उद्धृत किये गये हैं। प्रथम अधिकार में सम्यग्दर्शन का सुन्दर विवेचन है, और दूसरे अधिकार में मिथ्यात्वादि छह गुणस्थानों का स्वरूप निर्दिष्ट किया है। तीसरे अधिकार में शेष गुण-स्थानों का और कर्मस्वरूप का वर्णन है। चौथे अधिकार में बारह भावनाओं का कथन दिया हुआ है। पाँचवें अंक में दशलक्षण धर्म का निर्देश है और छठवें अध्याय में ध्यान की विधि और स्वरूपादि का सुन्दर विवेचन दिया हुआ है। इस तरह इस ग्रन्थ में जैनधर्म के तात्त्विक स्वरूप का सुन्दर विवेचन किया गया है। ग्रन्थ सम्पादित होकर हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाश में आने वाला है।

४८ वीं प्रशस्ति 'पुण्णासव कहा कोश' की है। जिसमें १३ संधियां दी हुई हैं जिनमें पुण्य का आस्रव करने वाली सुन्दर कथाओं का संकलन किया गया है। प्रथम सन्धि में सम्यक्त्व के दोषों का वर्णन है, जिन्हें सम्यक्त्वी को टालने की प्रेरणा की गई है। दूसरी संधि में सम्यक्त्व के निश्शंकितादि अष्ट गुणों का स्वरूप निर्दिष्ट करते हुए उनमें प्रसिद्ध होने वाले अंजन चोर का चित्ताकर्षक कथानक दिया हुआ है तीसरी संधि में निकांक्षित और निर्विचिकित्सा इन दो अंगों में प्रसिद्ध होने वाले अनन्तमती और उदितोदय राजा की कथा दी गई है। चौथी संधि में अमूढ़दृष्टि और स्थितिकरण अंग में रेवती रानी और श्रेणिक राजा के पुत्र वारिषेण का कथानक दिया हुआ है। पांचवीं सन्धि में उपगूहन अंग का कथन करते हुए उसमें प्रसिद्ध जिनभक्त सेठ की कथा दी हुई है। सातवीं सन्धि में प्रभावना अंग का कथन दिया हुआ है। आठवीं संधि में पूजा का फल, नवमी संधि में पंचनमस्कार मंत्र का फल, दशवीं संधि में आगमभक्ति का फल और ग्यारहवीं संधि में सती सीता के शील का कथन दिया हुआ है। बारहवीं सन्धि में उपवास का फल और १३ वीं संधि में पात्रदान के फल का वर्णन किया है। इस तरह ग्रन्थ की ये सब कथायें बड़ी ही रोचक और शिक्षाप्रद हैं।

इस ग्रन्थ का निर्माण अग्रवाल कुलावतंस साहु नेमिदास की प्रेरणा एवं अनुरोध से हुआ है और यह ग्रंथ उन्हीं के नामांकित किया गया है। ग्रन्थ की आद्यन्त प्रशस्तियों में नेमिदास और उनके कुटुम्ब का विस्तृत परिचय दिया हुआ हैं। और बतलाया है कि साहु नेमिदास जोइणिपुर (दिल्ली) के निवासी थे और साहु तोसउ के चार पुत्रों में से प्रथम थे। नेमिदास श्रावक व्रतों के प्रतिपालक, शास्त्रस्वाध्याय, पात्रदान, दया और परोपकार आदि सत्कार्यों में प्रवृत्ति करते थे। उनका चित्त समुदार था और लोक में उनकी धार्मिकता और सुजनता का सहज ही आभास हो जाता है, और उनके द्वारा अगणित मूर्तियों के निर्माण कराये जाने, मन्दिर बनवाने और प्रतिष्ठादि महोत्सव सम्पन्न करने का भी उल्लेख किया गया है। साहु नेमिदास चन्द्रवाड के राजा प्रतापरुद्र से सम्मानित थे[1]। वे सम्भवतः उस समय दिल्ली से चन्द्रवाड चले गए थे, और वहां ही निवास करने लगे थे, और उनके अन्य कुटुम्बी जन उस समय दिल्ली में ही रह रहे थे, राजा प्रतापरुद्र चौहान वंशी राजा रामचंद्र के पुत्र थे, जिनका राज्य विक्रम सं० १४६८ में वहां विद्यमान

१. णिय पयावरुद्द सम्माणिउ —पुण्यास्रव प्रशस्ति।

था[२]। ग्रन्थ में उसका रचनाकाल दिया हुआ नहीं है, परन्तु उसकी रचना पन्द्रहवीं शताब्दी के अंतिमचरण में हुई जान पड़ती है। क्योंकि उसके बाद मुस्लिम शासकों के हमलों से चन्द्रवाड़ की श्री सम्पन्नता को भारी क्षति पहुंची थी।

कवि ने ग्रंथ की प्रत्येक संधि के प्रारम्भ में ग्रंथ रचना में प्रेरक साहु नेमिदास का जयघोष करते हुये मंगल कामना की है। जैसा कि उसके निम्नपद्यों से प्रकट है—

प्रतापरुद्रनृपराजविश्रुतस्त्रिकालदेवार्चनवंचिता शुभा।
जैनोक्तशास्त्रामृतपानशुद्धधीः चिरं क्षितौ नन्दतु नेमिदासः॥ ३
सत्कवि गुणानुरागी श्रेयांन्निव पात्रदानविधिदक्षः।
तोसउ कुलनभचन्द्रो नन्दतु नित्येव नेमिदासाख्यः॥४॥

ग्रन्थ अभी तक अप्रकाशित है, उसे प्रकाश में लाना आवश्यक है।

४६ वीं प्रशस्ति 'जीवंधर चरिउ' की है। जिसमें तेरह संधियां दी हुई हैं। प्रस्तुत ग्रंथ में दर्शन-विशुद्धयादि षोडशकारण भावनाओं का फल वर्णन किया गया है। और उनका फल प्राप्त करने वाले जीवंधर तीर्थंकर की रोचक कथा दी गई है। प्रस्तुत जीवंधर स्वामी पूर्व विदेह क्षेत्र के अमरावती देश में स्थित गंधर्वराउ (राज) नगर के राजा सीमंधर और उनकी पट्ट महिषी महादेवी के पुत्र थे। इन्होंने दर्शनविशुद्धयादि षोडश कारण भावनाओं का भक्तिभाव से चिंतन किया था, जिसके फलस्वरूप वे धर्म-तीर्थ के प्रवर्तक तीर्थंकर हुए। ग्रंथका कथा भाग बड़ा ही सुंदर है। परंतु ग्रंथ प्रति अत्यंत अशुद्धरूप में प्रतिलिपि की गई है, जान पड़ता है प्रतिलिपिकार पुरानी लिपि का अभ्यासी नहीं था, प्रतिलिपि करवा कर पुनः जांच भी नहीं की गई।

इस ग्रंथ का निर्माण कराने वाले साहु कुन्थ दास हैं, जो सम्भवतः ग्वालियर के निवासी थे। कवि ने इस ग्रन्थको उक्त साहु को 'श्रवण भूषण' प्रकट किया है। साथही उन्हें आचार्य चरण सेवी, सप्त व्यसन रहित, त्यागी धवलकीर्ति वाला, शास्त्रों के अर्थ को निरंतर अवधारण करनेवाला और शुभ मती बतलाते हुए उन्हें साहु हेमराज और मोल्हा देवी का पुत्र बतलाया गया है और कवि ने उनके चिरंजीव होने की कामना भी की है। जैसा कि द्वितीय संधि के प्रथम पद्य से ज्ञात होता है।

---

२. चन्द्रवाड के सम्बन्ध में लेखक का स्वतन्त्र लेख देखिए। सं० १४६८ में राजा रामचन्द्र के राज्य में चन्द्रवाड में अमरकीर्ति के षट्कर्मोपदेश की प्रतिलिपि की गई थी, जो अब नागौर के भट्टारकीय शास्त्र भंडार में सुरक्षित है। यथा—

अथ संवत्सरे १४६८ वर्षे ज्येष्ठ कृष्ण पंचदश्यां शुक्रवासरे श्रीमच्चन्द्रपाट नगरे महाराजाधिराज श्रीराम चन्द देवराज्ये। तत्र श्री कुदकुदाचार्यान्वये श्री मूलसंघे गूजरगोष्ठि तिहुयनगिरिया साहु श्री जगसीहा भार्याः सोमा तयोः पुत्राः (चत्वाराः) प्रथम उदैसीह (द्वितीय) अर्जसहि तृतीय पहराज चतुर्थ खाह्मदेव। ज्येष्ठ पुत्र उदैसीह भार्या रतो, तस्य त्रयोः पुत्राः, ज्येष्ठ पुत्र देल्हा द्वितीय राम तृतीय भीखम ज्येष्ठ पुत्र देल्हा भार्या हिरो (तयोः) पुत्राः द्वयोः ज्येष्ठ पुत्र हालू द्वितीय पुत्र अर्जुन ज्ञानावरणी कर्म क्षयार्थं इदं षट्कर्मोपदेश लिखापितं।

भग्नपृष्ठि कटिग्रीवा सच्च दृष्टि रधो मुखं।
कष्टेन लिखितं शास्त्रं यत्नेन परिपालयेत्॥ —नागौर भंडार

'जो भत्तो सूरिपाए विसणसगसया जि विरत्ता स एयो ।
जो चाई पुत्त दाणे ससिपह धवली कित्ति वल्लिकु तेजो ।
जो नित्यो सत्थ-अत्थे विसय सुहमई हेमरायस्स ताओ ।
सो मोल्ही अंग जाओ 'भवदु इह धुवं कुथुयासो चिराओ ।'

९९वीं प्रशस्ति 'सिरिपालचरिउ' या सिद्धचक्र विधि' की है । जिसके कर्ता कवि रइधू हैं । इस ग्रन्थ में दश संधियां दी हुई हैं, और जिनकी आनुमानिक श्लोक संख्या दो हजार दो सौ बतलाई है । जिसमें चम्पापुर के राजा श्रीपाल और उनके सभी साथियों का सिद्धचक्रव्रत (अष्टाह्निका व्रत) के प्रभाव से कुष्ठ रोग दूर हो जाने आदि की कथा का चित्रण किया गया है और सिद्धचक्रव्रत का माहात्म्य ख्यापित करते हुए उसके अनुष्ठान की प्रेरणा की गई है । ग्रन्थ का कथाभाग बड़ा ही सुन्दर और चित्ताकर्षक है । भाषा सरल तथा सुबोध है । यद्यपि श्रीपाल के जीवन परिचय और सिद्धचक्रव्रत के महत्व को चित्रित करने वाले संस्कृत, हिंदी गुजराती भाषा में अनेक ग्रंथ लिखे गए हैं । परंतु अपभ्रंश भाषा का यह दूसरा ग्रंथ है । प्रथम ग्रंथ पंडित नरसेन का है ।

प्रस्तुत ग्रंथ ग्वालियर निवासी अग्रवाल वंशी साहु बाटू के चतुर्थ पुत्र हरिसी साहु के अनुरोध से बनाया है और उन्हीं के नामांकित किया है । प्रशस्ति में उनके कुटुम्ब का संक्षिप्त परिचय भी अंकित है । कवि ने ग्रन्थ की प्रत्येक संधियों के प्रारम्भ में संस्कृत पद्यों में ग्रंथ निर्माण में प्रेरक उक्त साहु का यशोगान करते हुए उनकी मंगल कामना की है । जैसा कि ७ वीं संधि के निम्न पद्य से प्रकट है ।

यः सत्यं वदति व्रतानि कुरुते शास्त्रं पठंत्यादरात्
मोहं मुञ्चति गच्छति स्व समयं धत्ते निरीहं पदं ।
पापं लुम्पति पाति जीवनिवहं ध्यानं समालम्बते ।
सोऽयं नंदतु साधुरेव हरषी पुष्णाति धर्मं सदा ।

—सिद्धचक्र विधि (श्रीपालचरित संधि ७)

१०६वीं प्रशस्ति 'सम्यक्त्व कौमुदी' की हैं । इसमें सम्यक्त्व की उत्पादक कथाओं का बड़ा ही रोचक वर्णन दिया हुआ है, इसे कवि ने ग्वालियर के राजा डूंगरसिंह के पुत्र राजा कीर्तिसिंह के राज्य काल में रचा है, इसकी आदि अन्त प्रशस्ति से मालूम होता है कि यह ग्रंथ गोपाचल वासी गोलालारीय जाति के भूषण सेउसाहु की प्रेरणा से बनाया है । इसकी ७१ पत्रात्मक एक प्रति नागौर के भट्टारकीय ज्ञानभण्डार में मौजूद है उक्त अपूर्ण प्रशस्ति उसी प्रति पर से दी गई है । उस ग्रन्थ की पूरी प्रशस्ति वहां के पंचों तथा भट्टारक जी ने सन् ४४ में नोट नहीं करने दी थी, इसीलिए वह अपूर्ण प्रशस्ति ही यहां दी गई है ।

कवि की अन्य कृतियाँ

इन ग्रंथों के अतिरिक्त कवि की 'दश लक्षण जयमाला और 'षोडशकारण जयमाला' ये दोनों पूजा ग्रंथ भी मुद्रित हो चुके हैं । इनके सिवाय महापुराण, सुदसंणचरिउ, करकण्डुचरिउ ये तीनों ग्रंथ अभी अनुपलब्ध हैं । इनका अन्वेषणकार्य चालू हैं । 'सोऽहं थुदि' नाम की एक छोटी-सी रचना भी अनेकांत में प्रकाशित हो चुकी है ।

कवि रइधू ने अपने से पूर्ववर्ती कवियों का अपनी रचनाओं में ससम्मान उल्लेख किया है[1] । जिन

१. विशेष परिचय के लिए देखिए, अनेकान्त वर्ष ९ किरण ९ में प्रकाशित महाकवि रइधू नाम का लेख ।

के नाम इस प्रकार हैं—१. देवनंदी (पूज्यपाद) २. रविषेण ३. चउमुह ४. द्रोण ५. स्वयंभूदेव ६. कविवर ७. वज्रसेन ८. जिनसेन ९. देवसेन १०. महाकवि पुष्पदन्त ।

कवि वंश-परिचय

कविवर रइधू संघाधिप देवराय के पौत्र और हरिसिंघ के पुत्र थे, जो विद्वानों को आनन्ददायक थे। और माता का नाम 'विजयसिरि' (विजयश्री) था, जो रूपलावण्यादि गुणों से अलंकृत होते हुए भी शील संयमादि सद्गुणों से विभूषित थी। कविवर की जाति पद्मावती पुरवाल थी और कविवर उक्त पद्मावती कुलरूपी कमलों को विकसित करने वाले दिवाकर (सूर्य) थे जैसाकि 'सम्मइजिन चरिउ' ग्रंथ की प्रशस्ति के निम्न वाक्यों से प्रकट है—

पोमावइ कुल कमल-दिवायरु, हरिसिंघ बुहयण कुल, आणंदणु ।
जस्स घरिज रइधू बुह जायउ, देव-सत्थ-गुरु-पय-अणुरायउ ॥

कविवर ने अपने कुल का परिचय 'पोमावइकुल' और पोमावइ 'पुरवाडवंस' जैसे वाक्यों द्वारा कराया है। जिससे वे पद्मावती पुरवाल नाम के कुल में समुत्पन्न हुए थे। जैनसमाज में चौरासी उपजातियों के अस्तित्व का उल्लेख मिलता है उनमें कितनी ही जातियों का अस्तित्व आज नहीं मिलता; किंतु इन चौरासी जातियों में ऐसी कितनी ही उपजातियां अथवा वंश है जो पहले कभी बहुत कुछ समृद्ध और सम्पन्न रहे हैं; किंतु आज वे उतने समृद्ध एवं वैभवशाली नहीं दीखते, और कितने ही वंश एवं जातियां प्राचीन समय में गौरवशाली रहे हैं किंतु आज उक्त संख्या में उनका उल्लेख भी शामिल नहीं है। जैसे धर्कट १ आदि ।

इन चौरासी जातियों में पद्मावती पुरवाल भी एक उपजाति है, जो आगरा, मैनपुरी, एटा, ग्वालियर आदि स्थानों में आबाद है, इनकी जन-संख्या भी कई हजार पाई जाती है। वर्तमान में यह जाति बहुत कुछ पिछड़ी हुई है तो भी इसमें कई प्रतिष्ठित विद्वान हैं। वे आज भी समाज सेवा के कार्य में लगे हुए हैं। यद्यपि इस जाति के विद्वान् अपना उदय ब्राह्मणों से बतलाते हैं और अपने को देवनन्दी (पूज्यपाद) का सन्तानीय भी प्रकट करते हैं, परन्तु इतिहास से उनकी यह कल्पना केवल कल्पित ही जान पड़ती है। इसके दो कारण हैं। एक तो यह कि उपजातियों का इतिवृत्त अभी अंधकार में है जो कुछ प्रकाश में आ पाया है उसके आधार से उसका अस्तित्व विक्रम की दशमी शताब्दी से पूर्व का ज्ञात नहीं होता, हो सकता है कि वे उससे भी पूर्ववर्ती रहीं हों, परन्तु बिना किसी प्रामाणिक अनुसंधान के इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहा जा सकता।

पट्टावली वाला दूसरा कारण भी प्रामाणिक प्रतीत नहीं होता, क्योंकि पट्टावली में आचार्य पूज्य पाद (देवनन्दी) को पद्मावती-पुरवाल लिखा है, परन्तु प्राचीन ऐतिहासिक प्रमाणों से उनका पद्मावती-पुरवाल होना प्रमाणित नहीं होता, कारण कि देवनन्दी ब्राह्मण कुल में समुत्पन्न हुए थे।

१. यह जाति जैन समाज में गौरव-शालिनी रही है। इसमें अनेक प्रतिष्ठित श्रीसम्पन्न श्रावक और विद्वान् हुए हैं जिनकी कृतियां आज भी अपने अस्तित्व से भूतल को समलंकृत कर रही हैं। भविष्यदत्त कथा के *कर्ता बुध धनपाल और धर्मपरीक्षा के कर्ता बुध हरिषेण ने भी अपने जन्म से 'धर्कट वंश को पावन* किया है। हरिषेण ने अपनी धर्मपरीक्षा वि० सं० १०४४ में बनाकर समाप्त की है। धर्कट वंश के अनुयायी दिगम्बर श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायों में रहे हैं।

जाति और गोत्रों का अधिकांश विकास अथवा निर्माण गांव, नगर और देश आदि के नामों पर से हुआ है। उदाहरण के लिए सांभर के आस-पास के बघेरा स्थान से बघेरवाल, पाली से पल्लीवाल खण्डेला से खण्डेलवाल, अग्रोहा से अग्रवाल, जायस अथवा जैसासे जैसवाल और ओसासे ओसवाल जाति का निकास हुआ है। तथा चंदेरी के निवासी होने से चन्दैरिया, चन्दवाड से चांदुवाड या चांदवाड और पद्मावती नगरी से पद्मावतिया आदि गोत्रों एवं मूरका उदय हुआ है। इसी तरह अन्य कितनी ही जातियों के सम्बंध में प्राचीन लेखों, ताम्रपत्रों, सिक्कों, ग्रन्थ-प्रशस्तियों और ग्रंथों आदि पर से उनके इतिवृत्त का पता लगाया जा सकता है।

उक्त कविवर के ग्रंथों में उल्लिखित 'पोमावइ' शब्द स्वयं पद्मावती नाम की नगरी का वाचक है। यह नगरी पूर्व समय में खूब समृद्ध थी, उसकी इस समृद्धि का उल्लेख खजुराहो के वि० सं० १०५२ के शिलालेख में पाया जाता है, जिसमें यह बतलाया गया है कि यह नगरी ऊँचे-ऊँचे गगनचुम्बी भवनों एवं मकानातों से सुशोभित थी, जिसके राजमार्गों में बड़े-बड़े तेज तुरङ्ग दौड़ते थे और जिसकी चमकती हुई स्वच्छ एवं शुभ्र दीवारें आकाश से बातें करती थीं। जैसाकि उक्त लेख के निम्न पद्यों से प्रकट है—

सोधुत्तुंगपतङ्गलङ्घनपथ प्रोत्तुंगमालाकुला
शुभ्राभ्रंकषपाण्डुरोच्चशिखरप्राकारचित्रा (म्ब) रा
प्रालेयाचल शृङ्गसन्नि (नि) भशुभप्रासादसद्मावती
भव्यापूर्वमभूदपूर्वरचना या नाम पद्मावती ॥
त्वंगत्तुंगतुरंगमोदगमक्षु (खु) रक्षोदाद्रजः प्रो [द्ध] त,
यस्यां जीर्न (र्ण) कठोर बभु (स्र) मकरो कूर्मोदराभं नमः।
मत्तानेककरालकुम्भि करटप्रोत्कृष्टवृष्ट्या [द भु] वं।
तं कर्दम मुद्रिया क्षितितलं ता ब्रू (ब्रू) त किं संस्तुमः ॥

—Epigraphica Indica V. I. P. 149

इस समुल्लेख पर से पाठक सहज ही में पद्मावती नगरी की विशालता का अनुमान कर सकते हैं। इस नगरी को नागराजाओं की राजधानी बनने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ था और पद्मावती कांतिपुरी तथा मथुरा में नौ नागराजाओं के राज्य करने का उल्लेख भी मिलता है[1]। पद्मावती नगरी के नागराजाओं के सिक्के भी मालवे में कई जगह मिले हैं[2]। ग्यारहवीं शताब्दी में रचित 'सरस्वती कंठाभरण' में भी पद्मावती का वर्णन है और मालती-माधव में भी पद्मावती का कथन पाया जाता है जिसे लेखवृद्धि के भय से छोड़ा जाता है, परंतु खेद है कि आज यह नगरी वहां अपने उस रूप में नहीं है किन्तु ग्वालियर राज्य में उसके स्थान पर 'पवाया' नामक एक छोटा सा गांव बसा हुआ है, जो कि देहली से बम्बई जाने वाली रेलवे लाइन पर 'देवरा' नाम के स्टेशन से कुछ ही दूर पर स्थित है। यह पद्मावती नगरी ही पद्मावती जाति के निकास का कारण है। इस दृष्टि से वर्तमान 'पवाया' ग्राम पद्मावती पुरवालों के लिए विशेष महत्व की वस्तु है। भले ही वहां पर आज पद्मावती पुरवालों का निवास न हो, किन्तु उसके आस पास तो आज भी वहां पद्मावतीपुर वालों का निवास पाया जाता है। ऊपर के इन सब उल्लेखों पर से ग्राम नगरादिक नामों *पर उपजातियों की कल्पना को पुष्टि मिलती है।*

---

१. *नवनागा पद्मावत्यां कांतीपुर्यां मथुरायां, विष्णु पु० अंश ४ अ० २४।*
२. देखो, राजपूताने का इतिहास प्रथम जिल्द पृ० २३०।

श्रद्धेय पं० नाथूरामजी प्रेमी ने 'परवारजाति के इतिहास पर प्रकाश' नाम के अपने लेख में परवारों के साथ पद्मावती पुरवालों का सम्बन्ध जोड़ने का प्रयत्न किया था[1] और पं० बखतराम के 'बुद्धि-विलास' के अनुसार सातवां भेद भी प्रकट किया है[2]। हो सकता है कि इस जाति का कोई सम्बन्ध परवारों के साथ भी रहा हो, किन्तु पद्मावती पुरवालों का निकास परवारों के सत्तम मूर पद्मावतिया से हुआ हो, यह कल्पना ठीक नहीं जान पड़ती और न किन्हीं प्राचीन प्रमाणों से उसका समर्थन ही होता है और न सभी 'पुरवाडवंश' परवार ही कहे जा सकते हैं। क्योंकि पद्मावती पुरवालों का निकास पद्मावती नगरी के नाम पर हुआ है परबारों के सत्तममूर से नहीं। आज भी जो लोग कलकत्ता और देहली आदि से दूसरे शहरों में चले जाते हैं उन्हें कलकतिया या कलकत्ते वाला देहलवी या दिल्ली वाला कहा जाता है, ठीक उसी तरह परवारों के सत्तममूर 'पद्मावतिया' की स्थिति है।

गांव के नाम पर से गोत्र कल्पना कैसे की जाती थी इसका एक उदाहरण पं० बनारसीदासजी के अर्धकथानक से ज्ञात होता है और वह इस प्रकार है—मध्यप्रदेश के रोहतकपुर के निकट 'बिहोली' नाम का एक गांव था उसमें राजवंशी राजपूत रहते थे; वे गुरु प्रसाद से जैनी हो गये और उन्होंने अपना पापमय क्रिया-काण्ड छोड़ दिया। उन्होंने णमोकार मन्त्र की माला पहनी उनका कुल श्रीमाल कहलाया और गोत्र बिहोलिया रक्खा गया। जैसा कि उसके निम्न पद्यों से प्रकट है—

याही भरत सुखेत में, मध्यदेश शुभ ठांउ।
वसै नगर रोहतगपुर, निकट बिहोली-गांउ॥ ८
गांउ बिहोली में बसै, राजवंश रजपूत।
ते गुरुमुख जैनी भए, त्यागि करम अघ-भूत॥ ९
पहिरी माला मंत्र की पायो कुल श्रीमाल।
थाप्यो गोत्र बहोलिया, बीहोली रखपाल॥ १०॥

इसी तरह से उपजातियों और उनके गोत्रादि का निर्माण हुआ है।

कविवर रइधू भट्टारकीय पं० थे, और तात्कालिक भट्टारकों को वे अपना गुरु मानते थे और भट्टारकों के साथ उनका इधर-उधर प्रवास भी हुआ हैं और उन्होंने कुछ स्थानों में कुछ समय ठहरकर कई ग्रंथों की रचना भी की है, ऐसा उनकी ग्रंथ-प्रशस्तियों पर से जाना जाता है। वे प्रतिष्ठाचार्य भी थे और उन्होंने अनेक मूर्तियों की प्रतिष्ठा भी कराई थी। उनके द्वारा प्रतिष्ठित एक मूर्ति का मूर्तिलेख आज भी प्राप्त है और जिससे यह मालूम होता है कि उन्होंने उसकी प्रतिष्ठा सं० १४९७ में ग्वालियर के शासक राजा डूंगरसिंह के राज्य में कराई थी, वह मूर्ति आदिनाथ की है।[3]

कविवर विवाहित थे या अविवाहित, इसका कोई स्पष्ट उल्लेख मेरे देखने में नहीं आया और न कवि ने कहीं अपने को बालब्रह्मचारी ही प्रकट किया है इससे तो वे विवाहित मालूम होते हैं और जान

---

१. देखो, अनेकान्त वर्ष ३ किरण ७

२. सात खांप परवार कहावैं, तिनके तुमको नाम सुनावें।
अठसक्खा पुनि हैं चौसक्खा, ते सक्खा पुनि हैं दोसक्खा।
सोरठिया अरु गांगज जानो, पद्मावतिया सत्तम मानो॥ —बुद्धिविलास

३. देखो, ग्वालियर गजिटियर जि० १, तथा अनेकान्त वर्ष १०

पड़ता है कि वे गृहस्थ-पंडित थे और उस समय वे प्रतिष्ठित विद्वान् गिने जाते थे। ग्रन्थ-प्रणयन में जो भेंटस्वरूप धन या वस्त्राभूषण प्राप्त होते थे, वही उनकी आजीविका का प्रधान आधार था।

बलभद्रचरित्र (पद्मपुराण) की अन्तिम प्रशस्ति के १७वें कडवक के निम्न वाक्यों से मालूम होता है कि उक्त कविवर के दो भाई और भी थे, जिनका नाम बाहोल और माहणसिंह था। जैसा कि उक्त ग्रन्थ की प्रशस्ति के निम्न वाक्यों से प्रकट है—

सिरिपोमावइपुरवालवंसु, णंदउ हरिसिंघु संघवी जासुसंसु
घत्ता—बाहोल माहणसिंह चिरु णंदउ, इह रइधूकवि तीयउ वि धरा।
मोलिक्य समाणउ कलगुण जाणउ णंदउ महियलि सो वि परा॥

यहां पर मैं इतना और भी प्रकट कर देना चाहता हूँ कि मेघेश्वर चरित (आदिपुराण) की संवत् १८५१ की लिखी हुई एक प्रति नजीबाबाद जिला बिजनौर के शास्त्र-भण्डार में है जो बहुत ही अशुद्ध रूप से लिखी गई है जिसके कर्ता ने अपने को आचार्य सिंहसेन लिखा है और उन्होंने अपने को संघवीय हरिसिंह का पुत्र भी बतलाया है। सिंहसेन के आदिपुराण के उस उल्लेख पर से ही पं० नाथूरामजी प्रेमी ने दशलक्षण जयमाला की प्रस्तावना में कवि रइधू का परिचय कराते हुए फुटनोट में श्री पंडित जुगलकिशोरजी मुख्तार की रइधू को सिंहसेन का बड़ा भाई मानने की कल्पना को असंगत ठहराते हुए रइध् और सिंहसेन को एक ही व्यक्ति होने की कल्पना की है। परन्तु प्रेमीजी की भी यह कल्पना संगत नहीं है और न रइधू सिंहसेन का बड़ा भाई ही है किन्तु रइधू और सिंहसेन दोनों भिन्न-भिन्न व्यक्ति हैं, सिंहसेन ने अपने को 'आइरिय' प्रकट किया है जबकि रइधू ने अपने को पण्डित और कवि ही सूचित किया है। उस आदिपुराण की प्रति को देखने और दूसरी प्रतियों के साथ मिलान करने से यह सुनिश्चित जान पड़ता है कि उसके कर्ता कवि रइधू ही हैं, सारे ग्रन्थ के केवल आदि अन्त प्रशस्ति में ही कुछ परिवर्तन है।

शेष ग्रन्थ का कथा भाग ज्यों का त्यों है उसमें कोई अन्तर नहीं, ऐसी स्थिति में उक्त आदिपुराण के कर्ता रइधू कवि ही प्रतीत होते हैं, सिंहसेन नहीं। हाँ, यह हो सकता है कि सिंहसेनाचार्य का कोई दूसरा ही ग्रन्थ रहा हो, पर उक्त ग्रन्थ 'सिंहसेनायरिय' का नहीं किन्तु रइधू कविकृत ही है। सम्मइजिनचरिउ की प्रशस्ति में रइधू ने सिंहसेन नाम के एक मुनि का और भी उल्लेख किया है और उन्हें गुरु भी बतलाया और उन्हीं के वचन से सम्मइजिनचरिउ की रचना की गई है। घत्ता—

"तं णिसुणि वि गुरुणा गच्छहु गुरुणाइं सिंहसेण मुणे।
पुरुसंठिउ पंडिउ सील अखंडिउ भणिउ तेण तं तम्मि खणि॥५॥

गुरु परम्परा

कविवर ने अपने ग्रंथों में अपने गुरु का कोई परिचय नहीं दिया है और न उनका स्मरण ही किया है। हां, उनके ग्रन्थों में तात्कालिक कुछ भट्टारकों के नाम अवश्य पाये जाते हैं जिनका उन्होंने आदर के साथ उल्लेख किया है। पद्मपुराण की आद्य प्रशस्ति के चतुर्थ कडवक की निम्न पंक्तियो में, उक्त ग्रन्थ के निर्माण में प्रेरक साहु हरसी द्वारा जो वाक्य कवि रइधू के प्रति कहे गए हैं उनमें रइधू को 'श्रीपाल ब्रह्म आचार्य के शिष्य रूप से सम्बोधित किया गया है। साथ ही साहू सोढल के निमित्त'नेमिपुराण' के रचे जाने और अपने लिए रामचरित के कहने की प्रेरणा भी की गई है जिससे स्पष्ट मालूम होता है कि रइधू के गुरु ब्रह्म श्रीपाल थे वे वाक्य इस प्रकार हैं :—

भो रइधू पंडिउ गुण णिहाणु, पोमावइ वर वंसहं पहाणु।
सिरिपाल ब्रह्म आयरिय सीस, महु वयणु सुणहि भो बुह गिरीस॥
सोढल णिमित्त णेमिहु पुराण, विरयउ जहं कइजण विहिय-माणु।
तं रामचरित्तु वि महु भणेहिं, लक्खण समेउ इय मणि मुणेहि॥

प्रस्तुत ब्रह्म श्रीपाल कवि रइधू के गुरु जान पड़ते हैं, जो भट्टारक यश:कीर्ति के शिष्य थे। 'सम्मइ-जिनचरिउ' की अन्तिम प्रशस्ति में[1] मुनि यश:कीर्ति के तीन शिष्यों का उल्लेख किया गया है, खेमचन्द, हरिषेण और ब्रह्म पाल्ह (ब्रह्म श्रीपाल)। उनमें उल्लिखित मुनि ब्रह्मपाल ही ब्रह्म श्रीपाल जान पड़ते हैं। अब तक सभी विद्वानों की यह मान्यता थी कि कविवर रइधू भट्टारक यश:कीर्ति के शिष्य थे किन्तु इस समुल्लेख पर से वे यश:कीर्ति के शिष्य न होकर प्रशिष्य जान पड़ते हैं।

कविवर ने अपने ग्रन्थों में भट्टारक यश:कीर्ति का खुला यशोगान किया है और मेघेश्वर चरित की प्रशस्ति में तो उन्होंने भट्टारक यश:कीर्ति के प्रसाद से विचक्षण होने का भी उल्लेख किया है। सम्मत्त गुण-णिहाण ग्रन्थ में मुनि यश:कीर्ति को, तपस्वी, भव्यरूपी कमलों को संबोधन करने वाला सूर्य, और प्रवचन का व्याख्याता भी बतलाया है और उन्हीं के प्रसाद से अपने को काव्य करने वाला और पापमल का नाशक बतलाया है। जैसा कि उसके निम्न पद्यों से स्पष्ट है :—

तह पुणु सुतव तावतवियंगो, भव्व-कमल-संबोह-पयंगो।
णिच्चोब्भासिय पवयण संगो, वंदिवि सिरि जसकित्ति असंगो।

तासु पसाए कव्वु पयासमि, आसि विहिउ कलि-मलु णिण्णासमि।

इसके सिवाय यशोधर चरित्र में भट्टारक कमलकीर्ति का भी गुरु नाम से स्मरण किया है।

निवास स्थान और समकालीन राजा

कविवर रइधू कहां के निवासी थे और वह स्थान कहां है। और उन्होंने ग्रंथ-रचना का यह महत्वपूर्ण कार्य किन राजाओं के राज्यकाल में किया है यह बात अवश्य विचारणीय है। यद्यपि कवि ने अपनी जन्मभूमि आदि का कोई परिचय नहीं दिया, जिससे उस सम्बन्ध में विचार किया जाता, फिर भी उनके निवास स्थान आदि के सम्बन्ध में जो कुछ जानकारी प्राप्त हो सकी है उसे पाठकों की जानकारी के लिए नीचे दिया जाता है :—

उक्त कवि के ग्रन्थों से पता चलता है कि वे ग्वालियर में नेमिनाथ और वर्द्धमान जिनालय में रहते थे और कवित्तरूपी रसायन निधि से रसाल थे। ग्वालियर १५वीं शताब्दी में खूब समृद्ध था, उस समय वहां पर देहली के तोमर वंश का शासन चल रहा था। तोमर वंश बड़ा ही प्रतिष्ठित क्षत्रिय वंश रहा है और उसके शासनकाल में जैनधर्म को पनपने का बहुत कुछ आश्रय मिला है। जैन साहित्य में ग्वालियर का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। उस समय तो वह एक विद्या का केन्द्र ही बना हुआ था, वहां की मूर्तिकला और पुरातत्व की कलात्मक सामग्री आज भी दर्शकों के चित्त को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। उसके समवलोकन से ग्वालियर की महत्ता का सहज ही भान हो जाता है। कविवर ने स्वयं सम्यक्त्व-गुण-निधान

१. *मुणि जसकित्ति हु सिस्स गुणायरु, खेमचंदु हरिसेणु तवायरु।*
मुणि तं पाल्ह बंभुए णंदहु, तिण्णि वि पावहु भारु णिकंदहु। —सम्मइ जिनचरिउ प्रशस्ति

नामक ग्रन्थ की आद्य प्रशस्ति में ग्वालियर का वर्णन करते हुए वहां के तत्कालीन श्रावकों की चर्या का जो उल्लेख दिया है उसे बतौर उदाहरण के नीचे दिया जाता है :—

तहु रज्जि महायण बहुधणट्ठ, गुरु-देव-सत्थ विणयं वियट्ठ।
जहिं वियक्खण मणुव सव्व, धम्माणुरत्त-वर गलिय-गव्व ॥
जहिं सत्त-वसण-चुय सावयाइं, णिवसहिं पालिय दो-दह-वयाइं।
सम्मद्दंसण-मणि-भूसियंग, णिच्चोब्भासिय पवयण सुयंग ॥
दारापेखण-विहि णिच्चलीण, जिण महिम महुच्छव णिरु पवीण।
चेयणगुण अप्पारुह पवित्त, जिण सुत्त रसायण सवण तित्त ॥
पंचम दुस्समु अइ-विसमु-कालु, णिद्दलि वि तुरिउ पविहिउ रसालु।
धम्मज्झाणे जे कालु लिंति, णवयारमंतु अह-णिसु गुणंति ॥
संसार-महण्णव-वडण-भीय, णिस्संक पमुह गुण वण्णणीय।
जहिं णारीयण दिढ सीलजुत्त, दाणें पोसिय णिरु तिविह पत्त ॥
तिय मिसेण लच्छि अवयरिय एत्थु, गयरूव ण दीसइ का वि तेत्थ।
वर अंवर कणयाहरण एहि, मंडिय तणु सोहहिं मणि जडेहिं ॥
जिण-णह्वण-पूय-उच्छाह चित्त, भव-तणु-भोयहिं णिच्च जि विरत्त।
गुरु-देव पाप-पंकयाहिं लीण, सम्मद्दंसणपालण पवीण ॥
पर पुरिस स-बंधव सरिस जांहि, अह-णिसु पडिवण्णिय णिय मणाहिं।
किं वण्णमि तहि हउं पुरिस णारि, जहिं डिंभ वि सग वसणावहारि ॥
पव्वहिं पव्वहिं पोसहु कुणंति, घरि घरि चच्चरि जिण गुण थुणंति।
साहम्मि य वत्थु णिरु वहंति, पर अवगुण झंपहि गुण कहंति ॥
एरिसु सावयहिं विहियमाणु, णेमीसुरजिण-हरि वड्ढमाणु।
णिवसइ जा रइधू कवि गुणालु, सुक्ति-रसायण-णिहिं रसालु ॥५॥

इन पद्यों पर दृष्टि डालने से उस समय के ग्वालियर की स्थिति का सहज ही ज्ञान प्राप्त हो जाता है। उस समय लोग कितने धार्मिक सच्चरित्र और अपने कर्त्तव्य का यथेष्ट पालन करते थे यह जानने तथा अनुकरण करने की वस्तु है।

ग्वालियर में उस समय तोमर वंशी राजा डूंगरसिंह का राज्य था। डूंगरसिंह एक प्रतापी और जैनधर्म में आस्था रखने वाला शासक था। उसने अपने जीवन काल में अनेक जैन मूर्तियों का निर्माण कराया, वह इस पुनीत कार्य को अपनी जीवित अवस्था में पूर्ण नहीं करा सका था, जिसे उसके प्रिय पुत्र कीर्तिसिंह या करणसिंह ने पूरा किया था। राजा डूंगरसिंह के पिता का नाम गणेश या गणपतिसिंह था। जो वीरमदेव का पुत्र था। डूंगरसिंह राजनीति में दक्ष, शत्रुओं के मान मर्दन करने में समर्थ, और क्षत्रियोचित क्षात्र तेज से अलंकृत था। गुण समूह से विभूषित, अन्याय रूपी नागों के विनाश करने में प्रवीण, पंचाँग मंत्रशास्त्र में कुशल, तथा असि रूप अग्नि से मिथ्यात्व-रूपी वंश का दाहक था, जिसका यश सब दिशाओं में व्याप्त था, राज्य-पट्ट से अलंकृत विपुल, भाल और बल से सम्पन्न था। डूंगरसिंह की पट्टरानी का नाम चँदादे था जो अतिशय रूपवती और पतिव्रता थी। इनके पुत्रका नाम कीर्तिपाल या कीर्तिपाल था, जो अपने पिता के समान ही गुणज्ञ, बलवान और राजनीति में चतुर था। डूंगरसिंह ने नरवर के किले पर

घेरा डाल कर अपना अधिकार कर लिया था। शत्रु लोग इसके प्रताप एवं पराक्रम से भयभीत रहते थे। जैनधर्म पर केवल उसका अनुराग ही न था किन्तु उस पर वह अपनी पूरी आस्था भी रखता था, फलस्वरूप उसने जैन मूर्तियों की खुदवाई में सहस्रों रुपये व्यय किए थे। इससे ही उसकी आस्था का अनुमान किया जा सकता है।

डूंगरसिंह सन् १४२४ (वि० सं० १४८१) में ग्वालियर की गद्दी पर बैठा था। राज्य समय के दो मूर्ति लेख सम्वत् १४९७ और १५१० के प्राप्त हैं। सम्वत् १४८६ की दो लेखक प्रशस्तियां-पं० विबुध श्रीधर के संस्कृत भविष्यदत्त चरित्र और अपभ्रंश-भाषा के सुकमालचरित्र की प्राप्त हुई हैं। इनके सिवाय' भविष्य दत्त पंचमी कथा' की एक अपूर्ण लेखक प्रशस्ति कारंजा के ज्ञान भण्डार की प्रति से प्राप्त हुई है। डूंगरसिंह ने वि० सं० १४८१ से सं० १५१० या इसके कुछ बाद तक शासन किया है। उसके बाद राज्य सत्ता उसके पुत्र कीर्तिसिंह के हाथ में आई थी।

कविवर रइधू ने राजा डूंगरसिंह के राज्य काल में तो अनेक ग्रन्थ रचे ही हैं किन्तु उनके पुत्र कीर्तिसिंह के राज्य काल में भी सम्यक्त्व कौमुदी की रचना की है। ग्रंथकर्ता ने उक्त ग्रन्थ की प्रशस्ति में कीर्तिसिंह का परिचय कराते हुए लिखा है कि वह तोमर कुल रूपी कमलों को विकसित करने वाला सूर्य था और दुर्वार शत्रुओं के संग्राम से अतृप्त था और अपने पिता डूंगरसिंह के समान ही राज्यभार को धारण करने में समर्थ और बंदी-जनों ने जिसे भारी अर्थ समर्पित किया था और जिसकी निर्मल यश रूपी लता लोक में व्याप्त हो रही थी, उस समय यह कलिचक्रवर्ती था जैसा कि उक्त ग्रंथ प्रशस्ति के निम्न वाक्यों से प्रकट है—

तोमरकुलकमलवियास मित्त, दुव्वारवैरिसंगर अतित्तु।
डूंगरणिवरज्जधरा समत्थु, वंदीयण समप्पिय भूरि-अत्थु॥
चउराय विज्जपालण अतंदु, णिम्मल जसवल्ली भुवणकंदु।
कलिचक्कवट्टि पायडणिहाणु, सिरिकित्तिसिंधु महिवइपहाणु॥

—सम्यक्त्व कौमुदी पत्र २ नागौर भण्डार

कीर्तिसिंह वीर और पराक्रमी था उसने अपना राज्य अपने पिता से भी अधिक विस्तृत किया था। वह दयालु एवं सहृदय था जैनधर्म के ऊपर उसकी विशेष आस्था थी। वह अपने पिता का आज्ञाकारी था उसने अपने पिता के जैनमूर्तियों के खुदाई के अवशिष्ट कार्य को पूरा किया था। इसका पृथ्वीपाल नाम का एक भाई और भी था जो लड़ाई में मारा गया था। कीर्तिसिंह ने अपने राज्य को यहां तक पल्लवित कर लिया था कि उस समय उसका राज्य मालवे के सम-कक्षका हो गया था। और दिल्ली का बादशाह भी कीर्तिसिंह की कृपा का अभिलाषी बना रहना चाहता था। सन् १४६५

१. सन् १४५२ (वि० सं० १५०९) में जौनपुर के सुलतान महमूदशाह शर्की और देहली के बादशाह बहलोल लोदी के बीच होने वाले संग्राम में कीर्तिसिंह का दूसरा भाई पृथ्वीराज महमूदशाह के सेनापति फतहखां हार्वी के हाथ से मारा गया था। परन्तु कविवर रइधू के ग्रंथों में कीर्तिसिंह के दूसरे भाई पृथ्वीराज का कोई उल्लेख नहीं पाया जाता।

—देखो टाड राजस्थान पृ० २५० स्वर्गीय महामना गोरीशंकर हीराचन्द जी ओझा कृत गवालियर के तंवर वाली टिप्पणी।

(वि० सं० १५२२) में जौनपुर के महमूदशाह के पुत्र हुसैनशाह ने ग्वालियर को विजित करने के लिए बहुत बड़ी सेना भेजी थी, तब से कीर्तिसिंह ने देहली के बादशाह बहलोल लोदी का[1] पक्ष छोड़ दिया था और जौनपुर वालों का सहायक बन गया था।

सन् १४७८ में हुसैनशाह दिल्ली के बादशाह बहलोल लोदी से पराजित होकर अपनी पत्नी और सम्पत्ति वगैरह को छोड़कर तथा भागकर ग्वालियर में राजा कीर्तिसिंह की शरणमें गया था तब कीर्तिसिंह ने धनादि से उसकी सहायता की थी और कालपी तक उसे सकुशल पहुँचाया भी था। इसके सहायक दो लेख सन् १४६८ (वि० सं० १५२५) और सन् १४७३ (वि० सं० १५३०) के मिले हैं। कीर्तिसिंह की मृत्यु सन् १४७९ (वि० सं० १५३६) में हुई थी। अतः इसका राज्य काल संवत् १५१० के बाद से सं० १५३६ तक पाया जाता है[2] इन दोनों के राज्यकाल में ग्वालियर में जैनधर्म खूब पल्लवित हुआ।

रचनाकाल

कवि रइधू के जिन ग्रन्थों का परिचय दिया गया है, यहां उनके रचनाकाल के सम्बन्ध में विचार किया जाता है। रइधू के सम्मत्तगुणनिधान और सुकोसलचरिउ इन दो ग्रन्थों में ही रचना समय उपलब्ध हुआ है। सम्मत्तगुणनिधान नाम का ग्रंथ वि० सं० १४९२ की भाद्रप्रद शुक्ला पूर्णिमा मंगलवार के दिन बनाया गया है[3] और जो तीन महीने में पूर्ण हुआ था और सुकोशलचरिउ उससे चार वर्ष बाद विक्रम सं० १४९६ में माघ कृष्णा दशमी को अनुराधा नक्षत्र में पूर्ण हुआ है[4]। सम्मत्तगुणनिधान में किसी ग्रन्थ के रचे जाने का कोई उल्लेख नहीं है, हां सुकोशलचरिउ में पार्श्वनाथ पुराण, हरिवंश पुराण और बलभद्रचरिउ इन तीन ग्रन्थों का उल्लेख मिलता है, जिससे स्पष्ट है कि ये तीनों ग्रन्थ भी संवत १४९६ से पूर्व रचे गये हैं और हरिवंश पुराण में त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित (महापुराण) मेघेश्वरचरित, यशोधरचरित, वृत्तसार, जीवंधरचरित और पार्श्वचरित इन छह ग्रन्थों के रचे जाने का उल्लेख है, जिससे जान पड़ता है कि ये ग्रंथ भी हरिवंश की रचना से पूर्व रचे जा चुके थे। सम्मइ जिनचरिउ में, पार्श्वपुराण, मेघेश्वरचरित, त्रिषष्टिशलाका पुरुषचरित रत्नाकर (महापुराण) बलभद्रचरित (पउमचरिउ) सिद्धचक्र विधि, सुदर्शनचरित और धन्यकुमारचरित इन सात ग्रन्थों के नामों का उल्लेख किया गया है, जिससे यह ग्रन्थ भी उक्त संवत् से पूर्व रचे जा चुके थे।

---

१. बहलोल लोदी देहली का बादशाह था उसका राज्य काल सन् १४५१ (वि० सं० १५०८) से लेकर सन् १४८९ (वि० सं० १५४६) तक ३८ वर्ष पाया जाता है।

२. देखो, ओझा जी द्वारा सम्पादित टाड राजस्थान हिन्दी पृष्ठ २५४

३. "चउदहसय वाणव उत्तरालि, वरिसइगय विक्कमरायकालि।
वक्खेयत्तु जि जिणवय-समक्खि, भद्दव मासम्मि स-सेय पक्खि।
पुण्णमिदिणि कुजवारे समोइं, मुहयारें मुहणामें जणेइं।
तिहु मास रयहि पुण्णहूउ, सम्मत्तगुणाहिणिहाणधूउ॥"

४. "सिरि विक्कम समयंतरालि, वट्टंतइ इंदु सम विसम कालि।
चउदहसय संवच्छरइ अण्ण छण्णउ अहिपुणु जाय पुण्ण।
माह दुजि किण्हदहमी दिणम्मि, अणुराहुरिक्ख पयडिय सकम्मि॥"

इसके अतिरिक्त करकण्डुचरिउ, सम्यक्त्व कौमुदी, आत्मसम्बोधकाव्य, अणथमीकथा, पुण्णासव कथा, सिद्धांतार्थसार, दशलक्षण जयमाला और षोडशकारण जयमाला। इन आठ ग्रन्थों में से पुण्यास्रव-कथा कोष को छोड़कर शेष ग्रन्थ कहां और कब रचे गए, इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता। रइधू ने प्राय: अधिकांश ग्रन्थों की रचना ग्वालियर में रहकर तोमर वंश के शासक डूंगरसिंह और कीर्तिराज के समय में की है। जिनका राज्यकाल संवत् १४८१ से सं० १५३६ तक रहा है। अतएव कवि का रचनाकाल सं० १४८१ से १५३६ के मध्यवर्ती समय माना जा सकता है।

मैं पहले यह बतला आया हूं कि कविवर रइधू प्रतिष्ठाचार्य थे। उन्होंने कई प्रतिष्ठाएँ कराई थीं। उनके द्वारा प्रतिष्ठित संवत् १४९७ की आदिनाथ की मूर्ति का लेख भी दिया था[1]। यह प्रतिष्ठा उन्होंने गोपाचल दुर्ग में कराई थी, इसके सिवाय, सं० १५१० और १५२५ की प्रतिष्ठित मूर्तियों के लेख भी उपलब्ध हैं, जिनकी प्रतिष्ठा वहां इनके द्वारा सम्पन्न हुई है[2] संवत् १५२५ में सम्पन्न होने वाली प्रतिष्ठाएँ रइधू ने ग्वालियर के शासक कीर्तिसिंह या करणसिंह के राज्य में कराई है। जिनका राज्य संवत् १५३६ तक रहा है।

कुरावली (मैनपुरी) के मूर्तिलेखों में भी, जिनका संकलन बाबू कामताप्रसादजी ने किया था[3]। उसमें भी सं० १५०६ जेठ सुदि शुक्रवार के दिन चंद्रवाड में चौहान वंशी राजा रामचंद्र के पुत्र प्रतापसिंह के राज्यकाल में अग्रवाल वंशी साहू गजाधर और भोलाने भगवान शांतिनाथ की मूर्ति की प्रतिष्ठा कराई थी। अन्वेषण करने पर अन्य मूर्ति लेख भी प्राप्त हो सकते हैं। इन मूर्तिलेखों से कवि रइधू के जीवनकाल पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। वे सं० १५२५ तक तो जीवित रहे ही हैं, किंतु बाद में और कितने वर्ष तक जीवित रहे, यह निश्चय करना अभी कठिन है, अन्य साधन-सामग्री मिलने पर उस पर और भी विचार किया जायगा। इस तरह कवि विक्रम की १५वीं शताब्दी के उत्तरार्ध और १६वीं शताब्दीके पूर्वार्ध के विद्वान् थे।

५०वीं प्रशस्ति से लेकर क्रम से चौसठवीं प्रशस्ति तक १५ प्रशस्तियाँ व्रत-सम्बन्धी कथा-ग्रंथों की हैं। जिनके कर्ता भट्टारक गुणभद्र हैं। उन कथा-ग्रंथों के नाम इस प्रकार हैं—

१ सवण वारसिकहा, २ पक्खवइकहा, ३ आयास पंचमीकहा, ४ चंदायणवयकहा, ५ चंदण छट्ठी कहा, ६ दुग्धारसकहा, ७ णिद्दुहसत्तमीकहा, ८ मउडसत्तमीकहा, ९ पुप्फंजलिकहा, १० रयणत्तयकहा, ११ दहलक्खणवयकहा, १२ अणंतवयकहा, १३ लद्धिविहाणकहा, १४ सोलहकारणवयकहा, और १५ सुगंध-दहमीकहा।

---

१. देखो, अनेकान्त वर्ष १०, किरण १०, तथा ग्वालियर गजिटियर जि० १

२. देखो, मेरी नोट कापी सं० १५२५ में प्रतिष्ठित मूर्तिलेख, ग्वालियर

३. सं० १५०६ जेठ सुदि·· शुक्रे श्रीचन्द्रपाट दुर्गे पुरे चौहान वंशे राजाधिराज श्रीरामचन्द्रदेव युवराज श्री प्रतापचन्द्रदेव राज्य वर्तमाने श्री काष्ठा संघे मथुरान्वये पुष्कर गणे आचार्य श्री हेमकीर्तिदेव तत्पट्टे भ० श्री कमलकीर्तिदेव। पं० आचार्य रैधू नामधेय तदाम्नाये अग्रोतकान्वये वासिल गोत्रे साहु त्योंधर भार्या द्वौ पुत्रौ द्वौ सा० महराज नामानौ त्योंध० भार्या श्रीपा तयोः पुत्राश्चत्वारः संघाधिपति गजाधर मोल्हण जलकू रातू नामानः संघाधिपतिगजे भार्या द्वे राय श्री गांगो नाम्ने संघाधिपति मोल्हण भा० सोमश्री पुत्र तोहक, संघाधिपति जलकू भार्या महाश्री तयोः पुत्रौ कुलचन्द्र मेघचन्द्रौ संघपति रातू भा० अभया श्री साधु त्योंधर पुत्र महाराज भार्या मदनश्री पुत्रौ द्वौ माणिक··· भार्या शिवदे·····संघपति जयपाल भार्या मुगापते संधाधिपति गजाधर संघा० भोला प्रमुख शान्तिनाथ बिम्बं प्रतिष्ठापितं प्रणमितं च। देखो, प्राचीन जैन लेख संग्रह, सम्पादक बा० कामताप्रसाद।

इन व्रतकथाओं में, व्रतका स्वरूप, उनके आचरण की विधि, और फलका प्रतिपादन करते हुए व्रतकी महत्ता पर अच्छा प्रकाश डाला गया है। आत्म-शोधन के लिए व्रतों की नितांत आवश्यकता है; क्योंकि आत्म-शुद्धि के बिना हित-साधन सम्भव नहीं है। इन कथाओं में से पक्खवइ कथा और अनन्तव्रत कथा ये दो कथायें तो ग्वालियर निवासी संघपति साहू उद्धरण के जिनमन्दिर में निवास करते हुए साहु सारंगदेव के पुत्र देवदास की प्रेरणा से रची गई हैं और अणंतवयकहा, पुप्फंजलिवयकहा और दहलक्खण-वयकहा ये तीनों कथाएँ ग्वालियर निवासी जैसवालवंशी चौधरी लक्ष्मणसिंह के पुत्र पण्डित भीमसेन के अनुरोध से बनाई गई हैं। सातवीं णिद्दुहसप्तमीकथा गोपाचलवासी साहू बीधा के पुत्र सहजपाल के अनुरोध से लिखी गई है। शेष ९ कथाएँ किनकी प्रेरणा से रची गई हैं, यह कुछ ज्ञात नहीं होता। सम्भव है वे धार्मिक भावना से प्रेरित होकर लिखी गई हों।

भट्टारक गुणभद्र काष्ठासंघ माथुरान्वय के भट्टारक मलयकीर्ति के शिष्य और भट्टारक यश:कीर्ति के प्रशिष्य थे और मलयकीर्ति के बाद उनके पद पर प्रतिष्ठित हुए थे। उनकी ये १५ कथाएँ पंचायती मंदिर खजूर मस्जिद दिल्ली के शास्त्र भण्डार के एक गुच्छक में संगृहीत हैं। इनकी अन्य क्या रचनाएँ हैं यह कुछ ज्ञात नहीं हो सका। यह भी प्रतिष्ठाचार्य थे और अनेक मूर्तियों की प्रतिष्ठा इनके द्वारा सम्पन्न हुई है।

गुणभद्र नाम के अनेक विद्वान् हो गए हैं। उनसे प्रस्तुत भट्टारक गुणभद्र भिन्न हैं। इन्होंने अपने विहार द्वारा जिनधर्म का उपदेश देकर जनताको धर्म में स्थिर किया है और जैनधर्म के प्रचार या प्रसार में सहयोग दिया है। इनके उपदेश से अनेक ग्रन्थ भी लिखे गये हैं। यद्यपि इन्होंने अपनी रचनाओं में किसी राजा का उल्लेख नहीं किया। किन्तु अन्य सूत्रों से यह स्पष्ट जाना जाता है कि इनकी यह रचनाएँ ग्वालियर के तोमर वंशी राजा डूंगरसिंह के पुत्र कीर्तिसिंह या करणसिंह के राज्यकाल में बनाई गई हैं। इनका समय विक्रम की १५वीं शताब्दी का अन्तिम चरण और १६वीं शताब्दी के मध्य काल तक जान पड़ता है।

कारंजा के सेनगढ़ भंड़ार की समयसार की लिपि प्रशस्ति वि० संवत् १५१० वैशाख शुक्ला तीज की लिखी हुई है, जो गोपाचल में डूंगरसिंह के राज्यकाल में भट्टारक गुणभद्र की आम्नाय के अग्रवाल वंशी गर्ग गोत्रीय साहु जिनदास ने लिखवाई थी[1]। इससे भी गुणभद्र का समय १६वीं शताब्दी जान पड़ता है।

५१वीं, ५२वीं, ५३वीं, ५४वीं, ५५वीं, ५६वीं, ५७वीं, ५८वीं, ५९वीं, ६०वीं, ६१वीं, ६२वीं, ६३वीं, और ६४वीं प्रशस्तियों का परिचय ५०वीं प्रशस्ति के साथ दिया गया है।

६५वीं प्रशस्ति 'अनंतव्रतकथा' की है, जिसमें कर्ता का नाम अभी अज्ञात है। प्रस्तुत रचना पंचायती मन्दिर दिल्ली के शास्त्र भण्डार के एक गुच्छक पर से दी गई हैं। रचनाकाल भी अज्ञात है। फिर भी यह रचना १५वीं शताब्दी की जान पड़ती है।

६६वीं प्रशस्ति 'आराहणासार' की है जिसके कर्ता कवि वीर हैं। प्रस्तुत रचना में सम्यग्दर्शन सम्यज्ञान और सम्यक्चारित्र और सम्यक्तपरूप चार आराधनाओं का स्वरूप संक्षेप में दिया गया है। वीर कवि कब हुए और उनका समय तथा गुरु परम्परा क्या है ? यह रचना पर से कुछ ज्ञात नहीं होता। यह रचना आमेर शास्त्र भण्डार के एक गुच्छक पर से संगृहीत की गई है। वीर नाम के एक कवि वि० सं० १०७६ में हुए हैं जिन्होंने उक्त संवत् में जंबू स्वामिचरित्र की रचना की थी। ये दोनों एक ही हैं या भिन्न हैं। यह अभी विचारणीय है।

---

१. देखो अनेकान्त वर्ष १४ किरण १० पृ० २९६

६७वीं प्रशस्ति 'हरिसेणचरिउ' की है, जिसके कर्ता अज्ञात हैं। प्रस्तुत ग्रन्थमें हरिषेण चक्रवर्ती का जीवन परिचय दिया हुआ है। चरित सुन्दर और शिक्षाप्रद है। यह चक्रवर्ती बीसवें तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ के समय में हुए हैं। यह बड़े वीर धर्मात्मा और अपनी माता के आज्ञाकारी पुत्र थे। चक्रवर्ती की माता जैनधर्म की श्रद्धालु और धर्मात्मा थी, उसकी भावना जैन रथोत्सव निकलवाने की थी, परन्तु कारणवश वह अपनी भावना को पूरा करनेमें समर्थ नहीं हो रही थी। हरिषेण चक्रवर्ती ने अनेक जिनमन्दिर बनवाए, प्रतिष्ठाएँ सम्पन्न कीं और महोत्सवपूर्वक रथोत्सव निकलवाकर अपनी माता की चिरसाधना को सम्पन्न किया। इनके एक पुत्र ने कैलाश पर्वत पर तप धारण किया और कर्म-सन्तति का उच्छेदकर अविनाशीपद प्राप्त किया था। उससे चक्रवर्ती को भारी सन्ताप हुआ, किन्तु ज्ञान और विवेक से उसका शमन किया और अन्त में स्वयं चक्रवर्ती ने राज्य-वैभव को असार जान दीक्षा लेकर आत्म-साधना की और अविनाशी स्वात्म-लब्धि को प्राप्त किया। ग्रन्थ की रचना कब और कहाँ हुई ? यह कुछ ज्ञात नहीं होता, सम्भव है रचना १५वीं शताब्दी या उससे पूर्ववर्ती हो।

६८ वीं प्रशस्ति 'मयण पराजय' की है जिसके कर्ता कवि हरदेव हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ के दो परिच्छेदों में से प्रथम में ३७ और दूसरे में ८१ कुल ११८ कडवक हैं। जिनमें मदन को जीतने का सुन्दर सरस वर्णन किया गया है। यह एक छोटा-सा रूपक खण्ड काव्य है। इसमें पद्धडिया, गाथा और दुवई छन्द के सिवाय वस्तु (रड्ढा) छन्द का भी प्रयोग किया गया है। किन्तु इन छन्दों में कवि को वस्तु या रड्ढा छन्द ही प्रिय रहा है[1] छन्द के साथ ग्रन्थ में यथा स्थान अलंकारों का भी संक्षिप्त वर्णन पाया जाना इस काव्य ग्रंथ की अपनी विशेषता है। ग्रंथ में अनेक सूक्तियां दी हुई हैं जिनसे ग्रंथ सरस हो गया है। उदाहरणार्थ यहाँ तीन सूक्तियों को उद्धृत किया जाता है—

१. असिधारा पहेण को गच्छइ—तलवार की धार पर कौन चलना चाहता है
२. को भुयदंडहिं सायरु लंघहि—भुजदंड से सागर कौन तरना चाहेगा
३. को पंचाणणु सुत्तउ खवलइ—सोते हुए सिंह की कौन जगाएगा।

ग्रन्थ का कथानक परम्परागत ही है, कवि ने उसे सुन्दर बनाने का प्रयत्न किया है, रचना का ध्यान से समीक्षण करने पर शुभचन्दाचार्य के ज्ञानार्णव का उस पर प्रभाव परिलक्षित हुआ जान पड़ता है। जो तुलना करने से स्पष्ट हो सकता है।

इस रूपक-काव्य में कामदेव राजा, मोहमंत्री, अहंकार और अज्ञान आदि सेनापतियों के साथ भावनगर में राज्य करता है। चारित्रपुर के राजा जिनराज उसके शत्रु हैं; क्योंकि वे मुक्तिरूपी लक्ष्मी से अपना विवाह करना चाहते हैं। कामदेव ने राग-द्वेष नाम के दूत द्वारा जिनराज के पास यह संदेश भेजा कि आप या तो मुक्ति-कन्या से विवाह करने का अपना विचार छोड़ दें, और अपने ज्ञान, दर्शन-चरित्ररूप सुभटों को मुझे सोंप दें, अन्यथा युद्ध के लिए तैयार हो जाएँ। जिनराज ने कामदेव से युद्ध करना स्वीकार किया और अंत में कामदेव को पराजित कर अपना विचार पूर्ण किया।

---

१. प्राकृत-पिंगल में रड्ढा छन्द का लक्षण इस तरह दिया है। जिसमें प्रथम चरण में १५ मात्राएँ, द्वतीय चरण में १२ तृतीय चरण में १५, चतुर्थ चरण में ११, और पांचवें चरण में १५ मात्रा हों, इस तरह १५×१२×१५×११×१५, कुल ६८ मात्राओं के पश्चात् अन्त में एक दोहा होना चाहिए, तब प्रसिद्ध रड्ढा छन्द होता है। जिसे वस्तु छन्द भी कहा जाता है। (देखो, प्रा० पिं० १—१३३)

कवि-परिचय

यद्यपि कवि ने अपना कोई विशेष परिचय ग्रन्थ में नहीं दिया, फिर भी प्रथम संधि के दूसरे-तीसरे कडवक से ज्ञात होता है कि कवि का नाम हरि या हरिदेव था। इनके पिता का नाम चङ्गदेव और माता का नाम चित्रा (देवी) था। इनके दो ज्येष्ठ और दो कनिष्ठ भाई भी थे। उनमें जेठे भाइयों का नाम किंकर और कृष्ण था। इनमें किंकर गुणवान और कृष्ण स्वभावतः निपुण था, कनिष्ठ भाइयों के नाम क्रमशः द्विजवर और राघव थे, ये दोनों ही धर्मात्मा थे।

संस्कृत 'मदन पराजय' इसी रूपक-ग्रन्थ का संवर्द्धित अनुवादित रूप है। और जिसके कर्ता कवि नागदेव उन्हीं के वंशज तथा ५वीं पीढ़ी में हुए थे। उन्होंने ग्रंथ प्रशस्ति में जो परिचय दिया है उससे कवि के वंश का परिचय निम्न प्रकार मिलता है—पृथ्वी पर शुद्ध सोमकुलरूपी कमल को विकसित करने के लिए सूर्य तथा याचकों के लिए कल्पवृक्ष रूप चङ्गदेव हुए। उनके पुत्र हरि या हरदेव, जो असत्कवि रूपी हस्तियों के लिए सिंह थे। उनके पुत्र वैद्यराज नागदेव, नागदेव के 'हेम' और 'राम' नाम के दो पुत्र थे। जो दोनों ही वैद्य-विद्या में निपुण थे। राम के पुत्र 'प्रियंकर' हुए, जो दानी थे। प्रियंकर के पुत्र 'मल्लुगि' थे, जो चिकित्सा महोदधि के परिगामी विद्वान् और जिनेन्द्र के चरण कमलों के मत्त भ्रमर थे। उनका पुत्र मैं अल्पज्ञानी नागदेव हूँ। जो काव्य, अलंकार, और शब्द कोष के ज्ञान से विहीन हूँ। हरिदेव ने जिस कथा को प्राकृत बन्ध में रचा था उसे मैं धर्मवृद्धि के लिए संस्कृत में रचता हूँ[2]। कवि ने ग्रन्थ में कोई रचना काल नहीं दिया। ग्रन्थ की यह प्रति सं० १५७६ की लिखी हुई आमेर भंडार में सुरक्षित है। उससे यह ग्रन्थ पूर्व बना है।

इस ग्रन्थ की दूसरी प्रति सं० १५५१ मगशिर सुदि अष्टमी गुरुवार की लिखी हुई जयपुर के तेरापंथी बड़े मंदिर के शास्त्र भंडार में मौजूद है, जिससे स्पष्ट ज्ञात होता है कि उक्त ग्रन्थ सं० १५५१ से पूर्ववर्ती है। ग्रन्थ के भाषा साहित्यादि पर से वह १४वीं शताब्दी के उपान्त समय की और १५वीं शताब्दी के पूर्वार्ध की कृति जान पड़ती है।

६९वीं और १०५वीं प्रशस्तियाँ क्रमशः 'सिद्धचक्ककहा' और 'जिणरत्तिविहाण कहा' की हैं, जिन के कर्ता कवि नरसेन हैं।

सिद्धचक्र कथा में चंपा नगरी के राजा श्रीपाल और उनकी धर्मपत्नी मैनासुन्दरी का चरित्र-चित्रण किया गया है। अशुभोदय वस राजा श्रीपाल और उनके सात सौ साथियों को भयंकर कुष्ठ रोग हो जाता है। रोग की वृद्धि हो जाने पर उनका नगर में रहना असह्य हो गया, उनके शरीर की दुर्गन्ध से जनता का वहाँ रहना भी दूभर हो गया, तब जनता के अनुरोध से उन्होंने अपना राज्य अपने चाचा अरिदमन को

---

२. यः शुद्धसोमकुलपद्मविकासनार्को, जातोर्थिनां सुरतरुर्भुवि चङ्गदेवः।
तन्नन्दनो हरिस्सत्कविनागसिंहः, तस्मात् भिषग्जनपतिर्भुवि नागदेवः ॥२॥
तन्नावुभौ सुभिषजाविह हेम-रामौ, रामप्रियङ्करइति प्रियदोऽर्थिनां यः।
तज्जश्चिकित्सितमहाम्बुधि पारमाप्तः श्रीमल्लुगि जिनपदाम्बुज मत्तभृङ्गः ॥३॥
तज्जोऽहं नागदेवाख्यः स्तोकज्ञानेन संयुतः।
छन्दोऽलङ्कारकाव्यानि *नाभिधानानि वेदम्यहम* ॥४॥
कथा प्राकृतबन्धेन हरिदेवेन या कृता।
वक्ष्ये संस्कृत बंधेन भव्यानां धर्मवृद्धये ॥५॥ —मदन पराजय

दे दिया और कहा कि जब मेरा रोग ठीक हो जाएगा, मैं अपना राज्य वापिस ले लूंगा। श्रीपाल अपने साथियों के साथ नगर छोड़कर चले गए, और अनेक कष्ट भोगते हुए उज्जैन नगर के बाहर जंगल में ठहर गए। वहां का राजा अपने को ही सब कुछ मानता था, कर्मों के फल पर उसका विश्वास नहीं था। उसकी पुत्री मैना सुन्दरी ने जैन साधुओं के पास विद्याध्ययन किया था, और कर्म-सिद्धान्त का उसे अच्छा परिज्ञान हो गया था, उसकी जैनधर्म पर बड़ी श्रद्धा और भक्ति थी, साथ ही साध्वी और शीलवती थी। राजा ने उससे अपना पति चुनने के लिए कहा, परन्तु उसने कहा कि यह कार्य शीलवती पुत्रियों के योग्य नहीं है। इस सम्बन्ध में आप ही स्वयं निर्णय करें। राजा ने उसके उत्तर से असंतुष्ट हो उसका विवाह कुष्ठ रोगी श्रीपाल के साथ कर दिया। मंत्रियों ने बहुत समझाया, परन्तु उस पर राजा ने कोई ध्यान न दिया। निदान कुछ ही समय में मैनासुन्दरी ने सिद्धचक्र का पाठ भक्ति भाव से सम्पन्न किया, और जिनेन्द्र के अभिषेक जल से उन सबका कुष्ठ रोग दूर हो गया। और वे सुखपूर्वक रहने लगे। पश्चात् श्रीपाल बारह वर्ष के लिए विदेश चला गया, वहां भी उसने अनेक कर्म के शुभाशुभ परिणाम देखे, और बाह्य विभूति के साथ बारह वर्ष बाद मैना सुन्दरी से मिला, उसे पटरानी बनाया, और चंपापुर जाकर चाचा से राज्य लेकर शासन किया। और अन्त में तप द्वारा आत्म लाभ किया। इस कथानक से सिद्धचक्रव्रत की महत्ता का आभास मिलता है। रचना सुन्दर और संक्षिप्त है।

दूसरी कृति 'जिनरात्रि कथा' है, जिसे वर्द्धमान कथा भी कहा जाता है। जिस रात्रि में भगवान महावीर ने अविनाशी पद प्राप्त किया, उसी व्रत की कथा शिवरात्रि के ढंग पर रची गई है। उस रात्रि में जनता को इच्छाओं पर नियंत्रण रखते हुये आत्म-शोधन का प्रयत्न करना चाहिए। रचना सरस है, कवि ने रचना में अपना कोई परिचय, गुरु परम्परा तथा समयादि का कोई उल्लेख नहीं किया। इससे कवि के सम्बन्ध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। 'सिद्धचक्क कथा' की प्रति सं० १५१२ की लिखी हुई मिली है। जिससे स्पष्ट है कि उक्त ग्रंथ उससे पूर्व बन चुका था। कितने पूर्व यह अभी विचारणीय है। फिर भी यह रचना १४वीं शताब्दी या उसके आस-पास की जान पड़ती है।

७० वीं प्रशस्ति 'अणत्थमिय कहा' की है, जिसके कर्ता कवि हरिचन्द हैं। प्रस्तुत कथा में १६ कडवक दिये हुए हैं जिनमें रात्रिभोजन से होने वाली हानियों को दिखलाते हुए उसका त्याग करने की प्रेरणा की गई हैं और बतलाया गया है कि जिस तरह अन्धा मनुष्य ग्रास की शुद्धि अशुद्धि सुन्दरता आदि का अवलोकन नहीं कर सकता। उसी प्रकार सूर्य के अस्त हो जाने पर रात्रि में भोजन करने वाले लोगों से कीड़ी, पतंगा, झींगुर, चिउंटी, डांस, मच्छर आदि सूक्ष्म और स्थूल जीवों की रक्षा नहीं हो सकती। बिजली का प्रकाश भी उन्हें रोकने में समर्थ नहीं हो सकता। रात्रि में भोजन करने से भोजन में उन विषैले जीवों के पेट में चले जाने से अनेक तरह के रोग हो जाते हैं, उनसे शारीरिक स्वास्थ्य को बड़ी हानि उठानी पड़ती है। अतः धार्मिकदृष्टि और स्वास्थ्य की दृष्टि से रात्रि में भोजन का परित्याग करना ही श्रेयस्कर है जैसा कि कवि के निम्न पद्य से स्पष्ट है—

जिहि दिट्ठि ण य सरइ अंधुजेम, नहि गास-सुद्धि भणु होय केम।
किमि-कीड-पयंगइ झिगुराइं, पिप्पीलइं डंसइं मच्छिराइं।
खज्जूरइ कण्ण सलाइयाइं, अवरइ जीवइ जे बहुसयाइं।
अन्नाणी णिसि भुंजंतएण, पसुसरि सुघरिउ अप्पाणु तेण।

धत्ता—जं वालि विदीणउ करि उज्जोवउ अहिउ जीउ संभवइ परा।
भमराइ पयंगइं बहुविह भंगइं मंडिय दीसइ जित्थु धरा ॥ ५ ॥

कवि का वंश अग्रवाल है, उनके पिता का नाम जंडू और माता का नाम वील्हा देवी था। कवि ने ग्रन्थ में रचनाकाल नहीं दिया, परन्तु रचना पर से वह १५ वीं शताब्दी की जान पड़ती है; क्योंकि रचना जिस गुच्छक पर से संगृहीत की गई है, वह ३०० वर्ष से पूर्व का लिखा हुआ है।

७१ वीं प्रशस्ति से लेकर ७३ वीं प्रशस्ति तक तीनों प्रशस्तियां क्रमशः चूनडीरास, निज्झरपंचमी कहारास और कल्याणक रास की हैं जिनके कर्ता कवि विनयचन्द्र हैं।

प्रस्तुत चूनडी रास में ३२ पद्य हैं। जिनमें चूनडी नामक उत्तरीय वस्त्र को रूपक बनाकर एक गीति काव्य के रूप में रचना की गई है। कोई मुग्धा युवती हंसती हुई अपने पति से कहती है कि हे सुभग! जिनमन्दिर जाइये और मेरे ऊपर दया करते हुए एक अनुपम चूनड़ी शीघ्र छपवा दीजिये, जिससे में जिन-शासन में विचक्षण हो जाऊँ। वह यह भी कहती है कि यदि आप वैसी चूनड़ी छपवा कर नहीं देंगे, तो वह छीपा मुझे तानाकशी करेगा। पति-पत्नी की बात सुनकर कहता है कि हे मुग्धे! वह छीपा मुझे जैन-सिद्धान्त के रहस्य से परिपूर्ण एक सुन्दर चूनड़ी छापकर देने को कहता है।

चूनड़ी उत्तरीय वस्त्र है, जिसे राजस्थान की महिलाएँ विशेष रूप से ओढ़ती थीं। कवि ने भी इसे रूपक बतलाते हुए चूनड़ी रास का निर्माण किया है, जो वस्तु तत्व के विविध वाग-भूषणों से भूषित है, और जिसके अध्ययन से जैनसिद्धांत के मार्मिक रहस्यों का उद्घाटन होता है। वैसे ही वह शरीर को अलंकृत करती हुई शरीर की अद्वितीय शोभा को बनाती है। उससे शरीर को अलंकृत करती हुई बालाएँ लोक में प्रतिष्ठा को प्राप्त होंगी और और अपने कण्ठ को भूषित करने के साथ-साथ भेद-विज्ञान को प्राप्त करने में समर्थ हो सकेंगी। रचना सरस और चित्ताकर्षक है इस पर कवि की एक स्वोपज्ञ टीका भी उप-लब्ध है जिसमें चूनड़ी रास में दिये हुए शब्दों के रहस्य को उद्घाटित किया गया है। ऐसी सुन्दर रचना को स्वोपज्ञ संस्कृत टीका के साथ प्रकाशित करना चाहिए।

कवि ने इस रचना को 'त्रिभुवनगढ़' में 'अजयनरेन्द्र' के विहार में बैठकर बनाया है। उस समय त्रिभुवनगढ़[1] या तहनगढ़ जन-धन से समृद्ध था, इसीसे कवि ने उसे 'सग्ग खंड णं धरियल आयउ' वाक्य द्वारा उसे स्वर्गखण्ड के तुल्य बतलाया है। प्रस्तुत 'अजयनरेन्द्र' तहनगढ़ के राजा कुमारपाल का भतीजा था और उसके बाद राज्य का उत्तराधिकारी हुआ था। संवत् १२५३ में वहां कुमारपाल का राज्य था, उस समय मुहम्मद गौरी ने सन् ११४६ में उस पर अधिकार कर लिया था। तब समस्त व्यापारी जन नगर छोड़कर इधर-उधर भाग गये थे, नगर जन-धन से शून्य हो गया था। वहां अनेक मन्दिर और शिवा-लय थे। मूर्ति-पूजा का वहां बहुत प्रचार था; किन्तु मुसलमानों का अधिकार होते ही अनेक मन्दिर-मूर्तियां धराशायी करा दी गई थीं, जिससे नगर श्रीहीन और वीरान-सा हो गया था। मुहम्मद गौरी ने वहां का शासक वहरुद्दीन तुगारिक को नियुक्त किया था, उसने दूर-दूर से बसने के लिये व्यापारियों को बुलाया था,

१. त्रिभुवनगढ़ या तहनगढ़ राजस्थान के ऐतिहासिक स्थान है। जो 'बहनपाल' के द्वारा बसाया गया था बयाना 'तहनगढ़' और करौली ये तीनों स्थान इस वंश के द्वारा शासित रहे हैं। प्रस्तुत अजयनरेन्द्र करौली के राजवंश-सूची से कुमारपाल का भतीजा ज्ञात होता है। तहनगढ़ के सम्बन्ध में अन्यत्र पाद टिप्पण में विचार किया गया है, पाठक वहां देखें।

खुराशान से भी लोग बसने को आए थे। सम्भव है कुछ दिनों के बाद उसकी समृद्धि पुनः हो गई हो। मुनि विनयचन्द ने अपनी चूनड़ी अजयराजा के विहार में बैठकर बनाई थी।

७२ वी प्रशस्ति 'निर्झरपंचमीकहारास' की हैं। जिसमें निर्झर पंचमी के व्रत का फल बतलाया गया है। जो व्यक्ति पंचमी व्रत का निर्दोष रूप से पालन करता है, वह अविकल सिद्ध पद को पाता है। इस व्रत की विधि बतलाते हुए लिखा है कि 'आषाढ़ शुक्ला पंचमी के दिन जागरण करे और उपवास करे तथा कार्तिक के महीने में उसका उद्यापन करे अथवा श्रावण में आरम्भ करके अगहन के महीने में उद्यापन करे और उद्यापन में छत्र-चमरादि पांच-पाँच वस्तुएँ मन्दिर जी में प्रदान करे[1]। यदि उद्यापन की शक्ति न हो, तो व्रत दूने समय तक करे।' इस रास को कवि ने त्रिभुवनगिरि की तलहटी में बनाया था। रचना सुन्दर और सरस है।

७३ वीं प्रशस्ति 'कल्याणक रास' की है, जिसमें जैन तीर्थंकरों के पंचकल्याणकों की तिथियों का निर्देश किया गया है।

कवि परिचय

प्रस्तुत कवि विनयचन्द माथुरसंघ के भट्टारक उदयचन्द के प्रशिष्य और बालचन्द मुनि के शिष्य थे। इन्होंने अपनी दोनों रचनाएँ त्रिभुवनगिरि में बनाई थी। किन्तु तीसरी रचना में उसके स्थान का कोई निर्देश नहीं किया, जिससे यह कहना कठिन है कि वह कहां पर बनी है। रचना समय तीनों में ही नहीं दिया हैं। संवत् १४५५ के गुच्छक में[2] लिखी हुई कल्याणकरास की एक प्रति श्री पं० दीपचंद पांड्या केकड़ी के पास है, उससे इतना तो सुनिश्चित हो जाता है कि उक्त ग्रंथ उससे पूर्व ही रचा गया है। चूनडी-रास त्रिभुवनगिरि के राजा कुमारपाल के भतीजे अजयराज के विहार में बैठकर बनाने का ऊपर उल्लेख किया जा चुका है। जिसका नाम करोली के शासकों की सूची में दर्ज है। संवत् १२५३ में त्रिभुवनगिरि का विनाश हुआ था, उसके बाद ही किसी समय 'चूनड़ीरास' रचा गया है। अजयराज के राज्य काल में नहीं इससे जान पड़ता है कि कवि का रचनाकाल वि० की १३वीं शताब्दी का मध्यकाल या १४वीं शताब्दी का प्रथम चरण है।

यहां यह लिखना अप्रासंगिक न होगा कि डा० प्रेमसागर जी ने हाल ही में 'जैन-भक्ति काव्य' नामका निबन्ध, जो भिक्षु अभिनन्दन ग्रंथ के खण्ड दो, पृष्ठ १२३ पर छपा है। उसमें भट्टारक विनयचन्द्र का समय वि० सं १५७६ बतलाया है। उनके वे वाक्य इस प्रकार हैं—

"विनयचन्द्र मुनि इसी शती के सामर्थ्यवान् कवि थे। वे माथुर संघीय भट्टारक बालचन्द्रके शिष्य थे। विनयचन्द्र सूरि से स्पष्टतया पृथक् हैं। विनयचन्द्र सूरि चौदहवीं शती के रत्नसिंह सूरि के शिष्य थे। मुनि विनयचन्द्र गिरिपुर के राजा अजय नरेश के राज्यकाल में हुये हैं। उनका समय वि० सं० १५७६ माना जाता है।"

---

१. धवल पक्खि आसाढ़हि पंचमि जागरणू,
सुह उपवासइ किज्जइ कातिग उज्जवणू।
अह सावण आरंभिय पुज्जइ आगहणे,
इह मइ णिज्झर पंचमि अक्खिय भय-हरणे॥

२. संवत् १४५५ साके १३२० तारणनाम संवत्सर "समये पौषवदि २ भौमवासरे" टंडास्थाने[1] शाखासपुरा-स्थाने भट्टारक श्रीललितकीर्तिदेवा ग्रन्थलिखापितं, काशीपुरे वाइ विमलसिरि प्रेषित द्रव्य (व्येन) कर्मक्षय निमित्तं लेखावतमिति। सुबुद्धि सुपुत्र पचसीह लिखितं। शुभमस्तु। —गुच्छक पृ० १०४

डा० साहब का समय-सम्बन्धी निष्कर्ष ठीक नहीं है। श्वेताम्बरीय विनयचन्द्र सूरि से तो वे पृथक् हैं ही। वि० सं० १५७६ विनयचन्द्र का समय नहीं है किन्तु उस गुच्छक के लिपि होने का समय है जो सुनपत (वर्तमान सोनीपत) में उक्त संवत् में लिखा गया था। श्वेताम्बरीय विनयचन्द्र सूरि से भट्टारक विनयचन्द्र पूर्ववर्ती हैं। कवि ने कुमारपाल के भतीजे अजयनरेश के विहार में बैठकर तहनगढ़ में चूनड़ी रास बनाया है। सं० १४५५ की तो कल्याणक रास की लिखित प्रति उपलब्ध है। विनयचन्द्र मुनि का समय विक्रम की १३ वीं शताब्दी का मध्य भाग या चौदहवीं का प्रारम्भिक भाग हो सकता है। उससे बाद का नहीं।

७४वीं प्रशस्ति 'सोखवइविहाणकहा' की है कि जिसके कर्ता कवि विमलकीर्ति हैं।

प्रस्तुत कथा में व्रत की विधि और उसके फल का विधान किया गया है। कवि ने अपनी कोई गुरु परम्परा और रचना काल नहीं दिया। पर-सूत्रों से यह ज्ञात होता है कि प्रस्तुत कवि माथुर गच्छ बागडसंघ के मुनि रामकीर्ति के शिष्य थे। जिनका समय विक्रम की १३वीं शताब्दी का है[1]।

राजस्थान शास्त्र भन्डार की ग्रन्थ सूची नं० ४ के पृष्ठ ६३२ पर 'सुगन्धदशमी कथा' का उल्लेख है, जिसकी अन्तिम प्रशस्ति में विमलकीर्ति को रामकीर्ति का शिष्य बतलाया गया है[2]। इससे यह रचना उन्हीं की जान पड़ती है। उनकी अन्य क्या रचनाये हैं। यह अभी ज्ञात नहीं हो सका। प्रस्तुत बागडसंघ के रामकीर्ति कब हुए, यहां यह विचारणीय है। रामकीर्ति नाम के दो विद्वानों का नाम मेरे ऐतिहासिक रजिस्टर में उल्लिखित है[3]। उनमें से प्रथम रामकीर्ति ही विमलकीर्ति के गुरु हो सकते हैं। ये रामकीर्ति वही जान पड़ते हैं, जो जयकीर्ति के शिष्य थे, और जिनकी लिखी हुई प्रशस्ति चित्तौड़ में सं० १२०७ में उत्कीर्ण की गई उपलब्ध है[4]। इससे रामकीर्ति का समय विक्रम की १३वीं शताब्दी है। क्योंकि जगत्सुन्दरी प्रयोगमाला के कर्ता यश कीर्ति ने जो विमलकीर्ति के शिष्य थे। अपने ग्रन्थ के प्रारम्भ में श्वेताम्बरीय विद्वान् धनेश्वरसूरि का उल्लेख किया है जो अभयदेवसूरि के शिष्य थे[5] और जिनका समय सं० ११७१ है। इससे भी प्रस्तुत राम-

---

१. आसि पुरा वित्थिण्णे वायडसंघे ससंघ-संकासो।
मुणिराम इत्तिधीरो गिरिव्व णहसुव्व गंभीरो ॥१८॥
संजाउ तस्स सीसो विबुहो सिरि 'विमल इत्ति' विक्खाओ।
विमलयइकित्ति खडिया धवलिय धरणियल गयणयलो ॥१९॥
—जगत्सुन्दरी प्रयोगमाला प्रशस्ति

२. रामकित्ति गुरु विणउ करेविणु विमलकित्ति महियलि पडेविणु।
पच्छइ पुणु तवयरण करेविणु सइ अणुकमेण सो मोक्ख लहेसइ ॥ —सुगन्ध दशमी कथा प्रशस्ति

३. प्रथम रामकीर्ति जयकीर्ति के शिष्य थे, देखो एपि ग्राफिका इंडिका जि० २, पृ० ४२१ दूसरे रामकीर्ति जो मूलसंघ बलात्कारगण सरस्वतीगच्छ के विद्वान थे। इनके शिष्य प्रभाचन्द्र ने सं० १४१३ में वैशाख सुदि १३ बुधवार के दिन अमरावती के चौहान राजा अजयराज के राज्य में लंबकंचुकान्वयी श्रावक ने एक जिन मूर्ति की प्रतिष्ठा कराई थी, जो भूगर्भ से प्राप्त होकर भोगांव के मंदिर में खंडितावस्था में मौजूद है। (देखो, जैन सि० भा० भा० २२ अंक २।

४. *एपिग्राफिका इंडिका जि० २ पृ० ४२१*

५. *सुवणाणं मज्झण्णो ताण पसाएण इट्ठसंपत्तं।*
णमिऊण तस्स चलणे भावेण धणेसर गुरुस्स ॥४॥ —जगत्सुंदरी प्रयोगमाला प्रशस्ति

कीर्ति १२वीं के अन्तिम चरण और १३वीं के प्रारम्भिक विद्वान ज्ञात होते हैं और विमलकीर्ति का समय भी १३वीं शताब्दी सुनिश्चित हो जाता है। यहां यह विचार अप्रासंगिक न होगा कि विद्याधर जोहरापुरकर ने 'भट्टारक सम्प्रदाय' के पृष्ठ २६३ में जगत्सुन्दरी प्रयोगमाला के कर्ता यश:कीर्ति का समय 'अनुमानत: १५ वीं सदी है' ऐसा लिखा है जो किसी भूल का परिणाम है। ऊपर जो विचार किया गया है उससे स्पष्ट है कि ये यश:कीर्ति विक्रम की १३ वीं शताब्दी के विद्वान थे। उनकी दृष्टि धनेश्वर गुरु के उल्लेख पर नहीं गई जान पड़ती, इसीसे ऐसा लिखा है।

७५वीं प्रशस्ति 'चन्दण छट्ठी कहा' की है जिसके कर्ता कवि लक्ष्मण या लाखू है। इस कथा में 'चन्दन छठ' के व्रत का परिणाम बतलाया गया है, और व्रत विधि के साथ उसके अनुष्ठान की प्रेरणा की गई है।

कथाकार ने अपना कोई परिचय नहीं दिया और न अपनी गुरु परम्परा ही दी, जिससे यह कहना अत्यन्त कठिन है कि पं० लक्ष्मण की या लाखू की गुरु परम्परा क्या है और वे किस वंश के थे ? अपभ्रंश भाषा के दो कवि लक्ष्मण नाम के हैं। उनमें प्रथम लक्ष्मण कवि वे हैं, जो जैसवाल वंश में उत्पन्न हुए थे, इन के पिता का नाम 'साहुल' था, यह 'त्रिभुवनगिरि' या तहनगढ़ के निवासी थे, उसके विनष्ट होने पर विल-राम पुर आये थे, वहां पुरवाड वंशीय सेठ श्रीधर की प्रेरणा से लक्ष्मण ने जिनदत्तचरित्र की रचना सं० १२७५ में पौष कृष्णा षष्ठी रविवार के दिन की थी[1]। इनका परिचय अन्यत्र दिया हुआ है।

दूसरे कवि लक्ष्मण वे हैं, जो रतनदेव वणिक के पुत्र थे और जो मालव देश के 'गोणंदनगर' के निवासी थे। इन्होंने ८२ कडवकों और चार संधियों में 'णेमिणाह चरिउ' की रचना की थी। इन दोनों लक्ष्मणों में से यह कथा किस की बनाई हुई है या लक्ष्मण नाम के कोई तीसरे ही कवि इस कथाके कर्ता हैं। यह सब अनुसन्धान करने की जरूरत है।

७६वीं और ७७वीं प्रशस्तियां क्रमश: 'निर्दुःख सप्तमी कथा' और 'दुद्धारस कथा' की है, जिनके कर्ता मुनि बालचन्द्र हैं।

प्रस्तुत कथाओं में व्रतों के फल का विधान किया गया है और व्रतों के अनुष्ठान की विधि बतलाते हुए उनके आचरण की प्रेरणा की गई है।

मुनि बालचन्द्र माथुरसंघ के विद्वान उदयचन्द मुनि के शिष्य और विनयचन्द मुनि के गुरु थे। विनयचन्द्र का समय विक्रम की १३ वीं शताब्दी का अन्तिम चरण और १४ वीं शताब्दी का प्रथम चरण है। अतएव इनके गुरु मुनि बालचन्द का समय विक्रम की १३ वीं शताब्दी का मध्य चरण हो सकता है पर निश्चित समय के लिए अभी और भी अन्वेषण की जरूरत है।

७८वीं प्रशस्ति भी 'रविवय कहा' को है, जिसके कर्ता उक्त माथुर संघी मुनि नेमचन्द्र हैं।

प्रस्तुत कथा में रविवार के व्रत की विधि और उसके फल प्राप्त करने वाले की कथा दी गई है। ग्रन्थ प्रशस्ति में रचना काल दिया हुआ नहीं है। अतएव यह भी कहना कठिन है कि उनका निश्चित समय क्या है ? कथा के भाषा साहित्यादि पर से यह रचना १५ वीं शताब्दी की जान पड़ती है। हो सकता है कि वह इससे भी पूर्व रची गई हो। अन्य साधन सामग्री का अन्वेषण कर कवि का यथार्थ समय निश्चित करना आवश्यक है।

---

१. बारहसय सत्तरयं पंचोत्तरयं विक्कमकाल वियत्तउ।
पढमपक्खि रविवारइ छट्ठि सहारइ पूसमास सम्मत्तउ॥ —जिनदत्त चरित प्रशस्ति

७९वीं प्रशस्ति 'सुगन्धदशमी कथा' की है जिसके कर्ता कवि नयनानन्द हैं।

प्रस्तुत कृति में दो सन्धियां और २१ कडवक हैं। जिसमें मुनि निन्दा रूप पाप के फल से होने वाली शारीरिक दुर्गन्धता और कुयोनियों में भ्रमण आदि के दुखों तथा सुगन्धदशमी व्रत के अनुष्ठान के परिणाम स्वरूप होने वाली शारीरिक सुन्दरता और उच्च कुल आदि की प्राप्ति का फल दिखलाया गया है। यह कथा कब रची गई इसका कवि ने कहीं कोई उल्लेख नहीं किया है। प्रस्तुत ग्रंथ की प्रशस्ति पंचायती मंदिर खजूर मस्जिद दिल्ली की अशुद्धि प्रति पर से दी गई है। हाल में इसकी दूसरी प्रति जयपुर के बड़े तेरापंथी मन्दिर के शास्त्र भंडार से देखने को मिली, जो प्रायः शुद्ध है और विक्रम संवत् १५२४ की लिखी हुई है। इससे स्पष्ट है कि प्रस्तुत ग्रंथ सं० १५२४ के बाद का लिखा हुआ नहीं है किन्तु पूर्ववर्ती है। और सम्भवतः विक्रम की १५ वीं शताब्दी या इससे भी कुछ पूर्व रची गई हो। कवि खुशालचन्द ने इसका हिंदी पद्यानुवाद भी कर दिया है जो भद्रपद शुक्ला दशमी के दिन शास्त्र सभा में पढ़ा जाता है। कथा रोचक और सरस है।

८०वीं प्रशस्ति 'मुक्तावलि कथा' की है, जिसके कर्ता कोई अज्ञात कवि हैं। ग्रंथ में मुक्तावलि व्रत के विधान और उसके फल की कथा दी गई है। कथा में रचनाकाल भी नहीं दिया है। जिससे उसके संबंध में निश्चयतः कुछ भी नहीं कहा जा सकता। संभव है अन्वेषण करने पर किसी प्रति में कर्ता का नाम भी उपलब्ध हो जाय।

जयपुर के पाटौदीमंदिर के शास्त्रभंडार में 'मुक्तावलि विधान कथा' की एक अपूर्ण प्रति उपलब्ध है[1]। जो संवत् १५४१ फाल्गुण सुदी ५ की लिखी हुई है। यदि यह कथा वही हो, जिसकी संभावना की गई है, तो इसका रचनाकाल भी विक्रम की १५ वीं शताब्दी होना चाहिए। अधिकांशतः अपभंश की कथाएं १५वीं १६वीं शताब्दी में ही अधिक लिखी गई हैं।

८१वीं प्रशस्ति 'अनुपेहारास' की है जिसके कर्ता कवि जल्हिग हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में कवि ने, अनित्य अशरण, संसार, एकत्व अन्यत्व, अशुचि, आस्त्रव, संवर, निर्जरा, बोधिदुर्लभ और धर्म, इन बारह भावनाओं के स्वरूप को दिखलाते हुए उनके बार-बार चिन्तन करने की प्रेरणा की है। वास्तव में ये भावनाएं देह-भोगों के प्रति अरुचि उत्पन्न कराती हुई आत्म-स्वरूप की ओर आकृष्ट करती हैं। इसीलिए इन्हें माता के समान हितकारी बतलाया है। कवि जल्हिग कब हुए, यह रचना पर से ज्ञात नहीं होता। संभवतः इनका समय विक्रम की १४वीं या १५ वीं शताब्दी हो।

८२वीं प्रशस्ति 'वारस अणुवेक्खारास' की है। जिसके कर्ता पं० योगदेव हैं।

इस ग्रन्थ में भी अनित्यादि बारह भावनाओं का स्वरूप निर्दिष्ट किया गया है। कवि ने इस ग्रंथ को कुम्भनगर के मुनिसुव्रतनाथ के चैत्यालय में बैठकर बनाया है। इनका समय और गुरुपरम्परा अभी अज्ञात है। प्रस्तुत कुम्भनगर कनारा जिले में बसा हुा है। इनकी एक कृति तत्त्वार्थ-सूत्र की टीका 'सुखबोध-वृत्ति है। जिसका परिचय जैनग्रन्थ प्रशस्ति संग्रह के प्रथम भाग में दिया गया है[2]। उससे ज्ञात होता है कि कवि राज्य मान्य थे। और राजा भुजबली भीमदेव की राज्य सभा में उन्हें उचित सम्मान मिला हुआ था, उक्त राजा भुजबली भीमदेव कनारा जिले में किस प्रदेश के शासक थे और कब तक उन्होंने वहाँ राज्य

---

१. देखो, राजस्थान के जैन ग्रन्थभंडारों की सूची चतुर्थभाग पृ० २३६

२. देखो, जैनग्रंथ प्रशस्ति संग्रह भा० १ प्रस्तावना पृ० ४७।

पच्छइ पुणु तवयरण करेविणु सइ अणुकमेण सो मोक्ख लहेसइ॥ —सुगन्ध दशमी कथा प्रशस्ति

३. प्रथम रामकीर्ति जयकीर्ति के शिष्य थे, देखो एपि ग्राफिका इंडिका जि० २, पृ० ४२१ दूसरे रामकीर्ति जो मूलसंघ बलात्कारगण सरस्वतीगच्छ के विद्वान थे। इनके शिष्य प्रभाचन्द्र ने सं० १४१३ में वैशाख सुदि १३ बुधवार के दिन अमरावती के चौहान राजा अजयराज के राज्य में लंबकंचुकान्वयी श्रावक ने एक जिन मूर्ति की प्रतिष्ठा कराई थी, जो भूगर्भ से प्राप्त होकर भोगांव के मंदिर में खंडितावस्था में मौजूद है। (देखो, जैन सि० भा० भा० २२ अंक २।

४. एपिग्राफिका इंडिका जि० २ पृ० ४२१

५. सुवणाणं मज्झण्णो ताण पसाएण इट्ठसंपत्तं।
णमिऊण तस्स चलणे भावेण धणेसर गुरुस्स॥४॥ —अगसुंदरी प्रयोगमाला प्रशस्ति

किया है। इसके ज्ञात होने पर या कवि की गुरु परम्परा मिलने पर ग्रन्थ कर्ता के समय का यथार्थ निश्चय हो सकता है।

८३वीं प्रशस्ति 'अणुवेक्खा दोहा' की है जिसके कर्ता कवि लक्ष्मीचन्द है। प्रस्तुत ग्रंथ में अनित्यादि बारह भावनाओं का ४७ दोहों में परिचय कराया गया है। और अन्त में उनका फल बतलाते हुए लिखा है कि—'जो मानव व्रत-तप-शील का अनुष्ठान करते हुए निर्मल आत्मा को जानता है, वह कर्मक्षय करता हुआ शीघ्र ही निर्वाण का पात्र होता है।

कवि की एक दूसरी कृति 'सावयधम्म दोहा' है जिसमें २२४ दोहा दिये हुए हैं, जिनमें श्रावकाचार का सरस वर्णन अन्य श्रावकाचारों के अनुसार ही किया गया है। किन्तु इसमें अध्यात्म की पुट है। इस कारण रचना में वैशिष्ट्य आ गया है। रचना सुन्दर और सरस है। कोई कोई दोहा चुभता हुआ-सा है। यह ग्रंथ कब बना, इसके जानने का कोई साधन नहीं है, फिर भी यह रचना पुरानी है। ग्रन्थ कर्ता लक्ष्मीचन्द किस परम्परा के थे, उनकी गुरु परम्परा क्या है ? यह कुछ ज्ञात नहीं होता। इस नाम के अनेक कवि हुए हैं।

इस 'श्रावकाचार दोहा' की एक प्रति सं १५५५ में कार्तिक सुदी १५ सोमवार के दिन सरस्वती गच्छ बलात्कारगण के भट्टारक मल्लिभूषण के शिष्य लक्ष्मण के पठनार्थ लिखी गई है[1] जिससे यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि उक्त ग्रन्थ उससे बाद का नहीं हो सकता, किन्तु पूर्ववर्ती है। कितने पूर्ववर्ती है, यह विचारणीय है, संभवतः यह १५वीं शताब्दी की रचना हो, विक्रम की १६वीं शताब्दी के विद्वान ब्रह्म श्रुतसागर ने अपने टीकाग्रन्थों में इस ग्रंथ के दोहा लक्ष्मीचंद के नाम से ही उद्धृत किये हैं। इससे यह भी सुनिश्चित है कि कवि श्रुतसागर से पूर्ववर्ती हैं। कवि का समय १५ वीं शताब्दी का उत्तरार्ध और १६वीं का प्रारम्भ भी हो सकता है, किन्तु अभी इस सम्बंध में और भी प्रमाणों के खोजने की जरूरत है।

८४वीं प्रशस्ति 'अणुवेक्खा' की है जिसके कर्ता कवि अल्हू हैं।

इस ग्रन्थ में आत्मा को ऊँचा उठाने के लिए संसार और उसके स्वरूप को बतलाकर संसार की असारता का दिग्दर्शन कराते हुए जीव का पर द्रव्य से होने वाले राग को हेय बतलाया है। साथ ही, यह भी प्रकट किया है कि शरीर की अशुचिता उससे राग करने योग्य नहीं है। वह मल पूरित और दुर्गन्ध से युक्त है। इस जीव का कोई सगा साथी भी नहीं है, सभी स्वार्थ के साथी हैं, अतएव उनसे राग कम करने का प्रयत्न करना चाहिए। यह जीवात्मा अकेला ही जन्म लेता है और अकेला ही सुख-दुःखरूप कर्मों के फलों का उपभोग करता है। मन वचन काय की चंचल प्रवृत्ति से कर्म आते हैं। उनके बंधन से आत्मा परतन्त्रता का अनुभव करता है अतएव आस्त्रव और बंध के कारणों का परित्याग करना ही श्रेयकर है। साथ ही अपनी इच्छाओं का संवरण करते हुए फल की अनिच्छा पूर्वक तपश्चरण द्वारा कर्म की निर्जरा करना चाहिए, और दुर्लभ रत्नत्रय रूप बोधि को प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए। इस तरह अनित्यादि बारह भावनाओं का चिन्तन करते हुए आत्मा को ऊँचा उठाने का प्रयत्न करना आवश्यक है। कवि ने रचना में अपना कोई परिचय नहीं दिया, और न गुरु परम्परा ही दी है, जिससे समय निर्णय किया जा सके। फिर भी यह रचना भाषा साहित्यादि पर से १५वीं-१६वीं शताब्दी की जान पड़ती है।

---

२. 'स्वस्ति संवत् १५५५ वर्षे कार्तिक सुदी १५ सोमे श्री मूलसंघे सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे भट्टारक श्री विद्यानन्दि तत्पट्टे भट्टारक मल्लिभूषण तच्छिष्य पंडित लक्ष्मण पठनार्थं दूहा श्रावकाचार शास्त्रं समाप्तं।
—राजस्थान ग्रंथ-सूची भा० ४ पृ० ५२।

८५वीं-८६वीं और १०७वीं प्रशस्तियाँ क्रमशः हरिवंशपुराण, परमेष्ठी प्रकाशसार और योगसार की हैं, जिनके कर्ता कवि श्रुतकीर्ति हैं।

पहली कृति 'हरिवंश पुराण' है जिसमें ४७ सन्धियों द्वारा जैनियों के २२वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ के जीवन-परिचय को अंकित किया गया है। प्रसंगवश उसमें श्रीकृष्ण आदि यदुवंशियों का संक्षिप्त जीवन चरित्र भी दिया हुआ है। इस ग्रन्थ की दो प्रतियाँ अब तक उपलब्ध हुई हैं। एक प्रति जैन सिद्धान्त भवन आरा में है, और दूसरी आमेर के भट्टारक महेन्द्रकीर्ति के शास्त्र भंडार में उपलब्ध है, जो संवत् १६०७ की लिखी हुई है। और जिसका रचनकाल संवत् १५५२ है। इसकी लिपि-प्रशस्ति भी परिशिष्ट में दे दी गई है। आरा की वह प्रति सं० १५५३ की लिखी हुई[1] और जिसमें ग्रन्थ के पूरा होने का निर्देश है जो मंड-पाचल (मांडू) दुर्ग के सुलतान ग्यासुद्दीन के राज्य काल में दमोवादेश के जेरहट नगर के महाखान और भोजखान के समय लिखी गई है। ये महाखान, भोजखान जेरहट नगर के सूबेदार जान पड़ते हैं। वर्तमान में जेरहट नाम का एक नगर दमोह के अन्तर्गत है यह दमोह पहले जिला रह चुका है। बहुत सम्भव है कि यह दमोह उस समय मालवराज्य में शामिल हो। और यह भी हो सकता है कि मांडवगढ़ के समीप ही कोई जेरहट नाम का नगर रहा हो, पर उसकी संभावना कम ही जान पड़ती है। क्योंकि प्रशस्ति में दमोवा देश का उल्लेख स्पष्ट है।

८६वीं प्रशस्ति 'परमेष्ठीप्रकाश सार' की है, इसकी एकमात्र प्रति आमेर ज्ञान भंडार में ही उपलब्ध हुई है। जिसमें आदि के दो पत्र और अन्तिम पत्र नहीं है। पत्र संख्या २८८,हैं ग्रंथ में ७ परिच्छेद या अध्याय हैं, जो तीन हजार श्लोक प्रमाण को लिये हुए हैं। ग्रन्थ का प्रमुख विषय धर्मोपदेश है। इसमें सृष्टि और जीवादि तत्त्वों का सुन्दर विवेचन कडवक और घत्ता शैली में किया गया है। कवि ने इस ग्रन्थ को भी उक्त मांडवगढ़ के जेरहट नगर के प्रसिद्ध नेमीश्वर जिनालय में की है। उस समय वहाँ ग्यासुद्दीन का राज्य था और उसका पुत्र नसीरशाह राज्य कार्य में अनुराग रखता था। पुंजराज नाम के एक वणिक उसके मन्त्री थे। ईश्वरदास नाम के सज्जन उस समय प्रसिद्ध थे। जिनके पास विदेशों से वस्त्राभूषण आते थे। जयसिंह, संघवी शंकर, तथा संघपति नेमिदास उक्त अर्थ के ज्ञायक थे। अन्य साधर्मी भाइयों ने भी इसकी अनुमोदना की थी और हरिवंशपुराणादि ग्रन्थों की प्रतिलिपियां कराई थी। प्रस्तुत ग्रन्थ विक्रम सं० १५५३ की श्रावण महीने की पंचमी गुरुवार के दिन समाप्त हुआ था।

एकसौ सात (१०७) वीं प्रशस्ति 'जोगसार' की है। प्रस्तुत ग्रन्थ दो परिच्छेदों या संधियों में विभक्त है, जिनमें गृहस्थोपयोगी आचार-सम्बन्धी सैद्धान्तिक बातों पर प्रकाश डाला गया है। साथ में कुछ मुनिचर्या आदि के विषय में भी लिखा गया है।

ग्रन्थ के अन्तिम भाग में भगवान महावीर के बाद के कुछ आचार्यों की गुरु परम्परा के उल्लेख के साथ कुछ ग्रंथकारों की रचनाओं का भी उल्लेख किया गया है, और उससे यह स्पष्ट जान पड़ता है कि

---

१. संवत् १५५३वर्षे क्वारवादि द्वज सुदि (द्वितीया) गुरौ दिने अद्येह श्री मण्डपाचल गढ़दुर्गे सुलतान गया सुद्दीन राज्ये प्रवर्तमाने श्री दमोवादेशे महाखान भोजखान वर्तमाने जेरहट स्थाने सोनी श्री ईसुर प्रवर्तमाने श्री मूलसंघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारक श्रीपद्मनन्दिदेव तस्य शिष्य मंडलाचार्य देविन्दकीर्तिदेव तच्छिष्य मंडलाचार्य श्री त्रिभुवनकीर्ति देवान् तस्य शिष्य श्रुतकीर्ति हरिवंश पुराणे परिपूर्ण कृतम्.....। आराप्रति

भट्टारक श्रुतकीर्ति इतिहास से प्रायः अनिभिज्ञ थे और उसे जानने का उन्हें कोई साधन भी उपलब्ध न था, जितना कि आज उपलब्ध है। दिगम्बर-श्वेताम्बर संघ भेद के साथ आपुलीय (यापनीय) संघ भिल्ल और निःपिच्छक संघ का नामोल्लेख किया गया है। और उज्जैनी में भद्रबाहु से सम्राट् चन्द्रगुप्त की दीक्षा लेने का भी उल्लेख है। ग्रंथकार संकीर्ण मनोवृत्ति को लिये हुए था, वह जैनधर्म की उस उदार परिणति से भी अनभिज्ञ था। इसीसे उन्होंने लिखा है कि 'जो आचार्य शूद्र पुत्र और नौकर वगैरह को व्रत देता है वह निगोद में जाता है और वह अनन्तकाल तक दुःख भोगता है[1]।' प्रस्तुत ग्रन्थ सं० १५५२ में मार्गशिर महीने के शुक्ल पक्ष में रचा गया है।

कवि की इन तीन कृतियों के अतिरिक्त 'धम्मपरिक्खा' नाम की एक चौथी कृति भी है जो अपूर्ण रूप में डा० हीरालाल जी एम० ए० डी० लिट् को प्राप्त हुई है। जिसका परिचय उन्होंने अनेकान्त वर्ष ११ किरण २ में दिया है। जिससे स्पष्ट है कि उक्त धर्मपरीक्षा में १७९ कडवक हैं और जिसे कवि ने सं० १५५२ में बनाकर समाप्त किया था[2]। इन चारों रचनाओं के अतिरिक्त आपकी अन्य क्या रचनाएँ हैं वे अन्वेषणीय हैं।

कवि परिचय

भट्टारक श्रुतकीर्ति नन्दीसंघ बलात्कारगण और सरस्वतीगच्छ के विद्वान थे। यह भट्टारक देवेन्द्रकीर्ति के प्रशिष्य और त्रिभुवनकीर्ति के शिष्य थे। ग्रंथकर्ता ने भ० देवेन्द्रकीर्ति को मृदुभाषी और अपने गुरु त्रिभुवनकीर्ति को अमृतवाणी रूप सद्गुणों के धारक बतलाया है। श्रुतकीर्ति ने अपनी लघुता व्यक्त करते हुए अपने को अल्प बुद्धि बतलाया है। कवि की उक्त सभी रचनाएँ वि० सं० १५५२ और १५५३ में रची गई हैं। और वे सब रचनाएँ मांडवगढ़ (वर्तमान मांडू) के सुलतान ग्यासुद्दीन के राज्य में दमोवा देश के जेरहट नगर के नेमिनाथ मंदिर में रची गई हैं।

इतिहास से प्रकट है कि सन् १४०६ में मालवा के सूबेदार दिलावर खाँ को उसके पुत्र अलफ खाँ ने विष देकर मार डाला था, और मालवा को स्वतन्त्र उद्घोषित कर स्वयं राजा बन बैठा था। उसकी उपाधि हुशंगसाह थी। इसने मांडवगढ़ को खूब मजबूत बनाकर उसे ही अपनी राजधानी बनाई थी। उसी के वंश में ग्यासुद्दीन हुआ, जिसने मांडवगढ़ से मालवा का राज्य सं० १५२६ से १५५७ अर्थात् सन् १४६९ से १५०० ईस्वी तक किया है[2]। इसके पुत्र का नाम नसीरशाह था, और इसके मंत्री का नाम पुंजराज था, जो जैनधर्म का प्रति पालक था।

८७वीं प्रशस्ति 'संतिणाह चरिउ' की है, जिसके कर्ता कवि महिन्दु या महाचन्द्र हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में १३ परिच्छेद हैं जिनकी आनुमानिक श्लोक संख्या पाँच हजार के लगभग है, जिनमें जैनियों के १६वें तीर्थंकर शान्तिनाथ चक्रवर्ती का चरित्र दिया हुआ है। जो चक्रवर्ती, कामदेव और धर्मचक्री थे। जिन्होंने चक्रवर्ती के अनेक उत्तमोत्तम भोग भोगे। और अन्त में इन्द्रिय-विषयों को दुखद जान देह-भोगों से विरक्त हो दिगम्बर दीक्षा धारण कर तपश्चरण किया, और समाधिरूप चक्र से कर्म-शत्रुओं को विनष्ट कर धर्मचक्री बनें। विविध देशों में विहार कर जगत को कल्याण का मार्ग बतलाया। पश्चात् अवशिष्ट अघाति कर्म का

---

१. अह जो सूरि देइ वउ णिच्चहं, णीच-सूद-सुय-दासी-भिच्चहं।
जाम णिोयमसुह अणु हुज्जइं, अमियकाल तहं घोर-दुह भुंजइ॥ —योगसार पत्र ६५

२. See Combridge shorter History of India. P. ३०९.

विनाश कर आत्मानन्द में निमग्न हो गए। जो सदाकाल निजानन्दरस में छके रहेंगे। कवि ने ग्रन्थ में चौपाई, पद्धड़िया और सोरठा आदि छन्दों का प्रयोग किया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना जोयणिपुर[1] (दिल्ली) निवासी अग्रवाल कुलभूषण गर्ग गोत्रीय साहु भोजराज के ५ पुत्रों में (खीमचंद (खेमचन्द) णाणचंद (ज्ञानचन्द) श्रीचंद गजमल्ल और रणमल) इनमें से द्वितीय पुत्र ज्ञानचन्द के पुत्र विद्वान साधारण श्रावक की प्रेरणा से इस ग्रन्थ की रचना की गई है। इसीसे कवि ने ग्रंथ साधारण के नामांकित किया है और ग्रन्थ की अन्तिम प्रशस्ति में साधारण के वंश का परिचय कराया गया है। उसने हस्तिनागपुर की यात्रार्थ संघ चलाया था और जिनमन्दिर का निर्माण भी कराकर उसकी प्रतिष्ठा भी करवाई थी तथा पुण्यउपार्जन किया था। भोजराज के पुत्र ज्ञानचंद्र की पत्नी का नाम 'सउराजही' था, जो अनेक गुणों से विभूषित थी, उससे तीन पुत्र हुए थे। पहला पुत्र सारंग साहु था, जिसने सम्मेदशिखर की यात्रा की थी। उसकी पत्नी का नाम 'तिलोकाही' था। दूसरा पुत्र साधारण था, जो बड़ा विद्वान् और गुणी था, उसका वैभव बहुत बढ़ा चढ़ा था। उसने 'शत्रुंजय' की यात्रा की थी। उसकी स्त्री का नाम 'सीवाही था, उससे चार पुत्र हुए थे। अभयचंद्र, मल्लिदास जितमल्ल और सोहिल्ल। इनकी चारों पत्नियों के नाम क्रमशः—चंदणही, भदासही समदो और भीखणही थे, ये चारों ही पतिव्रता और धर्मनिष्ठा थीं। इस तरह साधारण साहु ने समस्त परिवार के साथ शांतिनाथ चरित बनवाया था।

कवि ने इस ग्रंथ की रचना विक्रम सं० १५८७ की कार्तिक कृष्णा पंचमी के दिन मुगल बादशाह बाबर[2] के राज्य काल में बनाकर समाप्त किया था[3]। कवि ने अपने से पूर्ववर्ती निम्न विद्वान कवियों का स्मरण किया है। अकलंक, पूज्यपाद (देवनंदी) नेमिचंद्र सैद्धांतिक, चतुर्मुख, स्वयंभू, पुष्पदंत, यशःकीर्ति रइधू, गुणभद्रसूरि, और सहणपाल। इनमें से सहनपाल का कोई ग्रंथ अभी तक देखने में नहीं आया।

ग्रंथकर्ता ने अपना और अपने पिता के नामोल्लेख के सिवाय अन्य कोई परिचय नहीं दिया है। किंतु काष्ठासंघ माथुरगच्छ की भट्टारकीय परम्परा का उल्लेख करते हुए लिखा है कि—काष्ठा संघ[4] माथुरगच्छ पुष्करगण में भट्टारक यशःकीर्तिः मलयकीर्ति और उनके शिष्य गुणभद्रसूरि थे। इससे यह

---

१. जोयणिपुर दिल्ली का नाम है। यहां ६४ योगिनियों का निवास था, और उनका मन्दिर भी बना हुआ था इस कारण इसका नाम योगिनीपुर पड़ा है। जोयणिपुर अपभ्रंश का रूप है। विशेष परिचय के लिए देखिए अनेकान्त वर्ष १३ किरण १ में 'दिल्ली के पांच नाम 'शीर्षक मेरा लेख।

२. बाबर ने सन् १५२६ ईस्वी में पानीपत की लड़ाई में दिल्ली के बादशाह इब्राहीम लोदी को पराजित और दिवंगत कर दिल्ली का राज्य शासन प्राप्त किया था, उसके बाद उसने आगरा पर भी अधिकार कर लिया था, और सन् १५३० (वि० सं० १५८७) में आगरा में ही उसकी मृत्यु हो गई थी। इसने केवल ५ वर्ष ही राज्य किया है।

३. विक्रमरायहुववगयकालइ रिसिवसु-सर-भुवि-अंकालइ।
कत्तिय—पढम-पविख पंचमि दिणि, हुउ परिपुण्ण वि उग्गंतइ इणि। शांतिनाथ चरित प्र०

४. जोयणिपुर (दिल्ली) के उत्तर में जमुना नदी के किनारे बसी हुई काष्ठापुरी' में टांकवंश के राजा मदनपाल के आश्रय में पेदिभट्ट के पुत्र विश्वेश्वर ने 'मदन परिजात' नाम का निबंध १४वीं शताब्दी के अन्त समय में लिखा था। प्रसिद्ध ऐतिहासिक विद्वान् म० म० ओझा जी के अनुसार काष्ठा नामक नगर में नागवंशियों की टाँक शाखा के राजाओं का छोटा सा राज्य था। इससे काष्ठासंघ की उत्पत्ति का स्थान दिल्ली की काष्ठापुरी ही जान पड़ती है। दूसरे काष्ठासंघ का सम्बन्ध अग्रवालों के साथ है।

स्पष्ट हो जाता है कि प्रस्तुत कवि इन्हीं की आम्नाय का था। पर इनमें से किसका शिष्य था यह कुछ ज्ञात नहीं होता।

८८वीं, १०८वीं, और १०९वीं ये तीनों प्रशस्तियाँ क्रमशः 'मियंकलेहाचरिउ' सुयंधदसमी और मउडसत्तमी कहा रास की हैं, जिनके कर्ता पंडित भगवतीदास हैं।

मृगांक लेखाचरित में चार सन्धियां हैं, जिनमें कवि ने चन्द्रलेखा और सागरचन्द्र के चरित का वर्णन करते हुए चन्द्रलेखा के शीलव्रत का माहात्म्य ख्यापित किया है। चन्द्रलेखा विपदा के समय साहस और धैर्य का परिचय देती हुई अपने शीलव्रत से जरा भी विचलित नहीं होती, प्रत्युत उसमें स्थिर रहकर उसने सती सीता के समान अपने सतीत्व का जो अनुपम आदर्श उपस्थित किया है, वह अनुकरणीय है।

ग्रंथ की भाषा यद्यपि अपभ्रंश है, फिर भी उसका वह रूप हिन्दी भाषा के अधिक नजदीक ही नहीं है किन्तु उसके विकास का स्पष्ट बोधक है। जैसा कि उसके निम्न दोहों से स्पष्ट है।

"ससिलेहा णियकंत सम, धारइ संजमु सारु।
जम्मणु मरण जलंजली, दाण सुयणुभव-तारु॥
करितणुतउसिउपुरगयउ, सो वणि सायरचंदु।
ससिलेहा सुरवरुभई तजि तिय-तणु अइणिंदु।
लहि णरभवु णिरवाण पर पावसि सुंदरि सोइ।
कवि सुभगौतीदासु कहि पुणभव-भमण ण होइ॥
सीलु बड़ा संसार महि सील साहि सब काज।
इहि भवि पर भविसुह लहइ आसि भणइ मुनिराज॥"

कवि भगवतीदास ने इस ग्रन्थ को हिसारकोट नगर के भगवान वर्धमान (महावीर) के मन्दिर में विक्रम संवत् १७०० अगहन शुक्ला पंचमी सोमवार के दिन पूर्ण किया है। उस समय वहां मन्दिर में ब्रह्मचारी जोगीदास और पं० गंगाराम उपस्थित थे[1]।

१०८वीं प्रशस्ति 'मउडसत्तमीकहा की है' जिसमें मुकुट सप्तमी के व्रत की अनुष्ठान विधि और उसके फल का वर्णन किया गया है।

१०९वीं प्रशस्ति 'सुयंधदसमी कहाव्रतरास' की है, जिसमें भाद्रपद शुक्ला दशमी के व्रत का विधान और उसके फल का कथन किया गया है।

कवि-परिचय

पंडित भगवतीदास काष्ठासंघ माथुरगच्छ पुष्करगण के विद्वान् भट्टारक गुणचन्द्र के पट्टधर भ० सकलचन्द्र के प्रशिष्य और भट्टारक महेन्द्रसेन के शिष्य थे। महेन्द्रसेन दिल्ली की भट्टारकीय गद्दी के पट्टधर थे। इनकी अभी तक कोई रचना मेरे देखने में नहीं आई और न कोई प्रतिष्ठित मूर्ति ही प्राप्त हुई है। इससे इनके सम्बन्ध में विशेष विचार करना सम्भव नहीं है। भ० महेन्द्रसेन प्रस्तुत भगवतीदास के गुरू थे, इसी से

१. रइयो कोट हिसारे जिणहरि वर वीर वड्ढमाणस्स।
तत्थठिओ वयधारी जोईदासो वि बंभयारीओ॥
भागवइ महुरीया वत्तिगवर विति साहणा विण्णि।
मइ विबुह सुगंगारामो तत्थ ठिओ जिणहरेसु मइवंतो॥ —मृगांकलेखाचरित

उन्होंने अपनी रचनाओं में उनका आदर के साथ स्मरण किया है। यह बूढ़िया[1] जिला अम्बाला के निवासी थे। इनके पिता का नाम किसनदास था और जाति अग्रवाल और गोत्र वंसल था। इन्होंने चतुर्थवय में मुनिव्रत धारण कर लिया था[2]। यह संस्कृत अपभ्रंश और हिन्दी भाषा के अच्छे विद्वान थे। इनकी पचास से अधिक हिन्दी की पद्यबद्ध रचनाएँ उपलब्ध हैं। उन रचनाओं में अनेक रचनाएँ ऐसी हैं जो भाषा और साहित्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। जैसे अनेकार्थनाममाला (कोष) सीतासतु, टंडाणारास, आदित्यव्रतरास, खिचड़ीरास, साधुसमाधिरास, मनकरहारास और रोहिणीव्रतरास आदि[3]। इनकी इस समय उपलब्ध रचनाएँ संवत् १६५१ से १७०० तक की उपलब्ध हैं। जो चक्ता बादशाह अकबर, जहांगीर शाहजहां के राज्य में रची गई हैं। एक ज्योतिष और वैद्यक की रचना भी इन्होने संस्कृत में रची थी, जो कारंजा के शास्त्र भंडार में सुरक्षित हैं। इनके रचे हुए अनेक पद और गीत आदि हैं, इनकी सब रचनाएँ विभिन्न स्थानों पर रची गई हैं। उनमें से कुछ रचनाओं में रचना के कुछ नाम भी निर्दिष्ट किये हैं। उनके नाम बूढ़िया (जि० अम्बाला) दिल्ली, आगरा, हिसार, कपिस्थल[4] सिहरदि[5] और संकशा आदि हैं। कवि की प्रायः सभी रचनाएं मैनपुरी, दिल्ली और अजमेर के शास्त्र भंडारों में सुरक्षित हैं। इससे स्पष्ट है कि कवि को देशाटन करने का उत्साह था। अर्गलपुर में कवि को अधिक समय तक ठहने का अवसर मिला है और वहां के तत्कालीन शासक अकबर, जहांगीर और शाहजहां तीनों को अत्यन्त निकटता से देखने का अवसर मिला है। इसीसे उन्होंने उनकी प्रशंसा की है। उस समय आगरा उच्चकोटि के शहरों में गिना जाता था और व्यापार का केन्द्र बना हुआ था, वहां अनेक जैन राज्यकीय उच्चपदों पर स्थित थे, सैनिक आफिसर, कोषाध्यक्ष और उमराहों के मंत्री एवं सलाहकार रहे हैं। वे सब वहां की अध्यात्म-गोष्ठी में सरीक होते थे। कवि की कुछ रचनाओं में रचना समय मिलता है। संवत् १६५१ में अर्गलपुर जिनवन्दना[6], १६८० में

---

१. बूढ़िया पहले एक छोटी सी रियासत थी, जो मुगलकाल में धन-धान्यादि से खूब समृद्ध नगरी थी। जगाधरी के बस जाने से बूढ़िया की अधिकांश आबादी वहां से चली गई। आजकल वहाँ परखंडहर अधिक हो गए हैं, जो उसके गत वैभव की स्मृति के सूचक हैं।

२. गुरु मुनि माहिंदसेन भगौती, तिस पद-पंकज रैन भगौती।
किसनदास वणिउ तनुज भगौती, तुरिये गहिउ व्रत मुनि जु भगौती॥
नगर बूढ़िये बसै भगौती, जन्मभूमि है आसि भगौती।
अग्रवाल कुल वंसल गोती, पण्डित पद जन निरख भगौती॥८३॥
—वृहत्सीतासतु, सलावा प्रति

३. देखो अनेकांत वर्ष ११ किरण ४-५ में कविवर भगवतीदास और उनकी रचनाएं शीर्षक मेरा लेख

४. कपिस्थल को कांपिल्य और संकाश्य भी कहा जाता है। यह पांचाल देश की राजधानी थी। पाणिनीय की काशिकावृत्ति में (४—२,१२१ में) कांपिल्य की विशालता का वर्णन है। यह जैनियों के १३वें तीर्थंकर विमलनाथ की जन्मभूमि है।

५. यह नगर इलाहाबाद और जौनपुर के मध्य में बसा हुआ था, यहाँ अग्रवाल जैनियों का निवास था। उनमें कवि दरगहमल और उनके पुत्र विनोदीलाल भी थे। सिहरदि शब्दका अर्थ पहले शहादरा समझ लिया गया था, पर वह गलत था।

६. देखो, जैन सन्देश शोधांक ५, पृ० १८२, २२ अक्टूबर सन् १९५९।

चूनड़ीरास, १६८७ में अनेकार्थनाममाला और सीतासतु, १६९४वें में ज्योतिषसार[1] शाहजहां के राज्य में बनाया और सं० १७०० में हिसार में मृगांकलेखाचरित्र और सं० १७१२ में वैद्यविनोद[2] बनाकर समाप्त किया है। इससे कवि दीर्घायु वाले थे। उनका समय १७ वीं १८ वीं शताब्दी है। इनका विशेष परिचय अनेकान्त वर्ष ११ किरण ४-५ में पृ० २०५ से २०८ तक देखिये।

८९वीं प्रशस्ति 'अजित पुराण' की है। जिसके कर्ता कवि विजयसिंह हैं। प्रस्तुत ग्रंथ में १० संधियां हैं। जिनमें जैनियों के दूसरे तीर्थंकर श्री अजितनाथ के चरित्र का चित्रण किया गया है। रचना साधारण है और भाषा अपभ्रंश होते हुए भी देशी शब्दों की बहुलता को लिये हुए है।

कवि ने इस ग्रंथ की रचना महाभव्य कामराय के पुत्र पंडित देचपाल की प्रेरणा से की है। इसी कारण कवि ने ग्रन्थ की आद्यंत प्रशस्ति में कामराय के परिवार का संक्षिप्त परिचय भी कराया है। वणिपुर या वणिकपुर नाम के नगर में खण्डेलवाल[3] वंश में कउडि (कौड़ी) नाम के पण्डित थे, उनके पुत्र

---

१. वर्षे षोडशशतचतुर्नवतिमिते श्रीविक्रमादित्यके।
पञ्चम्यां दिवसे विशुद्धतरके मास्याश्विने निर्मले॥
पक्षे स्वाति नक्षत्रयोगसहिते वारे बुधे संस्थिते।
राजत्साहिमहावदीन भुवने साहिजहां कथ्यते॥
—देखो, सी० पी० एण्ड बरार कैटेलोग डा० रा० ब० हीरालाल।

२. सत्रहसइं रुचिडोत्तरइं सुकलचतुर्दशि चैतु।
गुरु दिन भन्यौ पूरनु करिउ सुलितांपुरि सहजयतु।
लिखिउ अकबराबाद णिरु साहिजहां के राज।
साहनि मइं संपइ सरिसु देश-कोष-गज-बाज॥ —देखो वही, सी० पी० एण्ड बरार कैटेलोग।

३ 'खंडेलवाल' शब्द एक उपजाति का सूचक है, जो चौरासी उपजातियों में से एक है। इस जाति का विकास राजस्थान के खण्डेला नामक स्थान से हुआ है। इस जाति के ८४ गोत्रों का उल्लेख मिलता है जिनमें छावड़ा, काशलीवाल, वाकलीवाल, लुहाड्या, पहाडया, पांड्या, सोनी, गोधा, भौंसा और काला आदि प्रमुख हैं। इन सब गोत्रों आदि की कल्पना ग्राम नगरादि के नामों पर से हुई है। इस जाति में अनेक सम्पन्न धनी, विद्वान और दीवान जैसे राजकीय उच्च पदों पर काम करने वाले अनेक धर्मनिष्ठ व्यक्ति हुए हैं। जिन्होंने राज्य के संरक्षण में पूरा योगदान दिया है, और प्रजा का पालन पुत्रवत् किया है। क्योंकि यह जाति भी क्षत्रिय ही थी, किन्तु वाणिज्यादि के कारण आज वह अपने उस क्षत्रियत्व को खो चुकी है। इस जाति की धार्मिकता प्रसिद्ध है। शाह दीपचन्द और टोडरमल्लजैसे प्रतिभा सम्पन्न विद्वान भी इसी में हुए हैं। जो जैन समाज के लिये गौरव की वस्तु हैं। रामचन्द्र छावड़ा जैसा वीर पराक्रमी और हौसले वाला राज्य संरक्षक दीवान, अमरचन्द्र जैसा प्रतिष्ठित विद्वान, गुणज्ञ, राजनीतिज्ञ, धर्मनिष्ठ दयालु दीवान, जिसने अपने देश और धर्म की रक्षार्थ प्राणोंका उत्सर्ग किया था। इस जाति के द्वारा निर्मापित अनेक गगनचुम्बी विशाल जिन मन्दिर हैं। जिनमें ११वीं-१२वीं शताब्दी तक की प्रतिष्ठित प्रशान्त मूर्तियाँ उपलब्ध होती हैं। अनेक ग्रंथ, ग्रंथ-भंडारों में रचना कराकर और उन्हें प्रतिलिपि कराकर मुनियों, भट्टारकों, अर्जिकाओं और श्रावक-श्राविकाओं तथा मन्दिर जी में भेंट किये हुए मिलते हैं। संवत् १२८७ में एक खंडेल परिवार की प्रेरणासे 'णेमिणाहचरिउ' नाम का ग्रंथ मालवा के परमारवंशी राजा देवपाल के राज्यकालमें कवि दामोदर द्वारा रचा गया था। अनेक विद्वनों ने टीका ग्रंथ लिखे। ये सब कार्य उसकी धर्मनिष्ठा के प्रतीक हैं।

छीतु थे, जो बड़े धर्मनिष्ठ और श्रावक की ११ प्रतिमाओं का पालन करते थे। वहीं पर लोकमित्र पण्डित खेता थे, उनके प्रसिद्ध पूत्र कामराय थे। कामराय की पत्नी का नाम कमलश्री था, उससे तीन पुत्र उत्पन्न हुए थे। जिनका नाम जिनदास रयणु औब दिउपाल (देवपाल) था। उसने वहां वर्धमान का एक चैत्यालय भी बनवाया था, जो उत्तुंग ध्वजाओं से अलंकृत था और जिसमें वर्धमान तीर्थंकर की प्रशांत मूर्ति विराजमान थी और उसी देवपाल ने उक्त चरित्र ग्रंथ लिखवाया था।

कवि ने ग्रन्थ की प्रथम सन्धि के ९वें कडवक में जिनसेन, अकलंक, गुणभद्र, गृद्धपिच्छ, पोढिल्ल (प्रोष्ठिल्ल), लक्ष्मण, श्रीधर और चउमुह (चतुर्मुख) नाम के विद्वानों का उल्लेख किया है।

कवि-परिचय

कवि ने अपना परिचय निम्नप्रकार व्यक्त किया है—मेरुपुर में मेरुकीर्ति, करमसिंह राजा के घर में हुए, जो पद्मवती पुरवाड वंश में उत्पन्न हुए थे। कवि के पिता का नाम सेठ दिल्हण था और माता का नाम राजमती था। यद्यपि कवि ने अपनी गुरुपरम्परा का कोई उल्लेख नहीं किया। किन्तु ग्रंथकर्ता ने अपना यह ग्रन्थ वि० सं० १५०५ मैं कार्तिकी पूर्णिमा के दिन बनाकर समाप्त किया था। उसी संवत् की लिखी हुई एक प्रति भोगांव के शास्त्रभण्डार से बाबू कामताप्रसाद जी अलीगंज को प्राप्त हुई है[1], जो उनके पास सुरक्षित है। अन्य प्रतियां जयपुर के शास्त्र भण्डारों में उपलब्ध हैं। एक अपूर्ण प्रति मेरे पास भी है।

९०वीं प्रशस्ति से लेकर ९८वीं प्रशस्ति तक ९ प्रशस्तियां क्रमशः निम्न ग्रन्थों की हैं जिनके नाम 'कोइलपंचमी कहा' मउडसत्तमी कहा, रविवयकहा, तियालचउवीसीकहा, कुसुमंजलि कहा, निद्दूसि सत्तमी वयकहा, णिज्झरपंचमी कहा, और अणुपेहा हैं। जिनके कर्ता ब्रह्म साधारण हैं। इन कथाओं में जैन सिद्धान्त के अनुसार व्रतों का विधान और उनके फल का विवेचन किया गया है। साथ ही व्रतों के आचरण का क्रम और तिथि आदि के उल्लेखों के साथ उद्यापन की विधि को भी संक्षिप्त में दिया हुआ है। अंतिम ग्रंथ अनुप्रेक्षा में अनित्यादि द्वादश भावनाओं के स्वरूप का दिग्दर्शन कराते हुए संसार और देह-भोगों की असारता का उल्लेख करते हुए आत्मा को वैराग्य की ओर आकृष्ट करने का प्रयत्न किया गया है।

ब्रह्म साधारण ने अपनी गुरु परम्परा का तो उल्लेख किया है, किन्तु अपना कोई परिचय नहीं दिया, और न रचना-काल का समय ही दिया है। कुन्दकुन्दगणी की परम्परा में रत्नकीर्ति, प्रभाचन्द्र, पद्मनंदि, हरिभूषण, नरेन्द्रकीर्ति, विद्यानंदि और ब्रह्म साधारण। ब्रह्म साधारण भ० नरेन्द्रकीर्ति के शिष्य

---

१. संवत् १५०५ वर्षे कार्तिक सुदी पूर्णमासी दिने श्री मूलसंघे सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे भट्टारक श्री पद्मनंदिदेव तत्पट्टे भट्टारक श्री शुभचन्द्रदेव तस्य पट्टे भट्टारक श्री जिनचन्द्रदेव तस्याम्नाये श्री खंडेलवालान्वये सकल ग्रन्थार्थ प्रवीणः पंडित कउडिः तस्य पुत्रः सकल कलाकुशलः पण्डित छीत (र) तत्पुत्रः निरवद्य श्रावकाचारधरः पंडित जिनदास, पंडित खेता तत्पुत्र पंचाणुव्रत पालकः पण्डित कामराज तद्भार्या कमलश्री तत्पुत्रात्रयः पण्डित जिनदास, पण्डित रतम, पण्डित देवपाल एतेषां मध्ये पंडित देवपालेन इदं अजितनाथदेव चरित्रं लिखापितं निजज्ञानावरणीय कर्मक्षयार्थं, शुभमस्तु लेखक पाठकयोः।

—जैन सि० भा० भा० २२ कि० २।

थे। प्रस्तुत कथा ग्रंथ की यह प्रति वि० सं० १५०८ की लिखी हुई है। अतएव उनका रचना समय सं० १५०८ से पूर्ववर्ती है। अर्थात् वे विक्रम की १५वीं शताब्दी के अंतिम चरण के विद्वान जान पड़ते हैं।

९९वीं प्रशस्ति 'सिरिपाल चरिउ' की है, जिसके कर्ता कवि रइधू हैं। इसका परिचय ३५वीं प्रशस्ति से लेकर ४९वीं प्रशस्ति के साथ दिया गया है।

१००वीं प्रशस्ति 'पासणहचरिउ' की है, जिसके कर्ता कवि तेजपाल हैं। जिसका परिचय २८वीं प्रशस्ति के साथ दिया गया है।

१०१वीं प्रशस्ति 'सिरिपाल चरिउ' की है, जिसके कर्ता कवि दामोदर हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ में सिद्धचक्र के महात्म्य का उल्लेख करते हूए उसका फल प्राप्त करने वाले चम्पापुर के राजा श्रीपाल और मैनासुन्दरी का जीवन-परिचय अंकित किया गया है। मैनासुन्दरी ने अपने कुष्ठी पति राजा श्रीपाल और उनके सात सौ साथियों का कुष्ट रोग सिद्धचक्र व्रत के अनुष्ठान और जिन-भक्ति की दृढ़ता से दूर किया था।

कवि ने इस ग्रन्थ को इक्ष्वाकुवंशी दिवराज साहु के पुत्र नक्षत्र साहु के लिए बनाया था। ग्रन्थ प्रशस्ति में कवि ने अपनी गुरुपरम्परा निम्न प्रकार व्यक्त की है। मूलसंघ सरस्वती गच्छ और बलात्कार गण के भट्टारक प्रभाचन्द्र, पद्मनन्दि, शुभचन्द्र, जिनचन्द्र, और कवि दामोदर। प्रस्तुत कवि दिल्ली पट्ट के भट्टारक जिनचंद्र के शिष्य थे। जिनचंद्र उस समय के प्रभावशाली भट्टारक थे, और संस्कृत प्राकृत के विद्वान् तथा प्रतिष्ठाचार्य थे। आपके द्वारा प्रतिष्ठित अनेक तीर्थंकर मूर्तियाँ भारतीय जैनमंदिरों में पाई जाती हैं। ऐसा कोई भी प्रांत नहीं, जहां उनके द्वारा प्रतिष्ठित मूर्तियाँ न हों। यह सं० १५०७ में भट्टारक पद पर प्रतिष्ठित हुए थे और पट्टावली के अनुसार उस पर ६२ वर्ष तक अवस्थित रहे। इनके अनेक विद्वान् शिष्य थे, उनमें पंडित मेधावी और कवि दामोदर आदि हैं। इनकी इस समय दो कृतियाँ प्राप्त हैं सिद्धांतसार प्राकृत और चतुर्विंशति जिनस्तुति। इसमें दश पद्य हैं जो यमकालंकार को लिए हुए हैं। अने० वर्ष ११ कि० ३

कवि दामोदर ने अपना कोई परिचय नहीं दिया, केवल अपने गुरु का नामोल्लेख किया है। इनकी दूसरी कृति 'चंदप्पहचरिउ' है जिसकी प्रति नागोर के भट्टारकीय शास्त्र भंडार में सुरक्षितहै। उनका समय विक्रम की १६वीं शताब्दी है। बहुत संभव है कि इनकी अन्य कृतियाँ भी अन्वेषण करने पर भंडारों में मिल जांय।

१०२वीं प्रशस्ति 'पासणाह चरिउ' की है, जिसके कर्ता कवि असवाल हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में १३ सन्धियाँ हैं, जिनमें भगवान पार्श्वनाथ की जीवन-गाथा दी हुई है। ग्रंथ की भाषा १५वीं शताब्दी के अन्तिम चरण की है, जब हिन्दी अपना विकास और प्रतिष्ठा प्राप्त कर रही थी। ग्रंथ में पद्धड़िया छन्द की बहुलता है, भाषा मुहावरेदार है। रचना सामान्य है।

यह ग्रन्थ कुशार्त देश में[1] स्थित 'करहल[2]' नगर निवासी साहु सोणिग के अनुरोध से बनाया गया था, जो यदुवंश में उत्पन्न हुए थे। उस समय करहल में चौहानवंशी राजाओं का राज्य था। इस

१. कुशार्तदेश सूरसेन देश के उत्तर में बसा हुआ था और उसकी राजधानी शौरीपुर थी, जिसे यादवों ने बसाया था। जरासंध के विरोध के कारण यादवों को इस प्रदेश को छोड़कर द्वारिका को अपनी राजधानी बनानी पड़ी थी। वर्तमान में वह ग्राम इसी नाम से प्रसिद्ध है।

२. करहल इटावा से १३ मील की दूरी पर जमुना नदी के तट पर बसा हुआ है, वहां पर चौहान वंशी राजाओं का राज्य रहा है। यहां चार जैन शिखर बन्द मंदिर हैं और अच्छा शास्त्र भण्डार है।

२. कल्याणं कीर्तिल्लोके जसु भवति जगे मंडलाचार्य पट्टे,
नंद्याम्नाये सुगच्छे सुभगश्रुतमते भारती कारमूर्तें।
मान्यो श्री मूलसंघे प्रभवतु भुवने सार सौख्याधिकारी,
सोऽयं में वैश्यवंशे ठकुर गुरुयते कीर्तिनामा विशालो। —महापुराण कलिका संधि २३

१. कवि ने अपने को स्वयं त्रेसठ शलाका पुरुषों की पुराण कथा को कहने वाला लिखा है और जिसका परिचय अनेकान्त वर्ष १३ किरण ७-८ में दिया गया है। जैसा कि उसके निम्न पद्य से प्रकट है।

या जन्माभवछेदनिर्णयकरी, या ब्रह्मब्रह्मेश्वरी।
या संसार विभावभावनपरा या धर्मकामापुरी॥
अज्ञानादथ ध्वंसिनी शुभकरी, ज्ञेया सदा पावनी,
या तेसट्ठिपुराण उत्तम कथा भव्या सदा पातु नः॥— महापुराण कलिका

२. विशेष परिचय के लिये देखिये अनेकान्त वर्ष १३ कि० ७-८

ग्रंथ की रचना वि० स० १४७६ में भाद्रपद कृष्णा एकादशी को बनाकर समाप्त की गई थी[3]। ग्रंथ निर्माण में कवि को एक वर्ष का समय लग गया था। ग्रंथ निर्माण के समय करहल में चौहानवंशी राजा भोजराज के पुत्र संसारचन्द (पृथ्वीसिंह) का राज्य था। उनकी माता का नाम नाइक्कदेवी था, यदुवंशी अमरसिंह भोजराज के मन्त्री थे, जो जैनधर्म के संपालक थे। इनके चार भाई और भी थे जिनके नाम करमसिंह, समरसिंह, नक्षत्रसिंह, लक्ष्मणसिंह थे। अमरसिंह की पत्नी का नाम कमलश्री था। उससे तीन पुत्र उत्पन्न हुए थे। नन्दन, सोणिग और लोणा साहु। इनमें लोणा साहू जिन यात्रा प्रतिष्ठा आदि प्रशस्त कार्यों में द्रव्य का विनिमय करते थे और अनेक विधान—'उद्यापनादि कार्य कराते थे। उन्होंने 'मल्लिनाथ चरित के कर्ता कवि 'हल्ल' की प्रशंसा की थी। इन्हीं लोणा साहू के अनुरोध से कवि असवाल ने पार्श्वनाथ चरित की रचना उनके ज्येष्ट भ्राता सोणिग के लिये की थी। प्रशस्ति में सं० १४७१ में भोजराज के राज्य में सम्पन्न होने वाले प्रतिष्ठोत्सव का भी उल्लेख किया है, जिसमें रत्नमयी जिनबिम्ब की प्रतिष्ठा सानन्द सम्पन्न हुई थी।

ग्रंथ कर्ता कवि असवाल का वंश 'गोलाराड' (लार) था। यह पण्डित लक्ष्मण के सुपुत्र थे। कवि ने मूलसंघ बलात्कार गण के आचार्य प्रभाचन्द्र, पद्मनन्दि, शुभचन्द और धर्मचन्द्र का उल्लेख किया है। जिससे कवि उन्हीं की आम्नाय का था। कवि कहां का निवासी था, और उसने अन्य क्या रचनाएं रचीं, यह कुछ ज्ञात नहीं होता। अतः ज्ञान भण्डारों में कवि की अन्य कृतियों का अन्वेषण होना आवश्यक है।

१०३वीं प्रशस्ति 'संतिणाह चरिउ' की है जिसके कर्ता कवि साहठाकुर हैं। ग्रन्थ पांच संधियों में विभक्त है जिसमें जैनियों के १६वें तीर्थंकर, शान्तिनाथ का, जो कामदेव और चक्रवर्ती भी थे, जीवन-परिचय अंकित किया गया है। चरित संक्षिप्त और साधारण रूप में ही प्रस्तुत किया गया है।

कवि ने यह ग्रंथ विक्रम संवत् १६५२ में भाद्र शुक्ला पंचमी के दिन चकत्तावंश के जलालुद्दीन अकबर बादशाह के शासन काल में, ढूंढाहड़ देश के कच्छपवंशी राजा मानसिंह के राज्य में समाप्त किया है। मानसिंह की राजधानी उस समय अम्बावती या आमेर थी।

ग्रंथ कर्ता ने प्रशस्ति में अपनी जो गुरु परम्परा दी है उससे वे भट्टारक पद्मनन्दिकी आम्नाय में होने वाले भ० विशालकीर्ति के शिष्य थे। जो मूलसंघ नंद्याम्नाय सरस्वती गच्छ बलात्कार गण के विद्वान थे, उनके भट्टारक पद्मनन्दि, शुभचन्द्रदेव, जिनचन्द्र, प्रभाचन्द्र, चन्द्रकीर्ति, रत्नकीर्ति, भुवनकीर्ति, विशालकीर्ति, लक्ष्मीचन्द्र, सहस्रकीर्ति, नेमिचन्द्र, अर्जिका अनंतश्री और दाभाडालीबाई का नामोल्लेख किया गया है। इनमें भट्टारक विशालकीर्ति विद्वान कवि के समकालीन जान पड़ते हैं। और उनमें दो परम्परा के विद्वान शामिल हैं। एक अजमेर पट्ट के और दूसरे आमेर या उसके समीपस्थ पट्ट के। भट्टारक विशालकीर्ति अजमेर-शाखा के विद्वान थे। और जो भट्टारक चन्द्रकीर्ति के पट्टधर थे। जिनका पट्टाभिषेक सम्मेद शिखर पर हुआ था[1]। विशालकीर्ति नाम के अनेक विद्वान हुए हैं, परन्तु यह उनसे भिन्न हैं।

---

३. इगवीर हो णिव्वुइंकुच्छराइं, सत्तरि सहुँचउसय वत्थराइं।
पच्छइं सिरि णिव विक्कम गयाइं, एउणसीदीसहुँ चउदह सयाइं।
भादवतम एयारसि सुणेइ, वरिसिक्के पूरिउ गंथु एहु॥

कवि के पितामह का नाम साहु सीह्ला और पिता का नाम खेता था, जाति खंडेलवाल और गोत्र लुहाड्या था। यह लुवाइणिपुर के निवासी थे, वह नगर जन-धन से सम्पन्न और भगवान चन्द्रप्रभ के विशाल जिनमंदिर से अलंकृत था। कवि की धर्मपत्नी गुरुभक्ता और गुण ग्राहिणी थी। आपके दो पुत्र थे, धर्मदास और गोविन्ददास। इनमें धर्मदास बहुत ही सुयोग्य और गृह भार वहन करने वाला था, उसकी बुद्धि जैनधर्म में विशेष रस लेती थी। कवि देव-शास्त्र-गुरु के भक्त और विद्याविनोदी थे, उनका विद्वानों से विशेष प्रेम था, वे संगीत शास्त्र, छन्द, अलंकार आदि में निपुण थे, और कविता करने में उन्हें विशेष आनन्द आता था।

कवि की दूसरी कृति 'महापुराण कलिका' है[1]। जिसमें २७ संधियां हैं, जिनमें त्रेसठ शलाका महापुरुषों की गौरव-गाथा का चित्रण किया गया है। ग्रंथ के अन्त में एक महत्वपूर्ण प्रशस्ति दी है, जिससे कवि के वंश आदि का परिचय मिल जाता है। कवि ने इस ग्रंथ को हिन्दी भाषा में लिखा है और जिसका रचनाकाल वि० संवत् १६५० है। इससे कवि १७वीं शताब्दी के प्रतिभा सम्पन्न विद्वान जान पड़ते हैं[2]।

१०४वीं प्रशस्ति 'मल्लिणाहकव्व' की है जिसके कर्ता कवि जयमित्रहल हैं। इसका परिचय २६वीं प्रशस्ति के साथ दिया गया है।

१०५वीं प्रशस्ति 'जिणरत्ति विहाणकहा' की है, जिसके कर्ता कवि नरसेन हैं। जिसका परिचय ६६वीं प्रशस्ति के साथ दिया गया है।

१०६वीं प्रशस्ति सम्यक्त्व कौमुदी की है जिसके कर्ता कवि रइधू हैं। इसका परिचय ३५वीं प्रशस्ति से लेकर ४६वीं प्रशस्ति के साथ दिया गया है।

१०७वीं प्रशस्ति 'जोगसार' की है। जिसके कर्ता कवि श्रुतकीर्ति हैं। इसका परिचय ८५-८६ प्रशस्तियों के साथ दिया गया है।

१०८वीं और १०९वीं प्रशस्तियां क्रमशः सुगंध दसमी कथा और मउडसत्तमी कहारास की हैं, जिनके कर्ता कवि भगवतीदास हैं। और जिनका परिचय ८८वीं प्रशस्ति के साथ दिया गया है।

---

१. श्रीमत्प्रभाचन्द्र गणीन्द्र पट्टे भट्टारक श्रीमुनिचन्द्रकीर्तिः ः
संस्थापितो योऽवनिनाथवृन्दैः सम्मेदनाम्नीह गिरीन्द्रमूर्ध्नि ॥—मूलसंघ पट्टावली जैन सि०भा० १ कि०३-४

२. कल्याणं कीर्तिल्लोके जसु भवति जगे मंडलाचार्य पट्टे,
नंद्याम्नाये सुगच्छे सुभगश्रुतमते भारती कारमूर्ते।
मान्यो श्री मूलसंघे प्रभवतु भुवने सार सौख्याधिकारी,
सोऽयं में वैश्यवंशे ठकुर गुरुयते कीर्तिनामा विशालो। —महापुराण कलिका संधि २३

१. कवि ने अपने को स्वयं त्रेसठ शलाका पुरुषों की पुराण कथा को कहने वाला लिखा है और जिसका परिचय अनेकान्त वर्ष १३ किरण ७-८ में दिया गया है। जैसा कि उसके निम्न पद्य से प्रकट है।

या जन्माभवछेदनिर्णयकरी, या ब्रह्मब्रह्मेश्वरी।
या संसार विभावभावनपरा या धर्मकामापुरी॥
अज्ञानादथ ध्वंसिनी शुभकरी, ज्ञेया सदा पावनी,
या तेसट्ठिपुराण उत्तम कथा भव्या सदा पातु नः॥— *महापुराण कलिका*

२. *विशेष परिचय के लिये देखिये अनेकान्त वर्ष १३ कि० ७-८*

परिशिष्ट नं० १

कुछ मुद्रित ग्रन्थ-प्रशस्तियों का परिचय

अपभ्रंश भाषा में अनेक छन्द ग्रन्थ लिखे गए होंगे, क्योंकि अपभ्रंश के ग्रंथों में अनेक छन्दों का प्रयोग इस बात का सूचक है कि अपभ्रंश भाषा में अनेक छन्द ग्रन्थ थे और उनमें उनका परिचय दिया हुआ था, अन्यथा ग्रंथकार उनका अपने ग्रंथों में उल्लेख कैसे कर सकते थे। खेद है कि वे इस समय उपलब्ध नहीं है। महाकवि स्वयंभूदेव का छन्द ग्रन्थ है, जिसमें आदि के ३ अध्यायों में प्राकृत छन्दों का और अन्त के पांच अध्यायों में अपभ्रंश के छन्दों का परिचय सोदाहरण दिया हुआ है। छन्द की यह प्रति बड़ौदा के ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टिट्यूट की है। जिसे संवत् १७२७ आश्विन सुदि ५, गुरुवार के दिन रामनगर में कृष्णदेव ने लिखा था। यह प्रति अपूर्ण है, उसके शुरू के २२ पत्र नहीं हैं, यह प्रो० एच०डी० वेलंकर को प्राप्त हुई थी। जिसे उन्होंने सम्पादित कर प्रकाशित करा दिया था[1]।

११०वीं प्रशस्ति छन्द ग्रंथ की है। जिसके अपभ्रंश भाग की आदि-अन्त प्रशस्ति दी गई है। जिसमें उदाहरण सहित अपभ्रंश के छन्दों का विवेचन है। ग्रंथ के अन्तिम अध्याय में गाहा अडिल्ला, पद्धड़िया आदि छन्दों को स्वोपज्ञ उदाहरणों के साथ दिया हुआ है। इनका परिचय 'छन्दग्रंथ' शीर्षक में दिया गया है। इस छन्द ग्रंथ का अपना वैशिष्ट्य है जो ग्रंथ का पारायण किये विना अनुभव में नहीं आ सकता।

कवि स्वयंभू के इस छन्द ग्रंथ का सबसे पुरातन उल्लेख जयकीर्ति ने अपने 'छन्दोनुशासन' के नन्दिनी छन्द में किया है[2]। इससे स्पष्ट है कि स्वयंभू के इस छन्द ग्रन्थ का १०वीं शताब्दी में प्रचार हो गया था। ग्रंथ भंडारों में इसकी अन्य प्रतियों की तलाश होनी चाहिये। जयकीर्ति का समय विक्रम की १० वीं शताब्दी है। जयकीर्ति कन्नड़ प्रान्त के निवासी दिगम्बर जैन धर्मानुयायी थे। उनका छन्द ग्रंथ एच. डी. वेलंकर द्वारा सम्पादित होकर जयदामन ग्रंथ में प्रकाशित हुआ है। पाठक वहां से देखें।

१११ वीं प्रशस्ति 'भविसयत्तकहा' की है, जिसके कर्ता कवि धनपाल हैं। प्रस्तुत कथा ग्रंथ में ३४४ कडवक हैं, जिनमें श्रुतपंचमी के व्रत का महात्म्य बतलाते हुए उसके अनुष्ठान करने का निर्देश किया गया है साथ ही भविष्यदत्त और कमलश्री के चरित्र-चित्रण द्वारा उसे और भी स्पष्ट किया है। ग्रंथ का कथाभाग तीन भागों में बटा हुआ है। घटना बाहुल्य होते हुए भी कथानक सुन्दर बन पड़े हैं। उनमें साधु और असाधु जीवन वाले व्यक्तियों का परिचय स्वाभाविक बन पड़ा है। कथानक में अलौकिक घटनाओं का समीकरण हुआ है। परन्तु वस्तु वर्णन में कवि के हृदय ने साथ दिया है। अतएव नगर देशादिक के वर्णन सरस हो सके हैं। ग्रंथ में जहाँ शृंगार वीर और शान्त रस का वर्णन है, वहाँ उपमा, उपेक्षा, स्वभावोक्ति और विरोधाभास अलंकारों का प्रयोग भी दिखाई देता है। भाषा में लोकोक्तियों और वाग्धाराओं का भी प्रयोग मिलता है। यथा—

---

१. स्वयंभू-छन्द के प्रथम तीन अध्याय रायल एशियाटिक सोसाइटी बाम्बे के जर्नल सन् १९३५ पृ० १८-५८ में दिए हैं और अपभ्रंश के शेष पांच अध्याय बाम्बे यूनिवर्सिटी जर्नल (जिल्द ५ नं० ३ नवम्बर सन् १९३६) में प्रकाशित हैं। पाठक वहाँ से देखें

२. तौ ञौ तथा पद्म पद्म निधिर्जतौ जरौ।

३. देखो मि० गोविन्द पै का लेख Jaikirti in the Karnnatak quarterly प्रबुद्ध कर्नाटक V. L. 28 *N. 3 gan. 1947 महाराजा कालेज मैसूर। तथा बम्बई यूनिवर्सिटी जनरल सितम्बर १९४७*

'किं घिउ होइ विरोलिए पाणिए'—क्या पानी विलोने से घी मिल सकता है ? 'दइवायत्तु जइ वि विलहिव्वउ, तो पुरिसिं ववसाउ करिव्वउ ।' यद्यपि सब कर्म दैवाधीन हैं, तो भी मनुष्य को अपना कर्तव्य करना ही चाहिये ।

कवि परिचय

कवि के पिता का नाम माएसर (मातेश्वर) और माता का नाम धनश्री था कवि का वंश धक्कड़ था । यह एक प्रसिद्ध वंश थां जिसमें अनेक महापुरुष हुए हैं । इस धर्कट वंश की प्रतिष्ठा दिगम्बर-श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायों में रही है । दोनों ही सम्प्रदायों में इस वंश द्वारा लिखाये गये ग्रन्थों की प्रशस्तियां मिलती हैं जिनसे उनकी धार्मिक परिणति पर अच्छा प्रकाश पड़ता है । कवि अपने समय के प्रतिभा संपन्न विद्वान थे । उनका सम्प्रदाय दिगम्बर था, क्योंकि ग्रंथों में—'भंजि वि जेण दियंबरि लायउ' (संधि ५-२०) जैसा वाक्य दिया हुआ है[1] । साथ ही सोलहवें स्वर्ग के रूप में अच्युत स्वर्ग का नामोल्लेख है और आचार्य कुन्दकुन्द की मान्यतानुसार सल्लेखना को चतुर्थ शिक्षाव्रत स्वीकार किया है ।

'चउथउ पुण सल्लेहण भावइ' (संधि १७-१२) यह मान्यता भी श्वेताम्बर सम्प्रदाय में नहीं पाई जाती । इस कारण वे दिगम्बर विद्वान थे, यह सुनिश्चित है । इनका समय विक्रम की १०वीं शताब्दी होना चाहिये । सम्पादक ने भी ग्रन्थ की प्रस्तावना में डा० हर्मन जैकोबी के निर्णय को स्वीकृत तथा पुष्ट करते हुए कवि को दिगम्बर लिखा है । यह ग्रन्थ गायकवाड़ ओरियन्टल सीरीज बड़ौदा से प्रकाशित हो चुका है ।

११२ वीं ११३ वीं और ११४ वीं प्रशस्तियाँ क्रमशः 'महापुराण' 'नागकुमार चरिउ' और 'जसहर चरिउ' की हैं, जिनके कर्ता महाकवि पुष्पदन्त हैं ।

प्रस्तुत महापुराण दो खंडों में विभाजित है, आदि पुराण और उत्तर पुराण । आदि पुराण में ३७ सन्धियाँ है जिनमें आदि ब्रह्मा ऋषभदेव का चरित वर्णित है, और उत्तर पुराण को ६५ सन्धियों में अवशिष्ट २४ तीर्थंकरों, १२ चक्रवर्तियों, नवनारायण, नव प्रति नारायण आदि त्रेसठ शलाका पुरुषों का कथानक दिया हुआ है । जिसमें रामायण और महाभारत की कथायें भी संक्षिप्त में आ जाती हैं । दोनों भागों की कुल सन्धियाँ एक सौ दो हैं, जिनकी आनुमानिक श्लोक संख्या बीस हजार से कम नहीं हैं । महापुरुषों का कथानक अत्यन्त विशाल है और अनेक पूर्व जन्मों की अवान्तर कथाओं के कारण और भी विस्तृत हो गया है । इससे कथा सूत्र को समझने एवं ग्रहण करने में कठिनता का अनुभव होता है । कथानक विशाल और विशृंखल होने पर भी बीच,बीच में दिये हुए काव्य मय सरस एवं सुन्दर आख्यानों से वह हृदय ग्राह्य हो गया है । जनपदों नगरों और ग्रामों का वर्णन सुन्दर हुआ है । कवि ने मानव जीवन के साथ सम्बद्ध उपमाओं का प्रयोग कर वर्णनों को अत्यन्त सजीव बना दिया है । रस और अलंकार योजना के साथ पद व्यंजना भी सुन्दर बन पड़ी है । साथ ही अनेक सुभाषितों[2] और वाग्धाराओं से ग्रन्थ रोचक तथा सरस बन गया है । ग्रन्थ में देशी भाषा के ऐसे अनेक शब्द प्रयुक्त हुए हैं जिनका प्रयोग वर्तमान हिन्दी में

---

१. देखो, अनेकान्त वर्ष ७ किरण ७-८ में धनपाल नाम के चार विद्वान ।

२. *उट्ठाविउ सुत्तउ सीहकेण*—सोते हुए सिंह को किसने जगाया ।
माणु भंगुवर मरणु ण जीविउ—अपमानित होकर जीने से मृत्यु भली है ।
को तं पूसइ णिडालइ लिहियउ—मस्तक पर लिखे को कौन मेंट सकता है ।

भी प्रचलित हैं[२]। कवि ने यह ग्रन्थ क्रोधन संवत्सर की आषाढ़ शुक्ला दशमीं के दिन शक संवत् ८८७ वि० सं० १०२२) में समाप्त किया है और राष्ट्र कूट वंश के अन्तिम सम्राट् कृष्ण तृतीय के महामात्य भरत के अनुरोध से बना है। ग्रन्थ की सन्धि पुष्पकाओं में स्वतन्त्र संस्कृत पद्यों में भरत की प्रशंसा और मंगलकामना की गई है। इस ग्रन्थ का सम्पादन डा० पी० एल० वैद्य ने किया है, जो मणिकचन्द ग्रन्थमाला से प्रकाशित हो चुका है।

११३वीं प्रशस्ति 'नागकुमारचरित' की है। यह एक छोटा-सा खंड-काव्य है। जिसमें पंचमीव्रत के फल को व्यक्त करने वाला एक सुन्दर कथानक दिया हुआ है, ग्रन्थ में ७ संधियों द्वारा नागकुमार के चरित्र का अच्छा चित्रण किया गया है। रचना बड़ी सुन्दर, सरस और चित्ताकर्षक है ग्रन्थ में तात्कालिक सामाजिक परिस्थिति का भी वर्णन है। इस ग्रन्थ की रचना भरत मंत्री के पुत्र नन्नकी प्रेरणा से हुई है और और इसीलिए यह ग्रन्थ उन्हीं के नामांकित किया गया है। इस ग्रन्थ का सम्पादन डा० हीरालाल जी एम. ए. अमरावती ने किया है और वह कारंजा सीरीज से प्रकाशित हो चुका है।

११४वीं प्रशस्ति 'जसहरचरिउ' की है। यह भी एक खंड काव्य है, जिसकी चार सन्धियों में राजा यशोधर और उनकी माता चन्द्रमती का कथानक दिया हुआ है। जो बड़ा ही सुन्दर और हृदय-द्रावक है और उसे कवि ने चित्रित कर कण्ठ का भूषण बना दिया है। राजा यशोधर का यह चरित इतना लोकप्रिय रहा है कि उस पर अनेक विद्वानों ने संस्कृत और अपभ्रंश में अनेक ग्रंथ लिखे हैं। सोमदेव, वादिराज, वासवसेन, सकलकीर्ति, श्रुतसागर, पद्मनाभ, माणिक्यदेव, पूर्णदेव कविरइधू, सोमकीर्ति, विश्वभूषण और क्षमा कल्याण आदि अनेक दिगम्बर, श्वेताम्बर विद्वानों ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इस ग्रन्थ में सं० १३६५ में कुछ कथन, राउल और कौल का प्रसंग, विवाह और भवांतर पानीपत के वीसलसाहु के अनुरोध से कन्हड के पुत्र गन्धर्व ने बनाकर शामिल किया था। वह प्रतियों में अब भी पाया जाता है।

कवि परिचय

महाकवि पुष्पदन्त अपने समय के प्रसिद्ध विद्वान कवि थे। इनके पिता का नाम केशवभट्ट और माता का नाम मुग्धादेवी था। यह कश्यप गोत्रीय ब्राह्मण थे। इनका शरीर अत्यन्त कृश (दुबला-पतला) और वर्ण सांवला था। यह पहले शैव मतानुयायी थे। परन्तु बाद में किसी दिगम्बर विद्वान् के सांनिध्य से जैनधर्म का पालन करने लगे थे। वे जैनधर्म के बड़े श्रद्धालु और अपनी काव्य-कला से भव्यों के चित्त को अनुरंजित एवं मुग्ध करने वाले थे, तथा प्राकृत, संस्कृत, और अपभ्रंश भाषा के महा पंडित थे। इनका अपभ्रंश भाषा पर असाधारण अधिकार था, उनकी कृतियां उनके विशिष्ट विद्वान् होने की स्पष्ट सूचना करती हैं। कविवर बड़े ही स्वाभिमानी और उग्र प्रकृति के धारक थे, इस कारण वे 'अभिमानमेरु' कहलाते थे। अभिमानमेरु, अभिमानचिह्न, काव्य रत्नाकर, कविकुल-तिलक और सरस्वती निलय आदि उनकी उपाधियाँ थीं, जिनका उपयोग उन्होंने अपने ग्रन्थों में स्वयं किया है। इससे उनके व्यक्तित्व और प्रतिष्ठा का सहज ही अनुमान किया जा सकता है। वे सरस्वती के विलासी और स्वाभाविक काव्य-कला के प्रेमी थे। इनकी काव्य-शक्ति अपूर्व और आश्चर्यजनक थी। प्रेम उनके जीवन का खास अंग था। वे

---

२. कप्पड़ = कपड़ा, अवसें = अवश्य, हट्ट = हाट (बाजार) तोंद = थोंद (उदर)। लीह = रेखा (लीक), चंग = अच्छा, डर = भय, डाल = शाखा, पाहुण = पाहुना, लुक्क = लुकना (छिपना) आदि अनेक शब्द हैं। जिन पर विचार करने से हिन्दी के विकास का पता चलता है।

धनादि वैभव से अत्यन्त निस्पृह और जैनधर्म के अटल श्रद्धानी थे। उन्हें दर्शन-शास्त्रों और जैनधर्म के सिद्धांतों का अच्छा परिज्ञान था, वे राष्ट्रकूट राजाओं के अन्तिम सम्राट् कृष्ण तृतीय के महामात्य भरत के द्वारा सम्मानित थे। इतना ही नहीं किन्तु भरत के समुदार प्रेममय पुनीत व्यवहार से वे उनके महलों में निवास करते रहे, यह सब उस धर्मवत्सलता का ही प्रभाव है। जो भरत मंत्री उक्त कविवर से महापुराण जैसे महान् ग्रंथ का निर्माण कराने में समर्थ हो सके। उत्तर-पुराण की अंतिम प्रशस्ति में कवि ने अपना जो कुछ भी संक्षिप्त परिचय अंकित किया है उससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि कविवर बड़े ही निस्पृह और अलिप्त थे और देह-भोगों से सदा उदासीन रहते थे। उत्तरपुराण के उस संक्षिप्त परिचय पर से कवि के उच्चतम जीवन-कणों से उनकी निर्मल भद्र प्रकृति, निस्संगता और अलिप्तता का वह चित्रपट पाठक के हृदय-पटल पर अंकित हुए बिना नहीं रहता। उनकी अकिंचन वृत्ति का इससे और भी अधिक प्रभाव ज्ञात होता है, जब वे राष्ट्रकूट राजाओं के बहुत बड़े साम्राज्य के सेना नायक और महामात्य द्वारा सम्मानित एवं संसेवित होने पर भी अभिमान से सर्वथा अछूते, निरीह एवं निस्पृह रहे हैं। देह-भोगों से उनकी अलिप्ता होना ही उनके जीवन की महत्ता का सबसे बड़ा सबूत है। यद्यपि वे साधु नहीं थे; परन्तु उनकी वह निरीह भावना इस बात की संद्योतक है कि उनका जीवन एक साधु से कम भी नहीं था। वे स्पष्टवादी थे और अहंकार की उस भीषणता से सदा दूर रहते थे; परन्तु स्वाभिमान का परित्याग करना उन्हें किसी तरह भी इष्ट नहीं था, इतना ही नहीं किन्तु वे अपमान से मृत्यु को अधिक श्रेष्ठ समझते थे। कवि का समय विक्रम की दशवीं शताब्दी का अंतिम भाग और ११वीं शताब्दी का पूर्वार्ध है।

११५वीं प्रशस्ति 'करकंडुचरिउ' की है जिसके कर्ता मुनि कनकामर हैं। यह ग्रन्थ दश सन्धियों में विभक्त है। जिनमें राजा करकंडु का जीवन परिचय अंकित किया गया है। चरित नायक की कथा के अतिरिक्त तो आवान्तर कथाओं का भी उपक्रम किया गया है, जिनमें मंत्र शक्ति का प्रभाव, अज्ञान से आपत्ति, नीच संगति का बुरा परिणाम और सत्संगति का अच्छा परिणाम दिखाया गया है, पांचवीं कथा एक विद्याधर ने मदनावलि के विरह से व्याकुल करकंडु के वियोग को संयोग में बदल जाने के लिए सुनाई। छठी कथा पांचवीं कथा के अन्तर्गत अन्य कथा है, सातवीं कथा शुभ शकुन-परिणाम सूचिका है, आठवीं कथा पद्मावती ने विद्याधरी द्वारा करकंडु के हरण किये जाने पर शोकाकुल रतिवेगा को सुनाई। नोमी कथा भवांतर में नारी को नारीत्व का परित्याग करने की सूचिका है। इससे ऐसा जान पड़ता है कि उस काल में ये कथाएँ तात्कालिक समाज में प्रचलित होंगी। उन्हीं को कवि ने अपनी कल्पना का विषय बनाया है। कवि ने कथावस्तु को रोचक बनाने का अच्छा प्रयत्न किया है। ग्रन्थ की भाषा में देशी शब्दों का प्रचुर व्यवहार है। जो हिन्दी के अधिक नजदीक है। रस, अलंकार, श्लेष और प्राकृतिक दृश्यों से ग्रंथ सरस बन पड़ा है, किन्तु उनमें चमत्कारिकता नहीं है और न पुष्पदन्तादि कवियों जैसी स्फूर्ति, ओज-तेज एवं प्रभाव भी अङ्कित हो सका है। हाँ, ग्रन्थ में तेराउर या तेरापुर की ऐतिहासिक गुफाओं का परिचय भी चित्रित किया गया है। यह स्थान आज भी धाराशिव जिले में तेरपुर के नाम से प्रसिद्ध है, प्राचीन ऐतिहासिक दर्शनीय स्थान है। यह ग्रन्थ डा० हीरालाल जी एम. ए. द्वारा सम्पादित होकर कारंजासीरीज में मुद्रित हो चुका है। इसी से इसकी प्रशस्ति परिशिष्ट नं० १ में दी गई है।

कवि परिचय

मुनि कनकामर चन्द्र ऋषि गोत्र में उत्पन्न हुए थे। उनका कुल ब्राह्मण था; किन्तु देह-भोगों से वैराग्य होने के कारण वे दिगम्बर मुनि हो गये थे। कवि के गुरु बुध मंगलदेव थे। कवि भ्रमण करते हुए

'आसाइ'[1] (आसापुरी) नगरी में पहुंचे थे। और वहां उन्होंने 'करकंडुचरित' की रचना की थी। यह ग्रंथ जिनके अनुरागवश बनाया गया था, ग्रन्थकारने उनका नाम कहीं भी उल्लिखित नहीं किया। कवि ने उन्हें धर्मनिष्ठ और व्यवहार कुशल बतलाया है, वे विजयपाल नरेश के स्नेहपात्र थे, उन्होंने भूपाल नरेश के मन को मोहित कर लिया था। वे राजा कर्ण के चित्त का मनोरंजन किया करते थे। उनके तीन पुत्र थे, आहुल रल्हो और राहुल। ये तीनों ही मुनि कनकामर के चरणों के अनुरागी थे। उक्त राजागण कब और कहाँ हुए, इसी पर यहां विचार किया जाता है—

एक लेख में लिखा है कि विजयपाल नरेश विश्वामित्र गोत्र के क्षत्रिय वंश में उत्पन्न हुए थे। उनके पुत्र भुवनपाल थे, उन्होंने कलचूरी, गुर्जर और दक्षिण को विजित किया था, यह लेख दमोह जिले की हटा तहसील में मिला था, जो आजकल नागपुर के अजायब घर में सुरक्षित है।

दूसरा लेख बांदा जिले के अंतर्गत चन्देलों की पुरानी राजधानी कालिंजर में मिला है। उसमें विजयपाल के पुत्र भूमिपाल का दक्षिण दिशा और राजा कर्ण को जीतने का उल्लेख है।

तीसरा लेख जबलपुर जिले के अंतर्गत 'तीवर' में मिला है, उसमें भूमिपात्र के प्रसन्न होने का स्पष्ट उल्लेख है, तथा किसी सम्बन्ध में त्रिपुरी और सिंहपुरी का उल्लेख है। इन लेखों में अंतिम दो लेख टूटे होने के कारण उनका सम्बन्ध ज्ञात नहीं हो सका।

सं० १०९७ के लगभग कालिंजर में विजयपाल नाम का राजा हुआ। यह प्रतापी कलचुरी नरेश कर्णदेव के समकालीन था। इसके दो पुत्र थे देववर्मा और कीर्तिवर्मा। कीर्तिवर्मा ने कर्णदेव को पराजित किया था, ऐसा प्रबोध चन्द्रोदय नाटक से जान पड़ता है। अतएव मुनि कनकामर का रचना काल सन् १०६५ (वि० सं० ११२२) या विक्रम संवत् १२०० के लगभग जान पड़ता है। विशेष के लिए डा० हीरालाल जी द्वारा लिखित करकंडु चरित की प्रस्तावना देखना चाहिए।

परिशिष्ट नं० २

(लिपि प्रशस्ति-परिचय)

११६ वीं प्रशस्ति महाकविपुष्पदन्त के आदिपुराण की लिपि प्रशस्ति है, जो ऐतिहासिक दृष्टि से बड़े महत्व की है। इस प्रशस्ति में आदिपुराण को लिखाने वाले ग्वालियर के सदगृहस्थ पद्मसिंह के परिवार का विस्तृत परिचय कराते हुए उनके धार्मिक-कार्यों का समुल्लेख किया गया है। प्रस्तुत प्रशस्ति को ग्वालियर के राजा डूंगरसिंह के सुपुत्र श्री कीर्ति सिंह के राज्य काल में सं० १५२१ में काष्ठा संघ के भट्टारक

---

१. इस नाम के अनेक गाँव और नगर हैं। एक आसापुरी वह स्थान है, जो औरंगाबाद जिले के अन्तर्गत है और जहाँ सन् १८०३ में मराठों और अंग्रेजों का युद्ध हुआ था, अब एक छोटा-सा गांव है।
दूसरा आसीरगढ़ खान देश में है, जो आशा देवी के नाम पर बसाया गया है। तीसरा आसी नाम का स्थान राजपूताने के बूंदी राज्य में है। चौथा आसापुरी नाम का स्थान, पंजाब के कांगड़ा जिले के अन्तर्गत क्वीर ग्राम से १२ मील की दूरी पर पहाड़ की चोटी पर आसा देवी प्रतिष्ठित है और जिसके कारण उसका नाम आसापुरी कहलाता है।
पांचवीं आसापुरी नाम का एक गांव भोपाल (भोजपुरी) से उत्तर की ओर ४ मील पर बसा हुआ है। यह १२वीं शती में संभवतः एक विशालनगर रहा होगा। ग्रंथकार द्वारा अभिमत आसापुरी इनमें से कौन है यह विचारणीय है। और वह संभवतः कालिंजर और भोपाल इसके आस-पास कहीं होना चाहिए।

गुणकीर्ति, यश: कीर्ति मलयकीर्ति और गुणभद्र के समय में जयसवाल कुलभूषण उल्ला साहू की द्वितीय पत्नी भावश्री के चार पुत्रों में से ज्येष्ठ पुत्र पद्मसिंह ने लिखवाया था, उसकी पत्नी का नाम वीरा था, उसके चार पुत्र थे, बालू, डालू, दीवड़ और मयणवाल। उनकी चार पत्नियाँ थी, जिनके नाम मंगा या माणिणि, लखणसिरि, मयणा और मणसिरि थी। मंगा से तीन पुत्र उत्पन्न हुए थे। रामचन्द, कमलनंद और वीरचन्द। इनमें प्रथम के दोनों पुत्रों की नंदा और पूना दो धर्म-पत्नियाँ थीं। इस परिवार संयुक्त पद्मसिंह ने जो धन-धान्य से समृद्ध था, अपनी लक्ष्मी का निम्न कामों में सदुपयोग किया था। २४ जिनालयों का निर्माण कराया था और एक लाख ग्रन्थ लिखवा कर भेंट किये थे। इससे उसके धार्मिक कार्यों का परिचय सहज ही मिल जाता है। परंतु आज ऐसे जिन वाणी भक्त सज्जन विरले ही मिलते हैं, जिनके द्रव्य का सदुपयोग जिनधर्म और जिनवाणी के प्रचार में होता हो।

११७ वीं प्रशास्ति 'भविसदत्त चरित' की है जिसके कर्त्ता कवि श्रीधर थे। प्रस्तुत प्रशस्ति में उल्लखित माथुर कुलावतंस साहु साधारण और नारायण नाम के दो भाई थे, साधारण की रुप्पणि नाम की पत्नी थी, उससे पांच पुत्र उत्पन्न हुए थे, सुप्पटु, वासुदेव, जसदेव, लोहडु और लक्खनु। इनमें सुप्पट की माता रुप्पणि ने इस ग्रन्थ को संवत् १५३० में लिखवाया था।

११८ वीं लिपि प्रशस्ति भ० श्रुतकीर्ति के हरिवंश पुराण की है। जिसे चंदवार दुर्ग के समीप स्थित संघाधिप की चौपाल में संवत् १६०७ में राम पुत्र पंगारव ने लिखा था। इस ग्रन्थ के लिखाने वाले के परिवार का प्रशस्ति में विस्तृत परिचय कराया गया है, जो एक पद्मावती पुरवाल वंश था। पाठक उसका परिचय मूल प्रशस्ति से देखें।

परिशिष्ट नं० ३

(हस्तलिखित ग्रन्थ प्रशस्ति-परिचय)

११६ वीं प्रशस्ति रोहिणिविधान कहा' की है, जिसके कर्त्ता कवि देवनंदी हैं। इस कथा में रोहिणी व्रत के माहात्म्य का वर्णन करते हुए उसके फल प्राप्त करने वाले का कथानक दिया हुआ है, और उसके अनुष्ठान करने की प्रेरणा की गई है। इसके रचयिता देवनन्दी ने अपना कोई परिचय प्रस्तुत नहीं किया, और न यही बतलाया कि उनका समय क्या है ? इस नाम के अनेक विद्वान हुए हैं। पर ये उन देव-नन्दी (पूज्य पाद) से भिन्न और पश्चात् वर्ती हैं। यह किसी भट्टारक के शिष्य होना चाहिये। इनका समय संभवत: १४ वीं या १५ वीं शताब्दी होना चाहिये।

१२० वीं प्रशस्ति 'वड्ढमाणचरिउ' की है जिसके कर्ता कवि श्रीधर हैं। इस ग्रन्थ में जैनियों के अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर की जीवन-गाथा दी हुई है। जिसमें १० सन्धियाँ और २३१ कडवक दिये हुए हैं जिनकी श्लोक संख्या कवि ने ढाई हजार जितनी बतलाई है। ग्रंथ में जैनियों के अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर की जीवन-गाथा अंकित की है। यद्यपि उसमें पूर्व चरित ग्रंथों के अनुसार ही वर्णन दिया है, किन्तु कवि ने उसे विविधवर्णनों के साथ सरस बनाने की चेष्टा की है।

प्रस्तुत ग्रन्थ साहु नेमिचन्द्र के अनुरोध से बनाया गया है। नेमिचन्द्र वोदाउ नामक नगर के निवासी थे और जो जायस या जैसवाल कुल कमल दिवाकर थे। इनके पिता का नाम साहु नरवर और माता का नाम सोमा देवी था, जो जैनधर्म के पालन करने में तत्पर थे। साहु नेमचन्द की धर्म-पत्नी का नाम 'वीवा' देवी था। इनके संभवत: तीन पुत्र थे—रामचन्द्र, श्रीचन्द्र और विमलचन्द।

एक दिन साहु नेमचन्द्र ने कवि श्रीधर से निवेदन किया कि जिस तरह चन्द्रप्रभ चरित्र और शान्तिनाथ चरित्र बनाये हैं, उसी तरह मेरे लिये अन्तिम तीर्थंकर का चरित्र बनाइये। तब कवि ने उक्त चरित्र का निर्माण किया है। इसी से कवि ने प्रत्येक सन्धि पुष्पिका में उसे नेमिचन्दानुमत लिखा है। इतना ही नहीं किन्तु कवि ने प्रत्येक सन्धि के प्रारंभ में जो संस्कृत पद्य दिये हैं उनमें नेमिचन्द को सम्यग्दृष्टि, धीर, बुद्धिमान, लक्ष्मीपति, न्यायवान् और भव-भोगों से विरक्त बतलाते हुए उनके कल्याण की कामना की गई है। जैसा कि उसके ८ वीं सन्धि के प्रारंभ के निम्न श्लोक से प्रकट है—

यः सद्दृष्टिरुदारुधीरधिषणो लक्ष्मी मता संमतो।
न्यायान्वेषणतत्परः परमत प्रोक्तागमा संगतः॥
जैनेकाभव-भोग-भंगुर वपुः वैराग्य भावान्वितो।
नन्दत्वात्स हि नित्यमेव भुवने श्री नेमिचन्द्रश्चिरं॥

कवि ने इस ग्रन्थ को विक्रम संवत् ११९० में ज्येष्ठ कृष्णा पंचमी शनिवार के दिन बनाकर समाप्त किया है। इससे एक वर्ष पहले अर्थात् सं० ११८९ में पार्श्वनाथ का चरित दिल्ली में नट्टल साहु की प्रेरणा से बनाया था। चन्दप्रभ चरित सं० ११८७ से भी पहले बनाया था, क्योंकि उसमें उसका उल्लेख है। पर वह ग्रन्थ इस समय उपलब्ध नहीं है। और न शांतिनाथ चरित्र ही प्राप्त है। इन दोनों कृतियों का ग्रन्थ भण्डारों में अन्वेषण होना चाहिये।

कवि परिचय

कवि का वंश अग्रवाल था। इनके पिता का नाम बुध गोल्ह और माता का नाम बील्हा देवी था। संभवतः इनके पिता भी विद्वान थे। कवि कहाँ के निवासी थे। यह ग्रन्थ में उल्लिखित नहीं है। संभवतः वे हरियाना प्रदेश के रहने वाले थे। अन्य दो ग्रन्थ मिलने पर कवि के सम्बन्ध में विशेष जानकारी प्राप्त हो सकती है। कवि का समय १२ वीं शताब्दी है,

१२१ वीं प्रशस्ति 'संतिणाहचरिउ' की है जिसके कर्ता कवि शुभकीर्ति हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ में १९ सन्धियाँ हैं। जिनमें जैनियों के १६ वें तीर्थंकर भगवान शान्तिनाथ का चरित्र चित्रण किया गया है। इस ग्रन्थ की एकमात्र प्रति नागौर के भट्टारकीय भंडार में सुरक्षित है। जो संवत् १५५१ की लिखी हुई है। ग्रन्थ सामने न होने से उसकी प्रशस्ति का ऐतिहासिक भाग नहीं दिया जा सका। और न कवि शुभकीर्ति का ही कोई परिचय या गुरु परम्परा दी जा सकी है। पर यह सुनिश्चित है कि ग्रन्थ सं० १५५१ से पूर्व का बना हुआ है। इस नाम के अनेक विद्वान हो गए हैं, अतएव जब तक ग्रन्थ प्रशस्ति पर से उनकी गुरु परम्परा ज्ञात न हो, तब तक उनका निश्चित समय बतलाना कठिन है। यदि भट्टारक जी की कृपा से उक्त चरित ग्रन्थ प्राप्त हो सका, तो फिर किसी समय उसका परिचय पाठकों को कराया जा सकेगा।

१२२वीं प्रशस्ति 'णेमिणाहचरिउ' की है जिसके कर्ता कवि दामोदर हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ में ५ सन्धियाँ हैं, जिनमें जैनियों के २२वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का चरित्र अंकित किया गया है, जो श्रीकृष्ण के चचेरे भाई थे। चरित्र आडम्बर हीन और संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया है, और कवि उसे बनाने में सफल भी हुआ है। इस चरित रूप खण्ड काव्य की रचना में प्रेरक एवं सज्जन थे, जो धर्मनिष्ठ तथा दयालु थे। वे गुजरात से मालव देश के 'सलखणपुर' में आये थे। और भगवान महावीर के उपासक थे। वे खंडेलवाल वंश के भूषण थे, विषय विरक्त और सांसारिक जीवन को सफल बना

वाले थे, जैनधर्म के प्रतिपालक थे। उनका नाम इंदुक या इन्द्र था और उनके पिता का नाम केशव था, वे जिन पूजादि गृहस्थ के षट्कर्मों का प्रतिपालन करते थे और अन्तर्बाह्य कालिमा को दूर करने का प्रयत्न करते थे। तथा 'मल्ह' का पुत्र नागदेव पुण्यात्मा प्रसन्नचित्त और भव्यजनों का मित्र था, वहीं रामचन्द्र संयमी गुणनिधान भी रहते थे। कवि ने इन्हीं पंडित रामचन्द्र के आदेश से और नागदेव के अनुरोध से उक्त ग्रन्थ की रचना की थी। उसी सलखणपुर में संघाधिप कमलभद्र नाम के श्रेष्ठी थे, जो अष्टमदों से रहित, बाईस परीषहों के सहन करने में धीर, कर्म-शत्रुओं के विनाश करने में सावधान, त्रिशल्य, त्रिवेद और कषायों के हनन करने वाले और जिनधर्म की देशना में निरत रहते थे।

कवि ने इस ग्रन्थ को परमार वंशी राजा देवपाल के राज्य में विक्रम संवत् १२८७ में बनाया था। प्रस्तुत देवपाल मालवे का परमार वंश का राजा था, और महाकुमार हरिश्चन्द्र वर्मा का, जो छोटी शाखा के वंशधर थे, द्वितीय पुत्र था, क्योंकि अर्जुनवर्मा के कोई सन्तान नहीं थी। अतः उस राजगद्दी का अधिकार इन्हें ही प्राप्त हुआ था। इनका अपरनाम 'साहसमल्ल' था। इनके समय के ३ शिलालेख और एक दान पत्र मिला है। एक विक्रम संवत् १२७५ सन् १२१८ का हरसोड़ा गाँव से और दो लेख ग्वालियर राज्य से मिले हैं। जिनमें एक विक्रम संवत् १२८६ और दूसरा वि० सं० १२८९ का है[२]। मांधाता से वि० सं० १२९२ भाद्रपद शुक्ला १५ (सन् १२३५, अगस्त २९ का) दान पत्र भी मिला है[३]।

दिल्ली के सुलतान शमसुद्दीन अल्तमश ने मालवा पर सन् १२३१-३२ में चढ़ाई की थी। और एक वर्ष की लड़ाई के बाद ग्वालियर को विजित किया था। और बाद में भेलसा (विदिशा) और उज्जैन को जीता था और वहाँ के महाकाल मंदिर को भी तोड़ा था। इतना होने पर भी वहाँ सुलतान का अधिकार न हो सका। सुलतान जब लूट-पाट कर चला गया, तब भी वहाँ का राजा देवपाल ही रहा[४]। इसी के राज्यकाल में पं० आशाधर जी ने विक्रम सं० १२८५ में नलकच्छपुर[५] (नालछे) में 'जिनयज्ञ कल्प' नामक ग्रन्थ की रचना की थी, उस समय देवपाल मौजूद थे। इतना ही नहीं किन्तु जब दामोदर कवि ने संवत् १२८७ में सलखणपुर[६] में 'णेमिणाह चरिउ' रचा, उस समय भी देवपाल जीवित थे। किन्तु जब संवत्

---

१. इंडियन एण्टी क्वेरी जि० २० पृ० ३११

२. इंडियन एण्टी क्वेरी जि० २० पृ० ८३

३. एपि ग्राफिका इंडिका जि० ९ पृ० १०८-१३

४. ब्रिग फिरिश्ता जि० १ पृ० २१०-११

५. नलकच्छपुर को नालछा कहते हैं यह धारा से १६ मील की दूरी पर स्थित है, वहां का नेमिनाथ का मन्दिर प्रसिद्ध था, उसी में बैठकर पं० आशाधरजी ने ग्रंथ रचना की। यह स्थान उस समय जैन संस्कृति के लिए प्रसिद्ध था। जिनयज्ञकल्प सं० १२८५ में यहीं बना। जैसा कि उसके निम्न पद्य से प्रकट है—

विक्रम वर्ष स पंचाशीति द्वादश शतेस्वतीतेषु,
आश्विन सितान्य दिवसे साहसमल्ला पराख्यस्य.।
श्री देवपालनृपतेः प्रमारकुमार शेखस्य सौराज्ये,
नलकच्छपुर्रे सिद्धो ग्रन्थोऽयं नेमिनाथचैत्यगृहे ॥ जिनयज्ञकल्पप्रशस्ति।

६. प्रस्तुत सलखणपुर या सलक्षणपुर धारा में नालछे के आस-पास ही कहीं पर स्थित था। नागदेव इसी स्थान का निवासी और नागवंश का मणि तथा जैन चूडामणि था। उनके पिता का नाम माल्हा था, और वह देवपाल के राज्य में शुल्क, चुंगी या टैक्स विभाग में काम करता था। नागदेव ने एक दिन

१२९२ (सन् १२३५) में 'त्रिषष्ठि स्मृति शास्त्र' आशाधर जी ने बनाया उस समय उनके पुत्र 'जैतुगिदेव' का राज्य था। इससे स्पष्ट है कि उनकी मृत्यु सं० १२९२ से पूर्व हो चुकी थी। इसीसे संवत् १२९६ में जब सागार धर्मामृत की टीका देवपाल राजा के पुत्र जैतुगिदेव के राज्य में, जब वह अवन्ती में था, तब नलकच्छपुर के चैत्यालय में पं० आशाधर जी ने 'भव्य कुमुचन्द्रिका' बनाई[७]। और वि० सं० १३०० में जब अनगार धर्मामृत की टीका बनी, उस समय भी जैतुगिदेव का राज्य था[८]।

कवि-परिचय

कवि दामोदर का वंश 'मेडेत्तम' था। इनके पिता का नाम कवि माल्हण था, जिन्होंने 'दल्ह' का चरित बनाया था, यह भी सलखणपुर के निवासी थे। इनके ज्येष्ठ भ्राता का नाम जिनदेव था। कवि ने अपनी गुरु परम्परा का उल्लेख करते हुए लिखा है कि गुणभद्र के पट्टधर सूरिसेन हुए और उनके शिष्य कमलभद्र हुए और उनके शिष्य प्रस्तुत कवि दामोदर थे। कवि ने लिखा है कि पृथ्वीधर के पुत्र ज्ञानचन्द्र और पंडित रामचन्द्र ने उपदेश दिया, तथा जसदेव के पुत्र जसनिधान ने वात्सल्य भाव प्रदर्शित किया था। कवि पं० आशाधर के समकालीन थे। और वे उस सलक्षणपुर में रहे भी थे। ग्रंथकर्ता ने अपना यह ग्रंथ वि० सं० १२८७ में बनाकर समाप्त किया था।

मालव प्रांत के शास्त्र भंडारों का अन्वेषण करने पर संभव है अन्य रचनाएं भी प्राप्त हो जाय, और उससे इतिहास की गुत्थियों के सुलझाने में सहायता मिले।

परिशिष्ट नं० १२ का परिचय

प्रस्तुत प्रशस्ति 'मेघमाला वयकहा' की है, जिसके कर्ता कवि ठक्कुर हैं। इसमें मेघमाला व्रत की कथा अंकित की गई है। कथा संक्षिप्त और सरल है और हिन्दी भाषा के विकास को प्रस्तुत करती है। यह कथा ११५ कड़वक और लगभग २११ श्लोकों में पूर्ण हुई है, जिनमें उक्त व्रत के अनुष्ठान की विधि और उसके फल का वर्णन किया गया है। इस व्रत का अनुष्ठान भाद्रपद मास की प्रतिपदा से किया

गृहस्थाचार्य पं० आशाधर जी से निवेदन किया कि मैं प्रायः राज्यकार्य से अवरुद्ध रहता हूँ। अतः मेरे कल्याणार्थ व्रतों का उपदेश दीजिये। तब उक्त पंडित जी ने आर्य केशवसेन के वचन से नागदेव की धर्मपत्नी के लिए सं० १२८३ में 'रत्नत्रय विधि' नाम की कथा संस्कृत गद्य में बनाई थी।

देखो राजस्थान जैन ग्रन्थ भंडार सूची भा० ४ पृ० २४२

७. नलकच्छपुरेश्रीमन्नेमिचैत्यालयेऽसिधत्।
टीकेयं भव्यकुमुदचन्द्रिकेत्युदिता बुधैः ॥१२०
षण्णवद्व्येक संख्यान विक्रमाङ्क समात्यये।
सप्तम्यामसिते पौषे सिद्धेयं नन्दताच्चिरम् ॥१२१
—सागारधर्मामृत टीका प्रशस्ति

८. प्रमारवंशावार्धीन्दु देवपालनृपात्मजे।
श्रीमज्जैतुगिदेवेऽसि स्येभ्नाऽवन्तीं भवत्यलम् ।११९
नकलच्छपुरे श्रीमन्नेमिचैत्यालयेऽसिधत्।
विक्रमाब्द शतेष्वेषा त्रयोदशसु कीर्तिके ॥
—अनगारधर्मामृतटीका प्रशस्ति

जाता है। व्रत के दिन उपवासपूर्वक जिन पूजन अभिषेक, स्वाध्याय सामायिक आदि धार्मिक अनुष्ठान करते हुए समय व्यतीत करना चाहिये। इस व्रत को पाँच प्रतिपदा, और पाँच वर्ष तक सम्पन्न करे। पश्चात् उसका उद्यापन करे। यदि उद्यापन करने की सामर्थ्य न हो तो दुगने समय तक व्रत करना चाहिये। इस व्रत का अनुष्ठान चाटसू (चम्पावती) नगरी के श्रावक श्राविकाओं ने सम्पन्न किया था। उस समय राजा रामचन्द्र का राज्य था, वहाँ पार्श्वनाथ का सुन्दर जिनालय था और तत्कालीन भट्टारक प्रभाचन्द्र भी वहाँ मौजूद थे। और जो गण-धर के समान भव्यजनों को धर्मामृत का पान करा रहे थे। वहाँ खंडेलवाल जाति के अनेक श्रावक रहते थे। उनमें पण्डित माल्हा पुत्र कवि मल्लिदास ने कवि ठकुरसी को मेघमाला व्रत की कथा के कहने की प्रेरणा की। वहाँ के श्रावक सदा धर्म का अनुष्ठान करते थे। हाथुवसाह नाम के एक महाजन और भट्टारक प्रभाचन्द्र के उपदेश से कवि ने मेघमाला व्रत कब कैसे करना चाहिये इसका संक्षिप्त वर्णन किया। वहाँ तोषक, माल्हा, और मल्लिदास आदि विद्वान भी रहते थे। श्रावक जनों में प्रमुख जीणा, ताल्हु, पारस, नेमिदास, नाथूसि और भुल्लण, वउली आदि ने व्रत का अनुष्ठान किया। कवि ने इस ग्रंथ को सं० १५८० में प्रथम श्रावण शुक्ला छट के दिन पूर्ण किया था।

कवि ने इसके अतिरिक्त सं० १५७८ में 'पारस श्रवण सत्ताइसो' एक कविता बनाई थी, जो एक ऐतिहासिक घटना को प्रकट करती है, और कवि के जीवन काल में घटी थी, उसका आँखों देखा वर्णन कवि ने लिखा है। इनके अतिरिक्त जिनचउवीसी, कृपणचरित्र (सं० १५८० पूस मास) पंचेन्द्रियवेल (सं० १५८५ का० सु० १३) और नेमीश्वर की बेल आदि रचनायें रची थीं, जो स्व-पर-सम्बोधक हैं ?

कवि-परिचय

कवि चाटसू (वर्तमान चम्पावती) नगरी के निवासी थे। इनकी जाति खंडेलवाल, और गोत्र अजमेरा था। इनके पिता का नाम 'घेल्ह' था, जो कवि थे, इनकी कविता अभी मेरे देखने में नहीं आई। किन्तु कवि ने पंचेन्द्रियवेल के अन्तिम पद के 'कवि-घेल्ह सुतनु गुण गाऊँ' वाक्य में उन्हें स्वयं कवि ने सूचित किया है। कवि के पुत्र का नाम नेमिदास था, जिसने मेघमाला व्रत की भावना की थी। कवि की उल्लिखित रचनाओं का काल सं० १५७८ से सं० १५८५ तक का उपलब्ध ही है। इनके अतिरिक्त अन्य किन कृतियों का निर्माण किया, यह विचारणीय है। संभव है ग्रन्थ भंडारों में इनकी अन्य कृतियाँ भी अन्वेषण करने पर मिल जावें।

यह प्रशस्ति सुगन्धदसमीकथा की है जिसके कर्ता कवि विमलकीर्ति हैं। इस कथा में भाद्रपद शुक्ला दशमी के व्रत की कथा का वर्णन करते हुए उसके फल का विधान किया गया है। कथा संक्षिप्त और संभवतः ८ कडवकों को लिये हुए है। कवि ने दशवीं व्रत के अनुष्ठान करने की प्रेरणा की है। कवि ने कथा कब बनाई, इसका रचना में कोई उल्लेख नहीं है।

कवि-परिचय

ग्रंथकर्ता विमलकीर्ति ने रामकीर्ति गुरु का विनय कर इस कथा को बनाया है प्रस्तुत रामकीर्ति गुरु कौन थे और उनका समय क्या है ? यह विचारणीय है। रामकीर्ति नाम के चार विद्वानों का उल्लेख

१. इनके परिचय के लिये देखो, अनेकान्त वर्ष १४ किरण १ में प्रकाशित 'कविवर ठकुरसी और उनकी कृतियाँ' नामक मेरा लेख पृ० १०

महापुराण पुष्पदन्त संपादक डा० पी० एल० वैद्य, माणिकचन्द ग्रन्थमाला, बम्बई
राजपूताने का इतिहास प्रथम जिल्द, द्वितीय एडीसन गोरीशंकर हीराचन्द ओझा
राजस्थान जैन ग्रंथ सूची भाग २, ३, ४ महावीर तीर्थ क्षेत्र कमेटी जयपुर
रायल एशियाटिक जनरल बाम्बे सन् १९३५
लिंगवस्टिक सर्वे आफ इण्डिया सन् १९२७ पृ० १२१
समवायांगसूत्र आगमोदय समिति

मिलता है। उनमें प्रथम रामकीर्ति के शिष्य विमलकीर्ति हैं। दूसरे विमलकीर्ति मूलसंघ बलात्कारगण और सरस्वतीगच्छ के विद्वान थे[२]। इनके शिष्य प्रभाचन्द्र ने सं० १४१३ में वैशाख सुदि १३ बुधवार के दिन अमरावती के चौहान राजा अजयराज के राज्य में लंबकंचुकान्वयी श्रावक ने एक जिनमूर्ति की प्रतिष्ठा कराई थी। जो खंडित दशा में भौगाँव के मन्दिर की छत पर रखी हुई है।

तीसरे रामकीर्ति भट्टारक वादिभूषण के पट्टधर थे, जिनका विम्ब प्रतिष्ठित करने का समय संवत् १६७० है। यह रामकीर्ति १७ वीं शताब्दी के उत्तरार्ध के विद्वान हैं। चौथे रामकीर्ति का नाम भट्टारक सुरेन्द्रकीर्ति के पट्टधर के रूप में मिलता है। इनमें प्रथम रामकीर्ति का सम्बन्ध ही विमलकीर्ति के साथ ठीक बैठता है। इनमें प्रथम रामकीर्ति के शिष्य यशःकीर्ति ने 'जगत सुन्दरी प्रयोगमाला' नाम के वैद्यक ग्रन्थ की रचना की है। जिनका समय विक्रम की तेरहवीं शताब्दी है। रामकीर्ति जयकीर्ति के शिष्य थे, जिनकी लिखी हुई प्रशस्ति चित्तौड़ में संवत् १२०७ की उत्कीर्ण की हुई उपलब्ध है[३]। यशःकीर्ति ने जगत् सुन्दरी प्रयोगमाला में अभयदेवसूरि के शिष्य धनेश्वरसूरिका (सं० ११७१) का उल्लेख किया है[४]। इससे विमलकीर्ति का समय विक्रम की तेरहवीं शताब्दी हो सकता है।

